RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 284
लखनऊ, बुधवार, 5 अगस्त, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





आलिया भट्ट को प्रिय हैं बिल्लियां
विविध-12



www.dailypioneer.com


# अवधपुरी प्रभु आवत जानी, भई सकल सोभा कै खानी

## रामंमंदिर निर्माण का श्रीगणेश आज : सदियों का इंतजार खत्म, दीयों से जगमगाती, फूलों से महकती और मंगलगान गाती राम की नगरी ने धरा भव्य-दिव्य रूप

**कमलेश श्रीवास्तव।** अयोध्या

**त्रेता** युग का दृश्य मंगलवार को अयोध्या में सजीव हो उठा जब राम मंदिर निर्माण के एक दिन पहले राम नगरी अयोध्या में दीपावली मनाई गई। अयोध्या के मठ मंदिरों धार्मिक स्थलों चौक चौराहों दुकानों मकानों प्रतिष्ठानों पर राम मंदिर के शिलान्यास से पहले अयोध्या दीप मालाओं से जगमगा उठी। लाखों की संख्या में राम भक्तों ने मंदिर निर्माण के पूर्व संध्या पर दीपावली मना कर अपने संकल्पों को दोहराया। लगभग साढ़े तीन लाख से अधिक दीपों के प्रज्वलन के साथ साथ रंगोली सजाई गई, कलश सजाएं गए, घरों, मंदिरों, दुकानों पर बंदनवार सजाए गए। राम भक्तों ने कीर्तन करके प्रसाद वितरण भी किया। यह सभी खुशियां भूमि पूजन के दिन भी दोहराई जाएंगी। पूरी अयोध्या का नया स्वरूप भव्यता के साथ अपने आराध्य के भव्य मंदिर की आधारशिला रखने आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत और राम मंदिर के भव्य निर्माण के उल्लास में डूबी हुई है। प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन पर जिला प्रशासन, नगर निगम और भारतीय जनता पार्टी के संगठन ने राम नगरी को भव्य बना दिया है। साकेत महाविद्यालय से लेकर सरयू तट तक



श्री रामजन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भूमिपूजन की पूर्व संध्या पर रोशनी में नहाई रामनगरी अयोध्या

दर्जनों स्वागत द्वार बनाए गए हैं। पूरी अयोध्या को लाइटों से सजा दिया गया है।

भगवान श्री राम जब 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या आए थे, अयोध्या के लोगों ने भगवान का स्वागत दीपों से किया था। वैसे ही 500 वर्षों के संघर्ष के समाप्त होने और भव्य मंदिर निर्माण की खुशी में पूरी अयोध्या को झिलमिल झिलमिल लाइटों से सजा दिया गया है। सरजू पुल से लेकर के बाईपास तक, बिरला धर्मशाला, नागेश्वरनाथ, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, श्री राम जन्मभूमि सहित अयोध्या के सभी मंदिर रोशनी से नहाए हुए हैं। पूरे शहर में रंग रोगन हो गया है। भव्य और दिव्य राम मंदिर निर्माण की शुरुआत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैदिक मंत्रोचार एवं पूजन अर्चन के बीच चांदी की ईंट से आधारशिला रखकर करेंगे। पूरी अयोध्या को सुरक्षा कवच में जकड़ दिया गया है। बिना प्रशासन की मंशा ( शेष पेज 9 )

### पीएम 32 सेकेंड में रखेंगे राम मंदिर की आधारशिला

**संवाददाता।** अयोध्या



**प्रधानमंत्री** का विमान लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 10.35 बजे लैंड करेगा। **प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी भगवान राम यहां से हेलीकाप्टर से वे अयोध्या पहुंचेंगे। इसके बाद वह हनुमानगढ़ी में दर्शन करने के उपरांत रामलला का दर्शन पूजन करेंगे। श्री राम जन्मभूमि में भव्य मंदिर निर्माण का मुहूर्त मात्र 32 सेकंड है। यह मुहूर्त 12:44:08 सेकेंड पर लगेगा और 12:44:40 सेकंड पर समाप्त हो जाएगा। 32 सेकंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भव्य मंदिर निर्माण के लिए आधारशिला रखनी है। वैसे तो यह पूजा सुबह से ही प्रारंभ हो ( शेष पेज 9 )

### भूमि पूजन से पहले योगी के घर दीवाली



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अयोध्या** में बुधवार को भव्य राम मंदिर के लिए भूमि पूजन होगा लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ स्थित घर में एक दिन पहले दीपोत्सव का जश्न शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद अपने आवास पर मंगलवार को भी दीये जलाए।

मुख्यमंत्री जब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या पहुंचे थे तो उन्होंने वहां साधु संतों के साथ आम लोगों से चार व पांच अगस्त को दीपोत्सव मनाने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि अयोध्या और भगवान राम के बगैर दिवाली की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसी कारण उन्होंने खुद इसकी शुरुआत अपने सरकारी आवास से की है। मुख्यमंत्री आवास पर बुधवार को भी दीपोत्सव होगा। सालों के इंतजार और लंबी अदालती जंग के बाद आये इस धार्मिक उत्सव के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगर महानायक बनने जा रहे हैं तो सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस आयोजन के सारथी की भूमिका में होंगे। मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में लिखा कि अवधपुरी में श्रीराम मंदिर की स्थापना के लिए दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज आजीवन समर्पित रहे। आज जबकि यह स्वप्न साकार हो रहा है तो हुतात्माद्वय को असीम संतोष की अनुभूति हो रही होगी।

### राम मंदिर समृद्ध तथा सौहार्दपूर्ण राष्ट्र के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा: आडवाणी

**नई दिल्ली (भाषा)।** अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों राम मंदिर निर्माण के शिलान्यास से ठीक एक दिन पहले वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने 1990 में रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान सोमनाथ से अयोध्या तक की राम रथ यात्रा में अपनी भूमिका का स्मरण करते हुए कहा कि यह उनके और सभी भारतीयों के लिए ऐतिहासिक और भावपूर्ण दिन है। पूर्व उप प्रधानमंत्री ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि उनका मानना है कि राम मंदिर एक शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण राष्ट्र के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा जहां सबके लिए न्याय होगा और कोई भी बहिष्कृत नहीं होगा, ताकि देश राम राज्य की ओर अग्रसर हो, जो सुशासन का प्रतिमान है। आडवाणी को रामजन्मभूमि आंदोलन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। भाजपा अध्यक्ष के रूप में राम मंदिर निर्माण के लिए जनता को लामबंद करने के मकसद से आडवाणी ने साल 1990 में राम रथ यात्रा निकाली थी।

## आदित्य ठाकरे ने दी सफाई, बिहार सरकार ने कहा, हो सीबीआई जांच

### ● सुशांत व उनकी मैनेजर दिशा की हत्या हुई, किसी को बचाने का प्रयास कर रही सरकारः नारायण राणे

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई/पटना

**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत की मौत में हर रोज नया मोड़ आ रहा है। मामले को लेकर जहां महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल आ रहा है, वहीं बिहार सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी है।

अपना नाम उछलने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के बेटे आदित्य ठाकरे ने सफाई देते हुए कहा कि इस मामले से उनका कोई लेना देना नहीं है। बेवजह उन पर कीचड़ उछाला जा रहा है। वहीं, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता नारायण राणे ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि सुशांत और उनकी मैनेजर दिशा की हत्या हुई है। सरकार किसी को बचाने का प्रयास कर रही है।

**सुशांत सुसाइड मिस्ट्री**



सुशांत की फाइल फोटो

मायानगरी के उभरते सितारे की मौत पर गहराते रहस्य को देखते हुए मामले की सीबीआई जांच की मांग तेज हो गई है। मामले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि सुशांत सिंह राजपूत के पिता केके सिंह की ओर से पटना में दर्ज कराई गई एफआईआर पर सुशांत की मौत की सीबीआई से जांच कराने के लिए राज्य सरकार ने अनुशंसा भेज दी है। नीतीश ने कहा कि बिहार पुलिस ने अभिनेता सुशांत की मौत की जांच शुरू कर दी है लेकिन मुम्बई पुलिस ने सहयोग करने के बजाय जांच कर रहे बिहार के आईपीएस अधिकारी को जबरन क्वॉरंटीन कर दिया। यह उचित नहीं है। यहां प्राथमिकी होने पर जांच करना बिहार पुलिस का कानूनी कर्तव्य बनता है। उभरते हुए सितारे 34 वर्षीय सुशांत 14 जून को मुंबई के बांद्रा स्थित अपने घर में मृत पाए गए थे। सुशांत के पिता ने पटना के राजीव नगर थाना में भादंसं की धारा 306, 341, 342, 380, 406 और 420 के तहत 25 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। राजपूत के पिता ने सुशांत की मित्र रिया और उसके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ अभिनेता को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप लगाए हैं।

वहीं, रिया के वकील सतीश मानशिंदे ने कहा कि बिहार सरकार अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश नहीं कर सकती है, जबकि यह मामला राज्य पुलिस के जांच क्षेत्राधिकार से बाहर का है। मुंबई पुलिस अबतक 56 लोगों के बयान दर्ज कर ( शेष पेज 9 )

## यूपीएससी में प्रदीप सिंह ने किया टॉप उप्र की प्रतिभा वर्मा को तीसरा स्थान



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा, 2019 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी प्रदीप सिंह ने इस परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया है। यूपीएससी के अनुसार जतिन किशोर ने द्वितीय और प्रतिभा वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया है। किशोर और प्रतिभा भी सेवारत अधिकारी हैं। सिंह हरियाणा, जबकि किशोर दिल्ली और वर्मा उत्तर प्रदेश से हैं।

सिंह ने सोनीपत से फोन पर बताया कि यह एक सपने के साकार होने जैसा है। वह हमेशा आईएएस अधिकारी बनना चाहते थे। अब वह समाज के कमजोर वर्गों के लिए काम करेंगे। भारतीय राजस्व सेवा के 2019 बैच के ( शेष पेज 9 )

### पेट्रोल पंप कर्मचारी का बेटा बना आईएएस

**इंदौर।** वर्ष 2019 की सिविल सेवा परीक्षा में देश भर में 26वां स्थान हासिल करने वाले इंदौर के प्रदीप सिंह के पिता मनोज सिंह साल भर पहले तक यहां एक पेट्रोल पम्प पर नौकरी करते हुए वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरते थे। लेकिन उनके बेटे की आंखों में आईएएस का अधिकारी बनने का सपना बचपन से ही उड़ान भर चुका था। गुदड़ी के इस लाल ने अपने दूसरे प्रयास में केवल 23 साल की उम्र में इस सपने को सच कर दिखाया। संयोग है कि सिविल सेवा परीक्षा 2019 में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले उम्मीदवार का नाम भी प्रदीप सिंह ही है। उनके पिता ने कहाकि बाबा महाकाल की कृपा से मेरा बेटा आईएएस अफसर बन गया है।

## लखनऊ में कोरोना के 611 नए मामले, छह की मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में कोरोना वायरस का संक्रमण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को राजधानी में 611 मामले नए सामने आए हैं। वहीं सीएमएस के संस्थापक जगदीश गांधी भी कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए पीजीआई में भर्ती कराया गया है। वहीं आयुक्त कार्यालय समेत 5 परिवहन कर्मियों में भी वायरस मिला।

जिसके चलते कार्यालय बंद किया गया है। एक दिन पूर्व 507 केस में संक्रमण पाए गए थे। वहीं इलाज के दौरान 6 मरीजों की मौत हो चुकी है। कुछ दिन पूर्व जगदीश गांधी के आवास तथा हेड ऑफिस के बगल में बुक स्टोर महावीर ट्रेडर्स नाम से दुकान चलाने वाले एक दुकानदार में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई थी। सिटी मोंटेसरी स्कूल के जन संपर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि कल बुखार आने के कारण कोरोना टेस्ट कराया गया था। रिपोर्ट में उनको कोरोना पॉजिटव पाया गया है। हालांकि हल्का बुखार है, ऑक्सीजन लेवल 99 फीसदी है। सब कुछ ठीक है, पर ( शेष पेज 9 )

### प्रदेश में 2983 नए संक्रमित केस मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंगलवार** को प्रदेश में कोरोना वायरस के 2983 नए मामले सामने आए हैं। जबकि वर्तमान में 41222 केस एक्टिव हैं। वहीं अभी तक इलाज के दौरान 1817 मरीजों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभी तक 98493 केस मिल चुके हैं। अभी तक 57271 मरीजों को ठीक कर डिस्चार्ज किया जा चुका है। विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 611 कानपुर में 259 नोयडा में 36 गाजियाबाद में 59 वाराणसी में 109 प्रयागराज में 130 बरेली में 98 में गोरखपुर में 77 झांसी में 73 मेरठ में 24 जौनपुर में 112 मुरादाबाद में 34 बलिया में 7 आगरा में 10 अलीगढ़ में 36 देवरिया में 57 बुलंदशहर में 17 अयोध्या में 25 बाराबंकी में 25 रामपुर में 99 हापुड़ में 11 गाजीपुर में 44 हरदोई में 42 शाहजहांपुर में 3 सहारनपुर में 30 आजमगढ़ में 36 संत कबीर नगर में 57 चंदौली में 17, संभल में 12, बस्ती में 36, मथुरा में 22, उन्नाव में 53, सिद्धार्थनगर में 12 कुशीनगर में 31, मुजफ्फरनगर में 13, पीलीभीत में 10 महराजगंज में 19, सुलतानपुर में 36, गोण्डा में 19, मिर्जापुर में 21 इटावा में 37 फिरोज़ाबाद में 10 मैनपुरी में 11, बिजनौर में 16, अमरोहा में 35 बहराइच में 44 सोनभद्र में 45 रायबरेली में 24, भदोही में 24, सीतापुर में 22 बागपत में 2 फतेहपुर में 26, मऊ में 12, लखीमपुर खीरी में 2, जालौन में 26, फर्रुखाबाद में 20, बदांयू में 13, प्रतापगढ़ में 18, अमेठी में 5, शामली में 12, औरैय्या में 21 कासगंज में 19 , ललितपुर में 24, एटा में 34, कौशाम्बी में 2, कानपुर देहात में 5, हमीरपुर में 1, बाँदा में 3, बलरामपुर में 9 अम्बेडकर नगर में 3, महोबा में 2, हाथरस में 5, और श्रावस्ती में 20 कोरोना वायरस के मरीज पाए गए हैं।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,687 | ↑ 748 | |
| निफ्टी | 11,095 | ↑ 203 | |
| सोना | 54,830 | ↑ 97 | /10g |
| चांदी | 66,855 | ↓ 5 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### जीएन साईबाबा की पैरोल याचिका खारिज

**नागपुर।** नागपुर केंद्रीय जेल के अधिकारियो ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा के पैरोल के आवेदन को खारिज कर दिया। उन्होने अपनी मां के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने के लिए पैरोल पर छुट्टी देने का आवेदन दिया था। साईबाबा नक्सलवादियों के साथ संबंध रखने का दोषी पाए जाने के बाद नागपुर जेल मे आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। उनकी बीमार मां की मौत एक अगस्त को हो गई थी। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने पिछले मंगलवार को साईबाबा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उन्होने अपने स्वास्थ्य के आधार पर और कैंसर से पीड़ित अपनी मां से मिलने के लिए जमानत देने का आग्रह किया था।

### बीएसएफ जवान ने दो साथियों की हत्या की

**पायनियर समाचार सेवा।** रायगंज (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम** बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में मंगलवार सुबह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपने दो साथियों को कथित तौर पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि बीएसएफ कांस्टेबल उत्तम सूत्रधार ने इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह भट्टी और कांस्टेबल अनुज कुमार से झगड़े के बाद उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि रायगंज थाना क्षेत्र में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास भाटुन गांव में यह घटना घटी। दोनों को एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, सूत्रधार ने अपने साथियों को गोली मारने के बाद अपने वरिष्ठ के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह अब पुलिस हिरासत में है। उसका दोनों से किसी मुद्दे पर झगड़ा हुआ था।

## अवध के गांवों में राम के भक्ति लोक गीतों की बहार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अयोध्या** में श्री राम मंदिर के पांच अगस्त को होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम से पहले अवध के गांवों में राम और अयोध्या का गुणगान करते भक्ति लोक गीतों की बहार आ गई है। ये गीत ना सिर्फ मंदिरों, बल्कि घरों और चौपालों पर भी पूरी भक्ति, उल्लास और उत्साह के साथ गाए जा रहे हैं। प्रसिद्ध लोक गायक राम कैलाश यादव की आवाज के जादू से सजा राम लखन जब आए नगर में हो, पूछन लागीं सब नारी, सीता राम से भजौ प्रमुखता से गाया जा रहा है।

यादव प्रतापगढ़ के हैं और जिले में हर जगह ये गीत सुनाई पड़ रहा है। अयोध्या में इस समय जय जय गगन धुन छाई हो, राम आए अवध में भजन की भी धूम है। राम और राम नगरी अयोध्या पर गीतों को लेकर तमाम प्रयोग करने वाले गीतकार विजय चंचल ने बताया कि इस भजन को शिवभान ने ठेठ अवधी अंदाज में गाया है। चंचल बताते हैं कि अयोध्या की गलियों और गांवों से गुजरते वक्त ये गीत अकसर सुनाई पड़ जाता है और फिलहाल अयोध्या के हर घर में इस सोहर की धूम है। चंचल के अनुसार अवध के हर तीज त्यौहार, विवाह, पवित्र कार्य, मानवीय संबंधों के ताने बाने और नौटंकी एवं रामलीला सहित सांस्कृतिकधार्मिक कार्यक्रमों में राम और उनकी महिमा का बखान अवश्य होता है।

शिशु जन्म पर गाए जाने वाले गीत भी राममय होते हैं। उन्होंने कहा कि अवधी लोकगीतों पर लंबे समय से काम कर रही अनुजा शुक्ला ने लखनऊ विश्वविद्यालय में अनुसंधान के दौरान उपहार सीरीज में भी इसका उल्लेख किया है। अयोध्या निवासी रत्नाकर दुबे ने बताया कि गीतकार एवं गायक बाबा देवेन्द्र दास देवेन्द्र पाठक द्वारा गाया गीत कौशल्या के जन्मे ललनवा, अवध में बाजे बजनवा हो, दशरथ के जन्मे ललनवा,



अवध में बाजे बजनवा हो भी इस समय अयोध्या की गली गली में गाया जा रहा है। दुबे ने बताया कि बिहार में मानस के प्रसिद्ध गायक स्वर्गीय गायत्री कुमार जी ठाकुर की रचना ऐसन मनोहर मंगल मूरत, सुहावन सुंदर सूरत हो , जो सोहर है, खूब सुनी सुनाई जा रही है।

समाजसेवी शिवम कुमार ने कहा कि पूरी अयोध्या राममय हो चुकी है। मूल रूप से अयोध्या के रहने वाले कुमार दो दिन पहले ही वहां से लौटे हैं। उन्होंने कहा कि रामचंद्र बनरा बने, राघव जी के गउवा बडा नीक लागे, तन में राम मन में राम, जैसे गीत और अवध की खुशबू से जुडे राम, राम की अयोध्या के गीत हर गली और हर नुक्कड़ पर सुनाई पड रहे हैं। कोविड19 के चलते सामाजिक दूरी के नियम का पालन किया जा रहा है लेकिन फिलहाल अयोध्या राम की भक्ति और भक्तिरस में डूब चुकी है। हर खास-ओ-आम राम लला के दर्शन को आतुर है और पांच अगस्त को मंदिर निर्माण के शंखनाद के साथ ही भाव, भक्ति, आस्था और समर्पण जीवंत हो उठेगा।

### देश में कोरोना के 52,050 नए रोगी 803 और मौतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में कोरोना वायरस से संक्रमित 52,050 नए मरीज सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या 18,55,745 हो गई। इसके साथ ही मंगलवार तक 12 लाख से ज्यादा लोग स्वस्थ भी हो चुके हैं। मंगलवार सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 803 लोगों की मौत हुई जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 38,938 हो गई। देश में अब तक 12,30,509 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और 5,86,298 मरीजों का इलाज चल रहा है। आंकड़ों के अनुसार मरीजों के स्वस्थ होने की दर बढ़कर 66.31 फीसदी हो गई है जबकि मृत्यु दर में गिरावट आई है और यह 2.10 फीसदी है। कुल संक्रमितों में विदेशी नागरिक भी शामिल है। मंगलवार लगातार छठा दिन है ( शेष पेज 9 )

# भगवा रंग में रंगी लक्ष्मण नगरी, 111 चौराहों पर मनेगा दीपोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अयोध्या** में राम मंदिर निर्माण को लेकर बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा भूमिपूजन कार्यक्रम से पहले लक्ष्मण नगरी भगवा रंग में रंग गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के सदस्यों ने राजधानी के 111 चौराहों पर श्रीराम के चित्र के साथ ही भगवा झंडा लहरा दिया है। इसके साथ ही कल सभी 111 चौराहों पर 5 अगस्त को होने वाला दीपोत्सव समरसता और सामाजिक सदभावना के साथ मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति द्वारा इस पुनीत कार्य हेतु तैयारियों की समीक्षा प्रतिदिन गूगल मीटिंग पर की जा रही है। उत्सव समिति के प्रवक्ता शिवांक रमन भदौरिया ने बताया कि बुधवार को गोधूलि बेला सायं सात 7 बजे सभी पालक सदस्य अपने अपने चौराहों पर उपस्थित होकर दीपोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न करेंगे। सभी को सोशल डिस्टेंसिंग का उचित पालन करने को भी कहा गया। तत्पश्चात घरों के लिए दीपोत्सव का समय सायं साढ़े सात बजे निश्चित किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि सभी स्थानों पर सज्जा करने में समाज के विभिन्न वर्गों का भरपूर साथ मिल रहा है। इस अवसर पर समिति ने सभी से भारतीय गणवेश सफेद धोती कुर्ता में भगवा पगड़ी के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया है। प्रत्येक चौराहे पर प्रभु श्रीराम के चित्रए भगवा झंडे के साथ स्थल को भगवा वस्त्र से भी सुशोभित किया गया है। कई चौराहों पर सदस्यों ने शंखध्वनि के साथ दीप श्रृंखला भी बनाने का संकल्प लिया है। उत्सव समिति के अभिषेक ने बताया कि लखनऊ के 111 चौराहों को प्रभु श्रीराम के चित्र और भगवा झंडे से सुशोभित करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 1090, समता मूलक, लोहिया, हज़रतगंज, लालबाग, कैप्टन मनोज पांडे, पत्रकार पुरम, आलमबाग, चौक, बालागंज, कपड़ा कोठी, पॉलिटेक्निक चौराहे प्रमुख हैं। समिति के प्रवक्ता रमन भदौरिया ने बताया कि बैठक में यह तय किया गया है कि 6 अगस्त को सभी पालक सज्जा में उपयोग चित्र, झंडे, वस्त्र और दीपों को प्रात: सुरक्षित करके चौराहों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखेंगे। उन्होंने सभी लखनऊवासियों से अपील की है कि सभी उत्साहपूर्वक अपने अपने घरों में भी दीपोत्सव का आयोजन सपरिवार करें।

**मंदिरों में भी दीवाली मनाने की तैयारी:** इस एतिहासिक क्षण को यादगार बनाने के लिये मंदिरों में सजावट की गई है। कई जगह सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही घर घर दीपक जलाकर दीपावली मनाने की तैयारी की जा रही है। अमीनाबाद श्रीराम रोड स्थित शिव मंदिर को 501 दीपकों से बुधवार को रौशन किया जाएगा। इस अवसर पर 1990 के कार्यसेवकों का सार्वजनिक अभिनंदन समारोह भी होगा। कार्यक्रम संयोजक बजरंग दल के पूर्व नगर सह संयोजक अतुल अवस्थी ने बताया कि इस अवसर पर 101 किलो लड्डुओं का वितरण किया जाएगा। सम्मान का कार्यक्रम सुबह 11 बजे और दीपोत्सव शाम 7 बजे होगा। उसके साथ ही भव्य आतिशबाजी अन्य आकर्षण बनेगी। इस अवसर पर अमीनाबाद के अधिकांश दुकानदार अपने दुकानों के समक्ष घी के दीये भी रौशन करेंगे। वहीं अखिल भारत हिंदू महासभा जिला लखनऊ के तत्वाधान में पांच अगस्त को भगवान श्रीराम मन्दिर के निर्माण के शुभारंभ मौके पर त्रिवेदी टावर कुर्सी रोड में सुन्दरकान्ड का पाठ किया जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने दी है। इस पाठ में राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडी महाराज, प्रदेश अध्यक्ष पीयूष कान्त वर्माए प्रदेश महासचिव अनुपम मिश्रा सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहेंगे।

## संचार माध्यमों से जुड़कर ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बनें श्रद्धालु: दिनेश शर्मा

- अयोध्या में होने वाले भूमिपूजन-शिलान्यास के कार्यक्रम को लेकर की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** डा. दिनेश शर्मा ने कहा कि श्रीराम मन्दिर की आधारशिला 5 अगस्त को अयोध्या धाम में रखी जाएगी। कोविड 19 से उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा भूमिपूजन-शिलान्यास के कार्यक्रम के लिए सीमित संख्या में लोग आमंत्रित किये गये हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं से अपील है कि वे संचार माध्यमों द्वारा कार्यक्रम के सजीव प्रसारण से जुड़कर इन ऐतिहासिक क्षणों के साक्षी बनें। लोक भवन में बातचीत करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर की आधारशिला 5 अगस्त को अयोध्या धाम में रखी जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने इस कार्यक्रम में सीमित संख्या में लोगों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए कृत संकल्पित है। महामारी के प्रकोप को देखते हुए निर्धारित प्रोटोकॉल व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हर हाल में किया जाए। कोरोना के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे है। सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए वे वही लोग अयोध्या धाम पहुंचें, जिन्हें आमंत्रित किया गया है।

## राम मंदिर निर्माण की 492 साल से थी प्रतीक्षा: आलोक कुमार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विश्व** हिंदू परिषद के केंद्राध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कार्य 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भूमिपूजन के साथ ही शुरू हो जाएगा। इसकी 492 साल से प्रतीक्षा चल रही थी। राम मंदिर के लिए काफी लोगों ने इसके लिए बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का शिलान्यास हमने 1989 में ही कर दिया था, लेकिन निर्माण शासकीय बाधाओं, राजनीतिक तिकड़मों और न्यायालयों में देरी की वजह से फंस गया। जियामऊ में मीडिया से



बातचीत करते हुए वीएचपी के केंद्राध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि लगभग 31 वर्ष बाद अब सुखद संयोग बना है। इतना लंबा आंदोलन सिर्फ मंदिर के लिए नहीं था। परिषद का उद्देश्य देश में रामराज की स्थापना है। इसी मंशा से मंदिर निर्माण की अवधि के दौरान तीन वर्ष तक रामराज्य की संकल्पना को साकार करने के लिए आंदोलन चलाया जाएगा। परिषद द्वारा खास तौर अनुसूचित जाति-जनजाति की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए तीन वर्ष तक सतत आंदोलन चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि करीब एक लाख एकल विद्यालयों के माध्यम से अनुसूचित जाति और जनजाति के बीच आत्मनिर्भरता, कौशल विकास, शिक्षा पहुंचाई जाएगी। सरकार की सुविधाएं वंचितों तक पहुंचाने में विहिप सेतु का काम करेगा। गांवों में गौ संरक्षण, गौ उत्पाद विकास के साथ ही समाज में नारी गरिमा और शांति के लिए आंदोलन पूरी गंभीरता के साथ चलाया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि शारीरिक दूरी का पालन कराने के लिए ही राजनीतिक दलों को मंदिर के भूमि पूजन से दूर रखा है। सिर्फविपक्ष ही नहीं, भाजपा के प्रमुख लोगों को भी नहीं बुलाया। मुहूर्त को अशुभ बताने और नेताओं के बीमार होने संबंधी कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की टिप्पणी पर आलोक कुमार ने कहा कि वह बेहूदी बातें करते हैं। शायद पता नहीं होगा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी बीमार हैं। ऐसे में उनकी बातों का जवाब देना भी उचित नहीं लगता।

## देश श्रीराम के स्वागत को तैयार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सम्पूर्ण राष्ट्र प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए तैयार है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम सभी की आस्था के प्रतीक हैं। निश्चय ही सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में प्रस्तावित भव्य राम मंदिर के शिलान्यास का अवसर सभी भारतीयों के लिए एक सुखद क्षण है। लंबे समय से चल रहे एक विवाद का संवैधानिक दायरे में निपटारा होना हमारे लोकतंत्र की ताकत



है। शिवपाल ने राम मंदिर के शिलान्यास के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय यह है कि अब इस शुभ अवसर पर किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। राम तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भी आदर्श थे। गांधी जिस रामराज्य की बात करते थे वह न्याय पर आधारित एक मुकम्मल समाज की अवधारणा थी। जहां राम और रहीम को बराबरी का अधिकार मिले।

## भूमि पूजन राष्ट्रीय एकता का कार्यक्रम बने

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए 5 अगस्त को भूमि पूजन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह द्वारा सवाल उठाये जाने के एक दिन बाद पार्टी महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता, बंधुत्व और सांस्कृतिक समागम का कार्यक्रम बने। प्रियंका ने मंगलवार को जारी अपने बयान में कहा कि दुनिया और भारतीय उपमहाद्वीप की संस्कृति में रामायण की गहरी और अमिट छाप है। भगवान राम, माता सीता और



रामायण की गाथा हजारों वर्षों से हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक स्मृतियों में प्रकाशपुंज की तरह आलोकित हैं। भारतीय मनीषा रामायण के प्रसंगों से धर्म, नीति, कर्तव्यपरायणता, त्याग, उदात्तता, प्रेम और सेवा की प्रेरणा पाती रही है। उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम तक रामकथा अनेक रूपों में स्वयं को अभिव्यक्त करती चली आ रही है। श्रीहरि के अनगिनत रूपों की तरह ही रामकथा हरिकथा अनंता है।

## शिलान्यास देश के लिए गौरव की बात: यशवन्त



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लोकतन्त्र सेनानी कल्याण समिति के संरक्षक विधानपरिषद सदस्य यशवन्त सिंह ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम सकल विश्व के पालक हैं, तारक हैं, उद्धारक हैं। पावन अयोध्या में उनकी जन्मभूमि पर भव्यमन्दिर निर्माण के लिए 5 अगस्त को होने वाला शिलान्यास देश के लिए गौरव की बात है। इसी गौरवशाली खुशी को व्यक्त करने के लिए तीन अगस्त से लोकतन्त्र सेनानी पूरे सूबे में दीपावली मना रहे हैं, जो 5 अगस्त तक की रात तक मनेगी, जिसे व्यक्त करने के लिए लखनऊ में चन्द्रशेखर चबूतरा, हनुमान मंदिर, आज़मगढ़ में चन्द्रशेखर ट्रस्ट, हस्तिनापुर में प्राचीन जयन्ती माता मन्दिर और पाण्डेश्वर महादेव मंदिर को दीपों से सजाया गया है। यशवन्त सिंह ने कहा कि यह शिलान्यास भव्य रामजन्मभूमि मन्दिर निर्माण के शिलान्यास के साथ ही एक नए युग के निर्माण का शिलान्यास भी है।

## गाइडलाइन जारी कर सो जाती है भाजपा सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की जनता को अपराध, कोरोना महामारी और बाढ़ के संकट में डूबो दिया है। भाजपा सरकार केवल गाइडलाइन जारी करती है और सो जाती है। प्रदेश में कानून व्यवस्था को नियंत्रण में रखने पर भाजपा की राज्य सरकार पूरी तरह विफल है। अपराधियों पर उसका कोई अंकुश नहीं रह गया है। प्रदेश में लगभग 1 लाख से ज्यादा कोरोना मरीज हो गए हैं। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बाढ़ का प्रकोप गहराता जा रहा है, तटबंध टूट रहे हैं, गांव जलमग्न हो रहे हैं, अधिकारी उधर झांकने भी नहीं जा रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि कोरोना संकट का विस्तार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। जनपद आजमगढ़ की सगड़ी तहसील बुरी तरह बाढ़ग्रस्त है। समाजवादी पार्टी के विधायकों सहित एक प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था फिर भी कोई इंतजाम नहीं किए गए। नाव की व्यवस्था से लेकर स्वास्थ्य, पशुओं की सुरक्षा तथा बंधों की निगरानी भी नहीं हुई है। लोगों को भोजन, चारा, दूध, किरोसिन आदि की दिक्कत हो रही है। अखिलेश ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में पुलिस के भरोसे नहीं जनसामान्य की सुरक्षा अपराधियों की दयादृष्टि से ही सम्भव है। उन्होंने कहा कि वस्तुत: प्रदेश अब अराजक जंगलराज में तब्दील हो गया है। प्रशासन बाढ़ से निबटने और अपराध नियंत्रण के मामलों में निष्क्रिय नज़र आता है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का अंकपत्र (मार्कशीट) कहीं गुम हो गई है। कमल सिंह पुत्र रूकुम सिंह निवासी ग्राम मिश्रीपुर पो0 इब्राहिमपुर थाना व जिला कन्नौज।

**आवश्यकता है**

एम डी कालेज, अमरसंडा, अनवारी, बाराबंकी को आवश्यकता है प्राचार्य, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर बी. काम कोर्स हेतु। योग्यता व अनुभव यूजीसी के मानदंड और दिशानिर्देशानुसार। आवश्यक प्रपत्रों के साथ 7 दिनों में आवेदन करें ई-मेल mdcollegelko@gmail.com. Mob.: 9415026210, 7388888790

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 4190764–एल हवलदार मनवीर सिंह पुत्र श्री गिरधारी सिंह युनिट 15, कुमांऊ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश सविता देवी अंकित हो गया है जबकि उनका सही नाम सविता सिंह है जिसको मेरी आर्मी के दस्तावेजों में दर्ज किया जाना नितांत आवश्यक है।

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 4197464–M नायक वीरेन्द्र सिंह विष्ट पुत्र श्री इन्द्र सिंह विष्ट यूनिट 15, कुमांऊ मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश SONY BISHT अंकित हो गया है जबकि उनका वास्तविक नाम SONI BISHT है जिसको मेरी आर्मी के दस्तावेजों में दर्ज किया जाना नितांत आवश्यक है।

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 13627938–पी नायक नरेन्द्र सिंह रावत पुत्र श्री पूरन सिंह रावत यूनिट 15, कुमांऊ मार्फत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश दिव्यांश अंकित हो गया है जबकि उसका वास्तविक नाम दिव्यांश रावत व जन्मतिथि 29.07.2014 है। जिसको मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितांत आवश्यक है।

## सुशांत मामले में पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बिहार पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**फिल्म** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की कथित आत्महत्या के मामले में यूपी के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बिहार पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में बिहार पुलिस की अति सक्रियता उनकी गलत मंशा जाहिर करती है। किसी आपराधिक प्रकरण की विवेचना और विचारण उसी अधिकारिता में हो सकता है, जहां घटना घटित हुई हो।

पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने अपने फेसबुक वाल पर लिखा है कि किसी राज्य को किसी दूसरे राज्य के मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। मृतक या अभियुक्त कहां का रहने वाला है, यह कोई आधार नहीं है और इसलिए कोई मायने नहीं रखता है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि शुद्ध कानूनी और आपराधिक मामले में आम लोग भी अपनी अपनी पसंद और पूर्वाग्रह के अनुसार अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि आपराधिक विवेचना और विचारण, आमराय, बहुमत अथवा जन दबाव में नहीं हो सकता। विवेचना सही हो रही है या नहीं, इसका निर्णय केवल न्यायालय कर सकते हैं। जनता या प्रभावशाली वर्ग के दबाव में यदि विवेचना या विचारण होगा तो इससे अन्याय ही होगा। अपनी रुचि के अनुसार कार्रवाई करने का दबाव बनाने की यह घातक प्रवृत्ति बहुत बढ़ती जा रही है। किसी भी सभ्य देश में ऐसा नहीं होता है। उन्होंने लिखा है कि अगर किसी को कोई ठोस आपत्ति हो तो उसे कोर्ट जाना चाहिए। आखिर किसी आपराधिक विवाद का फैसला तो कोर्ट ही करेगा। किसी भी अन्य व्यक्ति या संस्था या संगठन को यह अधिकार नहीं दिया जा सकता है क्योंकि वे निष्पक्ष नहीं होते हैं।

## बिजली दरों में बढ़ोत्तरी का मामला फिलहाल टला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में बिजली दरों में बढ़ोत्तरी का मामला फिलहाल टल गया है। विद्युत नियामक आयोग में बिजली कंपनियों द्वारा दाखिल किए गए एआरआर को अब नियामक आयोग द्वारा सार्वजनिक कर दिया गया है। इसमें बिजली दर बढ़ोत्तरी का कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके पीछे कोविड महामारी को भी वजह माना जा रहा है। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में इस बार बढ़ोतरी होगी या नहीं उस पर बिजली कम्पनियों ने विद्युत नियामक आयोग को वर्ष 2020-21 की वार्षिक राजस्व आवश्यकता पर जो जबाब दाखिल किया है। अपने उत्तर में बिजली कम्पनियों ने साफकर दिया है कि जब तक विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजनेस प्लान अनुमोदित नहीं किया जाता है तब तक बिना अनुमोदित डाटा के



कोरोना माहमारी के मद्दे नजर उपभोक्ताओं की बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रपोसल दाखिल नहीं किया जायेगा। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बिजली दरों में कमी कराने के लिए मंगलवार सुबह विद्युत नियामक आयोग में एक जनहित प्रत्यावेदन दाखिल कर यह मुद्दा उठा दिया है की चुकी प्रदेश के बिजली कम्पनिया कोरोना माहमारी को देखते हुए बिजली बढ़ोतरी का प्रस्ताव नहीं दाखिल करेगी। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि इसलिए उपभोक्ताओ का जो 13337 करोड़ बिजली कम्पनियो पर निकल रहा उसके बदले में बिजली कम्पनियों का गैप 4500 करोड़ घटा कर बिजली दरों में लगभग 16 प्रतिशत की कमी की जाए।

## हिरासत में लिए गए बिना निमंत्रण अयोध्या जा रहे कई नेता

**लखनऊ।** अयोध्या में रामजन्म भूमि के शिलान्यास को लेकर पुलिस ने कड़े प्रबंध किये है। बगैर आमंत्रण के जबरदस्ती अयोध्या जाने की तैयारी कर रहे कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्हें एहतियात के तौर पर अभी पुलिस लाइन में रखा गया है। हिंदू नेता मनीष यादव जो हिंदू सेना नाम की पार्टी चलाते हैं, को पुलिस ने उस समय हिरासत में लिया, जब वह अपने कई कार्यकर्ताओं के साथ अधोध्या जाने के लिये निकले थे। इसके अलावा हिंदू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण कमलेश तिवारी और उनके प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य कार्यक्रताओं को पुलिस ने उनके को पार्टी कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया। किरण तिवारी भी अपने पार्टी कार्यकताओं के साथ अयोध्या जाने की तैयारी कर रही थी। वहीं कैसरबाग में पुलिस ने मुस्लिम कार सेवक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजम खान को हिरासत में ले लिया।

## पूर्व मंत्री के निधन पर सीएम ने शोक जताया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार के पूर्व मंत्री डा अरविन्द जैन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित आयोग ने शुरू की बिकरू कांड की जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कानपुर** के बहुचर्चित बिकरू कांड में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित आयोग ने जांच शुरू कर दी है। तीन सदस्यीय आयोग के सदस्य मंगलवार को जांच के लिए कानपुर पहुंचे। आयोग में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बीएस चौहान, इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश शशिकांत अग्रवाल और पूर्व डीजीपी केएल गुप्ता सदस्य हैं।

आयोग को इस मामले में दो माह में जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपनी है। सदस्यों ने सबसे पहले पुलिस और प्रशासनिक अफसरों से प्रारंभिक पूछताछ की और फिर बिकरू गांव पहुंचकर पड़ताल शुरू की है। इससे पहले चौहान



कमीशन की पहली बैठक लखनऊ में हुई। इसमें आयोग के सदस्यों का परिचय हुआ और रूपरेखा बनाई गई। कानपुर पहुंचने के बाद आयोग के सदस्य कुछ देर सर्किट हाउस में रुके और फिर वहां से चौबेपुर थाना इलाके में स्थित बिकरू गांव के लिए रवाना हो गए। गांव में रहने वालों से घटना वाली रात को विकास दुबे गैंग द्वारा पुलिस कर्मियों पर किए जानलेवा हमले बाबत पूछताछ की। जिन स्थानों पर पुलिसकर्मियों के रक्तरंजित शव मिले थे, उन लोगों से भी गहन जानकारी जुटाई गई। जांच के दौरान पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी डॉ ब्रह्मदेव राम तिवारी, डीआईजी प्रीतिंदर सिंह सहित कई थानों की पुलिस मौजूद रही। बिकरू कांड की जांच के लिए तीन सदस्यों वाले आयोग का गठन किया गया है। यह आयोग अपनी विस्तृत रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से करने में जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि बीती 2 जुलाई की देर रात बिकरू गांव में शातिर अपराधी विकास दुबे ने अपने गैंग के साथ मिलकर सीओ बिल्हौर देवेन्द्र मिश्रा, एसओ चौबेपुर महेश यादव सहित आठ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी। इस कांड के बाद पुलिस व एसटीएफ की टीमों ने विकास दुबे समेत गैंग के छह लोगों को मुठभेड़ में मार गिराया।

## दीपक भूकर बनाए गए एसपी दक्षिणी कानपुर नगर

**लखनऊ।** वर्ष 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी दीपक भूकर को शासन ने एसपी दक्षिणी कानपुर नगर के पद पर तैनात किया है। भूकर अभी तक अपर पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के पद पर नियुक्त थे। मालूम हो कि लैब टेक्नीशियन संजीत यादव हत्याकांड में लापरवाही बरतने के आरोप में शासन में बीती 24 जुलाई को एसपी दक्षिणी कानपुर नगर अर्पणा गुप्ता सहित 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। इसके बाद से ही यह पद खाली चल रहा था। शासन ने अर्पणा गुप्ता सहित सभी दोषी पुलिस कर्मियों की भूमिका की जांच भी एडीजी पीएचक्यू को सौंप रखी है। संजीत हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराए जाने की भी प्रदेश सरकार की ओर से बीते रविवार को सिफारिश की जा चुकी है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0, सुदामापुरी, सीतापुर। निविदा पुनः प्रकाशन की सूचना:** इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा संख्या – 69/विविमसी/2020–21 एवं 70/विविमसी/2020–21, जिसकी खुलने का दिनांक 07.08.2020 12.00 तक था। उक्त निविदाओ में तकनीकी त्रुटि (BOQ में तकनीकी त्रुटि) होने के कारण उक्त निविदाओं को पुनः प्रकाशित किया जाता है। जो कि ई–टेण्डरिंग की साइट पर प्रकाशित होगी तथा निविदा अपलोड करने का दिनांक 18.08.2020 को 17.00 बजे तक एवं निविदा खुलने का दिनांक 19.08.2020 को 12.00 बजे तक की जाती है। शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी। तथा यह भी सूचित किया जाता है कि जिन निविदाकारों द्वारा उक्त निविदाओं को पूर्व में ही ई–टेण्डरिंग की साइट पर सबमिट कर दिया गया है वो उन निविदाओं को पुनः ई–टेण्डरिंग की साइट पर सबमिट करना सुनिश्चित करें।
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0 सुदामापुरी, सीतापुर।
पत्रांक–1375, दिनांक–04.08.2020
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें"

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
8–9, विपिनखंड, गोमतीनगर, लखनऊ – 226010
**ई–निविदा सूचना**
भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ MSTC portal (https://www.mstcecommerce.com/eprochome/rbi) के माध्यम से खज़ाना/करेंसी नोट से भरे बक्सों के परिवहन हेतु **ई–निविदा** आमंत्रित करता है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **25 अगस्त 2020** है। विस्तृत जानकारी, नियम/शर्तें एवं संबंधित दस्तावेज़ बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in के टेंडर सेक्शन पर उपलब्ध हैं।
दिनांक: 05.08.2020 — क्षेत्रीय निदेशक

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।**
पत्रांक : एस0एस0ए0/1641– 45/2020–21 दिनांक : 04–08–2020
**विज्ञप्ति**
शासनादेश संख्या–902/68–5–2019, दिनांक 22 अक्टूबर 2019 एवं राज्य परियोजना निदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक–गु०वि०/ए0आर०पी०/3206/2019–20 दिनांक 22.10.2019 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर द्वारा निर्गत विज्ञप्ति संख्या–527/2020–21 दिनांक 09.06.2020 के माध्यम से ए०आर०पी० के रिक्त पदों के सापेक्ष आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। तत्क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 06.08.2020 के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), खैराबाद सीतापुर में 11:30 से 2.30 बजे के मध्य आयोजित की जायेगी। समस्त आवेदित एवं अर्ह अभ्यर्थी उक्त तिथि को निर्धारित समय से 1 घंटा पूर्व डायट खैराबाद, सीतापुर पहुँचना सुनिश्चित करें।
(आर्य कुमार दीक्षित) जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) सर्व शिक्षा अभियान, सीतापुर
(अजीत कुमार) जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कोरोना के इलाज के लिए 50 हजार नये बेड तैयार किए जाएं: योगी

## किसी को भी महामारी फैलाने की इजाजत नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 हजार नये बेड तैयार करने के निर्देश दिये हैं। ये बेड एल-2 तथा एल-3 कोविड चिकित्सालयों में बनेगे। इन बेड्स के लिए चिकित्सा कर्मियों सहित अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाओ का इंतजाम करने को कहा गया है। सीएम योगी ने महानिदेशक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा को इस सम्बन्ध में समयबद्ध ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये हैं।

मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेण्टर को प्रभावी रूप से क्रियाशील करने के निर्देश भी दिये हैं। उन्होंने कहा कि जिस जिले में इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेण्टर स्थापित होने के बावजूद सुचारु रूप से कार्यशील नहीं हैं, ऐसे जनपद के जिलाधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने होम आइसोलेशन में रह रहे संक्रमित मरीजों से इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेण्टर द्वारा दिन में दो बार दूरभाष से संवाद स्थापित कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश भी दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने एम्बुलेंस व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा के साथ साथ सरकारी चिकित्सालयों तथा मेडिकल कालेज की कुल एम्बुलेंस का 50 प्रतिशत कोविड मामलों में तथा शेष 50 प्रतिशत नान कोविड मामलों में उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड.19 के मरीजों के स्वास्थ्य की स्थिति के आधार पर कोविड चिकित्सालय में बेड उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि कोविड 19 के संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए प्रत्येक स्तर पर सावधानी बरतना आवश्यक है। किसी को भी महामारी फैलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। संक्रमण को नियंत्रित करने में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कानपुर नगर की चिकित्सा सेवाओं को बेहतर करने तथा वेन्टिलेटर बेड्स की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश भी दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ग्रस्त इलाकों में प्रभावित लोगों को हर सम्भव राहत एवं मदद उपलब्ध करायी जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जनता को सूखा राशन दिया जाए। मेरूण्ड गांवों में राशन किट वितरित की जाए। उन्होंने कहा कि कोविड 19 तथा संचारी रोगों के नियंत्रण के उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार तथा रविवार को विशेष स्वच्छता एवं सेनिटाइजेशन अभियान का प्रभावी संचालन जारी रखा जाए।

बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे तथा सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कोरोना से जंग जीतकर घर लौटे नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा के** वरिष्ठ नेता और विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी 66 कोरोना से जंग जीतकर घर पहुंच गए हैं। अब वह वह पूर्णतया स्वस्थ हैं और कोरोना मुक्त है। उन्हें सोमवार 3 अगस्त 2020 को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के कोविड अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। राम गोविंद चौधरी दिनांक 23 जून 2020 को कोविड 19, निमोनिया, मधुमेह और पुरानी दिल की बीमारी की समस्याओं के साथ राजधानी कोविड अस्पताल में भर्ती हुए थे। जिन्हें बाद में ऑक्सीजन पर भी रखना पड़ा। उन्हें 8 से 10 दिनों तक सांस लेने में काफी परेशानी रही। बीच में 2 दिनों के लिए बाई पैप पर भी लगाना पड़ा था। धीरे धीरे उनकी स्थिति में सुधार हुआ। मधुमेह और हृदय रोग जैसी कई प्रकार की बीमारियों के कारण वे उच्च जोखिम पर पर थे। चौधरी का इलाज राजधानी कोविड अस्पताल के आईसीयू . 2 के प्रभारी प्रोफेसर देवेंद्र गुप्ता और उनकी टीम की देखरेख में हुआ। इस बीच चौधरी की कोविड जांच कई बार पॉजिटिव आई। उन्होंने बड़े ही साहस और धैर्य का परिचय देते हुए अपना उपचार कराया और सभी स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार से पूर्णतया संतुष्ट होकर अस्पताल से विदा ली।

**परिवहन विभाग में भी सामने आए संक्रमित:** तीन दिन बार मंगलवार को भी परिवहन विभाग का मुख्यालय बंद रहा। यहां पर दो व्यक्तियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसी के चलते आज यहां कार्यालय नहीं खोला गया। हालांकि पूरे आफिस को सेनेटाइज किए जाने का काम दिन भर चला। अब बुधवार की सुबह परिवहन विभाग मुख्यालय खुलेगा।

# सिविल सर्विस परीक्षा में राजधानी की मेधा चमकी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


उर्वी


शिवा

**संघ** लोक सेवा आयोग ने सिविल सर्विस परीक्षा 2019 का रिजल्ट जारी कर दिया है। यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम के लिए इंटरव्यू 20 जुलाई को शुरू हुए थे। जारी परिणाम में शहर के भी मेधावियों ने अपनी जगह बनाई है।

यूपीएससी 88 वी रैंक हासिल करने वाली शुभांगी श्रीवास्तव का कहना है कि बीटेक करने के साथ ही मेरे मन में आइएएस बनने की भी इच्छा थी। आईआईटी दिल्ली से पीएचडी के साथ.साथ यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। जिसकी वजह से पढ़ाई में बहुत ज्यादा स्ट्रेस हो गया था। इस वजह से मेरा दो अटेम्ट में यूपीएससी क्लीयर नहीं हो पाया। जिसके बाद 2018 में पढ़ाई से ब्रेक लेकर यूपीएससी की कोचिंग की और यूपीएससी मेंस क्वालिफाई कर लिया। 309 वी रैंक हासिल करने वाली अवध कालिजियट की छात्रा शिवा सिंह ने बताया कि उन्होंने श्रीराम कॉलेज दिल्ली से बीकॉम ऑनर्स किया है। घर में फाइनेंसशियल दिक्कतें थी, पापा पॉल्ट्री न्यट्रीशिनिस्ट हैं। आइएएस की तैयारी के लिए दिल्ली से कोचिंग ज्वाइन की थी जहां पीजी में रहती थी। कई बार टेस्ट सीरीज के पैसे नहीं होते थे तो दोस्तों ने अरेंज किया। तैयारी के लिए आपको बस एक बार गाइडेंस की जरूरत होती है। इसके बाद आप आपके रास्ते खुद ही क्लीयर हो जाते हैं। स्टूडेंट्स को बहुत ज्यादा किताबों और अन लिमेटेड सिलेबस के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। इतना पढ़ना चाहिए जिसका रिविजन किया जा सके। रोजाना 10 से 12 घंटे पढ़ाई करती थी। सेकेंड अटेम्प में यूपीएससी निकाला है। 679 वीं रैंक पर आने वाली वृंदावन कालोनी निवासी उर्वी वर्मा के पिता कमल कुमार, प्रादेशिक प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम पूर्वी क्षेत्र दिल्ली में तैनात हैं।

## सफल अभ्यर्थियों को सीएम की बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2019 में सफल समस्त अभ्यर्थियों तथा उनके माता पिता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में देश में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली जनपद सुल्तानपुर की प्रतिभा वर्मा को विशेष रूप से बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से चयनित अभ्यर्थीगण देश की विभिन्न सेवाओं में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किये जाएंगे। सभी सफल अभ्यर्थियों को देश के विकास के साथ साथ जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निष्ठा तथा लगन से कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया सम्बंधित सेवा में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत सभी सफल अभ्यर्थी अपने दायित्वों का उत्साहपूर्वक निवर्हन करते हुए देश के विकास तथा जनता की खुशहाली के लिए महत्वपूर्ण योगदान देंगे।







# आरटीओ आफिस के तीन कर्मचारी निकले कोरोना पॉजिटिव

## कार्यालय बंद, सेनेटाइजेशन के बाद अब छह को खुलेगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आरटीओ** आफिस के तीन कर्म्मचारियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सभी काम बंद हो गया और आरटीओ ने तुरंत आपात बैठक बुलाकर दो दिन के लिए आरटीओ आफिस बंद कर दिया। आरटीओ आफिस के अधिकारियों ने इसकी जानकारी परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी दे दी। ऐसे में अब आरटीओ आफिस 6 अगस्त से खुलेगा। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ आफिस मंगलवार को रोज की ही तरह खुला। आफिस के कैम्पस में लोग अपनी नंबर की प्रतीक्षा कर रहे थे किसी को लाइसेंस के लिए टेस्ट देना था तो किसी को वाहन ट्रांसफर करवाना था। तभी यहां पर इंतजार कर रहे आवेदकों को बताया गया कि आरटीओ आफिस में आज किसी तरह का कार्य नहीं होगा, यहां पर तीन कर्मचारियों के कोरोना पॉजीटिव पाए जाने के कारण यह कदम उठाया गया। सिर्फ मंगलवार को ही नहीं बुधवार को भी आरटीओ आफिस पूरी तरह से बंद रहेगा। आरटीओ आफिस के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार और बुधवार जिन आवेदकों को डेट थी, उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है उनकी डेट री शेडयूल की जा चुकी है। इन आवेदकों को अब 17 से 20 अगस्त के बीच आरटीओ आफिस पहुंचना होगा। इसके लिए आवेदकों के मोबाइल नंबर पर भी सूचना एसएमएस के माध्यम से भेजी गई है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में इस सत्र से छह नए कोर्स होंगे शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय इस सत्र से 6 नए पाठ्यक्रमों का संचालन करेगा। इनमे तीन परास्नातक और 3 स्नातक स्तर के कोर्स होंगे। हाल ही में इन कोर्सों को लखनऊ विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद ने मंजूरी दी है। वहीं पीजी स्तर के कोर्सों में फार्म जमा करने की तिथि विवि प्रशासन ने बढ़ाकर 24 अगस्त कर दी है। विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक परास्नातक पाठ्यक्रमों में योग में एमए और एमएससी योग और वैकल्पिक चिकित्सा के नए गठित संकाय में शुरू किये गए हैं, जबकि लोक नीति और शासन में तीसरा परास्नातक पाठ्यक्रम डॉ शंकर दयाल शर्मा लोकतंत्र और प्रशासन संस्थान द्वारा शुरू किया गया है। इन पाठ्यक्रमों का विवरण लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। योग और वैकल्पिक चिकित्सा संकाय में तीन स्नातक पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। योग में बीए, बीएससी और बैचलर इन नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज शामिल हैं।

# प्राविधिक शिक्षा मंत्री के नाम पर एकेटीयू देगा प्रतिवर्ष विशेष स्वर्ण पदक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डॉ. एपीजे** अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने दिवंगत प्राविधिक शिक्षा मंत्री की स्मृति शेष के रूप में अनुसूचित जाति की मेधावी छात्रा को प्रतिवर्ष विशेष स्वर्ण पदक देने का निर्णय लिया है। यह गोल्ड मेडल प्राविधिक शिक्षा मंत्री कमल रानी के परिवार द्वारा दिए गए दो लाख एक हजार रुपये के फंड से दिया जाएगा। इसकी शुरुआत आगामी दीक्षांत समारोह से इसकी शुरुआत की जाएगी। मंगलवार को स्मृति शेष प्राविधिक शिक्षा मंत्री कमल रानी को श्रृद्धांजलि प्रदान करने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक, प्रतिकुलपति विनीत कंसल, कुलसचिव नन्द लाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारीयों ने कमल रानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रृद्धांजलि प्रदान की। इस दौरान विवि के कुलसचिव नन्द लाल सिंह ने शोक सन्देश पढ़कर दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार के लिए संवेदनाएं व्यक्त कीं। विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा सुनील चौधरी ने कहा कि कमल रानी व्यक्तित्व की धनी प्रशासक थीं, उन्होंने प्राविधिक शिक्षा के विकास के लिए बहुत से सफल प्रयास किये। विवि के प्रतिकुलपति प्रो विनीत कंसल ने कहा कि छात्रहित के लिए सदैव सोचती थीं। उन्होंने कहा उनकी सरलता अविस्मरणीय थी। अंकित दीक्षित ने कहा कि मुझे हमेशा सकारात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करती रही। विवि के सम्पत्ति प्रभारी आशीष मिश्र ने कहा कि सौम्य स्वभाव, राजनीति का लम्बा अनुभव और एक पार्षद से लेकर कैबिनेट मंत्री तक का सफ़र तय करने वाली कमल रानी का राजनीतिक जीवन प्रेरणादायक रहा। विवि के कुलपति प्रो पाठक ने कहा कि प्राविधिक शिक्षा के लिए उनका जाना अपूर्णनीय क्षति है। विवि एवं विद्यार्थी हितों को सर्वोपरि मानती थीं। उन्होंने कहा पिछले 11 माह में उन्होंने प्राविधिक शिक्षा को नए आयाम प्रदान किये।

# लोकबंधु अस्पताल में भर्ती मरीजों ने मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**लखनऊ( पीएनएस )।** कोरोना के चलते अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों को रक्षाबंधन का पर्व जरा सा नहीं खला। त्योहार की खुशी को कोविड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों ने आपस में मनाया। रक्षाबंधन के मौके पर लोकबंधु राजनारायण कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों ने अस्पताल की निदेशक डॉ. मधु सक्सेना व सीएमएस डॉ. अमिता यादव के नेतृत्व में कोविड वार्ड में भर्ती बेटियों ने पुरुष मरीजों की कलाई में न राखी बांधी। निदेशक ने बताया कि बहुत से मरीज कोरोना के चलते अपने परिवार से दूर हैं, इसलिए उनको इस त्योहार पर अपने भाई बहन की कमी न महसूस हो इसलिए वार्ड में भर्ती बेटियों से पुरुष मरीजों को राखी बंधवाई गई। इतना ही नहीं बहनों ने कोरोना को मात देकर शीघ्र स्वस्थ होने का आशीष भी अपने भाइयों को दिया।



# जांच में सामने आया एक करोड़ 16 लाख का घोटाला

## नगर निगम के आरआर विभाग का मामला, महापौर ने नगर आयुक्त को दिए थे जांच के निर्देश

**● फर्मों को भेजी गई नोटिस, होगी रिकवरी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नगर** निगम में फर्जी फर्मों को अधिक भुगतान पर नगर आयुक्त और महापौर के बीच मतभेद साफ देखे गए। हंगामें और आरोप प्रत्यारोप के बाद नगर निगम द्वारा कमेटी बनाकर जांच में कई बड़े खुलासे हुए हैं। जांच कमेटी ने आर आर विभाग में बीते वर्ष में 1 करोड़ 16 लाख का घोटाला पाया गया। दरों से अधिक भुगतान पाए जाने पर डेढ़ दर्जन फर्मों को नोटिस भेजकर रिकवरी करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं एक सप्ताह में धनराशि वापस न करने पर एफआईआर और ब्लैक लिस्ट करने की चेतावनी दी गयी है।

नगर निगम के आरआर विभाग में मोटर्स पार्ट्स की आपूर्ति में अनियमितता बरतने पर महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा कड़ी नाराजगी जताते हुए अनियमितता के खिलाफ शासन को पत्र लिखकर जांच की मांग की गयी थी, जिसका खुलासा मंगलवार को आई जांच रिपोर्ट में हुआ। विगत वर्ष आरआर विभाग में मोटर्स पार्ट्स की आपूर्ति अधिक दरों पर करने की शिकायत महापौर को प्राप्त हुई थी जिस पर महापौर संयुक्ता भाटिया में गोपनीय पत्र नगर आयुक्त को भेज कर जाँच के लिए निर्देशित किया था। नगर निगम द्वारा बताया गया कि पत्र पर नगर निगम लखनऊ के आरआर विभाग में वर्ष 2018-19, 19-20 के दौरान मोटर्स पार्ट्स की आपूर्ति अधिक दरों पर किये जाने की जाँच के संबंध में नगर आयुक्त डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा एक कमेटी गठित की गयी थी, जिसमें अपर नगर आयुक्त अमित कुमार (अध्यक्ष), अपर नगर आयुक्त राकेश यादव (सदस्य), मुख्य अभियंता मनीष सिंह (सदस्य), मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी महामिलिन्द लाल (सदस्य), लेखा परीक्षक सुरेश चैबे (सदस्य) सम्मिलित किए गए। कमेटी द्वारा जाँच के बाद 18 फर्मो को वित्तीय वर्ष 2019-20 के अप्रैल-मई एवं जून माह में हुए भुगतान के सापेक्ष कुल 1.16 करोड़ का भुगतान अधिक पाया गया। इस अनियमितता के बाद रिकवरी नोटिस प्रत्येक संस्था को भेजा गया है। यह धनराशि नगर निगम में जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है। एक सप्ताह में यह धनराशि जमा न करने पर संबन्धित फर्म पर प्राथमिकी दर्ज कराने, ब्लैक लिस्ट आदि की कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### इन फर्मों से इस धनराशि की होगी वसूली

| क्र.सं.: | फर्म का नाम | : | रिकवरी की धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1- | ए. अब्बास | : | 1,69,675 |
| 2- | एशियन ट्रेडिंग | : | 12,344 |
| 3- | अवध मोर्टस | : | 1,24,303 |
| 4- | संतोष ऑटोमोबाइल | : | 4,86,131 |
| 5- | सुपर ट्रेडिंग कं. | : | 4,84,282 |
| 6- | कविशा ऑटोमोबाइल | : | 66,837 |
| 7- | सीमा ऑटो इलेक्ट्रिकल्स | : | 1,36,244 |
| 8- | दि साल्यूशन्स | : | 25,20,773 |
| 9- | सुपर स्पेयर्स | : | 18,87,259 |
| 10- | उत्कर्ष | : | 16,851 |
| 11- | अलास्का टेक | : | 13,46,033 |
| 12- | हिन्दुस्तान ट्रेडर्स | : | 43,147 |
| 13- | वेस्टर्न इंडिया एजेंसीज | : | 2,33,179 |
| 14- | हार्दिक इंटरप्राइजेज | : | 1,36,073 |
| 15- | एसजी. ऑटोमोटिव | : | 28,41,226 |
| 16- | बाबा टैक्टर्स | : | 3,82,317 |
| 17- | राज ऑटोमोबाइल | : | 5,15,020 |
| 18- | कान्टीनेन्टल ऑटोमोबाइल | : | 2,58,805 |
| | कुल योग | : | 1,16,60,508 |

# बीएड प्रवेश परीक्षा:थम्ब इम्प्रेशन के लिए परीक्षा केंद्रों पर होगी डिस्पोजेबल स्ट्रिप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोविड** 19 के दौर में आगामी 9 अगस्त को होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 के दौरान कोरोना से बचाव के लिए परीक्षा केंद्रों पर थम्ब इम्प्रेशन के लिए परीक्षा केंद्रों पर होगी डिस्पोजेबल स्ट्रिप की व्यवस्था रहेगी। जिससे अभ्यर्थियों के उँगलियों के चिन्ह लिए जा सके और किसी को दूसरे की स्पर्श की गई स्ट्रिप न छूनी पड़े।

बीएड स्टेट कोआर्डिनेटर प्रो अमिता बाजपेई ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक निजी यातायात 8 व 9 अगस्त को सुचारू रूप से चलती रहेंगी। सभी अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश पत्र के साथ आवागमन की समुचित अनुमति सरकार द्वारा दे दी गई है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो इस हेतु प्रदेश सरकार, शासन, जिला प्रशासन के साथ तालमेल बनाते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों की सुरक्षा हेतु सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्येक परीक्षा.केंद्र पर वर्तमान में कोविड.19 के कारण बदली हुई परिस्थितियों के दृष्टिगत, समस्त प्रोटोकॉल एवं निर्देशों का पूर्ण पालन कराया जा रहा है। अभ्यर्थियों को अनावश्यक यात्रा करने से बचाने के लिएए अभ्यर्थियों को उनकी पसंद के परीक्षा केंद्र के निकटतम जनपद को दोबारा चयनित करने की ऑनलाइन सुविधा दी गई थी। प्रत्येक महिला अभ्यर्थी एवम दिव्यांग अभ्यर्थी को कोई भी असुविधा न हो, इसके लिए उनके द्वारा परीक्षा केंद्र के विकल्प के रूप में चयनित जनपदों में से प्रथम विकल्प के जनपद में ही परीक्षा केंद्र आवंटित किये गए हैं। यथा संभव अधिकतर परीक्षार्थियों को उनके द्वारा दिये गए विकल्पों के जनपद (प्रयागराज आदि कुछ जनपदों को छोड़कर) में ही परीक्षा केंद्र आवंटित किये गए हैं।

### परीक्षा स्थगित करने की मांग

**लखनऊ।** आगामी 9 अगस्त को प्रस्तावित राज्य स्तरीय बीएड प्रवेश परीक्षा को लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ ने स्थगित करने की मांग उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा से की है। इस बाबत शिक्षक संघ ने बीएड कक्षाओं में प्रवेश मेरिट के आधार पर किये जाने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय की तरफसे उपमुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी आकड़ो के अनुसार लगभग 4.5 लाख छात्रों द्वारा आवेदन किया गया है। इसके अतिरिक्त परीक्षा कार्य को संचालित करने एवं परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक छोड़ने आने वाले अभिभावकों की संख्या को मिलाकर यह 10 लाख के ऊपर होगी। उससे कोविड.19 के प्रोटोकॉल का पालन किया जाना संभव नहीं होगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुआ किशोर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर थाना क्षेत्र स्थित अरविंदो चौकी के पास से एक 16 वर्षीय किशोर अचानक संदिग्ध परिस्थितियों गायब होने की सूचना पाते ही पुलिस महकमें में हड़कम्प मच गया। बताया जा रहा है कि स्टेट लॉ ऑफिसर के बेटे आदित्य राज के अपहरण की सूचना मिली थी। जिसकी जानकारी पाते ही मौके पर स्थानिय पुलिस के साथ ही एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। वहीं सूत्रों की मानें तो कुछ दिन पहले ओलंपिया जिम में गायब हुए किशोर का झगड़ा हुआ था। मिली जानकारी के मुताबिक, इंदिरा नगर निवासी 16 वर्षीय आदित्य राज सुबह घर से किताब लेने की बात कहकर निकला था जो अचानक संदिग्ध परिस्थितियों गायब हो गया और उसका मोबाइल भी बंद हो गया। जिसकी जानकारी पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने 3 टीमों का गठन किया है। पिता की तहरीर पाकर पुलिस किशोर की तलाश कर जांच में जुटी है।

# दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गए युवक की डूब कर मौत

**● परिजनो ने उठाए दोस्तों पर सवाल पुलिस ने कहा नशे में थे सभी युवक**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पारा** थाना क्षेत्र के लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के पास बने 30 फिट गहरे तालाब में दोस्तो संग नहाने गया 21 वर्षीय युवक तलाब के गहरे पानी में डूब गया। तालाब में डूबे युवक के दोस्तो ने उसे तालाब से निकलाने की कोशिश जरूर की लेकिन जब नकाम हुए तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने तालाब में डूबे युवक की तलाश के लिए जाल डाला तो जाल मे युवक का शव फंस कर बाहर निकल आया। परिजनो ने सवाल उठाया है कि बाकी के 6 दोस्त तालाब से कैसे सुरक्षित बाहर आ गए जबकि पुलिस का कहना है कि तालाब में नहा रहे सभी 7 युवक नशे की हालत में पानी मे नहाने के लिए उतरे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पेशे से मजदूर ग्राम सरोसा पारा के रहने वाले बुद्धा लाल का 21 वर्षीय पुत्र शानि कुमार प्लास्टर आफ पैरिस पीओपी का काम करता था। शनि कुमार मंगलवार को अपने 6 दोस्तो के साथ लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे के पास बने तीस फिट गहरे कोडिला तालाब मे नहाने के लिए गया था शनि के सभी 6 दोस्त नहाने के बाद तालाब से बाहर आ गए लेकिन शनि बाहर नही आया तो उसके दोस्तो ने तालाब में शनि की तलाश की लेकिन शनि नही मिला तो दोस्तो ने पारा पुलिस को सूचना दी। चौकी इन्चार्ज मोहान रोड विनय सिंह का कहना है कि तालब मे नहाने गए सभी सात दोस्त नशे की हालत मे तालाब में नहाने के लिए उतरे थे उन्होने बताया कि तालाब से निकाले गए शनि के शरीर पर चोट के कोई निशान भी नजर नही आ रहे थे उन्होने बताया कि मुमकिन है कि ज्यादा नशा होने की वजह से शनि तालाब मे अपना संतुलन नही बना पाया और दुर्घटना वश डूबने से उसकी मौत हो गई।

## कक्षा चार की छात्रा से ट्यूशन टीचर ने की छेड़छाड़, गिरफ्तार

**लखनऊ।** जानकीपुरम में कक्षा 4 की छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले ट्यूशन टीचर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली 11 वर्षीय बच्ची कक्षा 4 की छात्रा है। वह सेक्टर एच जानकीपुरम विस्तार निवासी शैलेंद्र त्रिपाठी के घर पर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। छात्रा के मुताबिक एक अगस्त को भी वह रोज की तरह ट्यूशन के लिए गई थी। क्लास समाप्त होने के बाद आरोपित शैलेंद्र ने सभी बच्चों को घर जाने दिया और उसे बहाने से रोक लिया। बच्चों के जाने के बाद आरोपित ने उसके साथ अश्लील हरकतें की। किसी तरह से पीड़िता उसके चंगुल से छूट कर घर पहुंची और उसकी करतूत मां को बताई। इंस्पेक्टर के मुताबिक बच्ची की मां की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसे सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# नौ साल से फरार चल रहा इनामी अपराधी गुड़गांव से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने बीते 9 सालों से फरार चल रहे इनामी अपराधी अजय पाल उर्फ नीरज को हरियाणा प्रदेश के गुड़गांव से गिरफ्तार किया है। हत्या, लूट एवं अपरहण जैसे अपराधों में शामिल रहे इस अपराधी पर आगरा व कासगंज से 25-25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित है। एसटीएफ को जानकारी हाथ लगी कि अजय पाल उर्फ नीरज पुत्र दाताराम उर्फ मुनीम सिंह निवासी नगला फूल ककरैल थाना पटियाली जनपद कासगंज वर्तमान में अपनी पहचान छिपाकर गुड़गांव में रहा रहा है जिसको उद्योग बिहार थाना अंतर्गत रजोकरी टोल के पास देखा गया है। इस सूचना के बाद एसटीएफ की टीम वहां रवाना की गई। सटीक सूचना के आधार पर एसटीएफने रजोकरी टोल आफिस के पास स्काई लार्क आफिस पर घेराबंदी करके अजय पाल को गिरफ्तार कर लिया।



पूछताछ करने पर अभियुक्त अजय पाल उर्फ नीरज ने बताया कि उसके विरुद्ध जनपद आगरा एवं कासगंज में हत्या, लूट एवं अपहरण के अभियोग पंजीकृत है। वह वर्ष 2011 में फरार होकर नोएडा चला गया था। नोएडा में उसके द्वारा अपनी पहचान छिपाकर वर्ष 2011 से 2014 तक बेलदारी शटरिंग का काम किया गया था। इसके बाद उसने वर्ष 2014 से मानेसर टोल पर भी काम किया था। वर्तमान में वह गुड़गांव के थाना उद्योग बिहार क्षेत्र में रजोकरी टोल आफिस के पास स्काई लार्क कम्पनी में ड्राइवर का काम कर रहा था। वह वर्ष 2011 से लगातार फरार चल रहा था। इन 9 वर्षो में वह कभी भी कासगंज या आगरा नहीं आया था। उसके द्वारा अपनी पहचान छिपाकर तथा अपने बदले हुए नाम नीरज कुमार के नाम से आधार तथा पैन कार्ड तैयार कराया गया था।

### सीएमएस छात्रा को 40,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) की मेधावी छात्रा इशिता निवास को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ डेट्रायट द्वारा 40,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। इशिता को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। इस प्रकार, सीएमएस की एक और होनहार छात्रा ने अपनी लगन, प्रतिभा व शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर उच्चशिक्षा हेतु विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

### दुराचार के मामले में मुल्जिम की जमानत खारिज

**लखनऊ(विसं)।** शादी का झांसा देकर एक युवती से दुराचार करने के आपराधिक मामले में निरुद्ध मुल्जिम सलीम की जमानत अर्जी फास्ट ट्रैक की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज अन्जू कन्नौजिया ने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील अरुण कुमार पांडेय के मुताबिक इस मामले की एफआईआर पीड़िता ने थाना महानगर में दर्ज कराई थी। बीते 28 जून को मुल्जिम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

### तीन शातिर लुटेरे नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पकड़े गए लुटेरों के पास से पुलिस ने 158 ग्राम नशीला डायजापाम पाउडर बरामद करने का भी दावा किया है। अभियुक्तों के खिलाफपुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद परवेज पुत्र पुत्र निवासी राधा ग्राम मिश्री बगिया डूडा कॉलोनी, हिमांशु सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी मिश्री बगिया जल निगम रोड और करण कश्यप पुत्र बबलू कश्यप निवासी बरफखाना ठाकुरगंज बताया है। परवेज के पास से पुलिस ने 58 ग्राम, हिमांशु सिंह के पास से 55 ग्राम और करण कश्यप के पास से 45 ग्राम नशीला पाउडर बरामद किया है।

### वापस लिए गए निकाले गए सफाई कर्मी

**सरोजनीनगर।** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट परिसर की सफाई के लिए बीवीजी कंपनी द्वारा निकाले गये सफाईकर्मियों को कम्पनी ने मंगलवार को वापस ले लिया। कम्पनी द्वारा कोनोनाकाल के दौरान उन्हें माह के आधे दिनों में ही ड्यूटी करने का मौके मिलेगा और इसी के हिसाब से मानदेय भी दिया जाएगा। कर्मचारी कम्पनी के इस आदेश को मौखिक रूप से नही लिखित रूप में चाहते है। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर काम करने वाले अपने 40 सफाई कर्मियों को बिना किसी नोटिस के अचानक नौकरी से निकाल दिया गया था।

### गुमशुदा नाबालिग किशोर बरामद

**लखनऊ।** नाका पुलिस ने एक 16 वर्षीय लापता युवक को सकुशल बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि जिला हरदोई की गुमशुदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस सतर्क हुई और लापता की बरामदगी को लेकर जुट गई। इसी बीच गणेशगंज चैराहे के पास से हुलिया व पहनावे के आधार पर लापता किशोर को देखा गया। जिसके बाद दिए गए परिजनों के नंबर पर बात कर पूछा गया तो गुमशुदा के पिता ने बताया कि यह मेरा लड़का है जो लापता हो गया था। जब पिता को जरिए सीयूजी नंबर पर सूचित कर बुलाया गया तब उसके पिता श्याम सुदर को नाबालिग बेटे को सुपुर्द कर दिया गया।

### छेड़छाड़ व पॉक्सो ऐक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** जानकीपुरम में बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के फरार आरोपित को जानकीपुरम पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसआई अबरार खां ने बताया कि एक अगस्त को थाना क्षेत्र की रहने वाली एक आठ वर्षीय बच्ची के साथ मड़ियांव गांव निवासी दीपक कुमार गौतम उर्फटक्कल ने छेड़छाड़ की थी। बच्ची की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही थी। सोमवार को उसे दयाल तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

### चेकिंग के दौरान वाहन चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की विभूतिखंड पुलिस ने सोमवार की रात चेकिंग के दौरान एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड संजय शुक्ला ने बताया कि सोमवार की रात अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। तभी एक युवक आता दिखा जिसे रोका गया तो वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम सीतापुर निवासी रामसागर बताया। पुलिस का कहना आरोपी ने बताया कि उसने यह मोटरसाइकिल पिकअप भवन के पास से चोरी की थी और अब ग्राहक को बेचने के फिराक में था।

### यूपीएमआरसी ने सुरक्षाकर्मियों, हाउसकीपिंग स्टाफ को किया सम्मानित



लखनऊ। मेट्रो प्रशासन द्वारा कोरोना में सफाई और सैनिटेशन कार्य करने और चोरी पर लगाम लगाने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। मंगलवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसीएल) के गोमती नगर स्थित प्रशासनिक भवन में आयोजित सम्मान समारोह में प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने दोनों विजेताओं को बधाई दी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। जहां, 08 जून 2020 को मोहम्मद मुश्तक, सुरक्षा कर्मियों ने केडी सिंह स्टेडियम मेट्रो स्टेशन से पीले रंग की साइकिल चोरी करते हुए एक चोर को पकड़ा। वहीं हाउसकीपिंग विभाग के सतीश चंद्रा ने कोविड महामारी के इस दौर में मेट्रो परिसर को सुखद और स्वच्छ रखने में अपना योगदान प्रदान किया।

### एयरपोर्ट से वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

**सरोजनीनगर।** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से वाहनों को चुराने वाले एक युवक को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने सोमवार को दबोच लिया। सीआईएसएफ अधिकारियों ने पकड़े गये वाहन चोर को सरोजनीनगर पुलिस को सौप दिया। स्थानीय पुलिस ने युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक काफी लम्बे समय से एयरपोर्ट की पार्किंग से वाहन चोरी की शिकायतें आ रही थी। इसीलिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के साथ ही स्थानीय पुलिस भी गंभीरता से वाहन चोरो की तलाश में जुटी थी। सोमवार को यह वाहन चोर सीआईएसएफकर्मी की बाइक चोरी कर रहा था। इस दौरान मौके पर पहुंचे वाहन मालिक ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

### जेसीपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**लखनऊ।** अयोध्या राम मंदिर भूमि पूजन के लिए तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में राम मंदिर का शिलान्यास होना है। इसी क्रम में लखनऊ के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर नवीन अरोरा ने पुलिस अफसरों के साथ अमौसी एयरपोर्ट से लेकर अति संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के मद्देनजर रिहर्सल कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## महिला समेत तीन ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** राजधानी के अलग अलग थाना क्षेत्र में महिला समेत तीन ने फांसी लगा ली। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के कस्बा अमेठी के कटरा वार्ड निवासी 35 वर्षीय अफसान उर्फसीमा ने आपसी कलह के चलते गांव के बाहर बाग में आम के पेड़ दुपट्टे के सहारे लटक कर जान दे दी। वहीं ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में 32 वर्षीय मजदूर ने छत की सरिया से लटकर जान दे दी। जबकि काकोरी में 40 वर्षीय मजूदर फांसी पर लटक गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक पांच वर्ष पूर्व सीमा ने अमेठी के कटरा वार्ड निवासी जितेंद्र के साथ लव मैरिज की थी। कुछ दिन बाद दोनो की आपस में झगड़ा होना शुरू हो गया। मंगलवार की सुबह किसी बात को लेकर जितेंद्र व उसकी पत्नी सीमा से लड़ाई हुई । जिसके बाद सीमा ने आम के पेड़ से दुपटटे के सहारे लटक कर जान दे दी। वहीं ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के जगदीपुर निवासी विष्णु चैरसिया ने बताया कि मंगलवार सुबह उसके भाई दीपक चैरसिया ने घर के प्रथम तल में स्थित छत की सरिया में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मृतक मजदूरी करता था। जिसके एक बेटी भी है। इधर काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम असतखेड़ा निवासी मोहित कुमार गौतम ने बताया कि कल वह अपनी माता के साथ घर से बाहर गया था। करीब 5 बजे शाम को उसके पिता प्रकाश 40 ने घर के अंदर फांसी लगा ली। मृतक के दो बेटे एक बेटी है। मृतक मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

# रक्षाबंधन पर साढ़े छह लाख महिलाओं ने रोडवेज बसों में किया निशुल्क सफर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीते** तीन वर्षों की तरह इस वर्ष भी प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं को रोडवेज बसों में फ्री सफर की सौगात दी। जिसका माताओं बहनों ने जमकर लाभ उठाया। हालांकि इस वर्ष कोरोना महामारी के चलते महिला यात्रियों की संख्या कम रही। रक्षाबन्धन के दिन रोडवेज बसों में कुल 649379 महिला यात्रियों ने निशुल्क सुविधा का लाभ उठाया।

2 अगस्त की मध्य रात्रि से 3 अगस्त की मध्य रात्रि तक जिन भी महिलाओं ने यूपी रोडवेज की किसी भी श्रेणी की बसों में सफर किया, उनका सफर पूरी तरह से मुफ्त रहा। जिन यात्रियों ने ऑनलाइन माध्यम से टिकट की बुकिंग कराईए रोडवेज प्रसाशन द्वारा उनके टिकट के मूल्य भी जल्दी ही उनके खाते में कर दिया जाएगा। वहीं जिन महिला यात्रियों ने काउंटर से टिकट की अग्रिम बुकिंग की थी, वह यात्रा के 72 घंटे बाद तक रोडवेज के किसी भी काउंटर से इनका रिफण्ड ले सकती हैं। बताते चलें कि रोडवेज द्वारा बीते तीन वर्षों से लगातार रक्षाबंधन पर महिला यात्रियों को निशुल्क यात्रा कराई जा रही है। वर्ष 2017 में 11.16 लाख, वर्ष 2018 में 11.69 के साथ ही बीते वर्ष 2019 में 12.42 लाख महिलाओं ने रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई निशुल्क बस यात्रा का लाभ उठाया था। बसों के संचालन की मॉनीटिरिंग मुख्यालय में स्थिति कन्ट्रोल रूम में सभी क्षेत्रों के नामित नोडल अधिकारियों द्वारा अपने नोडल क्षेत्र की संचालन एवं अन्य व्यवस्थाओं का कार्य किया गया। अधिकारियों द्वारा मुख्यालय स्तर पर प्रत्येक 2 घण्टे में यात्रियों की संख्या का डेटा एकत्र किया जा रहा था। रक्षाबंधन के लिए रोडवेज ने 9200 बसों का बेड़ा तैयार किया था। हालांकि मांग के अनुसार 8105 बसों का संचालन प्रदेश के एक से दूसरे जिले के लिये किया गया।

### सिटी बसों में 12246 महिलाओं ने उठाया सौगात का फायदा

**लखनऊ।** राजधानी में चलने वाली सिटी बसों में रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं ने निशुल्क सफर का जमकर आनंद उठाया। फ्री सफर की सुविधा मिलने के कारन सोमवार को सुबह से ही बसों में भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। सोशल डिस्टेंसिंग के लिए निर्धारित सीटों से अधिक यात्रियों को जगह नहीं दी गई। सिटी बस के अधिकारियों ने बताया कि सुबह आठ बजे भीड़ कम होने के कारण तीन दर्जन बसों को ही सड़क पर उतारा गया था लेकिन दस बजे तक ही सिटी बसों में भीड़ उमड़नी शुरू हो गईए ऐसे में आनन-फानन में बसों की संख्या बढ़ा कर 50 की गई लेकिन एक बजे के बाद ही भीड़ और बढने के कारण 50 अन्य बसें ऑनरोड की गई। पर्व के दिन कुल 100 सिटी बसों का संचालन किया गया। हालांकि कोराना संक्रमण के चलते भीड़ की उम्मीद सिटी बस प्रबंधन को नहीं थी।

## साक्षी महाराज पांच व कल्याण सात को पेश करें सफाई साक्ष्य

**लखनऊ (विसं)।** अयोध्या के विवादित ढांचा को ढहाए जाने के आपराधिक मामले में मंगलवार को भी किसी मुल्जिम की ओर से सफाई साक्ष्य पेश नहीं किया जा सका। लिहाजा सीबीआई की विशेष अदालत ने साक्षी महाराज व अन्य मुल्जिमों को पांच अगस्त तथा कल्याण सिंह को सात अगस्त को सफाई साक्ष्य पेश करने का आदेश दिया। विशेष जज सुरेंद्र कुमार यादव ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि अन्य मुल्जिमों की ओर से न कोई अर्जी और न ही कोई सूची मौखिक साक्ष्य पेश करने की दी गई है। लिहाजा ऐसी स्थिति में यह माना जाता है कि उनकी तरफ से कोई सफाई साक्ष्य पेश नहीं करना है। मंगलवार को कल्याण सिंह की ओर से सफाई साक्ष्य के संदर्भ में पुन: एक अर्जी पेश की गई।

## सीएसडी सहारा ग्लोबल एकेडमी ने की 40 प्रतिशत फीस माफ

**लखनऊ।** लखनऊ में कैब्रिज इंटरनेशनल स्कूल यूके से संबद्ध सीएसडी सहारा ग्लोबल एकेडमी ने कोविड-19 महामारी के दौर में ट्यूशन फीस का 40 प्रतिशत माफ कर दिया है। छात्रों के माता-पिता अप्रैल 2020 से ट्यूशन फीस का मात्र 60 प्रतिशत का ही भुगतान करेंगे। एकेडमी ऑनलाइन क्लासेज का संचालन कर रही है नबीकोट नंदना, बख्शी का तालाब स्थित सीएसडी सहारा ग्लोबल एकेडमी द्वारा ट्यूशन फीस माफ़ करने की इस पहल पर सहारा इंडिया परिवार की एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर वर्कर कुमकुम रॉय चौधरी ने कहा कि कोविड-19 के इस व्यवधान ने हमारे दिन-प्रतिदिन के जीवन को इस तरह से बदल कर रख दिया है जो कि सोच से परे है। लाखों परिवारों को को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में ट्यूशन फीस में कमी करके हमने छात्रों के माता-पिता के वित्तीय बोझ को कम करने का एक छोटा प्रयास किया है।

# धान विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन आज से शुरू

**● किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**खरीफ** विपणन वर्ष 2020-21 में मूल्य समर्थन योजना के तहत धान विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन 5 अगस्त से होगा। पंजीयन का कार्य सुबह 10 बजे से आरंभ हो रहा है। सरकारी धान क्रय केन्द्रों पर धान की बिक्री के लिए किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। रबी विपणन वर्ष 2020-21 में जिन किसानों का पंजीकरण गेहूँ खरीद के लिए हो चुका है, उन्हें पुन: पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु पुराना पंजीकरण प्रपत्र देखकर यदि उसमें कोई संशोधन नहीं किया जाना है, तो उसे पुन: लॉक करना होगा। यह जानकारी आज यहाँ खाद्य आयुक्त मनीष चौहान ने दी। खाद्य आयुक्त ने बताया कि किसान सीबीएस युक्त राष्ट्रीयकृत एवं अनुसूचित बैंकों में ही अपना खाता खुलवाएं। खाता खुलवाकर पंजीयन फार्म में अपना बैंक खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड विशेष सावधानी से भरना होगा। किसान अपनी भूमि संख्या पंजीयन में दर्ज कर अपने कुल रकबे को एवं बोये गये धान के रकबे को अंकित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि समस्त किसान समय से पूर्व ही पंजीकरण करा लें, जिससे उनकी जमीन, बोया गया धान व बैंक एकाउण्ट का सत्यापन समय से हो जाये एवं उनको क्रय केन्द्रों पर अपना धान विक्रय करने में असुविधा न हो तथा क्रय के 72 घण्टे के अन्दर उनके बैंक खाते में विक्रय किये गये धान का मूल्य प्राप्त हो सके। खाद्य आयुक्त ने अधिकाधिक सं या में धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराने की अपील किसानों से की है। खाद्य आयुक्त ने बताया कि किसानों से खरीदे जाने वाले धान की कुटाई के लिए प्रदेश में स्थापित राइस मिलों का सत्यापन हो रहा है। विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। सभी राइस मिलर्स खाद्य विभाग के पोर्टल पर दिये गये मिल मॉड्यूल पर अपनी चावल मिल का विवरण आगामी 14 अगस्त तक भर कर पंजीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। श्री चौहान ने कहा कि किसान अथवा राइस मिलर्स पंजीकरण में किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने क्षेत्र के विपणन निरीक्षक एवं क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अथवा जिला खाद्य विपणन अधिकारी से मिल सकते हैं।

## सीरियल किलर गैंग का एक और गुर्गा चढ़ा पुलिस के हत्थे

**लखनऊ।** बिकरू काण्ड के बाद से सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश पर पूरे प्रदेश के हर एक जनपद में टॉप टेन माफियाओं में कार्रवाई हो रही है। वहीं राजधानी लखनऊ भी किसी से पीछे नहीं हैं। पुलिस आयुक्त लखनऊ सुजीत पाण्डेय के निर्देश पर लगातार मुख्तार अंसारी व सीरियल किलर सोहराब, सलीम ओर रुस्तम के गुर्गों पर भी कार्रवाई की जा रही है। बीते 20 दिनों से राजधानी में मुख्तार अंसारी व सीरियल किलर सलीम, सोहराब और रुस्तम गिरोह के लोगों को दबोचा जा रहा है। इसी क्रम में हुसैनगंज पुलिस ने बीते 3 अगस्त को डीसीपी सोमेन वर्मा व एडीसीपी चिंरजीव सिन्हा के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने टान टेन अपराधी नीतू उर्फ नीतेश जायसवाल को 150 ग्राम मार्फीन के साथ धर दबोचा। पकडे गए आरोपी का संबध सीरियल किलर गैंग से निकला। इससे पहले सआदतगंज पुलिस ने भी सलीम सोहराब और रुस्तम गिरोह के पांच सदस्यों को तमंचा, चार वाहन के साथ गिरफ्तार किया था।

## रक्षा बंधन पर पराग ने पिछले वर्ष की अपेक्षा 60 प्रतिशत अधिक की बिक्री

**लखनऊ।** पराग ने रक्षा बंधन पर्व पर पिछले वर्ष की परीक्षा 60 प्रतिशत अधिक अपने उत्पाद की बिक्री की है। इस बिक्री को पार्क प्रबंधन बड़ी उपलब्धि मान रहा है। पराग के महाप्रबंधक डॉ मोहन स्वरूप ने कहा कि बीते वर्षों के अपेक्षा पराग ने उत्पाद के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया है। साथ ही मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए उत्पाद के मूल्य में भी कोई खास वृद्धि नहीं की गई है। पराग प्रबंधन ने बताया कि पराग की शुद्ध देशी घी से निर्मित मिठाईयों को इस बार उपभोक्तओं द्वारा काफी पसंद किया गया। रक्षाबंधन रक्षाबंधन के पर्व पर विशेष तौर पर पराग प्रबंधन द्वारा मिष्ठान का निर्माण कराया गया था। पराग के महाप्रबंधक डॉ मोहन स्वरूप ने बताया कि इस वर्ष रक्षाबंधन के पर्व पर पराग की मिठाइयों की बिक्री अन्य वर्षो की अपेक्षा 60 प्रतिशत अधिक हुई है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा पराग की मिठाइयों में पेड़ा, कलाकन्द, रसगुल्ला, गुलाब जामुन, लड्डू, मिल्क केक, पत्तीसा एवं पनीर को काफी पसंद किया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पराग के मिष्ठान में सबसे अधिक पेड़ा करीब 3000 किलो से ऊपर बिका है जबकि रसगुल्ला की करीब 2000 किलो से ऊपर की बिक्री हुई है। उन्होंने बताया पराग ने इस वर्ष मात्र रक्षाबंधन के पर्व पर दस हजार किलो के लगभग मिष्ठान की बिक्री की है जो कि पिछले वर्ष की अपेक्षा 60 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि पराग प्रबंधन के लिए बड़ी उपलब्धि है।

## क्विक न्यूज

### हत्या मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपित गिरफ्तार

**उन्नाव।** हत्या के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपितो को मौरावां पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया है। मौरावां थाना प्रभारी राजेन्द्र रजावत ने बताया कि सरांय मुबारक गांव के निवासी राजरानी पत्नी सोहनलाल का 28 जुलाई को गांव के रहन वाले सरवन पुत्र बुद्दीलाल, संतोष पुत्र बुद्दीलाल व बुद्दीलाल पुत्र रामदयाल से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। तभी विपक्षी सरवन आदि लोगो ने सोहन के साथ मारपीट की थी। जहां उपचार के दौरान सोहनलाल की मौत हो गई। मृतक सोहनलाल की पत्नी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सरवन, संतोष व बुद्दीलाल पर हत्या का केस दर्ज किया था। मंगलवार 5को पुलिस ने तीनो आरोपितो को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सरांयजोगा गांव के निकट मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के नईमपुर गांव के रहने वाले सुन्दर गोसाई (23) पुत्र सियाराम मंगलवार की सुबह अपनी बाइक से भल्लाफार्म की तरफ आ रहा था। तभी सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सरायजोगा गांव के निकट सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सुन्दर गोसाई की मौके पर मौत हो गई। उधर, हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पीडब्लूडी कर्मी का फांसी पर शव लटकता मिला

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी पीडब्लूडी कर्मी का मंगलवार की सुबह संदिग्ध हालात में फांसी पर शव लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी रामराज का बत्तीस वर्षीय बेटा अरविंद लखनऊ स्थित पीडब्लूडी कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मी के पद पर तैनात था। रक्षाबंधन पर गांव आया था। परिजनों के अनुसार रात को 12 बजे तक शराब पीता रहा। सुबह पत्नी उसके कमरे में पहुंची, तब शव को पंखे के कुंडे से लटकता देख उसके होश उड़ गए और घर में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। पिता की मौत के बाद नौकरी मिली थी। मृतक पत्नी किरन के अलावा दो बेटे आर्यन व आरध और एक बेटी खुशी तथा मां कुसुमा को अपने पीछे छोड़ गया है।

### कोरोना पीड़ित वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**चकलवंशी, उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के नगर पंचायत रसूलाबाद के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी वृद्ध को सांस लेने में दिक्कत बढ़ने पर की गई कोरोना जांच की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर स्वास्थ्य विभाग टीम ने औरास कोविड 19 अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां सोमवार की देर रात इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। वही मृतक के संपर्क में आए हुए लोगो की कोरोना संक्रमण की जांच की गई है। रिपोर्ट अभी नही आई हैं। मृतक के मोहल्ला सुभाष नगर को सील कर दिया गया है।

### अपने घरों पर जलाए दीए: हिन्दू जागगरण मंच



**उन्नाव।** हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री व प्रभारी विमल द्विवेदी अपने मंच के साथियों के साथ मंगलवार को गांधी नगर तिराहे पर 5100 मिट्टी के दीयों का मुफ्त वितरण किया। उन्होनें हिन्दू जनमानस से पांच अगस्त को घरों पर शाम के समय दीपमाला जलाकर मंदिर बनने का स्वागत करने की अपील की। विमल द्विवेदी ने कहा इस अवसर पर संसार मे कही भी हिन्दू धर्म को मानने वाला व्यक्ति रहता होगा, उसके लिए प्रसन्नता व गर्व का दिन हैं। जिसे हमारी पीढ़ी को 492 वर्षो बाद लंबे संघर्ष के बाद देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हैं। मैं अपील करता हूं कोई हिन्दू किसी भी राजनीतिक पार्टी से भी क्यों न जुड़ा हो दीप जलाकर अपनी प्रसन्नता अवश्य प्रकट करे, क्योंकि हम सौभाग्यशाली हैं जो मंदिर बनते हुए देख रहे जिसके लिए लाखों हिंदुओ ने अपने प्राणों का बलिदान दिया हैं। इस अवसर पर मंच के जिलाध्यक्ष अजय त्रिवेदी, नगर अध्यक्ष विकास सिंह सेंगर, नगर महामंत्री धर्मेन्द्र शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

### चयन एवम अधिक गुणवत्ता आसान: सिंह

**प्रयागराज।** समूचा देश कोविड 19 कोरोना वायरस महामारी से उबरता हुआ अपनी पेन्टअप मांग पर वापस आ रहा है। अमेरिका के व्हाइट वेस्टिंगहाउस ने देश में अपनी वाशिंग मशीनों के लांच के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश की घोषणा करी। भारतीय मैन्युफैक्चरिंग फर्म सुपरप्लास्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ जो तीन सौ करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है। अमेज़न डॉट इन पर ब्रांड सात हजार चार सौ निन्यानवे रुपए की कीमत के साथ सात किग्रा आठ किग्रा और नौ किग्रा श्रेणी की अपनी रेंज लॉन्च करेगा। ऐसे समय में ब्रांड के भारतीय बाजार में प्रवेश के बारे में खुश होते हुए एसपीपीएल इंडिया ब्रांड लाइसेंसी व्हाइट वेस्टिंगहाउस की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पल्लवी सिंह ने कहा कि अभूतपूर्व समय है। भारतीय बाजार में वैश्विक ख्याति और इक्विटी की एक ब्रांड लाने के लिए उत्साहित हैं। साझेदारी के साथ हम बड़े उपकरणों की श्रेणी में एक मजबूत पोर्टफोलियो का निर्माण जारी रखते हैं।

### मेक इन इंडिया को लेकर जताई प्रतिबद्धता

**प्रयागराज।** मेक इन इंडिया को लेकर अपनी प्रतिबद्धता आगे बढ़ाते हुए कोडक टीवी इंडिया ने अपनी सबसे बड़ी श्रृंखला लांच करने की घोषणा की है। जिसमें इसकी एक्सप्रो और सीए सीरीज़ के अंतर्गत सात टीवी वैरिएंट शामिल हैं। जो कोविड 19 लॉकडाउन के पश्चात के माहौल में वर्क फ्रॉम होम और मनोरंजन के लिए सम्पूर्ण समाधान की पेशकश करते हैं। जो छह अगस्त से उपलब्ध होगी। मेक इन इंडिया उत्पाद लांच के साथ कोडक टीवी इंडिया भारत में गूगल के प्रमाणित एंड्रायड टीवी के लिए एक शुरूआती साझेदार बन गया है। मॉडलों पर कोडक टीवी इंडिया द्वारा पूरा शोध और परीक्षण भारत में ही किया गया है। खासकर कोविड 19 महामारी के कारण बनी परिस्थितियों को देखते हुए स्मार्ट टीवी उपयोगकर्ताओं की संख्या भी तेजी से बढ़ने वाली है।

### अयोध्या में भूमि-पूजन पर काशी में अखंड रुद्राभिषेक

**वाराणसी।** अयोध्या में 5 अगस्त 2020 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा श्री राम लला के मंदिर के भूमि-पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर काशी में उत्तर प्रदेश पत्रकार संगठन के आह्वान पर 5 अगस्त 2020 भूमि-पूजन से लेकर जब तक मंदिर निर्माण हो नहीं जाता तब तक काशी में अखण्ड रूद्राभिषेक 5 ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन प्रातः छह बजे से कैलाश मठ में किया जाएगा।यह जानकारी कैलाश मठ के पीठाधीश्वर आशुतोष गिरि जी महराज एवं उ0प्र0 पत्रकार संगठन के राष्टीय अध्यक्ष रघुवीर सिंह ने मंगलवार को बिरदोपुर स्थित मठ में पत्रकार वार्ता के दौरान दी है। श्री आशुतोष गिरि जी महराज ने बताया कि अयोध्या में 5 अगस्त को पीएम मोदी द्वारा श्रीराम लला की भूमि किया जाएगा। इसी उपलक्ष्य में काशी के बिरदोपुर स्थित कैलाश मठ में पांच ब्राह्मण विद्वानों द्वारा प्रतिदिन अखंड रूद्राभिषेक किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के समय राष्टीय प्रवक्ता अरविन्द चौरसिया, नवीन चौबे, रमेश बधावन आदि लोग उपस्थित रहे।

### जय श्रीराम उद्घोष के साथ अयोध्या रवाना हुए काशी के विद्वत जन संकट मोचन हनुमान का आशीर्वाद लेकर रवाना हुए अयोध्या



**वाराणसी।** श्रीराम जन्मभूमि शिलान्यास समारोह में काशी विद्वत परिषद के तीन सदस्यीय दल अयोध्या रवाना हुए। काशी विद्वत परिषद के मंत्री पंडित राम नारायण द्विवेदी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय दल अयोध्या के लिए रवाना हुआ है। इसके पूर्व काशी विद्वत परिषद के संगठन मंत्री डॉक्टर उत्तम ओझा ने संकट मोचन मंदिर के मुख्य द्वार पर अयोध्या प्रस्थान करने वाले विद्वत जनों का अभिनंदन किया। रामलला के निर्माण में काशी से एक चांदी का ईंट प्रदान किया गया। काशी विद्वत परिषद के संगठन मंत्री डॉक्टर उत्तम ओझा ने बताया कि कि भगवान श्रीराम के कार्य में हनुमानजी का सहयोग रहता है। इसलिए प्रस्थान के लिए संकटमोचन मन्दिर का स्थान चुनाव किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहले हनुमानगढ़ी जाएंगे हनुमानजी का दर्शन करेंगे फिर भगवान राम के प्रस्तावित मंदिर का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में बोलते हुए वयोवृद्ध प्रख्यात ज्योतिष आचार्य पंडित रामचंद्र पांडे ने बताया कि जिस काल में भगवान राम के मन्दिर का शिलान्यास हो रहा है उस काल में अभिजीत मुहूर्त हैं अभिजीत मुहूर्त के मध्यान्ह काल में भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था इसलिए इस समय को चुना गया जो कि ज्योतिष की दृष्टि से उपयुक्त है। काशी विद्वत परिषद के मंत्री प्रोफेसर पंडित राम नारायण द्विवेदी ने कहा कि काशी विद्वत परिषद के देखरेख में ही संपूर्ण शिलान्यास की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी विद्वत परिषद के सदस्य प्रोफेसर आचार्य विनय पाण्डेय ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर किया कि राम जन्म भूमि के शिलान्यास के कार्य का काशी विद्वत परिषद की देखरेख में संपन्न होगा।

# एसएसपी कार्यालय के कांस्टेबल सहित दर्जनों संक्रमित

- 36 घंटे में कोरोना से छह लोगों की मौत, अब तक 3252 मरीज संक्रमित
- 1700 लोग ठीक होकर घर गए



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**36 घंटे** में जिले में कोरोना संक्रमण से सोमवार को चार मरीजों की मौत हो गई, वहीं मंगलवार को पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक दो और मरीजों की मौत हुई।इस तरह कुल छह मौतें हो गई। वहीं अब 1700 मरीज अब तक ठीक होकर घर चले गये हैं। मंगलवार को बीएचयू लैब से मंगलवार को पूर्वाह्न तक प्राप्त 105 सैंपलों की जॉच रिपोर्ट मिली जिनमें 20 के पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई। जिले में कोरोना संक्रमित की संख्या अब 3252 हो गई है। इनमें से 1700 स्वस्थ हो चुके है। इनमें से 477 होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे थे। वर्तमान में एक्टिव मरीजों की संख्या 1484 हो गई है, वही अब तक मरने वालों की संख्या 68 हो चुका है। बीएचयू लैब से सोमवार को 1971 सैंपल की जॉच रिपोर्ट मिली जिनमें 139 के पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई। नए संक्रमित मरीजों में एसएसपी के कोरोना सेल में तैनात महिला पुलिसकर्मी सहित तीन जवान, बीएचयू चीफ प्राक्टर के एक कर्मचारी, बीएचयू की एक जूनियर डॉक्टर शामिल हैं।आदमपुरा थाना क्षेत्र के हनुमान फाटक क्षेत्र में सोमवार को देर रात क्षेत्र सील कर हॉटस्पॉट घोषित कर दिया।

### कोरोना से वरिष्ठ अधिवक्ता की मौत

**वाराणसी।** बनारस कचहरी मे कार्यरत लगभग दह हजार अधिवक्ताओं में रक्षाबन्धन के दिन दुसरी आहुति प्रमोद श्रीवास्तव जैसे वरिष्ठ अधिवक्ता ने दी, वरिष्ठ अधिवक्ता फौजदारी दिलीप सिंह बताते है कि 23 नवम्बर 2007को जब दिवानी कचहरी में भयानक बम ब्लास्ट हुआ तो प्रमोद श्रीवास्तव उस ब्लास्ट में बुरी तरीके.से घायल हो गये थे,उनका घायलों के लिस्ट मे नाम था, जब शासन के लोग उन्हें पचास हजार रुपया सहायता राशि के तौर पर देने लगे तो उन्होंने बहुत ही विनम्रता से इंकार कर दिया,कहा मेरी जान बच गयी यही बहुत है आप इस पैसे को किसी और जरूरतमंद को दे दिजियेगा, अफसोस ऐसी सोच रखने वाले व्यक्ति को कोरोना ने हमसे छिन लिया। बनारस बार के पूर्व महामंत्री नित्यानन्द राय व मृतक के भाई सुबोध श्रीवास्तव ने बीएचयू प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुये प्रमोद श्रीवास्तव के मौत की जांच करने की मांग के साथ बीएचयू के मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट और वीसी के स्थानान्तरण की मांग की हैं। आरोप लगाया कि जो बीएचयू मरीजों को पानी नहीं दे रहा है वह इलाज क्या करेगा? वहीं एक अन्य अधिवक्ता सुनील श्रीवास्तव कक्कु की भी मौत बीएचयू में हुयी थी जिसका आडियो वायरल होने पर काफी हो हल्ला मचा था।वही प्रमोद श्रीवास्तव के शोक में आज कचहरी मे अधिवक्ता शोकाकुल रहे और न्यायिक कार्य से विरत रहे ,इस आशय का प्रस्ताव सेन्ट्रल बार एशोसिएशन ने पारित किया था।

**होम आइसोलेश के 105 मरीज स्वस्थ**- होम आइसोलेश के 105 मरीज तथा अस्पताल में भर्ती 44 समेत कुल 149 मरीज सोमवार को डिस्चार्ज हो गये।

## एसएसपी ने थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी को किया लाइन हाजिर

**वाराणसी।** वाराणसी के लालपुर.पांडेयपुर थानाध्यक्ष धनंजय पांडेय और संकटमोचन चौकी इंचार्ज ईश्वर दयाल दूबे को मंगलवार की सुबह एसएसपी अमित पाठक ने लाइन हाजिर कर दिया। दोनों उप निरीक्षकों के खिलाफ यह कार्रवाई कर्तव्यों के निर्वाहन में लापरवाही बरतने के आरोप में की गई है। वाराणसी के नदेसर.चौकाघाट रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने कूद कर बिहार के मूल निवासी और नई बस्ती पांडेयपुर में रहने वाले रंजीत राम;38द्ध ने बीते दो अगस्त को जान दे दी थी। रंजीत किराए पर कमरा लेकर पत्नी अनीताए एक बेटी और बेटे के साथ रहता था।30 जून को रंजीत की पत्नी और दोनों बच्चे अचानक गायब हो गए। रंजीत ने तीनों की काफी खोजबीन की लेकिन जब सफलता नहीं मिली। इसके बाद उसने 18 जुलाई को लालपुर.पांडेयपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। रंजीत की पत्नी और बच्चों को तलाशना तो दूर लालपुर.पांडेयपुर थाने की पुलिस ने उसकी तहरीर के आधार पर गुमशुदगी भी नहीं दर्ज की।

## संदिग्ध हालात में किशोरी मौत, विसरा सुरक्षित, बनवाई गई स्लाइड

- किशोरी की मां ने गांव के रहने वाले युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**सफीपुर/उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की संदिग्ध हालात में मंगलवार को मौत हो गई। मृतका की मां ने गांव के रहने वाले एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मां का आरोप है कि सोमवार की शाम शौच के लिए खेत पहुंचने पर गांव के युवक ने उसकी बेटी से दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म से आहत किशोरी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों से उसे अस्पताल ले जाते रास्ते में मौत हो गई। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू की है। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नही हो सका है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि सोमवार को उसकी सोलह वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। देर शाम शौच क्रिया के लिए खेत पहुंचने पर पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही युवक ने किशोरी को पकड़ उसके साथ कर दुष्कर्म किया। कहीं बताने पर जान से मारने की धमकी देकर आरोपित भाग निकला। दुष्कर्म से क्षुब्ध किशोरी ने घर जाकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पीड़िता घर पर अकेली थी। मां मायके मेथीटिकुर रक्षाबन्धन पर भाई को राखी बांधने गई थी। एक भाई है जो दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। ग्रामीणों की सूचना पर मां आनन फानन गांव आ पहुंची। पीड़िता की हालत नाजुक देख अस्पताल ले जा रही थी कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। मां की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया गया है। एएसपी दक्षिणी धवल जायसवाल ने बताया कि मां की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नही हो सका। जिसके चलते डॉक्टर ने विसरा सुरक्षित करवाए जाने के साथ ही दुष्कर्म की पुष्टि के लिए जांच के लिए स्लाइड बनवाई गई है।

## सात दरोगा हुए इधर से उधर

**उन्नाव।** एसपी रोहन पी कनय ने सोमवार की रात सात दरोगा को इधर से उधर कर दिया। जिसमें गंगाघाट के बिन्दानगर चौकी प्रभारी महिला दरोगा प्रेमवती यादव को थाना बिहार व उमेश त्रिपाठी को थाना बीघापुर, नरेन्द्र द्विवेदी को हसनगंज और सुशील कुमार यादव को सोहरामऊ से बिंदानगर चौकी प्रभारी व नरेन्द्र कुमार सिंह को असोहा से गंगाघाट, हसनगंज थाने में तैनात अबू मोहम्मद कासिम और वीरेन्द्र कुमार सरोज को गंगाघाट स्थानांतरित किया गया है।

**इंस्पेक्टर व मुंशी के निलंबित दूसरे दिन मचा रहा हड़कंप:** एसपी रोहन पी कनय के सोमवार की देरशाम असोहा थाने का औचक निरीक्षण करने पर इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार गैर हाजिर मिले। पूछे जाने पर मुंशी अनिल कुमार यादव ने एसपी को जानबूझकर इंस्पेक्टर की सही जानकारी नहीं दी गई। एसपी ने जांच में पाया कि इंस्पेक्टर बिना स्वीकृत अवकाश व अनुमति के लखनऊ चले गए थे। जिसके चलते लापरवाही बरतने पर एसपी ने इंस्पेक्टर व मुंशी को निलंबित करने के साथ ही छह सिपाहियों में मैराज अहमद, बृजेश कुमार, गौरव शुक्ल, राधा मोहन, दिगम्बर और महिला आरक्षी लक्ष्मीना को लाइन हाजिर कर दिया था। उधर, दूसरे दिन मंगलवार को एसपी द्वारा की गई कार्रवाई के बाद हडकंप मचा हुआ है। उधर, देरशाम तक असोहा थाने में किसी को तैनात नही किया गया है।

## शिलान्यास कार्यक्रम को पर्व के रूप में मनाएं प्रयागराजवासी: केशव मौर्य

**प्रयागराज।** श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु 5 अगस्त को अयोध्या नगरी में होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम से संपूर्ण प्रयागराज को भावनात्मक रूप से जोड़ने के लिए प्रयागराज के सभी सांसद विधायक महापौर और पार्षद की बैठक मंगलवार को हुई। जिसमें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और राम जन्मभूमि आंदोलन के योद्धा केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन का प्रमुख केंद्र प्रयागराज रहा है। प्रयागराज से ही प्रत्येक कुंभ मेला और अर्धकुंभ मेला में धर्म संसद के दौरान अयोध्या के अंदर प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण का संकल्प संकल्पित होता था। आज प्रसन्नता का विषय है कि प्रयागराज की धरती पर लिया गया संकल्प 5 अगस्त को पूर्ण हो रहा है। ऐसे में प्रयागराज की जनता को शिलान्यास कार्यक्रम को पर्व के रूप में मनाना चाहिए। अपने अपने घरों को सजाएं अपने अगल बगल की मंदिरों को सजाएं और दीपदान करके एक दीपोत्सव का स्वरूप प्रयागराज के अंदर बने। बैठक की अध्यक्षता करते हुए गणेश केसरवानी ने 5 अगस्त के प्रधानमंत्री द्वारा अयोध्या के अंदर प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण हेतु भूमि पूजन के निमित्त तैयारियों की चर्चा करते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक संपर्क अभियान कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। मंदिरों की सजावट परिवारों के द्वारा अपने घरों में दीपोत्सव सभी प्रमुख चौराहों पर ध्वज पताका सजाने की व्यवस्था का आग्रह जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से किया गया है। संपूर्ण प्रयागराज राममय हो जाए ऐसा प्रयास किया जा रहा है। बैठक में कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने भी इस निमित्त आग्रह किया। सांसद रीता बहुगुणा जोशी सांसद केसरी देवी पटेल एमएलसी यज्ञदत्त शर्मा महापौर अभिलाषा गुप्ता ने ऐतिहासिक पल को प्रयागराज के अंदर परवान चढ़ाने का आग्रह किया। पार्षदों ने अपने अपने क्षेत्र में शिलान्यास कार्यक्रम को प्रभावी रूप से बनाने का संकल्प लिया।

## सपा ने निकाला पैदल मार्च 'साथी हाथ बढ़ाना हल्ला बोल जनाआंदोलन'

- मध्यमवर्गीय, गरीबों एवं बुनकर परिवार की चार महीने की बिजली माफ करने की उठाई मांग



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर महासचिव लालू यादव के नेतृत्व में मंगलवार को पैदल मार्च निकाला जो नखास से चलकर लोहटिया, मैदागिन, विशेश्वरगंज होते हुए मच्छोदरी पार्क में जाकर समाप्त हुआ। यह पैदल मार्च 11 दिनों से 'साथी हाथ बढ़ाना, हल्ला बोल जनआंदोलन' पूरे शहर में चल रहा है। सपा के पूर्व पदाधिकारी लालू यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग किया है कि बनारस में पिछले चार महीने से कोविड-19 के चलते लॉकडाउन चल रहा है जिससे मध्यमवर्गीय,गरीब व बुनकर परिवार का व्यवसाय पूरी तरह चौपट हो गया हैं। आमदनी न होने से काशी की जनता परेशान है। चार महीने की बिजली न जमा होने से विद्युत विभाग कनेक्शन काट दे रहे हैं जिससे बनारस की जनता परेशान है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग किया है कि मध्यमवर्गीय, व गरीब तथा बुनकरों की चार महीने की बिजली तथा बच्चों की फीस माफ करने की मांग की है। यही पत्रक मुख्यमंत्री के नाम पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली को सौंपा। सपा के नेताओं ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री ने बिजली का बिल माफ नहीं किया तो सपा के कार्यकर्ता आंदोलन को और तेज कर देगें। पैदल मार्च में सपा जिलाध्यक्ष लक्कड़ पहलवान,लालू यादव, पारस यादव पप्पू, दीपक सोनकर, विवेक यादव, मयूर लोहिया, मनोज गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने ज्ञानवापी और गोदौलिया की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया



**वाराणसी।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य के भूमि पूजन को लेकर 5 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे राज्य में हाईअलर्ट जारी किया गया है। काशी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा को लेकर तथा अयोध्या में श्रीराम लाल की भूमि-पूजन का कार्यक्रम गुरूवार को पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाना है इसीलिए पूरे शहर को फोर्स द्वारा छावनी में तब्दील कर दिया गया है। साथ ही गोदौलिया से ज्ञानवापी की ओर तथा मैदागिन से चौक की ओर जाने वाले रोड पर तीन-चार पहिया वालों को पूरी तरह प्रतिबंध के साथ सुरक्षा बढ़ा दी गई है। करीब ग्यारह बजे एसएसपी अमित पाठक सुरक्षा की जायजा लेने गोदौलिया पहुँचे और वहाँ दशाश्वमेध सीओ अवधेश कुमार पाण्डेय से सुरक्षा की जानकारी प्राप्त की।

## बदहाली पर दो वर्ष से आंसू बहा रही पुलिया



**फतेहपुरचौरासी, उन्नाव।** ब्लाक के गड़ाई ग्राम सभा अन्तर्गत बने कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर हिन्दूपुर गांव के पास दो वर्ष पहले आई भीषण बाढ़ के चलते सम्पर्क मार्ग के साथ ही साथ पुलिया भी बह गई थी। इसके साथ ही साथ हिन्दूपुर निवासी लोगों के मकान भी बाढ़ आने से तेज कटान होने के कारण बह गए थे। जिससे कई परिवारों की पूरी गृहस्थी ही उजड़ गई थी। उधर, लोकनिर्माण विभाग द्वारा दो बर्ष बीतने के बावजूद भी आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। बताते चले कि वर्ष 2018 को गंगा में आई भीषण बाढ नें अपना रौद्र रूप ले कटान तेजी कर दिया। जिससे कालीमिट्टी-शिवराजपुर सम्पर्क मार्ग पर हिन्दूपुर के पास बनी पुलिया के साथ मार्ग भी कट गया था। साथ ही इसी गांव के कई घर भी बाढ़ की चपेट में आकर ढ़ह गए थे। जिससे कटरी क्षेत्र के किसानों के अलावा अन्य लोगों को भी अब शिवराजपुर पहुंचने के लिए काफी किलोमीटर का लम्बा चक्कर लगाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि वादा करते है, मगर उसके बाद में भूल जाते हैं। ग्रामीणों द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को कई बार प्रार्थना पत्र भी दिया गया। जिसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं तत्कालीन सांसद साक्षी महराज नें तत्कालीन डीएम को समस्या को लेकर एक लेटर भी जारी किया था। लेकिन उसके बाद भी आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और सम्पर्क मार्ग अपनी बदहाली पर दो वर्षों से आंसू बहा रहा है।

## भूमि पूजन की पूर्व संध्या पर भाजपाइयों का सुंदरकांड पाठ

- भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने की महाआरती



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**भाजपा चौक** मंडल के तत्वावधान में श्रीराम जानकी मंदिर बहादुरगंज में श्रीराम मंदिर निर्माण ले लिए बुधवार को होने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर आज भाजपाइयों ने सुंदरकांड पाठ किया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने भगवान श्रीराम एवं माता जानकी की महाआरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राम भक्तों से अपील करते हुए कहा कि 5 अगस्त का दिन संपूर्ण भारतवासियों एवम् हिंदू समाज के लिए गौरवशाली दिवस होगा। जिसके लिए 500 वर्षो तक श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण के लिए इंतजार किया गया और जिसके लिए लाखों राम भक्तों ने अपना जीवन का बलिदान कर दिया। करोड़ों राम भक्तों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया अनेकों अनेकों आंदोलन किए गए। तब जाकर के यह दिन हम सब को देखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इसलिए हम सब 5 अगस्त को अपने अपने घरों को दीपक से सजाना है।अपने क्षेत्र के सभी छोटी बड़ी मंदिरों को भव्य रुप से सजाते हुए श्रीराम नाम का यसगान करते हुए दीपोत्सव पर्व हम सब को मनाना है। इस अवसर पर मंदिर परिसर को लाइटिंग से सजाया गया एवं प्रभु श्रीराम एवं माता जानकी को रत्न जड़ित पोशाक पहनाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मंडल अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा रहे एवं पूजन अर्चन पंडित नारायण तिवारी द्वारा किया गया। पाठ में राजेश केसरवानी सुभाष वैश्य दिनेश विश्वकर्मा राजू वर्मा शिव शरण श्रीवास्तव अमित गुप्ता गौरी शंकर वर्मा पवन गौड शंभू शरण श्रीवास्तव प्यारेलाल जायसवाल लता उपाध्याय विष्णु त्रिपाठी शिव मोहन गुप्ता आलोक वैश्य अरविंद गुप्ता अतुल खन्ना मुकेश श्रीवास्तव सुमित वैश्य कमलेश केसरवानी आकाश गुप्ता विमलेश गुप्ता शिव शरण श्रीवास्तव आदि रहे।

## नई शिक्षा नीति से बढ़ी दूरस्थ शिक्षा की लोकप्रियता: कुलपति

- बरेली क्षेत्रीय केंद्र से संबद्ध अध्ययन केंद्रों के समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित



**प्रयागराज।** नई शिक्षा नीति आने से दूरस्थ शिक्षा की लोकप्रियता एवं प्रमाणिकता बढ़ी है। भारत एवं भारतीयता को केंद्र में रखकर तैयार की गई नई शिक्षा नीति इक्कीसवीं शताब्दी की आवश्यकताओं के अनुरूप है। नीति में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन शिक्षा के मध्य समन्वय एवं सामंजस्य बैठाते हुए शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन पर विशेष जोर दिया गया है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के एन सिंह ने नई शिक्षा नीति का स्वागत किया है। उन्होंने यह बातें मंगलवार को बरेली क्षेत्रीय केंद्र से संबद्ध अध्ययन केंद्रों के समन्वयकों की कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहीं। कहा कि चिर प्रतिक्षित नीति के क्रियान्वयन से हर क्षेत्र एवं हर वर्ग तक उच्च शिक्षा को पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा के नामांकन अनुपात को 50 प्रतिशत तक पहुंचाने का भारत सरकार का लक्ष्य पूरा होगा। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि कोविड 19 महामारी के दौर में उच्च शिक्षा के अध्ययन का स्वरूप बदल गया है। आज ऑनलाइन शिक्षा का बोलबाला है। ऐसे में हमें सीमित संसाधनों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को दूरस्थ शिक्षा माध्यम से उच्च शिक्षा प्रदान करना होगा। विश्वविद्यालय ने इसी सत्र से कोविड 19 पर जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किया है। कार्यक्रम में महामारी के प्रकोप से बचने के उपायों को बताया गया है। कुलपति से अध्ययन केंद्रों पर ही समस्या समाधान दिवस आयोजित किए जाने की मांग की। जिससे शिक्षार्थियों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके एवं शिक्षार्थी कोरोना काल में दूरस्थ माध्यम से प्रवेश लेकर बिना किसी अवरोध के अपनी शिक्षा को पूर्ण कर सकें। संचालन डॉक्टर जी के द्विवेदी तथा स्वागत डॉक्टर आर बी सिंह क्षेत्रीय समन्वयक बरेली क्षेत्रीय केंद्र ने किया। विषय प्रवर्तन क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर आशुतोष गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला के संयोजक डॉक्टर गिरीश कुमार द्विवेदी ने किया।

## चीन की रणनीति

### लंबे समय तक चलेगा संघर्ष

**चीन** पैगांग सो में काफी पीछे हटने से हिचक रहा है और उसके आसपास अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। इसके साथ ही वार्ता को जारी रखने के लिए वह अन्य क्षेत्रों में थोड़ा पीछे हट रहा है। ऐसे में भारत को लंबे संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए। पहाड़ों में इतनी अधिक ऊंचाई पर एक और सियाचिन बनने से दोनों पक्षों के संसाधनों की बरबादी होगी। लेकिन कम से कम इस जाड़े में चीन अपने दावे पर डटे रहना चाहता है। पूर्वी लद्दाख में सारी राजनय के बावजूद चीन पैगांग सो व डेपसांग क्षेत्रों में पुरानी स्थिति में जाने को तैयार नहीं है। इसका कारण पश्चिम में गिलगिट–बाल्टिस्तान है जहां चीन ने चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे–सीपीईसी तथा पूरब में अक्साईचिन में भारी निवेश किया है। अत: इन क्षेत्रों पर दबाव उसके क्षेत्रीय रणनीतिक व आर्थिक वर्चस्व के लिए संकट हो सकता है। वह जिनजियांग से तिब्बत राजमार्ग के 179 किलोमीटर हिस्से को भारत की छाया से दूर रखना चाहता है। वर्तमान समय में पाकिस्तान और उसके आगे मध्य एशिया तक उसकी पहुंच मजबूत है और वह वास्तविक नियंत्रण रेखा–एलएसी पर अपना दृष्टिकोण थोपना चाहता है। वह इसे अनिश्चित बनाए रख कर अपनी सैनिक उपस्थिति तथा सीमा पर ढांचागत निर्माण को बढ़ावा देना जारी रखना चाहता है ताकि भारत को कई साल तक यहां चुनौती बनने से रोका जा सके। लेकिन वह भारत द्वारा सीमा पर, खासकर दौलत बेग ओल्डी के निकट ढांचागत निर्माण से व्यथित है। इससे कराकोरम दर्रे के निकट भारत की उपस्थिति मजबूत हुई है और गलवान में भारतीय सैनिकों ने दिखा दिया है कि वे ऊंचे पहाड़ों पर युद्ध लड़ने में सक्षम हैं। बफर जोन की बात कर चीन भारतीय सैनिकों के गश्त का क्षेत्र घटाना चाहता है। इससे उसे अपने क्षेत्र में चुपचाप निर्माण का अवसर मिलेगा। चीन को उम्मीद है कि वह लंबे जाड़े में खासकर



हमारे सैनिकों को थका कर पैगांग सो में यथास्थिति बदलना चाहता है। वह जैसे भारत के धैर्य की परीक्षा ले रहा है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी–पीएलए को गंभीरता से लेना होगा क्योंकि जाड़े में हमले करने का उसका इतिहास है, चाहे वह तिब्बत पर कब्जा हो या 1962 में हमला।

गलवान में चीनी सैनिकों की झड़प में मौत से उसकी छवि खराब हुई है। उसके द्वारा हताहतों पर चुप्पी का अर्थ है कि वह फिर हमला करेगा। वर्तमान समय में वूहान वायरस के बाद चीन दुनिया को अपना उपनिवेश बनाने का सपना पूरा करने की दिशा में थोड़ा सुस्त हुआ है। लेकिन वह भारत का उभार स्वीकारने को तैयार नहीं है। यदि चीन की अर्थव्यवस्था में केवल एक प्रतिशत की भी वृद्धि हो तो वह अमेरिकी वर्चस्व वाले पश्चिमी देशों के मुकाबले तन कर खड़ा होगा। अमेरिकी विरोध के बावजूद उसने दक्षिण चीन सागर में आक्रामकता बनाए रखी है तथा उसने कई द्वीपों पर अपने दावे के साथ अड्डे बनाना व दक्षिणपूर्वी एशियाई देशों पर दबाव डालना जारी रखा है। उसने अनेक देशों को कर्ज के जाल में फंसा रखा है और उनमें से कुछ भारत का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में भारत को अमेरिका का मुहरा बनने से बचना होगा क्योंकि दोनों बड़ी शक्तियों में दुनिया पर प्रभुत्व की लड़ाई भविष्य में और तेज होगी। ऐसे में यदि चीन भारत से टकराव को बढ़ावा देता है तो वह अन्य एशियाई देशों को अपने साथ लाने में कठिनाई का अनुभव करेगा। भारत भले ही वर्तमान समय में चीन की आर्थिक व सैनिक शक्ति की बराबरी करने की स्थिति में न हो, पर वह पश्चिमी तथा क्षेत्रीय शक्तियों से बराबरी की साझेदारी कर सकता है। वह हिंद महासागर क्षेत्र में चीन को चुनौती देते हुए क्वैड पहल पर जोर दे सकता है। अमेरिका और जापान से मिल कर 'नियम आधारित व्यवस्था' पर जोर देकर वह चीन की आक्रामक रणनीति का मुकाबला कर सकता है। अब भारत को सीमा समस्या के समाधान तथा एलएसी निर्धारित करने पर जोर देना चाहिए। चीन भविष्य में अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे पर जोर दे कर भूटान पर दबाव बना सकता है। ऐसे में हमें चीन से सतर्क रहना होगा।

# जनहित याचिकाओं का दुरुपयोग

**हमें उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जो जनहित याचिकाओं का दुरुपयोग करते हैं, जबकि इसे गरीब व वंचित वर्गों को त्वरित न्याय दिलाने का महत्वपूर्ण साधन माना जाता है।**

**जे गोपीकृष्णन**
(लेखक दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)





जनहित याचिकाओं–पीआईएल का जन्म 1976 में जस्टिस कृष्ण अय्यर के समय तथा बाद में 1979 में हुआ था, जब 50,000 विचाराधीन कैदियों की दयनीय दशा के कारण उनकी रिहाई संभव हुई थी। यह विचार एक आंदोलन से पैदा हुआ था जिसे जस्टिस पी.एन. भगवती ने त्वरित न्याय को मूलाधिकार का हिस्सा मान कर सुनिश्चित किया था। पहले न्याय गरीबों व वंचित लोगों की पहुंच से बाहर था। विधायिका व कार्यपालिका की विफलताओं पर नियंत्रण लगाने के महत्वपूर्ण हथियार से पीआईएल धीरे–धीरे निजी हितों को आगे बढ़ाने का माध्यम बनता गया। इसने एक खास शैली में राजनीति में गुरिल्ला युद्ध जैसा स्थान ले लिया। जल्द ही यह एक भयानक राक्षस में बदल गया जो विधायिका या कार्यपालिका को आतंकित कर सकता था। इस वर्ष पीआईएल उद्योग ने अपना अंतिम लक्ष्य प्राप्त किया जो भारत के सर्वोच्च न्यायालय पर अपनी शर्तें थोपना था।

इस अवधारणा में इतनी विकृति आई कि जस्टिस अरिजीत पसायत को यह रेखांकित करना पड़ा कि पीआईएल में 'पी' का अर्थ राजनीति, पैसा, प्रचार या निजी हित हो गया है। अशोक कुमार पांडे मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस स्थिति पर उपयुक्त रूप से जोर दिया। बदलते समय के साथ विकृत जनहित याचिकाओं की संख्या इतनी अधिक हो गई कि पीआईएल एक्टिविस्टों ने सेवारत व सेवानिवृत्त जजों तथा नौकरशाहों को ईमानदारी के प्रमाणपत्र बांटना शुरू कर दिया। भारत के प्रधान न्यायाधीश–सीजेआई ने कोर्ट नंबर एक में एक पीआईएल वकील से कार्यवाही के दौरान सवाल किया, 'आपकी शर्ट के बटन क्यों नहीं बंद हैं और आपके कालर क्यों खुले हैं?' उनकी यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कुख्यात गैंगस्टर विकास दुबे की मुठभेड़ में मौत मामले पर सुनवाई के समय आई जिसने पुलिस में मिलीभगत रखने वालों के साथ मिल कर ड्यूटी पर तैनात आठ पुलिसजनों की हत्या की थी।

सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल अनेक पीआईएल के कारण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मामले की जांच हेतु नियुक्त एक–सदस्यीय आयोग को समाप्त करना पड़ा। यह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भारती तमांग व पश्चिम बंगाल राज्य बनाम सीपीडीआर मामले में एक पीआईएल पर निर्णय के परिणामस्वरूप था जिसमें केवल असाधारण परिस्थितियों में ही जांच आयोग को स्वीकार्य मानने की बात की गई थी। जाहिरा हबीबुल्ला शेख व कामन काज़ बनाम भारत सरकार के मामले में और स्पष्ट करते हुए ऐसी 'असाधारण परिस्थितियों' को परिभाषित किया गया था। इसके अनुसार सहायता मांगने वाली अदालत द्वारा नियुक्त जांच केवल ऐसी परिस्थिति में उचित ठहराई गई थी जहां जांच में कमी स्पष्ट हो या प्रथमदृष्टया सत्ता का दुरुपयोग स्पष्ट हो जिससे आयोग की स्वतंत्रता पर संदेह हो सकता हो। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसे मामलों में कोई तीसरा पक्ष पीआईएल से केवल उस स्थिति में उपचार मांग सकता है जब सत्ता के दुरुपयोग के ऐसे आरोप या जांच की कमी रिकार्ड से स्पष्ट हो, जैसा कि राजीव रंजन सिंह मामले में तय किया गया था।

लेकिन इसके बावजूद पीआईएल पर कार्रवाई जारी रही। पहले दौर में सीजेआई द्वारा स्वीकृति के बावजूद सर्वोच्च

> **विधायिका व कार्यपालिका की विफलताओं पर नियंत्रण लगाने के महत्वपूर्ण हथियार से पीआईएल धीरे-धीरे निजी हितों को आगे बढ़ाने का माध्यम बनता गया। इसने एक खास शैली में राजनीति में गुरिल्ला युद्ध जैसा स्थान ले लिया जो विधायिका या कार्यपालिका को आतंकित कर सकता था। इस वर्ष पीआईएल उद्योग ने अपना अंतिम लक्ष्य प्राप्त किया जो भारत के सर्वोच्च न्यायालय पर अपनी शर्तें थोपना था।**

न्यायालय के खास सेवानिवृत्त जज की नियुक्ति पर आपत्ति की गई। आयोग में सेवानिवृत्त नौकरशाह के 'पूर्वाग्रह' का मजाक उड़ाया गया। राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित विशेष जांच टीम–एसआईटी को चुनौती दी गई। इसके साथ ही पीठ के समक्ष एक अदृश्य व निरर्थक मानवाधिकार संहिता से मूल्यों व योग्यताओं के प्रमाण देने के प्रयास हुए। ऐसे में अदालत याचिकाकर्ताओं को संतुष्ट करने के लिए कहां तक जा सकती है, खासकर जब उनका गंभीर मामलों में जनता के प्रतिनिधित्व का कोई ट्रैक रिकार्ड न हो तथा वे ऐसे सेवानिवृत्त जजों के सम्मान पर हमला करते हों जिनका विधिक व्यवस्था में दशकों लंबा योगदान जनता के सामने हो?

सर्वोच्च न्यायालय ऐसी विकृत याचिकाओं से अतीत में कैसे निपटता रहा है? मैथ्यूज़ नेदुमपारा मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने 2019 में स्वत: अवमानना कार्रवाई शुरू की थी क्योंकि विकृत याचिकाओं के साथ ही याचिकाकर्ता का व्यवहार आपत्तिजनक था। उसे तीन महीने कैद की सजा दी गई तथा यह वादा कराया गया कि वह कभी किसी जज पर हमला नहीं करेगा। इसके साथ ही उसे सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक साल तक पैरवी करने से रोका गया। इसके साथ ही सुराज इंडिया ट्रस्ट बनाम भारत सरकार में अदालत ने फैसला दिया कि देश की किसी अदालत में जनहित में कोई गलत याचिका दायर करने पर 25 लाख रुपये का जुर्माना होगा।

ऐसे में सोचा जा सकता है कि जब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त आयोग अंतत: पुलिसजनों की हत्या कर कानून के शासन का मजाक उड़ाने जैसे कृत्य न दुहराने पर विचार करेगा तो अनेक जनहित याचिकायें सामने आएंगी जो इस बार मीडिया में लेखों के माध्यम से हो सकती हैं। ऐसी पीआईएल में आयोग की निष्ठा पर सामूहिक रूप से सवाल उठाया जाएगा जिसने देश की सेवा में अनेक वर्ष योगदान किया है। क्या ऐसी याचिकाओं व उनके खारिज करने से दु:ख की कोई भावना पैदा होगी कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसजनों को इतने जघन्य रूप से क्यों मारा गया? यदि राजनीतिक या वैचारिक झुकाव पर मतभेदों को अनदेखा कर दिया जाए तो भी स्पष्ट होता है कि हमने न्यायपालिका और पुलिस बल तथा दंड न्याय व्यवस्था के प्रति गंभीर पूर्वाग्रह विकसित किए हैं। हमें थोड़ा ठहर कर आत्मावलोकन करना चाहिए। आयोग से उम्मीद है कि वह अपराधियों व पुलिस अवस्थापना के बीच विकृत गठजोड़ की जांच करते हुए भविष्य में ऐसी घटना से बचने के सुझाव भी देगा।

हमें आयोग के काम करने तथा खंडित व्यवस्था सुधारने के लिए उसकी उपयुक्त संस्तुतियों के लिए कितनी प्रतीक्षा करनी होगी? इस व्यवस्था में एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को 60 जघन्य अपराधों के बाद जमानत मिल जाती है। इस व्यवस्था में 'भेदिये' अपराधियों की सहायता करते हैं तथा नियमित सुनवाई व त्वरित न्याय का अभाव है। इसमें अपराधी जेलों से अपने गिरोह चलाते हैं तथा शहीद हुए पुलिसजनों के परिवारों को न्याय के लिए लंबी व कठोर लड़ाई लड़नी पड़ती है। इस व्यवस्था में न्याय का विचार केवल उम्मीदों के सहारे रहता है। अब यही उम्मीद कोर्ट नंबर एक से है। समय आ गया है कि मामले खारिज करने व जुर्माना करने से आगे बढ़ा जाए। सुनिश्चित कानूनों के बजाय विकृत याचिकाओं से सर्वोच्च न्यायालय का मूल्यवान समय और संसाधन बेकार होते हैं तथा स्वयं न्याय का मजाक उड़ता है। यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय के दरवाजे खोलने का अर्थ एक्टिविस्ट वकीलों के किसी खास तबके के एजेंडे को बल देना नहीं है। समय आ गया है कि पीआईएल का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए जो गरीब व वंचित वर्गों को न्याय दिलाने का महत्वपूर्ण हथियार है।

# पूर्ण हुई रामभक्तों की चिर आकांक्षा

**शिव प्रकाश**
(लेखक भाजपा संगठन से जुड़े हैं)



5 अगस्त को विधिवत पूजन करके देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं सभी आस्थाओं के मानने वाले पूज्य धर्मगुरुओं द्वारा विधिवत् पूजन करके मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। आंदोलन को अपना संपूर्ण समर्थन देकर निर्णायक स्थिति तक पहुंचाने में सहायक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सरसंघचालक माननीय डॉ मोहन राव भागवत जी की उपस्थिति भी समाज के लिए प्रेरक रहेगी । देश के सभी तीर्थ स्थानों की पवित्र मिट्टी एवं सभी नदियों का पवित्र जल मंदिर निर्माण के लिए पूजन में उपयोग होना, देश की एकात्मता का प्रत्यक्ष प्रकटीकरण है। सभी संप्रदायों के धर्म गुरुओं का आशीर्वाद सामाजिक एवं आर्थिक हस्तियों को आमंत्रण एवं उपस्थिति देश की एकात्मता एवं सामाजिक सद्भाव की अनूठी मिसाल है। आज अपने देश एवं दुनिया के सम्मुख जो समस्याएं दीवार की तरह खड़ी हैं, उन सब का समाधान प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र में दिखाई देता है । महिला सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से जो संदेश हम समाज को देना चाहते हैं, राम का रावण के साथ युद्ध उसका प्रत्यक्ष व्यवहार है। माता सीता के वन गमन के समय स्वयं राजमहल में रहकर भी वन के समान जीवन जीना यह स्त्री के प्रति उनके आदर भाव को प्रकट करता है । समाज में जो शक्तियां सवर्ण–दलित, शहरवासी – वनवासी (जनजाति) संपन्न – गरीब की खाई को बढ़ाकर संघर्ष उत्पन्न करना चाहती हैं, उनको राम का महाराज निषाद एवं माता शबरी के जूठे बेर खाना, सटीक उत्तर है। वन में उनका व्यवहार एवं पेड़–पौधे, जीव–जंतु आदि के प्रति प्रेम पर्यावरण एवं जैव विविधता के प्रति उनकी दृष्टि को प्रकट करता है। मानवता के शत्रु राक्षसों का वध करके आतंक का उन्मूलन तो उन्होंने करके ही दिखाया है। उनका सारा जीवन इसी की प्रेरणा है। पिता– पुत्र, भाई–भाई ,शिक्षक, पत्नी आदि के प्रति उनका व्यवहार मानवीय मूल्यों की पराकाष्ठा है। इस कारण राम मंदिर का निर्माण एक पूजा स्थान मात्र नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन के इस वातावरण में मानवता को आदर्श व्यवहार का संदेश भी देगा।

लोक कल्याण का विचार लेकर ऋषियों के तप के परिणाम स्वरूप जिस राष्ट्र का निर्माण हुआ,आसेतु




हिमाचल विस्तृत भूभाग वाला यह भारत राष्ट्र ही है। जीवन जीने की शैली जिसमें संपूर्ण विश्व का कल्याण निहित है, वह इस राष्ट्र में विकसित हुई। मानव का मानव के प्रति, प्रकृति एवं सृष्टि में व्याप्त चराचर जीव–जगत के प्रति हमारा व्यवहार कैसा हो, यह संस्कार संपूर्ण विश्व को इस धरा ने ही दिया है। शरणार्थी की सहायता एवं संकट में सहयोग, यहां का संस्कार है। इस देश में जन्मी ऋषि परंपरा, देवी–देवताओं की वाणी, महापुरुषों एवं राजा–महाराजाओं ने अपने व्यवहार से इस संस्कार को अपने जीवन में साकार रूप दिया। लंबी परंपरा से विकसित यह संस्कार ही हमारी थाती बन गए हैं, जो हमारी संस्कृति के रूप में प्रकट होते हैं। देश के करोड़ों लोगों को इन संस्कारों का व्यवहार एवं संस्कृति स्वरूप जिन महापुरुषों में साक्षात दिखाई देता है उनमे भगवान राम का नाम सर्वोपरि है। इस कारण भगवान राम विश्व भर में फैले करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र बिंदु हैं। भगवान राम का मंदिर उस आस्था का मंदिर है । इस कारण राम मंदिर निर्माण आंदोलन के नेतृत्वकर्ता इसको राष्ट्र मंदिर निर्माण की संज्ञा देते हैं। इस आस्था के कारण ही करोड़ों का समाज मंदिर आंदोलन से जुड़ा, जो अब साकार रूप ले रहा है। प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का निर्माण हिंदू समाज की चिर आकांक्षा थी, जो अब पूर्ण हो रही है। इस आकांक्षा की पूर्ति के लिए लगभग 500 वर्षों से हिंदू समाज संघर्षरत था। असंख्य बलिदान अब तक हो चुके हैं। मुक्ति का यह संघर्ष साधु–संत, राजा–महाराजाओंआदि के नेतृत्व में चला है।

इस आंदोलन में निर्णायक मोड़ तब आया, जब 1983 में विश्व हिंदु परिषद ने आन्दोलन अपने हाथों मे लिया। स्वर्गीय अशोक सिंघल जी के साहसीएवंयशस्वी नेतृत्व के कारण आंदोलन देशव्यापी बना। रथ यात्रा, शिला पूजन, चरण पादुका यात्रा, कार सेवा आदि कार्यक्रम आंदोलन को गति देने वाले निर्णायक चरण थे। भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की यात्रा से संपूर्ण देश का जनमानस आंदोलन के साथ जुड़ गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्वर्गीय मोरोपंत पिंगले, गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ जी, स्वामी वामदेव जी एवं स्वामी सत्यमित्रानंद जी सरीखे अनेक महापुरुष जिनका आंदोलन को गति देने में उल्लेखनीय योगदान हैं अब इस दुनिया में नहीं है। आंदोलन के शिखर पुरुष स्वर्गीय अशोक सिंघल जी भी अपने जीवित रहते मंदिर नहीं देख पाए। मंदिर का निर्माण इन सब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

मंदिर निर्माण का यह आंदोलन विश्व के लोगों के लिए एक शोध का विषय रहेगा। समाज के द्वारा अपनी आकांक्षा पूर्ति के लिए 500 वर्षों तक चलने वाला यह अनूठा आंदोलन है। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय एक समिधा के समान यज्ञ की पूर्ण आहुति में सहायक बना है। विश्व के सभी आस्थावान व्यक्ति अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेंगे, अपने संस्कारों को सुदृढ़ करेंगे एवं संस्कारों के बल पर मानवीय मूल्यों के संरक्षक एवं वाहक बनेंगे। प्रभु श्रीराम एवं प्रभु श्रीराम का मंदिर इसकी प्रेरणा युगों–युगों तक देता रहेगा। मंदिर निर्माण आंदोलन में सहायक सभी ज्ञात अज्ञात लोगों का पुण्य स्मरण।

## आप की बात

### पर्यावरण मसौदा

**अभी** संक्रमण काल में हमने देखा कि हमारे पर्यावरण को इससे बहुत फायदा हुआ है परंतु एक खराब खबर भी हमारे सामने आई है,आई एम अभी हाल ही में कुछ पर्यावरण संरक्षण में कार्य करने वाले व्यक्तियों ने यह आरोप लगाया है कि पर्यावरण प्रभाव आकलन मसौदा 2020 पर्यावरण पर नकारात्मक रूप से प्रभाव डाल रहा है।पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना में बदलाव के बाद लाया गया पर्यावरण प्रभाव आकलन मसौदा नकारात्मक रूप से पर्यावरण पर प्रभाव डाल रहा है। की आवरण के बारे में हमने लॉकडाउन के अंतर्गत बहुत सुखद खबरें सुनी थी परंतु अब यह आरोप कहीं ना कहीं पर्यावरण संरक्षण के हित में नहीं है। गंगा में प्रदूषण में कमी से लेकर वायु गुणवत्ता तक और कावड़ उत्सर्जन की कमी से लेकर नैनी झील के जलस्तर बढ़ने तक हमने पर्यावरण संरक्षण हेतु इतने महत्वपूर्ण बदलाव कभी नहीं देखे हैं, इसलिए पर्यावरण प्रभाव आकलन मसौदा पर नकारात्मक रूप से प्रभाव डालने का आरोप कहीं ना कहीं चिंता को बढ़ावा देने योग्य है। बताते चलें कि पर्यावरणीय मानदंडों में बदलाव से आसपास के वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही व्यक्ति की आजीविका पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### अयोध्या में भव्य राम मंदिर

**मर्यादा** पुरुषोत्तम राम की जन्म स्थली अयोध्या में 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य रामलला के मंदिर निर्माण की आधारशिला रखेंगे। यह दिन संपूर्ण देशवासियों के लिए ऐतिहासिक, अविस्मरणीय व अभूतपूर्व होगा, जब मंदिर निर्माण का श्रीगणेश होगा। खबरों में पढ़ने में आ रहा है कि जैसे ही प्रधानमंत्री मंदिर निर्माण की आधारशिला रखेंगे उसके बाद पूरे देश में पटाखे फोड़ कर खुशियां मनाई जाएगी। इस ऐतिहासिक पल को बेमिसाल बनाने के लिए इस दिन पटाखे फोड़ने की बजाय संपूर्ण देश के घर–घर में कम से कम 11 दीपक लगाकर जगमग जगमग दीप प्रज्वलित किए जाए जाना चाहिए, जिसकी छटा ही निराली होगी। पटाखे फोड़ने से जहां पटाखों के विस्फोट से शोर प्रदूषण बढ़ता है, वही खतरनाक जहरीला धुआ निकलने से हवा व वातावरण प्रदूषित होता है। पहले ही हम पर्यावरण प्रदूषण को लेकर चिंतित रहते हैं। अत: मर्यादा पुरुषोत्तम राम के सादगी वाले आचरण को ध्यान में रखते हुए हमें पटाखे फोड़ने से बचना चाहिए, जिससे पहले से बिगड़े हुए पर्यावरण पर रहम होगा तथा रात में दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाने के इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### दुनियाभर में फैलता कोरोना

**लाख** दावों के बावजूद कोरोनावायरस के जनक चीन में संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। छुटपुट संक्रमण के आंकड़ों के बीच पिछले दिनों एक बार फिर संक्रमण ने रफ्तार पकड़ी है। स्थानीय और विदेशी संक्रमण के ये आंकड़े फिर चिंता बनकर उभर रहे हैं। बढ़ते मरीजों के बावजूद चीन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। वह हांगकांग, भारत –चीन सीमा विवाद जैसे मुद्दों के जरिए दुनिया का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। इसके साथ ही अमेरिका के भी कई राज्य लगातार संक्रमण से पीड़ित होते जा रहे हैं। सरकार भी ले दे कर चीन के पीछे पड़ी हुई है। इस समय अगर जन स्वास्थ्य की तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो निश्चित रूप से यह जनता के साथ बेमानी होगी। ट्रंप प्रशासन सबसे पहले अपने नागरिकों की जान की परवाह करें चीन से तो जिंदगी भर निपटना ही रहेगा। आज अगर दुनिया में संक्रमण फैल रहा है तो इसकी सजा उन राज्यों को भी मिल सकती है जहां फिलहाल बहुत कम या संक्रमण बिल्कुल नहीं के बराबर है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**स्वामी** स्वरूपानंद ने चेताया था कि 5 अगस्त का दिन राम मंदिर की आधारशिला रखने के लिए अमंगलकारी है। यह तिथि मोदी जी की सुविधानुसार तय की गई है।

– **दिग्विजय सिंह**
कांग्रेस नेता

**पिछले** कुछ महीनों में अवैध शराब से हुई मौतों का एक भी मामला अभी तक पंजाब पुलिस ने सुलझाया नहीं है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री





**आप** आंकड़े जानने के लिए अपनी पार्टी की पंजाब इकाई से क्यों नहीं कहते हैं। उसके बाद हमारी कार्यशैली पर टिप्पणी करें।

– **अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री







# पांच सौ वर्षों का इंतजार हुआ खत्म

## काशी, प्रयाग व अयोध्या के वैदिक विद्वानों ने भव्य राम मंदिर भूमि पूजन के लिए वैदिक विधि-विधानों से प्रारंभ की पूजा

संवाददाता। अयोध्या





**भगवान** श्री राम के जन्म स्थान के लिए 500 वर्षों का संघर्ष और भव्य मंदिर निर्माण का इंतजार हुआ खत्म प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन में 12:40 पर रखेंगे भव्य मंदिर निर्माण की आधारशिला और करेंगे भूमि पूजन। सुबह 9:40 पर प्रधानमंत्री दिल्ली से लखनऊ के लिए रवाना होंगे और 10:40 पर लखनऊ से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। 11:30 पर साकेत महाविद्यालय के ग्राउंड में प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर लैंड करेगा और वहां से वह सीधे 12:40 पर राम भक्त हनुमान के दरबार हनुमानगढ़ी पहुंचेंगे हनुमानगढ़ी पूजन अर्चन के बाद 12 बजे रामलला के दरबार पहुंचकर पूजन अर्चन करने के बाद पारिजात वृक्ष का करेंगे वृक्षारोपण और 12:30 से प्रारंभ होगा भूमि पूजन का कार्यक्रम 12:40 पर रखेंगे भव्य मंदिर की आधारशिला। मंदिर की आधारशिला रखने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को संबोधित भी करेंगे और 2:05 पर लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। राम नगरी अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के भूमि पूजन के साथ आधारशिला रखने की उलटी गिनती शुरु हो गई है। सोमवार को वाराणसी के साथ प्रयागराज व अयोध्या के पंडित द्वारा सबसे पहले गणेश जी का आवाहन कर गणेश पूजन किया गया और सभी देवी देवताओं का आवाहन करके भूमि पूजन का विधिवत कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे हनुमानगढ़ी पर हनुमान जी के ध्वज का पूजन किया गया उसके उपरांत राम जन्मभूमि परिसर में रामर्चा पूजन कर राम मंदिर के भव्य निर्माण का आगाज हुआ जो पांच अगस्त तक चलेगा। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में काशी प्रयागराज और अयोध्या के 21 विद्वान पुरोहित द्वारा गौरी गणेश पूजन के साथ उन शिलाओं का भी पूजन हुआ। जिनको आधारशिला में रखा जाएगा। राम मंदिर का नक्शा पास होने के बाद इन नौ शिलाओं को गर्भ ग्रह में स्थापित किया जाएगा।

## कांची कामकोर्ट पीठ के शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती ने भेजी पूजन सामग्री

**अयोध्या।** कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य शंकर विजयेंद्र सरस्वती ने प्रमोदवन स्थित कांचीमठ में सोमवार को वेबीनार द्वारा प्रेसवार्ता में कहाकि श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन में संत.धर्माचार्यए संघ व विहिप का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उच्चतम न्यायालय की तरफ हिंदुओं के पक्ष में अच्छा निर्णय आया। अब भव्य राममंदिर का निर्माण होने जा रहा है। उन्होंने कहाकि भूमिपूजन के अवसर पर ई बुक का लोकार्पण किया है। इसके माध्यम से लोग अयोध्या और कांचीपुरम के धार्मिक सांस्कृतिक सम्बंधों को जान सकेंगे। कांचीपुरम व अयोध्या का सम्बंध सा-दो सौ वर्ष नही। बल्कि युगों-युगों से चला आ रहा है। यह दोनों क्षेत्र सप्तपुरियों में हैं। कांची कामकोटि के शंकराचार्य स्वण् चंद्रशेखर और स्वण् जयेंद्र सरस्वती की रामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में अहम भूमिका रही है।

### ● चतुर्मास के कारण भूमि पूजन में नहीं हो पा रहे हैं शामिल

उनके योगदान को कभी नकारा नही जा सकता है। शंकराचार्य ने कहाकि चातुर्मास व्रत होने के कारण वह राममंदिर के भूमिपूजन में नही शामिल हो पा रहे हैं। लेकिन भूमिपूजन हेतु कांची पीठ से विशेष सामग्रियां भेंजी है। भगवान राम ने धर्म की स्थापनाए धर्म का संरक्षणए लोगों की रक्षा और दुष्टों के दमन के लिए अवतार लिया। राम ने अपने कर्तव्यों का पालन शास्त्रों के अनुसार किया। लोग उनके चरित्र को अपने जीवन में उतारें। इस अवसर पर किशोर कुणाल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी जी महाराज राजेंद्र सिंह पंकज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बी एस सुब्रमण्यम मणि ने किया और आभार श्री राजेंद्र वैदिक ने अब आए हुए अतिथियों का स्वागत पंडित अशोक शास्त्री वैदिक ने की।

## दुल्हन सी सज कर तैयार हो गई अयोध्या



**अयोध्या।** भगवान श्री राम के जन्म स्थान पर भव्य और नव्य श्रीराममंदिर के भूमि पूजन के मद्देनजर अयोध्या में दीपावली मनाई जा रही है। पूरी अयोध्या खुशी से झूम रही है और झिलमिल झिलमिल रोशनी से जगमग आ रही है। ऐसा लग रहा है कि मानो अयोध्या स्वर्ग हो और स्वर्ग स्वयं अयोध्या आकर के विराजमान हो गया है। लोगों में उत्साह और उमंग देखते ही बनता है। पांच अगस्त को राममंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शिरकत करेंगे। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव के अनुसार दीप प्रज्वलन व लाइड्क्षटग की तैयारी पूरी हो चुकी है। दीपावली मनाने के लिए पर्यटन विभाग की तरफ से मिट्टी की दीयेए सरसो का तेल आदि की आपूर्ति शुरू है। लाइटिंग कार्य शुरू हो गया है। हाईवे पुल, रेल पुल व नयाघाट पुल रंग.बिरंगी लाइटिंग से सजाया जा रहा है। ट्रेन व हाईव से गुजरने वालों को भूमि पूजन के उपलक्ष्य में रामनगरी के दीपावली मनाने का अहसास कराना है। दीप प्रज्वलन के लिए रामनगरी में करीब 30 स्थानों को चिह्नित किए गए है। करीब 135 टीन सरसों का तेलए करीब दो लाख रुई की बत्तीए एक लाख से ज्यादा मिट्टी के दीये के अलावा सात हजार से ज्यादा मोमबत्ती के पैकट का वितरण शुरू है। रामनगरी में राममंदिर निर्माण के भूमि पूजन के उल्लास में दीपावली जैसे माहौल की तैयारी है। अयोध्या के सभी सरकारी बिल्डिंग और लगभग सभी मंदिरों को लाइव तो से सजा दिया गया है।

## श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन गौरवशाली और ऐतिहासिक क्षण है : योगी आदित्यनाथ



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि परिसर के साथ हनुमानगढ़ी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पांच अगस्त का दिन हमारे लिए काफी गौरवशाली व ऐतिहासिक है। इसके महत्व को समझते हुए यहां अयोध्या में कार्यों का अवलोकन करने के लिए मैं स्वयं आया हूं। अयोध्या के साथ-साथ देश और दुनिया के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा जब प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में लगभग 500 वर्षों की इस परीक्षा के परिणाम के साथ भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखेंगे। यहां पर हम आज बाहर की व्यवस्था आदि देखने तथा निरीक्षण करने के लिए हम यहां आए हैं। यहां पर कहीं भी कोई कोताही न बरती जाएए हम लोगों ने इसके लिए पूरी तत्परता के साथ तैयारी की है। प्रशासन का मुख्य फोकस कोविड.19 के प्रोटोकॉल को मजबूती से लागू करने पर है। इससे पहले उन्होंने अयोध्या का हवाई सर्वेक्षण किया। इस हवाई सर्वेक्षण के बाद वह साकेत डिग्री कॉलेज में बने हेलीपैड पर हेलिकाप्टर से उतरे। इसके पूर्व 25 जुलाई को भी योगी आदित्यनाथ तैयारियों का जायजा अयोध्या आकर ले चुके हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री के प्रथम अयोध्या आगमन पर उनके स्वागत में और भव्य मंदिर निर्माण के शिलान्यास में कोई कमी ना रह जाए इसका जायजा वह स्वयं ले रहे हैं।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत, बाबा रामदेव सहित दर्जनों अतिथि पहुंचे अयोध्या

**अयोध्या।** भगवान श्री राम लला के भव्य मंदिर भूमि पूजन आधारशिला रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दोपहर अयोध्या पहुंचेंगे। मंगलवार को दोपहर बाद से ही अयोध्या में मेहमानों का आना शुरू हो गया। संघ प्रमुख मोहन भागवत अयोध्या पहुंचकर संघ के नवनिर्मित कार्यालय साकेत निलय देवकाली के पास रुके और वही से भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचेंगे।योग गुरु बाबा रामदेव दोपहर करीब लगभग 3 बजे के बाद अयोध्या एयरपोर्ट पर पहुंचे और मां सरयू का दर्शन कर राम पैड़ी पर दौड़ लगाई। अवधेशानंद चिन्मयानंद मुनि सुधीर दहिया राजू स्वामी बाबा रामदेव के साथ अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। ब्रह्मानंद स्वामी सुरेश पटेल रितेश डांडिया अयोध्या पहुंचे। संघ प्रमुख मोहन भागवत जी अयोध्या पहुंच गए है। जहां बाहर से अतिथियों का आना है और ध्यान में प्रारंभ हो गया है वही अयोध्या के संत श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से आमंत्रण पा करके उत्साहित है। जगद्गुरु राघवाचार्य, जगद्गुरु श्री धरमाचार्य, जगतगुरु विद्या भास्कर जी महाराज, जगतगुरु रामदिनेशाचार्य, दशरथ महल के महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य, सियाराम किला झुंकी घाट के महंत करुणानिधान शरण, उदासीन संगत ऋषि आश्रम के महंत भरत दास, महंत धर्मदास, महंत सुरेश दास, संत समिति के अध्यक्ष महंत कन्हैया दास, वशिष्ठ पीठाधीश्वर महंत पति त्रिपाठी, महंत परशुराम दास सहित लगभग 52 संतों को श्री राम जन्मभूमि के भव्य मंदिर भूमि पूजन कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

## कार्यक्रम में 36 परंपराओं के 135 संत होंगे शामिल

**अयोध्या के प्रमुख संतो के साथ पद्मश्री मोहम्मद शरीफ व इकबाल अंसारी भी आमंत्रित**

**अयोध्या।** भगवान श्री राम लला के भव्य मंदिर आधारशिला व भूमि पूजन कार्यक्रम में अतिथियों की लिस्ट पूरी कर ली गई है, जिसमें नेपाल स्थित जानकी मंदिर के महंत के साथ अयोध्या सहित पूरे देश 135 संतो को आमंत्रण भेज कर बुलाया गया है। यह जानकारी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकेत महाविद्यालय से मुख्य मार्ग से होते हुए रंगमहल के रास्ते राम जन्मभूमि परिसर में जाएंगे। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की रूप रेखा बताई और सिक्योरिटी गाइडलाइंस के साथ-साथ आमंत्रित लोगों के बारे में भी जानकारी दी। चंपत राय ने बताया कि नेपाल स्थित जानकी मंदिर के महंत भी इस भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि राम मंदिर शिलान्यास में हिस्सा लेने के लिए 36 परंपराओं के 135 संतों को न्योता भेजा गया है। इसके अलावा कार्यक्रम में पद्मश्री मोहम्मद शरीफ जो लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करते हैं, उन्हें भी आमंत्रित किया गया है और बाबरी मस्जिद के पक्षकार इकबाल अंसारी को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर आमंत्रण पत्र पर एक सुरक्षा कोड दिया गया है जो सिर्फ एक बार काम करेगा। कोई भी अपना कार्ड किसी दूसरे को नहीं दे सकता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मोबाइल और बैग प्रतिबंधित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पीएम मोदी के पहुंचने से दो घंटे पहले ही सबको पहुंचना होगा।

## भूमि पूजन के दिन पंडित कल्किराम द्वारा भेंट की गई पोशाक पहनेंगे रामलला

**अयोध्या।** बुधवार को दिन में 12.40 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान श्री राम लला के भव्य मंदिर की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री के दीर्घायु और कीर्ति इसके लिए 2014 से पंडित कल्किराम जी महाराज अनुष्ठान कर रहे हैं और प्रत्येक एकादशी को रामलला को हनुमान जी को भरत शत्रुघ्न लक्ष्मण जी को नए वस्त्र प्रधानमंत्री के दीर्घायु के लिए भेट करते है और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला का पूजन और आधारशिला रखेंगे उस समय भी रामलला पंडित कल्किराम की ओर से भेंट की गयी पोशाक धारण किये होंगे। पंडित कल्किराम ने रामलला के प्रधान अर्चक आचार्य सत्येंद्रदास को रामलला के लिए चार सेट पोशाक सौं प.कल्किराम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलता के लिए सतत अनुष्ठान किया। प्रत्येक अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर रामलला के लिए मुख्य अर्चक को ध्वज सौंपते रहे हैं। रामादल के अध्यक्ष पंण् कल्किराम पीएम मोदी के लिए छह वर्षों से अनुष्ठान करते आ रहे हैं। कल्किराम ने भूमिपूजन और प्रधानमंत्री के आगमन के ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने के लिए अयोध्या के सभी शिवालयों और सरयू के घाटों को देशी घी के दीपों से सज्जित करने की तैयारी भी कर रखी है। पंडित कल्कि राम जी ने प्रधानमंत्री से आवाहन किया है कि वह रामा दल ट्रस्ट मुख्यालय पर भी 5 मिनट का समय दें।

## काशी, प्रयाग और अयोध्या के 21 विद्वान करा रहे हैं पूजन

**अयोध्या।** पांच अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों राम मंदिर की आधारशिला रखी जानी है। इस क्षण को उत्सव के रूप में मनाने के लिए अयोध्या में भव्य तैयारी की गई है। तीन दिन तक चलने वाला श्रीराम मंदिर भूमि पूजन का अनुष्ठान सोमवार गौरी गणेश पूजन के साथ श्री राम जन्मभूमि परिसर में शुरू हुआ। 21 पुरोहितों ने यहां पर गौरी गणेश का आह्वान कर राम मंदिर भूमि पूजन के अनुष्ठान की शुरुआत कर दी है और दूसरे दिन मंगलवार को भव्य रामर्चा का पूजन हुआ ।हिंदू परंपरा के मुताबिक ही पूजन उत्सव का आरंभ सबसे पहले गणपति की स्तुति से हुआ है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव जी महाराज ने गणेश स्तुति के माध्यम से पूजन उत्सव की शुरुआत की। आज से अगले दो दिन तक अयोध्या पूरी तरह से राममय रहेगी।

## याद किए गए राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े किरदार

**अयोध्या।** राम जन्मभमि आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले संतो और सभी शहीदों को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पूरी अयोध्या में कट आउट लगा करके याद किया। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में अपनी अहम भूमिका रखने वाले दिगंबर अखाड़ा के महंत श्रीरामचंद्र परमहंस दास जी महाराज ने सिविल कोर्ट में मुकदमा करके आंदोलन को धार दी और समय.समय पर शिला पूजन और अपने ओजस्वी भाषणों से आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। महाराज जी के साकेत वास के दौरान उनके अंत्येष्टि संस्कार में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई और गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी भी शामिल हुए थे। आज जब करोड़ों हिंदू जनमानस के आस्थाओं और आकांक्षाओं का स्वप्न पूरा हुआ ऐसे में इन महान पुरुषों को याद करके ट्रस्ट ने उनको सच्ची श्रद्धांजलि दी है। पूरी अयोध्या में केके नैयर नागा बाबा हरिराम दास अशोक सिंघल गोपाल विशारद जैसे दर्जनों राम जन्मभूमि आंदोलन में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले या शहीद हुए कारसेवकों का कट आउट पूरे अयोध्या में लगाया गया है।

## डीएम व एसपी ने किया स्टापिंग प्वाइंट का निरीक्षण



स्टॉपिंग प्वाइंट पर मौजूद डीएम व एसपी — पायनियर

### ● दिए आवश्यक निर्देश

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**जनपद** अयोध्या में प्रधानमंत्री भारत सरकार के भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद अंबेडकरनगर की सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात नियंत्रण हेतु बनाए गए स्टापिंग प्वाइंट एवं रूट डायवर्जन प्वाइंट का मौके पर जाकर जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने चेकप्वाइंट पर तैनात पुलिसकर्मी एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि एंबुलेंस व अति महत्वपूर्ण आवश्यक कार्य छोड़कर किसी भी वाहन/व्यक्ति को जनपद अयोध्या की तरफ नहीं जाने दिया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था में किसी प्रकार का खलल नहीं होना चाहिए । सभी वाहनों को विधिवत चेकिंग पॉइंट पर चेक करने का भी निर्देश दिया गया । उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन के लोग पूरी मुस्तैदी के साथ लगाए गए चेकप्वाइंट पर तैनात रहेंगे।

## सौंपा गया पवित्र मिट्टी व जल

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**विश्व हिन्दू** परिषद् गोरक्षप्रांत के पवित्र स्थानों के रज व ज़ल को अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के नीव मे पड़ने के क्रम में गुरु गोरक्षनाथ मंदिर, तरकुलहा माता मंदिर, भृगु आश्रम बलिया, देवरहवा बाबा आश्रम देवरिया, बौद्ध निर्वाण स्थली कुशीनगर, रामकोला मंदिर कुशीनगर, श्रृंगीनारी बस्ती, मखौडा धाम बस्ती, कबीर स्थल मगहर की, बड़हलगंज सरयू जल एकत्र कर के भूमि पूजन से पहले ही गोरक्षप्रांत के संगठन मंत्री प्रदीप पांडेय के हाथों सौंप कर अयोध्या भेजा जा चुका है जहाँ इस मिट्टी व जल को प्रदीप पांडेय ने ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय को अपने हाथों से सौंपा। प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप पांडेय ने कहा कि पांच सौ वर्ष की लड़ाई में विजय प्राप्त हुई है यह अपने आप मै गौरव का विषय है। राम जन जन के ह्रदय मे व्याप्त है, परन्तु वैश्विक महामारी कोरोना के कारण जनता का अयोध्या जाना उचित नहीं है। इसलिए सम्पूर्ण भारत वर्ष के पवित्र स्थलों की मिट्टी व पवित्र नदियों के जल को भूमि पूजन में जनता के भागीदारी बनने के प्रतीक के रूप मे भेजा गया है जिससे जनमानस अपने को राम मंदिर निर्माण से जुड़ा महसूस करे, यह पवित्र मिट्टी व जल भूमि को राम मंदिर निर्माण के नीव मे डाला जाएगा।

## भूमि पूजन ने रामभक्तों में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया: लल्लू सिंह

संवाददाता। अयोध्या

### ● पूरी अयोध्या दीयों की रोशनी होगी जगमग: ऋषिकेश उपाध्याय

### ● महानगर के पदाधिकारियों ने घर- घर पत्रक किया वितरित



**श्रीरामजन्मभूमि** पर भव्य मंदिर निर्माण हेतु आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम को स्मरणीय बनाने की तैयारी सांसद लल्लू सिंह के नेतृत्व में भाजपा कर रही है। 84 कोसी में स्थित 151 तीर्थ स्थलो पर जप व अनुष्ठान प्रारम्भ हो गया। जुड़वा शहर को भगवामय करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गयी है। लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सभी मंदिरों में विशेष पूजन का आयोजन किया जायेगा। प्रसाद निर्माण की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए होने वाला भूमि पूजन ने वैश्विक स्तर पर रामभक्तों में आध्यात्मिक उर्जा का संचार किया है। हर कोई प्रभु श्रीराम के चरणों में अपनी श्रद्धा निवेदित करना चाह रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन से अयोध्या समेत पूरे विश्व के रामभक्त उत्साहित है। कोरोना संकट की वजह से अयोध्या न पहुंच पाने के बाद आम लोग इस पौराणिक क्षण विभिन्न रीति रिवाज के माध्यम से अपने आवास पर मना रहे है। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल ने बताया कि सांसद लल्लू सिंह के नेतृत्व में अयोध्या न्यास के द्वारा 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित रामायण से जुड़े पौराणिक तीर्थ स्थलों की महिमा को वैश्विक स्तर पर परिभाषित कयया गया था। न्यास के द्वारा विभिन्न पौराणिक ग्रंथों में वर्णित 151 तीर्थ स्थलों पर जप व अनुष्ठान का क्रम प्रारम्भ हो गया। पांच अगस्त को इन स्थलों पर विशेष पूजन का आयोजन होगा। जुड़वा शहर के सभी चौराहों को सजाया गया है। घर घर पर भगवा ध्वज लगाया गया है। महिला मोर्चा की महिलाओं के द्वारा विभिन्न स्थलों पर रंगोली बनायी जायेगी। भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रसाद वितरण का कार्य 5 व 6 अगस्त तक किया जायेगा। इसके लिए वार्ड व ग्राम स्तर पर संयोजकों की नियुक्ति की गयी है। रामजन्मभूमि पर मंदिर निर्माण हेतु होने वाले भूमि पूजन की संध्या पर पूरे अयोध्या को दीपक की रोशनी से प्रकाशित करने के लिए महापौर ऋषिकेश उपाध्याय द्वारा नगर निगम के वार्डो में दीपक, लौ व सेनिटाईजर, मास्क का वितरण किया गया। नगर निगम के सभी पार्षदों को महोत्सव को यादगार बनाने की जिम्मेदारी महापौर ने दी है। पूरे नगर निगम क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि रामनगरी अयोध्या से रामराज्य की परिकल्पना पूरे विश्व में प्रसारित हुई। युगो बाद आज भी सर्वोत्कृष्ट राज्य की संज्ञा रामराज्य को दी जाती है। रामलला का भव्य मंदिर निर्माण से पूरे विश्व में आस्था व भक्ति के रस का संचार हो रहा है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए अयोध्या वासी आतुर है। पूरे अयोध्या को दीपोत्सव की भांति दीपक के प्रकाश से प्रकाशित किया जायेगा। वितरण के दौरान स्थानीय पार्षदए भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि रामलला के भव्य मंदिर के लिए भूमि पूजन को लेकर अयोध्या की जनता में आस्था व उत्साह का संचार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता उत्साहित है। महानगर में पांच दिवसीय बूथ स्तरीय स्वच्छता अभियान चलाया गया। पदाधिकारियों ने घर घर पत्रक वितरित किया। सभी प्रमुख मार्गो पर भगवा ध्वज लगाये गये। पांच अगस्त को महिला मोर्चा के द्वारा बनायी रंगोली जायेगी जिसमें आस्था व भक्ति की झलक दिखाई देगी। कई जगह सामूहिक रुप प्रधानमंत्री का लाईव कार्यक्रम का दर्शन करने की सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए योजना बनायी गयी है। पूरे कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष करिअप्पा रवि सोनकर, देवकाली आलोक द्विवेदी, अयोध्या बालकृष्ण वैश्य, पूरा नंद कुमार सिंह, परमानंद मिश्रा, शैलेन्दर कोरी, प्रतीक श्रीवास्तव, विद्याकांत द्विवेदी, स्मृता तिवारी, अरविंद सिंह, रवि शर्मा, आकाश मणि त्रिपाठी, भूपेन्द्र शुक्ला, दिवाकर सिंहए राजेश सिंह, रामजी तिवारी, त्रिलोकी त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष रीना द्विवेदी, स्मृता तिवारी, अशोका द्विवेदी, नलिनी श्रीवास्तव, विजेता जायसवाल, मोनिका सिंह, बिन्दू सिंह अपनी सहभागिता प्रस्तुत कर रही है। प्रभु श्रीराम जन्मभूमि पूजन कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 4 अगस्त दिन मंगलवार को रिकाबगंज चौराहे पर अयोध्या नगर विधायक द्वारा सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन करवाया गया जिसका शुभारंभ करते हुए विधायक ने कहा कि हम सभी अयोध्यावासियों के लिए यह स्वर्णिम अवसर है कि हम लोग इस यादगार पल के साक्षी बन रहे हैं। 520 वर्षों के संघर्ष के बाद यह शुभ दिन आया है कि अयोध्या में प्रभु राम के जन्म स्थान का भूमि पूजन के साथ मंदिर निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो रहा है।

# भारतीय राजनीति का मुख्य रंग अब हिंदुत्व हो गया है: गोविंदाचार्य

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के पूर्व विचारक केएन गोविंदाचार्य ने मंगलवार को कहा कि भारतीय राजनीति का मुख्य रंग अब हिंदुत्व हो गया है और समाजवाद तथा धर्मनिरपेक्षता राजनीति के केंद्र बिंदु नहीं रह गए हैं।

अयोध्या में प्रस्तावित राम मंदिर के भूमि पूजन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने से एक दिन पहले गोविंदाचार्य ने इसके महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय राजनीति के हिंदुत्व की जड़ों की ओर लौटने का प्रतीक है, जो 2010 के बाद से मजबूत होने से पहले दशकों तक हाशिए पर पड़ा हुआ था। 1988-91 में भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष लाल कृष्ण आडवाणी के विशेष सहायक रहे गोविंदाचार्य 1990 में आडवाणी द्वारा निकाली गई रथयात्रा के एक मुख्य योजनाकार माने जाते हैं। इस रथयात्रा ने राम जन्मभूमि आंदोलन को गति प्रदान की और बाद में भगवा पार्टी भारतीय राजनीति के मुख्य केंद्र में आ गई। गोविंदाचार्य ने पीटीआई-भाषा से कहा कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ जैसे कांग्रेस के नेताओं ने (राम) मंदिर निर्माण के समर्थन में बोला है, जो यह संकेत देता है कि विपक्ष के कई नेता इस मुद्दे के लोगों में वैचारिक एवं भावनात्मक महत्व को समझते हैं।

कभी भाजपा के कद्दावर महासचिव रहे गोविंदाचार्य ने एक सवाल के जवाब में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदुत्व (की विचारधारा) को अपनाया और इसके बदले में लोगों ने उन्हें स्वीकार किया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का सोनिया गांधी और राहुल गांधी के तहत पतन हुआ है और लोगों ने उसे नापसंद कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के आगे बढ़ने का बहुत हद तक श्रेय विपक्षी पार्टियों को जाता है। गोविंदाचार्य (77) ने कहा कि कांग्रेस को महात्मा गांधी के आदर्शों पर लौटना चाहिए। (पूर्व प्रधानमंत्री) इंदिरा गांधी 1977 में अपनी पार्टी को मिली करारी शिकस्त के बाद 1980 में सत्ता में लौटने पर हिंदुत्व भावनाओं के प्रति कहीं अधिक समझ रखती थीं।

1991-2000 के बीच भाजपा महासचिव (संगठन) रहे गोविंदाचार्य ने कहा, हिंदुत्व समर्थक या हिंदुत्व की विचारधारा पर चलने वाली कई पार्टियों के बीच भविष्य में सर्वोच्चता के लिए तथा इसका लाभ हासिल करने को लेकर प्रतस्पर्धा हो सकती है। वह तब से सक्रिय राजनीति से दूर हो गए और राष्ट्रवादी एवं स्वदेशी उद्देश्यों की हिमायती समूहों या संगठनों से संबद्ध हैं। गोविंदाचार्य ने कहा कि समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता, 1952-80 और 1980-2010 में राजनीति के केंद्र बिंदु रहें, लेकिन अब इस वर्चस्व को हिंदुत्व ने हासिल कर लिया है।

कुछ समूहों, खासतौर पर अल्पसंख्यकों द्वारा हिंदुत्व की आलोचना किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने इस विचाराधारा का बचाव करते हुए कहा कि यह गैर-विरोधात्मक, व्यापक और उपासना के सभी माध्यमों का सम्मान करती है। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि भविष्य में भी भाजपा का ही वर्चस्व रहेगा, ऐसा नहीं माना जा सकता है क्योंकि यह उसकी विचारधारा और मूल्य आधारित राजनीति के प्रति पार्टी की भावनात्मक प्रतिबद्धता पर निर्भर करेगा।



अयोध्या में रामजन्मभूमि मंदिर के भूमिपूजन की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली में लोगों को दीपक बांटते लोग

## चौहान ने अस्पताल में भगवान राम की आराधना एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया

**भाषा।** भोपाल

**अयोध्या** में राम मंदिर शिलान्यास की पूर्व संध्या पर मंगलवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने यहां के एक अस्पताल में भगवान राम की आराधना की और हनुमान चालीसा का पाठ किया। कोविड-19 संक्रमित होने के कारण चौहान एवं शर्मा पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे हैं। इसी बीच, राम मंदिर शिलान्यास की पूर्व संध्या पर यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय सहित पार्टी के अन्य कार्यालयों में प्रभु श्रीराम की आरती की गई एवं दीप जलाए गए। इस दौरान पटाखे फोड़कर खुशी भी जाहिर की गई। मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शर्मा ने ट्वीट किया, अयोध्या में श्री राम मंदिर के शिलान्यास की पूर्व संध्या पर आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के साथ अस्पताल में ही दीप जलाकर एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रदेश की समृद्धि एवं प्रदेशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की। प्रभु राम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। उन्होंने कहा, हम सभी के आराध्य प्रभु राम के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा बुधवार को अयोध्या में प्रभु राम के मंदिर की आधारशिला रखी जाएगी। हर भारतीय इसका इंतज़ार सदियों से कर रहा है। आज अस्पताल में ही प्रभु राम की पूजा अर्चना कर सभी के कल्याण की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री चौहान ने ट्वीट किया, ॐ रामचंद्राय नम: राम हमारे अस्तित्व, आराध्य, प्राण हैं। वे हमारे रोम-रोम में बसे हैं। लंबे संघर्ष के बाद रामभक्तों की तपस्या और बलिदान के बाद एक संकल्प पूरा हो रहा है। कल 5 अगस्त को भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण का भूमिपूजन होगा। सारा देश प्रसन्न है। उन्होंने कहा, ॐ नमो भगवते रामचंद्राय भगवान श्रीराम की कृपा से हर घर धन्य होगा।

## राम मंदिर भूमि पूजन के लिए मुहूर्त निकलने वाले ज्योतिषी को मिली धमकी, सुरक्षा दी गई

**बेलगावी (कर्नाटक)।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के भूमि पूजन की शुभ तिथि निकालने वाले ज्योतिषियों में कथित तौर पर शामिल रहे यहां के एक संस्कृत विद्वान ने फोन पर धमकी मिलने की शिकायत की है जिसके बाद उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। एनआर विजएंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि उन्हें राम मंदिर भूमि पूजन का मुहूर्त निकालने को लेकर फोन पर धमकी मिली है। उत्तरी कर्नाटक के जिला मुख्यालय नगर में शिकायत दर्ज होने के बाद 75 वर्षीय संस्कृत विद्वान के आवास पर एक कॉन्स्टेबल की तैनाती की गई है। मामले की जांच की जा रही है। शर्मा ने इस सप्ताह के शुरू में बताया कि राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी गोविन्द देव गिरि ने भूमि पूजन की शुभ तिथि तय करने के लिए उनसे संपर्क किया था। वर्षों तक राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े रहे शर्मा ने बताया कि उन्होंने भूमि पूजन के लिए चार तिथियां (29 जुलाई, 31 जुलाई, एक अगस्त और पांच अगस्त) बताई थीं।

## अयोध्या: मोदी के राज में पूरा हुआ भाजपा का एक और प्रमुख वादा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** को एक जमाने में अपने सहयोगियों को लुभाने के लिए एक बार अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण के विवादास्पद मुद्दे को पीछे छोड़ना पड़ा था, आज इसके निर्माण की शुरुआत अपने विरोधियों पर उसकी वैचारिक जीत के रूप में सामने आई है। यहां तक कि कई विपक्षी नेता भी इसका स्वागत कर रहे हैं। इत्तेफाक से जिस दिन मंदिर निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिन्दुत्व के आंदोलन की अगुवाई करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की उपस्थिति में शिलान्यास करेंगे उसी दिन जम्मू एवं कश्मीर से धारा 370 को निरस्त करने की पहली वर्षगांठ भी है। पांच अगस्त के दिन ही एक साल पहले धारा 370 को समाप्त कर भाजपा ने विचारधारा से जुड़े अपने एक अन्य प्रमुख वादे को पूरा किया था। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बुधवार को होने वाले शिलान्यास में प्रमुख राजनीतिक उपस्थिति प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रहने वाली है। दोनों ही इसके लिए उपयुक्त हैं क्योंकि दोनों हिन्दुत्व के प्रति अपनी अटल निष्ठा के लिए जाने जाते हैं। याद दिलाते चले कि भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी के नाते मोदी ने वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी की 1990 में हुई राम रथ यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जबकि आदित्यनाथ के गुरु महंत अवैद्यनाथ ने 1984 में बने साधुओं और हिन्दू संगठनों के समूह की अगुवाई कर मंदिर आंदोलन में अहम योगदान दिया था।

मान्यता के अनुसार जहां भगवान राम का जन्म स्थान है वहां मंदिर निर्माण के पक्ष में साल 2019 में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला देकर हिन्दू और मुस्लिम समूहों के बीच ऐतिहासिक विवाद का कानूनी पटाक्षेप किया वहीं मंदिर निर्माण की शुरुआत हिन्दूत्ववादी भावनाओं को आगे मजबूती देने का काम कर सकती है।

भाजपा के एक नेता ने कहा, हमारे लिए अयोध्या का मुद्दा बहुत पहले ही राजनीतिक मुद्दा नहीं रह गया था। यह हमारे लिए हमेशा से आस्था का मुद्दा रहा है। सभी आम चुनावों में हमारे घोषणा पत्रों में राम मंदिर का निर्माण और धारा 370 को समाप्त करने का वादा हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब जबकि दोनों वादे पूरे हो गए है, जाहिर तौर पर हम इसकी चर्चा करेंगे। वैसे तो राम मंदिर निर्माण के लिए राम जन्मभूमि आंदोलन की संकल्पना 1984 में दिवगंत अशोक सिंघल के नेतृत्व में विश्व हिन्दू परिषद ने की थी और इसके लिए देश भर में साधुओं और हिन्दू संगठनों को एकजुट करने की शुरुआत हुई थी। तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष आडवाणी के नेतृत्व में 1990 में शुरू हुई राम रथ यात्रा के बाद से यह मुद्दा राजनीतिक हलकों में छाया रहा।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी लोगों से छुआछूत के कलंक को मिटाने का संकल्प लेने को कहें : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक अवसर है कि वह लोगों को छुआछूत का कलंक मिटाने व दलितों और आदिवासियो के साथ समानता का व्यवहार करने का आह्वान करें। गहलोत ने दो ट्वीट कर यह बात कही। एक ट्वीट में उन्होंने लिखा है, पांच अगस्त को होने वाला राम मंदिर शिलान्यास प्रधानमंत्री के लिए साहस दिखाने तथा लोगों को यह संकल्प लेने के लिए कहने का एक अवसर है कि मानवता पर लगे छुआछूत के कलंक को मिटाएं तथा दलितों, आदिवासियो और पिछड़ो के साथ समानता का व्यवहार करें। गहलोत के अनुसार, ऐसा करके हम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को पूरा कर सकते है और उनकी भावना पर खरे उतर सकते हैं। अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास बुधवार को होना है।

### राम मंदिर भारतीय समाज को उनके जड़ों से गहराई से जोड़ेगा : वैद्य

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वसंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या मे राम मंदिर के निर्माण से भारतीय समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ो से और गहराई से जुड़कर आर्थिक रूप से समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से विस्तारित होकर मानवता का मार्गदर्शन करेगा। राम मंदिर को भारत के गौरवशाली अतीत का प्रतीक बताते हुए वैद्य ने कहा कि यह मंदिर मानवता का मार्गदर्शन करेगा कि किस प्रकार से इस जातीय, धार्मिक, सांस्कृतिक विविधता से भरे विश्व मे सौहार्द, शांति और समृद्धि के साथ रहा जा सकता है। डा. राजेन्द्र प्रसाद द्वारा सोमनाथ मंदिर के पुनर्विकास का जिक्र करते हुए वैद्य ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर का निर्माण तब पूरा माना जाएगा जब एक राष्ट्र के तौर पर भारत अपने सामाजिक एवं राष्ट्रीय जीवन में उच्च स्तर के सांस्कृतिक मूल्यों को हासिल करेगा और आर्थिक समृद्धि प्राप्त करेगा। वैद्य ने कहा, यही बात राम मंदिर पर लागू होती है। पवित्र स्थल होने के साथ ही यह सांस्कृतिक मूल्यों और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में मंदिर का निर्माण एक मील का पत्थर होगा। उन्होंने कहा, राम मंदिर के निर्माण से भारतीय समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से और गहराई से जुड़कर आर्थिक रूप से समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से विस्तारित होकर मानवता का मार्गदर्शन करेगा। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण को राजनीतिक मुद्दे के तौर पर नही देखा जाना चाहिए बल्कि यह वृहद भारतीय समाज के लिए आस्था का विषय है।

### भगवान राम के आशीर्वाद से खत्म होगा कोरोना: शिवसेना

**मुम्बई।** शिवसेना ने मंगलवार को कहा कि भगवान राम के आशीर्वाद से कोविड-19 खत्म हो जाएगा। साथ ही अयोध्या मे राम मंदिर के भूमि पूजन मे एलके अडवाणी और मुरली मनोहर जोशी के शामिल ना होने पर भी टिप्पणी की। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के सम्पादकीय में कोरोना वायरस संकट के बीच पांच अगस्त को अयोध्या मे होने वाले राम मंदिर के भूमि पूजन पर तंज कसा। शिवसेना ने कहा, देश के प्रधानमंत्री के मंदिर की नीव रखने से बड़ा स्वर्णिम पल कोई नही हो सकता। कोरोना वायरस फैला है लेकिन वह भगवान राम के आशीर्वाद से खत्म हो जाएगा। उसने साथ ही कहा कि राम मंदिर निर्माण को लेकर एक लंबी लड़ाई लड़ने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता अडवाणी और जोशी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इसमें हिस्सा लेंगे। वह कोविड-19 के मद्देनजर अयोध्या नही जा रहे। इस अभियान से जुड़ी रही उमा भारती भी अयोध्या नही जाएंगी। शिवसेना ने कहा कि देश भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर उत्साहित है। उसने कहा, कोरोना वायरस फैला है। अयोध्या, उत्तर प्रदेश और पूरे देश मे यह फैला है। यह संकट भी भगवान राम के आशीर्वाद से खत्म हो जाएगा। उसने कहा कि अयोध्या में सुरक्षा की सारी जिम्मेदारी गृह मंत्रालय ने उठाई और अब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का वहां नही जा पाने से कार्यक्रम थोड़ा फीका तो पड़ेगा। शाह ने रविवार को ही कोरोना वायरस से अपने संक्रमित होने की जानकारी दी थी।

### पांच अगस्त भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया है : भाजपा झारखंड अध्यक्ष दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि पांच अगस्त भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया है क्योंकि इस दिन ही पिछले साल केन्द्र की भाजपा सरकार ने अनुच्छेद 370 एवं धारा 35 (ए) को निरस्त किया था और इसी दिन अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के भूमिपूजन का कार्यक्रम होने जा रहा है। भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा, ठीक एक वर्ष पूर्व भारत की संसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के माथे से अनुच्छेद 370 और धारा 35 (ए) को हटाकर एक कलंक को मिटाते हुए राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूत किया था, वही कल पांच अगस्त को अयोध्या में प्रधानमंत्री के कर-कमलों से होने जा रहे भूमिपूजन से देश की सांस्कृतिक एकात्मता मजबूत होगी।




नई दिल्ली में भाजपा कार्यालय में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के श्रीगणेश की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

## भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए गुजरात के सात धार्मिक नेता आमंत्रित

**भाषा।** अहमदाबाद

**अयोध्या** में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह में गुजरात के सात धर्मगुरुओं को आमंत्रित किया गया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनमें से पांच सोमवार को यहां से लखनऊ जाने वाली उड़ान से गए और बुधवार को होने वाले कार्यक्रम के लिए अयोध्या पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय विहिप नेताओं ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर उनका अभिनंदन किया।

आमंत्रित किए गए धार्मिक नेताओं में आणंद जिले के सरसा गुरुगाड़ी के अविचलदासजी महाराज, राजकोट के स्वामी परमात्मानंदजी महाराज, प्रणामी सम्प्रदाय के आचार्य कृष्णमणि महाराज, अहमदाबाद के संत सवैयानाथ धाम के शंभूनाथ टुंडिया, छरोदी गुरुकुल के माधवप्रियदासजी स्वामी, बीएपीएस स्वामीनारायण संप्रदाय के महंत स्वामीजी और विश्व हिंदू परिषद, अहमदाबाद के अखिलेश्वर दासजी महाराज शामिल हैं।

गुजरात विहिप के प्रवक्ता हितेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में भव्य भूमि पूजन समारोह के लिए इन सभी को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि सात आमंत्रितों में से केवल बीएपीएस स्वामीनारायण संप्रदाय के महंत स्वामी अपनी आयु संबंधी समस्याओं के कारण नहीं जा रहे हैं, जबकि अखिलेश्वर दासजी कल वहां पहुंचेंगे। अन्य सभी सोमवार को लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंच चुके हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह में 175 प्रतिष्ठित अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

## भाजपा नेता ने दिल्ली के बाबर रोड का नाम बदलने की मांग उठाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**अयोध्या में** राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन से ठीक एक दिन पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल ने मंगलवार को राजधानी के बंगाली मार्केट क्षेत्र में स्थित बाबर रोड का नाम बदलकर 5, अगस्त मार्ग करने की मांग उठाई। दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष गोयल ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को पत्र भी लिखा है। गोयल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, बाबर एक आक्रमणकारी थी, जिसने हिन्दुस्तान पर आक्रमण किया और अयोध्या में राम मंदिर को ध्वस्त किया। प्रधानमंत्री कल राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन के वास्ते अयोध्या जा रहे हैं। ऐसे समय में बाबर रोड का नाम बदलकर 5, अगस्त मार्ग करना उचित कदम होगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और एनडीएमसी चाहे तो इसका नाम किसी अन्य प्रमुख और प्रेरणादाई व्यक्तित्व के नाम पर भी रख सकती है। उन्होंने दावा किया कि बंगाली मार्केट क्षेत्र के रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी और व्यापारी संगठनों ने उनकी इस मांग का समर्थन किया है। गोयल ने कहा, रोड का नाम बदलने में कोई राजनीति नहीं है। साल 2015 में औरंगजेब रोड का नाम बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम रोड और साल 2016 में रेस कोर्स रोड का नाम बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया था। इसलिए बाबर रोड का नाम बदलने में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। यह जनता की मांग है। उन्होंने कहा कि वे नहीं चाहते कि उनकी मांग को लेकर कोई विवाद पैदा हो ।उन्होंने कहा, यह किसी धर्म से जुड़ा नहीं है। सभी धार्मिक समुदायों व समूहों सहित समस्त राष्ट्र ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राम मंदिर निर्माण के लिए रास्ता साफ किए जाने को स्वीकार किया है। गोयल ने कहा कि वह अब अपने लेटर हेड और अन्य पता संबंधी क्रियाकलापों में बाबर रोड की जगह 5, अगस्त मार्ग का जिक्र करेंगे और आपनी मांग को लेकर क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान भी चलाएंगे।

## मप्र के उपचुनाव क्षेत्र में पांच लाख लड्डू बांटेगी भाजपा, कांग्रेस ने जताई आपत्ति

**भाषा।** इंदौर

**अयोध्या** में बुधवार को राम मंदिर शिलान्यास के मौके पर मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा ने इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर करीब पांच लाख लड्डुओं का प्रसाद बांटने की घोषणा की है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस क्षेत्र में उपचुनाव होने वाले हैं। उधर, प्रमुख विपक्षी कांग्रेस ने घर-घर लड्डू बांटे जाने से कोविड-19 का संक्रमण फैलने के खतरे का हवाला देते हुए प्रशासन से मांग की है कि चुनावी राजनीति से प्रेरित भाजपा के इस कार्यक्रम पर तत्काल रोक लगाई जाए।

भाजपा की जिला इकाई के अध्यक्ष राजेश सोनकर ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया, अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर उनके भव्य मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम को हम महोत्सव की तरह मनाएंगे। इसके तहत सांवेर क्षेत्र के 252 गांवों में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ ही लोगों के घर-घर जाकर प्रसाद के रूप में करीब पांच लाख लड्डू बांटे जाएंगे। सोनकर ने दावा किया, लड्डू वितरण कार्यक्रम की विशेषता यह होगी कि सांवेर क्षेत्र के हर परिवार की भागीदारी के बावजूद इसमें कोविड-19 से बचाव के दिशा-निर्देशों का राई के दाने के बराबर भी उल्लंघन नहीं होगा।

गौरतलब है कि राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट को सांवेर क्षेत्र के आगामी उपचुनावों में भाजपा का टिकट मिलना तय माना जा रहा है, जबकि पूर्व लोकसभा सांसद प्रेमचंद बौरासी गुड्डू कांग्रेस खेमे से उम्मीदवारी के तगड़े दावेदार हैं। पखवाड़े भर में सिलावट और गुड्डू, दोनों कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। संक्रमित पाए जाने से पहले दोनों प्रतिस्पर्धी नेता आगामी उपचुनावों के मद्देनजर सांवेर क्षेत्र के सघन दौरे कर रहे थे।

इस बीच, भाजपा के लड्डू वितरण कार्यक्रम पर निशाना साधते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने कहा, भगवान राम में हमारी पूरी आस्था है। लेकिन भाजपा महज अपनी चुनावी राजनीति चमकाने के लिए कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे को नजरअंदाज करते हुए सांवेर के लोगों की सेहत से खिलवाड़ करना चाहती है। उन्होंने कहा, हम इस खतरे के मद्देनजर जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि वह भाजपा का घोषित लड्डू वितरण कार्यक्रम तत्काल रुकवाए।



बीकानेर में राम मन्दिर भूमि पूजन के अवसर पर रेत से भगवान राम की मूर्ति को बनाता हुआ कलाकार

# मोदी के आगमन के लिए तैयार है हनुमान गढ़ी मंदिर

**संवाददाता।** अयोध्या

**अयोध्या** में राम मंदिर के भूमि पूजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के मद्देनजर राम नगरी के प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर को सजाया गया है। प्रधानमंत्री बुधवार को सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर जाएंगे। ऐसा माना जाता है कि भगवान राम के दर्शन करने से पहले श्रद्धालु को हनुमान जी के दर्शन करने चाहिए।

मंदिर के पुजारी इस बात से उदास हैं कि वे कोविड-19 महामारी से संबंधित दिशानिर्देश के कारण प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात नहीं कर पाएंगे। हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने बताया कि मंदिर में हम सभी लोगों ने प्रधानमंत्री को गदा, मुकुट, चांदी की ईंट, अंगवस्त्रम और एक पगड़ी भेंट करने की तैयारी की थी मगर कोविड-19 की वजह से अब यह संभव नहीं हो पाएगा, लिहाजा हमने मोदी को भेंट देने का कार्यक्रम निरस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सोमवार को हनुमानगढ़ी का दौरा किया था। अब प्रधानमंत्री बुधवार को यहां पूजा-अर्चना करेंगे लेकिन सभी पुजारी उनसे दूर रहेंगे। किसी को भी उनके नजदीक जाने की इजाजत नहीं होगी। प्रधानमंत्री यहां पांच-सात मिनट रुकेंगे।

महंत दास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। हनुमान गढ़ी के महत्व के बारे में उन्होंने बताया कि ऐसा माना जाता है कि भगवान हनुमान का आशीर्वाद लिए बगैर कोई भी काम पूरा नहीं होता। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी मंदिर में सभी वैदिक अनुष्ठान सोमवार को शुरू हो गए थे और वे भूमि पूजन तक जारी रहेंगे। गौरतलब है कि हनुमानगढ़ी उत्तर भारत के सबसे मशहूर हनुमान मंदिरों में से है। इस मंदिर में हनुमान जी की माता अंजनी की मूर्ति है जिनकी गोद में छोटे हनुमान जी बैठे हुए हैं।

इस मंदिर के बारे में महंत ने बताया कि लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद जब भगवान राम अयोध्या लौटे थे तब उन्होंने हनुमान जी को रहने के लिए यह जगह दी थी। इसीलिए इसका नाम हनुमानगढ़ी या हनुमान कोट पड़ गया। ऐसा माना जाता है कि इसी जगह से हनुमान जी रामकोट की सुरक्षा करते थे। महंत राजू दास ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने से एक नए युग का सूत्रपात होगा। इससे सभी राम भक्त बेहद खुश हैं। एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर पूरी अयोध्या नगरी को सजाया गया है। कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए अतिथियों का आगमन शुरू हो चुका है और मंगलवार शाम तक उनमें से ज्यादातर लोग यहां पहुंच जाएंगे।

## राममंदिर के शिलान्यास के अवसर पर अपने घरों में दीवाली मनाएं : रावत

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पांच अगस्त को अयोध्या में राममंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन के अवसर पर प्रदेश की जनता से अपने घरों में दीपावली मनाने की अपील की। मुख्यमंत्री रावत ने यहां जारी एक संदेश में कहा कि पांच अगस्त को देश के लिए स्वर्णिम अवसर आ रहा है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि एवं शिलापूजन के साथ आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम राम के मन्दिर निर्माण को लेकर कई युद्ध लड़े गए और सैकड़ों लोगों ने इसके लिए बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की, हम इस अवसर पर अपने घरों में दीपावली मनाएं, दीप जलाएं। भगवान श्रीराम दुनिया के एकमात्र ऐसे चरित्र हैं जिन्हें मर्यादा पुरूषोत्तम के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बनने वाला राममंदिर करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा है और भगवान श्रीराम सनातन संस्कृति, मानवता, नैतिकता, प्रेम व सदभाव के प्रतीक हैं।

# मप्र कांग्रेस राम मंदिर निर्माण के लिए चांदी की 11 ईंट भेजेगी : कमलनाथ

**भाषा।** भोपाल



**मध्य** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने मंगलवार को घोषणा की कि प्रदेश कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए चांदी की 11 ईंटें भेजेगी। अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का शिलान्यास पांच अगस्त को होने वाला है।

कमलनाथ ने यहां अपने सरकारी निवास पर राम दरबार सजाकर हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन करने के बाद मीडिया से कहा, हम राम मंदिर निर्माण के लिए प्रदेश की जनता की ओर से चाँदी की 11 ईंट :शिला: भेज रहे हैं। ए ईंट प्रदेश के नागरिकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सहयोग से चंदा एकत्रित कर खरीदे गए हैं। उन्होंने कहा, हम राम मंदिर निर्माण का स्वागत करते हैं। कमलनाथ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने वर्ष 1985 में इसकी शुरुआत की थी और वर्ष 1989 में उन्होंने इसका शिलान्यास किया था। उन्होंने दावा किया, राजीव गांधी जी के कारण ही राम मंदिर का सपना आज साकार हो रहा है। आज राजीव जी होते तो यह सब देखते। कमलनाथ ने कहा कि भारत की संस्कृति सभी को जोड़ने वाली है। यहाँ विभिन्न भाषाएं एवं विभिन्न धर्मों के लोग रहते है। यह हमारी पहचान है।

उन्होंने कहा, हम जब भी कुछ करते है, भाजपा के पेट में दर्द पता नहीं क्यों चालू हो जाता है। क्या धर्म पर उनका पेटेंट है, उनका ठेका है? उन्होंने (भाजपा) धर्म की एजेंसी ली हुई है क्या? मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि मैंने कुछ साल पहले छिन्दवाड़ा में हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की। इसके अलावा, हमने अपनी पूर्व प्रदेश सरकार में गौशालाएँ बनवाई, राम वन गमन पथ पथ के निर्माण की बाधाएं दूर की और महाकाल व ओंकारेश्वर मंदिर के विकास की योजना बनाई। उन्होंने कहा, बस हम धर्म का उपयोग राजनीति के लिए नहीं करते हैं। हम इसे इवेंट नहीं बनाते हैं। हम सभी की सोच धार्मिक है लेकिन हम धर्म और राजनीति का गठजोड़ नहीं करते हैं। कमलनाथ ने कहा कि उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ कर देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इससे पहले कमलनाथ ने अपने ट्विटर अकाउंट में भगवा कपड़े में अपनी तस्वीर भी पोस्ट की। इस बीच, मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया समन्वयक नरेन्द्र सलूजा ने बताया कि कमलनाथ के भोपाल स्थित निवास पर मंगलवार को प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि, उन्नति व प्रदेशवासियों के स्वस्थ्य रहने की कामना को लेकर ग्यारह पंडितों द्वारा राम दरबार सजाकर हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन कमलनाथ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मधुर भजनों द्वारा हनुमान जी की स्तुति एवं पूजन किया गया।

## कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने राम मंदिर के भूमि पूजन को लेकर देशवासियों को बधाई दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम से एक दिन पहले मंगलवार को कहा कि वह इस अवसर पर सभी देशवासियों और श्रद्धालुओं को बधाई देते हैं। उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए ट्वीट किया, रघुपति राघव राजाराम,पतित पावन सीताराम, सीताराम सीताराम, भज प्यारे तू सीताराम ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सब को सन्मति दे भगवान। यह गांधी जी का प्रिय भजन था। कांग्रेस प्रवक्ता तिवारी ने कहा, अब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन होने जा रहा है। इस अवसर मैं सभी देशवासियों और श्रद्धालुओं को कोटि कोटि बधाई देता हूं। गौरतलब है कि अयोध्या में बुधवार को राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने का कार्यक्रम है।

## अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास को लेकर मथुरा में भी उत्सव का माहौल

**भाषा।** मथुरा

**अयोध्या** में रामलला के भव्य मंदिर के शिलान्यास की खुशी श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में भी दिखाई दे रही है और पांच अगस्त को कृष्ण जन्मस्थान पर स्थित भगवान केशवदेव भगवान राम के रूप में ही दर्शन देंगे क्योंकि कान्हा के गांव में भी उस प्रकार के उल्लास का माहौल है जैसा कि अयोध्या में नजर आ रहा है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने इसकी जानकारी दी है।

संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि यह तय किया गया है कि मथुरा में भी अयोध्या के समान ही राम मंदिर के शिलान्यास के समान अनेक प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। श्रीकृष्ण की पुण्य जन्मभूमि ऐसे दिव्य अवसर की साक्षी-सहभागी बनेगी और जो भक्तजन अयोध्या धाम नहीं जा पाए हैं वे उस आनन्द को भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर ही प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए संपूर्ण कृष्ण जन्मभूमि मंदिर प्रांगण में केसरिया ध्वजा, बन्दनवार, तोरण आदि लगाए गए हैं और अयोध्या में आयोजित कार्यक्रमों के अनुरूप ही कृष्ण-जन्मभूमि पर भी तीन अगस्त से ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आरंभ हो गया है, जो 5 अगस्त को आधारशिला पूजन के समापन तक चलेगा। शर्मा ने बताया, तीन अगस्त सोमवार को कृष्ण जन्मस्थान पर विराजित अति प्राचीन श्रीअन्नपूर्णेश्वर महादेव का भव्य पूजन-अभिषेक किया गया। इस मंदिर का हाल ही में सौन्दईकरण कराया गया है। इसी क्रम में आज (मंगलवार) भागवत-भवन स्थित श्रीराम मन्दिर के सम्मुख श्रीरामचरित मानस का अखण्ड पाठ आरंम्भ कर दिया गया है जो कल (5 अगस्त को) प्रात: 9 बजे सम्पूर्ण होगा। उन्होंने बताया, कल जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुनीत मुहूर्त में श्रीराम मन्दिर आधार शिला-पूजन करेंगे, उस पुण्य घड़ी में श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। भगवान की आरती के साथ ही संपूर्ण मंदिर परिसर में ढोल-नगाड़े, घण्टे-घड़ियाल, झांझ-मृदंग, मंजीरों की मधुर ध्वनि से गुंजायमान हो उठेगा। ऐसी मंगल ध्वनि और दीपों के अलौकिक प्रकाश से अयोध्या और मथुरा नगरी समभाव से भक्तों को कृत-कृत्य करेंगी।

पूर्णावतार-प्रेमावतार-रसावतार लीला पुरुषोत्तम, मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में दर्शन देकर दोनों पुरियों के एकात्म भाव को प्रकट करेंगे। उन्होंने कहा, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का शुभारम्भ भारत की सनातन संस्कृति में निहित विश्व कल्याण के भाव को पुष्ट करेगा। देव-देवाधिदेव-महादेव भी जिस तिथि की प्रतीक्षा कर रहे थे, ऐसे दिव्य राम मंदिर के शिलान्यास की तिथि करोड़ों सनातन धर्मावलम्बियों के लिए परमानन्द का दिवस है।

## अयोध्या में भूमि पूजन: कर्नाटक में कई स्थानों पर निषेधाज्ञा लागू

**भाषा।** बेंगलुरु

**अयोध्या** में बुधवार को राम मंदिर के भूमि पूजन समारोह के मद्देनजर कर्नाटक में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से राज्य में कई स्थानों पर निषेधाज्ञा लागू की गई है। जिन स्थानों पर सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है उनमें कलबुर्गी, कोडागु, धारवाड़ और मंगलुरु शामिल हैं।

कर्नाटक के गृह मंत्री बासवराज बोम्मई ने अयोध्या में भूमि पूजन से पहले मंगलवार को गृह विभाग और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में बोम्मई ने कहा कि जिला प्रशासनों- पुलिस उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों- को स्थानीय स्थिति के आधार पर धारा 144 लगाने के अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के बारे में निर्णय ले सकता है। साथ ही तालुक कार्यकारी मजिस्ट्रेटों या तहसीलदारों को अपने संबंधित मुख्यालय में कल पूरे दिन के लिए उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। मंत्री ने कहा कि राम मंदिर के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का पालन करना प्रत्एक नागरिक का कर्तव्य और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर और भूमि पूजन समारोह के संबंध में किसी भी विवादित बयान या अप्रिय घटनाओं के लिए कोई जगह नहीं होगी।

उन्होंने राज्य में शांति और व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार इस संबंध में कोई भी सार्वजनिक बैठक या कार्यक्रम की अनुमति नहीं होगी। बोम्मई ने कहा कि सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से कहा गया है कि वे सोशल मीडिया गतिविधियों को लेकर सतर्क रहें और जो भड़काने की गतिविधियों में लिप्त हैं उन लोगों के खिलाफ तत्काल कार्वाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर शांति कमेटी की बैठकें होनी चाहिए, पूजा और उपासना स्थलों पर सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त तैनाती होनी चाहिए। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन से निगरानी अधिकारियों को दिए गए अन्य निर्देशों में शामिल है।

मंत्री ने अधिकारियों को अतीत में सांप्रदायिक कृत्यों में शामिल लोगों और गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों को चेतावनी जारी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी हो तो ऐसे व्यक्तियों को एहतियाती हिरासत में लिया जाना चाहिए और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ गुंडा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

## अयोध्या में भूमि पूजन के दौरान कनार्टक के मंदिरों में विशेष पूजा व प्रार्थना के आयोजन का आदेश

**बेंगलुरू।** कर्नाटक सरकार ने कहा है कि बुधवार को राज्य के सभी मंदिरों में विशेष पूजा और प्रार्थना होगी। इसी दिन अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन होगा। कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को एक परिपत्र जारी कर मंदिरों से अयोध्या में सफलतापूर्वक भूमि पूजन, राम मंदिर निर्माण का काम पूरा होने तथा देश के लोगों के कल्याण के लिए कोरोना वायरस के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए विशेष पूजा तथा प्रार्थना आयोजित करने को कहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने बुधवार को अयोध्या में होने वाले भूमि पूजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया है। उच्चतम न्यायालय ने मंदिर निर्माण के लिए न्यास बनाने का आदेश दिया था। परिपत्र हिंदू धार्मिक संस्थान एवं धर्मार्थ दान विभाग ने जारी किया है।



इंदौर में मंगलवार को अयोध्या के राम मंदिर के ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह को चिह्नित करने के लिए लोगों के बीच वितरण के लिए पांच लाख 'लड्डू' तैयार करते कार्यकर्ता

## हार्दिक पटेल ने राम मंदिर के लिए 21 हजार रुपये दान देने की घोषणा की

**भाषा।** अहमदाबाद



**गुजरात** कांग्रेस के नेता हार्दिक पटेल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह और उनका परिवार अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए 21 हजार रुपए का दान देगा। यहां जारी एक बयान में गुजरात की कांग्रेस इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष पटेल ने कहा कि हालांकि उन्हें धर्म में असीम विश्वास है लेकिन वे कट्टरपंथी नहीं हैं और उम्मीद करते हैं कि मंदिर देश में राम राज्य की शुरुआत करेगा। पटेल का यह बयान अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम की पूर्वसंध्या पर आया है। विपक्षी दल के 26 वर्षीय नेता ने कहा, में आशा करता हूं कि मंदिर भारत और गुजरात में राम राज्य लाएगा।



जबलपुर में मंगलवार को कोविड-19 पर एक जागरूकता अभियान के दौरान भगवान हनुमान के रूप में तैयार हुआ एक भक्त

## झारखंड की मिट्टी लेकर राम जन्मभूमि के लिए नौ पुजारियों का दल रवाना

**रांची।** अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि पर बुधवार को होने वाले शिलापूजन कार्यक्रम के लिए मंगलवार को यहां से नौ पाहनों (आदिवासी पुजारियों) का दल झारखंड की मिट्टी और यहां की प्रमुख नदियों का जल लेकर रवाना हुआ। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को यहां मेयर आशा लकड़ा के साथ नौ पाहनों के दल को अयोध्या के लिए विधिविधान के साथ रवाना किया। इस अवसर पर राज्य के प्रमुख पाहन जगलाल ने खुशी जताते हुए कहा कि भगवान राम समाज के सभी वर्गों के हैं और उनके भव्य मंदिर के शिलापूजन के अवसर पर राज्य के पाहनों को वहां शामिल होने का अवसर मिल रहा है जो उनके लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर मरांडी ने कहा कि अयोध्या में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राम जन्मस्थली पर बनने वाले भव्य मंदिर का शिला पूजन करेंगे और उसमें राज्य के नौ पाहन शामिल होंगे जोकि राज्य के लिए गौरव का विषय है।

## मोदी का राम मंदिर का भूमि पूजन करना एक स्वर्णिम पल: शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन को लेकर पूरा देश उत्साहित है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इसकी नींव रखने से बड़ा स्वर्णिम पल और कोई नहीं हो सकता। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के सम्पादकीय में कहा कि देश में कोविड-19 संकट जारी है लेकिन भगवान राम के आर्शिवाद से वह भी खत्म हो जाएगा।

उसने कोरोना वायरस से संक्रमित केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में शामिल ना होने पर उसके थोड़ा फीका पड़ने की बात भी कही। शाह ने रविवार को ही कोरोना वायरस से अपने संक्रमित होने की जानकारी दी थी। शिवसेना ने कहा कि वह उनके जल्द ठीक होने की कामना करती है। साथ ही उसने कहा कि शाह के बीमार होने से राजस्थान में अशाके गहलोत सरकार पर मंडरा रहा खतरा कम नहीं हो जाता। गहलोत को इससे खुश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि भाजपा नेता कहीं भी हों, वह अपनी राजनीति जारी रखेंगे। मराठी दैनिक पत्र ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी खुद अयोध्या जाकर भूमि पूजन करेंगे।

उसने कहा कि राम मंदिर निर्माण को लेकर एक लंबी लड़ाई लड़ने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता एल. के. अडवाणी और मुरली मनोहर जोशी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इसमें हिस्सा लेंगे। वह कोविड-19 के मद्देनजर अयोध्या नहीं जर रहे। इस अभियान से जुड़ी रहीं उमा भारती भी अयोध्या नहीं जाएंगी। शिवसेना ने कहा, देश भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर उत्साहित है। देश के प्रधानमंत्री के मंदिर की नींव रखने से बड़ा स्वर्णिम पल कोई नहीं हो सकता।

## अब काशी, मथुरा की बारीः विनय कटियार

**अयोध्या।** राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेताओं में शामिल भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कटियार ने कहा है कि राममंदिर का काम पूरा होने जा रहा है। अब मथुरा, काशी बाकी है। मैं इस काम के लिए कूच करूंगा। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन होने के बाद क्या विनय कटियार आराम से बैठ जाएंगे, इस सवाल के जवाब में विनय कटियार ने कहा कि आराम से बैठने का तो कोई कारण नहीं है। अयोध्या के बाद हम मथुरा और काशी की ओर बढ़ेंगे। हम तय करेंगे कि कौन सा पहले शुरू किया जाए। हम आरएसएस से बात करेंगे। उन्होंने कहाकि हमने राम मंदिर आंदोलन के समय धर्म स्थान मुक्ति समिति का गठन किया था। इसमें अशोक सिंघल जी भी थे और कई लोग समिति में थे। समिति ने तभी तय किया था कि अयोध्या, मथुरा, काशी में मंदिर निर्माण करना है। अब इसमें अयोध्या को पहले इसलिए चुना गया क्योंकि वहां मस्जिद बना दी गई थी, जो गुलामी का प्रतीक थी।

# पेज एक का शेष

## अवधपुरी प्रभु...

के राम नगरी अयोध्या में कोई भी प्रवेश नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री का उड़न खटोला साकेत महाविद्यालय में 11:30 बजे उतरेगा। साकेत महाविद्यालय से लेकर नया घाट अयोध्या तक अभेद्य सुरक्षा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने पत्रकारों को बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना के कारण मेहमानों की लिस्ट बहुत कम कर दी गई है जबकि राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े और भगवान राम में आस्था रखने वाले करोड़ों लोग इस शिला पूजन में शामिल होना चाहते थे लेकिन अब मात्र 200 लोग शामिल होंगे। जिसमें से 135 अयोध्या और शेष देश के विभिन्न भागों से होंगे। हर अतिथि को चांदी का सिक्का मिलेगा, जिसमें राम दरबार, तीर्थ क्षेत्र का प्रतीक चिन्ह होगा। भूमिपूजन में शामिल अतिथियों को सिक्का श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट देगा।

## पीएम 32...

जाएगी और 12:00 बजे वैदिक विद्वानों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान प्रारंभ हो जाएगा 12:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अनुष्ठान में बैठ जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मंदिर निर्माण की आधारशिला रखने के लिए वे एक पट्टिका का अनावरण करेंगे और इस मौके पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे।

## आदित्य ठाकरे...

चुकी है। इनमें राजपूत की बहन, उनकी मित्र चक्रवर्ती और सिने जगत से जुड़ी कुछ हस्तियां शामिल हैं। इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री आदित्य ठाकरे ने पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि लोग उन पर और उनके परिवार पर कीचड़ उछाल रहे हैं। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में आदित्य ठाकरे को लेकर सोशल मीडिया में कई गंभीर आरोप लगाए जा रहे थे। उन्होंने इस मामले में खुद के शामिल होने की सभी रिपोर्ट्स को खारिज किया और कहा कि मेरा सुशांत सिंह राजपूत की मौत से कोई संबंध नहीं है। किसी की मौत पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। मालूम हो कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता नारायण राणे ने बाकायदा प्रेस वार्ता कर दावा किया कि सुषांत और उनकी मैनेजर दिशा सालियान ने आत्महत्या नहीं की है, दोनों की हत्या हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि सुशांत की मौत के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने में 50 दिन क्यों लगाए। सरकार किसके दबाव में काम कर रही है और किसको बचाने के लिए मुंबई पुलिस की छवि को बर्बाद किया जा रहा है। नारायण राणे ने यह भी कहा कि 8 तारीख को हुई पार्टी में दिशा के साथ बलात्कार हुआ और फिर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकारी दिशा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चली है। रिपोर्ट में यह उल्लेख है कि दिशा के प्राइवेट पार्ट में चोट के निशान हैं। नारायण राणे ने यहां तक कहा कि सुशांत ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उसकी भी हत्या हुई है।

## यूपीएससी नतीजे...

अधिकारी 29 वर्षीय सिंह अभी फरीदाबाद में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी में पर्यवेक्षण पर हैं। उन्होंने छुट्टी लेकर इस परीक्षा की तैयारी की थी। यूपीएससी परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल करने वाले 26 वर्षीय जतिन किशोर भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के 2018 बैच के अधिकारी हैं और अभी ग्रामीण विकास मंत्रालय में सहायक निदेशक हैं। किशोर ने कहा कि शिक्षा और पर्यावरण उनका मुख्य क्षेत्र होगा। वहीं, भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) की अधिकारी वर्मा ने कहा कि वह बचपन से ही आईएएस अधिकारी बनना चाहती थीं। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की निवासी वर्मा को यूपीएससी की 2018 की परीक्षा में 489वीं रैंक हासिल हुई थी। वह महिला सशक्तिकरण और बच्चों से जुड़े विषयों और खासकर अपने गृह राज्य में काम करना चाहेंगीं। यूपीएससी के अनुसार कुल 829 प्रतिभागियों की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) सहित अन्य सिविल सेवाओं के लिए अनुशंसा की गई है। कुल उत्तीर्ण प्रतिभागियों में 304 सामान्य श्रेणी, 78 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), 251 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), 129 अनुसूचित जाति, 67 अनुसूचित जनजाति श्रेणी के हैं। बयान के अनुसार, 182 अन्य प्रतिभागियों को आरक्षित (रिजर्व) सूची में रखा गया है।

## लखनऊ में...

उम्र ज़्यादा होने की वजह से डॉक्टर की सलाह पर पीजीआई में भर्ती कराया गया है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह के मुताबिक हैदरगंज निवासी 70 वर्षीय महिला को पहली अगस्त की सुबह 11 बजकर 34 मिनट पर भर्ती किया गया था। भर्ती के समय से ही उनकी स्थिति नाजुक थी। इलाज के दौरान मौत हो गई। इसी तरह लाल कुआँ निवासी 49 वर्षीय पुरुष को 29 जुलाई की रात्रि 11 बजकर 50 मिनट पर भर्ती किया गया था। भर्ती के समय से ही उनकी स्थिति नाजुक थी। इलाज के दौरान मौत हो गई। तकहिया बलिया निवासी 70 वर्षीय पुरुष को 31 जुलाई की शाम 6 बजकर 26 मिनट पर भर्ती किया गया था। रोगी को उच्च रक्तचाप और मधुमेह की बीमारी थी। मल्टी आर्गन फेल्योर के चलते मौत हो गई। गलोरा सिद्धार्थनगर निवासी 46 वर्षीय पुरुष को 31 जुलाई की अपराह्न 2 बजकर 50 मिनट पर भर्ती किया गया था। रोगी को उच्च रक्तचाप और मधुमेह की समस्या भी था। इलाज के दौरान मौत हो गई। विनय खंड गोमतीनगर निवासी 54 वर्षीय पुरुष को 28 जुलाई की रात्रि 9 बजकर 55 मिनट पर भर्ती किया गया था। रोगी को उच्च रक्तचाप की समस्या भी थी। रोगी को चेस्ट इंजरी की वजह से सीने में बायीं तरफ खून जमा हो गया था। इलाज के दौरान मौत हो गई। चंद्रशेखर मार्ग लखनऊ निवासी 71 वर्षीय पुरुष को 3 अगस्त की शाम 5 बजकर 27 मिनट पर भर्ती किया गया था। रोगी को उच्च रक्तचाप और पार्किंसन डिजीज की समस्या भी थी। रेस्पिरेटरी फेल्योर के चलते मौत हो गई।

## देश में...

जब संक्रमण के मामले 50,000 से ज्यादा आए हैं। वैज्ञानिक एवं आईसीएमआर के मीडिया समन्वयक डॉक्टर लोकेश शर्मा ने बताया कि दो अगस्त तक 2,08,64,750 नमूनों की जांच हुई है जिनमें से 6,61,892 नमूनों की जांच सोमवार को हुई। एक दिन में अब तक जांच की यह सर्वाधिक संख्या है। शर्मा ने कहा, जुलाई में प्रतिदिन औसतन 3,39,744 जांच के साथ महीने भर में 1,05,32,074 जांच की गई जो कि अब तक एक महीने में हुई जांच के हिसाब से सबसे ज्यादा है। देश में सरकारी क्षेत्र में 917 और निजी क्षेत्र में 439 जांच लैब हैं जहां कोविड-19 की जांच हो रही है। पिछले 24 घंटे में कुल 803 लोगों की मौत हुई जिनमें से सबसे ज्यादा 266 लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई। वहीं तमिलनाडु में 109, कर्नाटक में 98, आंध्र प्रदेश में 63, पश्चिम बंगाल में 53, उत्तर प्रदेश में 48, तेलंगाना में 23, गुजरात में 22, पंजाब में 19, दिल्ली में 17, मध्य प्रदेश में 14, राजस्थान में 12, जम्मू-कश्मीर में 11 और ओडिशा में 10 लोगों की मौत हुई। हरियाणा और झारखंड में सात-सात, असम, पुडुचेरी और उत्तराखंड में चार-चार, छत्तीसगढ़ और गोवा में तीन-तीन, अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह और केरल में दो-दो तथा बिहार और त्रिपुरा में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। देश में अब तक कुल 38,938 लोगों की मौत हुई है जिनमें से महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 15,842, तमिलनाडु में 4,241, दिल्ली में 4,021, कर्नाटक में 2,594, गुजरात में 2,508, उत्तर प्रदेश में 1,778, पश्चिम बंगाल में 1,731, आंध्र प्रदेश में 1,537 और मध्य प्रदेश में 900 लोगों की मौत हुई। वहीं राजस्थान में 715, तेलंगाना में 563, पंजाब में 442, हरियाणा में 440, जम्मू-कश्मीर में 407, बिहार में 330, ओडिशा में 207, झारखंड में 125, असम में 109, उत्तराखंड में 90 और केरल में 84 लोगों की मौत हुई। छत्तीसगढ़ में 61, पुडुचेरी और गोवा में 56-56, त्रिपुरा में 28, चंडीगढ़ में 19, हिमाचल प्रदेश में 14, अंडमान-निकोबार द्वीपसमहू में 10, लद्दाख और मणिपुर में सात-सात, मेघालय और नगलैंड में पांच-पांच, अरुणाचल प्रदेश में तीन, दादरा-नगर हवेली तथा दमन-दीव में दो तथा सिक्किम में एक व्यक्ति की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मरने वाले में 70 फीसदी से ज्यादा लोग अन्य बीमारियों के भी शिकार थे। मंत्रालय ने कहा कि वे अपने आंकड़ों का मिलान भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साथ कर रहे हैं और राज्यवार आंकड़े पुष्टि और मिलान का विषय है।

पायनियर
लखनऊ , बुधवार, 5 अगस्त , 2020



### पूर्व टेनिस खिलाड़ी पुएर्टा ने कैस को डोपिंग पर झूठ बोलने की बात स्वीकार की

**ब्यूनर्स आयर्स।** संन्यास ले चुके टेनिस खिलाड़ी मारियानो पुएर्टा ने स्वीकार किया है कि दूसरी बार डोप परीक्षण में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अपने निलंबन को कम करने के लिए उन्होंने खेल पंचाट (कैस) को झूठ बोला था।

### लुई कार्डिनल्स के सात खिलाड़ी, छह स्टाफ कोरोना वायरस पॉजिटिव

**न्यूयॉर्क।** सेंट लुई कार्डिनल्स के सात खिलाड़ी और स्टाफ के छह सदस्य कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए है जिसके बाद मेजर लीग बेसबॉल (एमएलबी) ने डेटरॉयट में टीम की चार मैचों की श्रृंखला स्थगित कर दी है। यह श्रृंखला कोमेरिका पार्क में मंगलवार से गुरुवार तक खेली जानी थी।

### ब्राजील में लीग फाइनल में पहुंची टीमों ने वायरस नियमों की धज्जियां उड़ाई

**साओ पाउलो।** साओ पाउलो राज्य लीग फाइनल में इस हफ्ते हिस्सा लेने वाली दोनों टीमों पर कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए जारी स्वास्थ्य सिफारिशों की जानबूझकर अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है। गत साओ पाउलो राज्य चैंपियन कोरिनथियांस ने सोमवार को दोबारा परीक्षण से इनकार कर दिया जबकि उसके चिर प्रतिद्वंद्वी पालमेइरास की मैचों के बाद खिलाड़ियों और स्टाफ को घर जाने की स्वीकृति देने के लिए आलोचना की गई।

### अमेरिकी महिला एमेच्योर चैंपियनशिप में अनिका वर्मा संयुक्त 55वें स्थान पर

**रॉकविले (अमेरिका)।** अनिका वर्मा अमेरिकी महिला एमेच्योर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनी। सोलह साल की अनिका की शुरुआत हालांकि प्रभावी नही रही और वह पहले दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर से संयुक्त 55वें स्थान पर चल रही है।

### खेल पंचाट ने यूएई की अपील खारिज की

**लुसाने।** खेल पंचाट (कैस) ने यूएई के इन आरोपों को खारिज कर दिया है कि कतर ने 2019 एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जीत के दौरान अयोग्य खिलाड़ी को मैदान पर उतारा था। कतर ने अबु धाबी में सेमीफाइनल में 4-0 से जीत दर्ज की थी और बाद में पहली बार एशियाई कप का खिताब जीतने में सफल रहा।

### खांसने पर फुटबॉल खिलाड़ी को दिखाया जा सकता है लाल कार्ड

**ज्यूरिख।** फुटबॉल खिलाड़ी अगर किसी अन्य खिलाड़ी या मैच अधिकारी करीब जाकर जानबूझकर खांसता है जो उसे लाल कार्ड दिखाया जा सकता है। आईएफएबी ने कोरोना वायरस महामारी के बाद अपने दिशानिर्देशों को अपडेट करते हुए यह जानकारी दी।

# प्रायोजन से पीछे हट सकता है वीवो

## ● बोर्ड से चल रही बातचीत

भाषा। नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बीच चीनी मोबाइल फोन कंपनी वीवो इस साल इंडियन प्रीमियर लीग के टाइटल प्रायोजन से पीछे हट सकती है और आपसी सहमति से अलग होने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड से बातचीत चल रही है। इस एक साल को स्थगन अवधि के रूप में देखा जा सकता है और संबंध बेहतर होने पर बीसीसीआइ 2021 से 2023 के बीच कंपनी के साथ तीन साल का नया अनुबंध कर सकता है। आईपीएल इस साल 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच यूएई में होगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया , बीसीसीआई के पदाधिकारियों (अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह) और कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत चल रही है। ऐसी पूरी संभावना है कि इस साल टाइटल प्रायोजक वीवो नहीं होगा। दोनों देशों की सेनाओं के बीच हिंसक झड़प के बाद बीसीसीआई ने कहा था कि वह करार की समीक्षा करेगा। संचालन परिषद ने रविवार को कहा था कि वीवो समेत उसके सभी प्रायोजक बरकरार रहेंगे। वीवो 2022 तक पांच साल के करार के लिए 440 करोड़ रूपए सालाना देता है। बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि फैसला जब भी होगा, आपसी सहमति से होगा और बोर्ड बैंक गारंटी को भुनाने पर विचार नहीं कर रहा है। अलग अलग हालात में अगर प्रायोजक वादा पूरा नहीं कर पाता है तो बोर्ड बैंक गारंटी भुनाता है जो पहले भी किया गया है। लेकिन यहां दोनों पक्ष आपसी सहमति से समाधान तलाश रहे हैं। केंद्र सरकार के 60 चीनी एप और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रतिबंध लगाने के बाद चीनी प्रायोजकों को बरकरार रखने के बीसीसीआई के फैसले पर सवाल उठ रहे थे। यह संवेदनशील समय है और हमें एहतियात बरतनी होगी। एक बार हम कह दें कि प्रायोजन की समीक्षा करेंगे और फिर कुछ नहीं करें तो इससे चीनी कंपनियों के साथ संबंधों को लेकर सवाल उठेंगे। बीसीसीआई एक साल के प्रायोजन करार के लिए कई भारतीय कंपनियों से भी बात कर रहा है। इतने कम समय में इतनी बड़ी रकम (440 करोड़ रूपए) मिलना तो मुश्किल है और टूर्नामेंट भी विदेश में हो रहा है। खाली स्टेडियम में मैच होंगे। हम उस पर तब बात करेंगे जब वीवो आधिकारिक रूप से अलग हो जाएगा।

## आईपीएल के दौरान खिलाड़ियों की हर पांचवें दिन कोविड-19 जांच होगी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने वाले खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों को यूएई में अभ्यास शुरू करने से पहले कोविड-19 की जांच में पांच बार निगेटिव आना होगा और टूर्नामेंट शुरू होने के बाद उन्हें हर पांचवें दिन कोरोना वायरस जांच करानी होगी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि सभी भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को भारत में अपनी संबंधित टीमों से जुड़ने के एक सप्ताह पहले 24 घंटे के अंतराल में दो बार कोविड-19 आरटी-पीसीआर परीक्षण कराना होगा। इसके बाद खिलाड़ी (भारत में ही) 14 दिन तक पृथक्वास पर रहेंगे। जांच में किसी व्यक्ति का नतीजा अगर पॉजिटिव आता है तो वह 14 दिनों तक पृथक्वास में रहेगा। 19 सितंबर से शुरू होने वाली आईपीएल के लिए यूएई रवाना होने के लिए उसके पृथक्वास अवधि खत्म होने के बाद 24 घंटे के अंतराल में दो बार कोविड-19 आरटी-पीसीआर जांच में निगेटिव आना होगा। अधिकारी ने बताया, यूएई पहुंचने के बाद खिलाड़ियों और सहायक कर्मचारियों को एक सप्ताह तक पृथक्वास में रहने के दौरान तीन बार कोविड-19 जांच करानी होगी। तीनों बार निगेटिव आने के बाद वह जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में प्रवेश कर के अभ्यास शुरू कर सकते है। इस मामले में टीमों से प्रतिक्रिया मिलने के आधार पर इस प्रोटोकॉल में मामूली बदलाव किए जा सकते है लेकिन खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नही किया जाएगा। यूएई में पहले सप्ताह के प्रवास के दौरान टीमों के खिलाडियों और अधिकारियों को होटल में एक दूसरे से मिलने की अनुमति नही होगी। जांच में तीन बार निगेटिव आने के बाद ही उन्हें टूर्नामेंट के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में जाकर अभ्यास करने की अनुमति होगी। विदेशी खिलाड़ियों के सीधे यूएई पहुंचने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, सभी विदेशी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को भी यूएई के लिए उड़ान भरने से पहले कोविड-19 आरटी-पीसीआर जांच करानी होगी।

## बीसीसीआई महिला क्रिकेट के बारे में सोच रहा, विस्तृत ब्यौरा देने की जरूरतः अंजुम



**नई दिल्ली।** महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि महिला क्रिकेट को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पास योजना है लेकिन बोर्ड को इससे जुड़े विचारों को ज्यादा विस्तार से बताने की जरूरत है। क्रिकेटर से सफल कमेंटेटर बनी चोपड़ा ने कहा कि बीसीसीआई महिला क्रिकेट की प्रगति के बारे में सोच रहा है। चोपड़ा ने कहा, ऐसा नहीं है कि बीसीसीआई महिला क्रिकेट के बारे में नहीं सोच रहा है। मुझे केवल यह लगता है कि उन्हें महिला क्रिकेट के बारे में विस्तृत ब्योरा देने की जरूरत है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि वे महिला क्रिकेट के बारे में सोच रहे होंगे, लेकिन यह सब ऐसा ही होना चाहिए जैसे कि पुरूष क्रिकेट के लिए विस्तृत ब्योरे में होता है। बीबीसीआई को उस वक्त आलोचना का समाना करना पड़ा जब उसने कोविड–19 महामारी के मद्देनजर सितंबर में महिला टीम के इंग्लैंड दौरे को रद्द कर दिया था। चोपड़ा ने कहा कि यह अच्छा नहीं था, लेकिन नवंबर में महिला आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) से भारतीय खिलाड़ियों को अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए तैयारी का मौका मिलेगा। महिला क्रिकेट को सुर्खियों में देखना खुशी की बात है। उन्हें उस इंग्लैंड दौरे का हिस्सा होना चाहिए था और शुरुआत में मुझे यह अच्छा नहीं लगा था, लेकिन महिला आईपीएल भी विश्व कप की तैयारियों में मददगार होगी। क्रिकेट के किसी भी प्रारूप से तैयारी की जा सकती है। किसी भी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होना अच्छी बात नहीं है, लेकिन तार्किक रूप से इसके पीछे कई मुद्दे हो सकते हैं और आप कम तैयारियों के साथ टीम नहीं भेज सकते।

### आस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच अक्टूबर में होने वाली टी20 श्रृंखला स्थगित

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ अक्टूबर में होने वाली तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला को स्थगित कर दिया है। टी20 मैचों का आयोजन टाउन्सविल, केर्न्स और गोल्ड कोस्ट में क्रमश: चार, छह और नौ अक्टूबर को होना था। यह श्रृंखला टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए आयोजित हो रही थी लेकिन इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को पिछले महीने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण स्थगित कर दिया गया जिसके बाद दोनों देश के बोर्ड ने टी20 श्रृंखला को भी स्थगित करने का फैसला किया।

# धोनी जैसा कोई नहीं : रोहित

भाषा। नई दिल्ली



भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी अपनी तरह के अकेले खिलाड़ी हैं। रोहित ने इस तरह दो बार के पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान के साथ अपनी नेतृत्व शैली और धैर्य की तुलना को अधिक तवज्जो नहीं दी। भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज सुरेश रैना ने सुपर ओवर पोडकास्ट में रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट टीम का अगला महेंद्र सिंह धोनी कहा था। भारत की सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियन्स की अगुआई करने वाले रोहित ने अपनी नेतृत्व क्षमता की तुलना धोनी से करने पर प्रतिक्रिया दी। एक प्रशंसक के सवाल के जवाब में रोहित ने कहा, हां, मैंने सुरेश रैना की टिप्पणी सुनी है। महेंद्र सिंह धोनी अपनी तरह के अकेले हैं और कोई भी उनकी तरह नहीं हो सकता और मेरा मानना है कि इस तरह तुलना नहीं की जा सकती, प्रत्एक व्यक्ति अलग होता है और उसके अपने मजबूत पक्ष और कमजोरियां होती हैं। रैना आईपीएल में रोहित की अगुआई में मुंबई इंडियन्स के चार आईपीएल खिताब जीतने के रिकॉर्ड से प्रभावित हैं जो धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिताबों से एक अधिक है। विराट कोहली की गैरमौजूदगी में रोहित की अगुआई में भारत ने 2018 में श्रीलंका में निदाहस ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट और 50 ओवरों के एशिया कप का खिताब जीता।

रोहित ने 10 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 19 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का नेतृत्व किया और इस दौरान क्रमशः आठ और 15 मैच जीते। रैना ने कहा, मैंने उसे देखा है, वह धैर्यवान रहता है, उसे दूसरों की बात सुनना पसंद है.... जब हमने बांग्लादेश में एशिया कप जीता था तो मैं उसके नेतृत्व में खेला था। महेंद्र सिंह धोनी शानदार था। उसने (रोहित ने) धोनी से अधिक आईपीएल खिताब जीते हैं लेकिन दोनों में काफी समानता है। कप्तान के रूप में दोनों को दूसरों की बात सुनना पसंद है। रैना ने कहा, जब आपका कप्तान सुन रहा हो तो आप काफी समस्याओं का हल निकाल सकते हो। इसलिए मेरी नजर में वे दोनों शानदार हैं।

## बिलिंग्स को नियमित तौर पर वनडे टीम में होना चाहिए : पनेसर

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने इंग्लैंड की एकदिवसीय टीम में सैम बिलिंग्स को नियमित तौर पर जगह नहीं मिलने पर हैरानी जताते कहा कि आयरलैंड के खिलाफ प्रदर्शन को देखते हुए उनको शीर्ष छह में स्वत: जगह मिलनी चाहिए। इंग्लैंड के लिए 2015 में पदार्पण करने वाले 29 साल के बिलिंग्स ने अब तक महज 16 एक दिवसीय और 26 टी20 खेले हैं। जो डेनली के चोटिल होने के कारण टीम में शामिल किए गए बिलिंग्स ने आयरलैंड के खिलाफ पहले दो एक दिवसीय में 67 और 46 रन की नाबाद पारियां खेली। इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट और 26 एकदिवसीय खेलने वाले 38 साल के पनेसर ने स्पोर्ट्सटाइगर के कार्यक्रम क्रिकेट टॉक्स विद मोंटी पनेसर में कहा, बिलिंग्स जब भी एकदिवसीय टीम में रहते हुए क्रीज पर होते हैं तो वह काफी सहज दिखते है। मुझे आश्चर्य होता है कि वह नियमित तौर पर एकदिवसीय टीम में क्यों नहीं रहते हैं। टेस्ट में 167 विकेट लेने वाले पनेसर का मानना है कि एकदिवसीय श्रृंखला को अपने नाम करने के बाद तीसरे मैच में उपकप्तान मोइन अली को इंग्लैंड का नेतृत्व करना चाहिए, मैं मोइन अली को तीसरे वनडे में कप्तानी करते देखना चाहूंगा। ।

### स्टार्क को आईपीएल में नहीं खेल पाने का मलाल नहीं



**मेलबर्न।** बाएं हाथ के आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का हिस्सा नहीं बनने का मलाल नहीं है और उन्होंने कहा कि वह आगामी गर्मियों के सत्र की तैयारी करके सहज हैं। स्टार्क आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान लगाने के लिए आईपीएल से हट गए थे लेकिन कोविड–19 महामारी के कारण इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया गया। दो साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से खेलने वाले 30 साल के स्टार्क के हवाले से क्रिकेट.कॉम.एयू ने कहा, मुझे पता है कि दूरदर्शिता शानदार चीज है और अब आईपीएल अलग समय पर हो रहा है लेकिन नहीं, मैं अपना फैसला नहीं बदलूंगा। खिलाड़ी जब सितंबर में आईपीएल में खेल रहे होंगे तो मुझे ट्रेनिंग में समय बिताकर खुशी होगा। मैं गर्मियों के लिए तैयार हो रहा हूं। अगले साल आईपीएल होगा और मुझे अगर खेलने की इच्छा होगी या मेरे आसपास के लोग चाहेंगे तो निश्चित तौर पर मैं इस पर विचार करूंगा लेकिन इस साल मैं अपने फैसले को लेकर काफी सहज हूं। स्टार्क को 2018 आईपीएल नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा था लेकिन वह चोट के कारण सत्र से बाहर हो गए थे और अंततः नवंबर में उन्हें रिलीज कर दिया गया। यह तेज गेंदबाज इस समय न्यू साउथ वेल्स की टीम के अपने साथियों के साथ ट्रेनिंग कर रहा है और आस्ट्रेलिया के इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे की पुष्टि होने का इंतजार कर रहा है। आस्ट्रेलिया को इंग्लैंड दौरे पर तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। श्रृंखला चार सितंबर से खेली जानी है लेकिन यह देश की सरकार की स्वीकृति पर निर्भर करेगी।

### एनआरएआई ने राष्ट्रीय शिविर को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (एनआरएआई) ने स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने ओलंपिक कोर ग्रुप के निशानेबाजों के लिए अनिवार्य राष्ट्रीय शिविर को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। संचालन समिति द्वारा 14 जुलाई को लिए गए फैसले की समीक्षा करते हुए एनआरएआई ने कहा कि कोविड–19 महामारी के समय में उसके निशानेबाजों और कोचों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोपरि हैं। एनआईएआई ने अगस्त के पहले सप्ताह में राष्ट्रीय शिविर आयोजित करने का फैसला किया था। संचालन समिति ने शिविर को तब तक स्थगित करने का निर्णय लिया है जब तक स्थिति यात्रा के लिए सुरक्षित और उपयुक्त ना हो।

# प्रतिभा खोज के लिए राज्य अपने स्तर पर खेलो इंडिया खेलों का आयोजन करें : रीजीजू

भाषा। नई दिल्ली



खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने राज्यों से जमीनी स्तर से बड़ी संख्या में प्रतिभाओं को तलाशने के लिए अपने स्तर पर सक्रिय रूप से खेलों इंडिया खेलों को आयोजित करने की सलाह दी। रीजीजू ने कहा, खेलो इंडिया योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली वार्षिक प्रतियोगिताओं, जैसे कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं यूनिवर्सिटी गेम्स ने सभी राज्यों से खेल प्रतिभाओं की पहचान करने में मदद की है। यह हालांकि पर्याप्त नहीं है। खेल मंत्री ने खेलो इंडिया योजना की आम परिषद की पहली बैठक के दौरान कहा, जो राज्य पहले से ही वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का संचालन करते हैं, वे खेलो इंडिया योजना के साथ जुड़ सकते हैं और केंद्र इन आयोजनों के संचालन में उनकी मदद करेगा। रीजीजू की अध्यक्षता में हुई बैठक में खेल सचिव रवि मितल, भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महासचिव संदीप प्रधान और खेल मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए, हमें पांच–दस साल की उम्र में प्रतिभा को पहचानना होगा और भविष्य का चैंपियन बनने के लिए तैयार करना होगा। ओलंपिक के लिए एक एथलीट को तैयार करने में कम से कम आठ साल लगते हैं। अगर हम इससे अधिक उम्र की प्रतिभा की पहचान करते हैं, तो ओलंपिक के लिए उनकी संभावनाएं सीमित होगी। खेल मंत्री ने इस मौके पर पांच क्षेत्रों पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और पूर्वोत्तर से प्रतिभा तलाशने के लिए पांच क्षेत्रीय प्रतिभा खोज समिति बनाने पर जोर दिया।

### कैसिलास ने संन्यास की घोषणा की

**मैड्रिड।** स्पेन और रीयाल मैड्रिड के पूर्व दिग्गज गोलकीपर इकर कैसिलास अपना आखिरी मैच खेलने के लगभग एक साल बार आधिकारिक तौर पर मंगलवार को संन्यास की घोषणा कर दी। इस 39 साल के खिलाड़ी का करार पुर्तगाल के क्लब पोर्टो से था लेकिन पिछले साल मई में हृदयाघात आने के बाद उन्होंने कोई प्रतिस्पर्धी मुकाबला नहीं खेला था। महत्वपूर्ण बात यह है कि आप किस रास्ते पर जाते हैं और कौन आपके साथ है, इस पर नहीं कि आप किस गंतव्य पर पहुंचते है। कड़ी मेहनत के साथ, आप हमेशा वहां पहुंच सकते है जहां आप चाहते हैं। मैं बिना किसी संदेह के कह सकता हूं कि मैं जिस मार्ग और गंतव्य का सपना देखता था वहां पहुंच सका हूं।

## एचडीएफसी बैंक में शशिधर जगदीशन होंगे पुरी के उत्तराधिकारी, रिजर्व बैंक ने दी मंजूरी

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, एचडीएफसी बैंक में आदित्य पुरी के उत्तराधिकारी के रूप में शशिधर जगदीशन का नाम तय हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) पद के लिए जगदीशन के नाम को मंजूरी दे दी है। एचडीएफसी बैंक ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। एचडीएफसी बैंक ने कहा कि रिजर्व बैंक ने 27 अक्टूबर से अगले तीन साल तक के लिए उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है। पुरी ने बैंक की स्थापना करने के बाद से अब तक उसकी अगुवाई की है। उनकी जगह पर 55 वर्षीय जगदीशन की नियुक्ति ने बैंकिंग क्षेत्र में उत्तराधिकार के सबसे चर्चित अध्याय का पटाक्षेप किया है।

### भारत में 21 यूनिकार्न स्टार्टअप, कुल मूल्यांकन 73 अरब डालर, चीन के दसवें हिस्से के बराबर: अध्ययन

**मुंबई।** भारत में यूनिकॉर्न स्तर के स्टार्टअप की संख्या करीब 21 है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्य वाले इन स्टार्टअप की संख्या पड़ोसी देश चीन के मुकाबले दसवें हिस्से के बराबर है। भारतीय निवेशकों की 40 से अधिक ऐसी कंपनियां विदेशों में स्थापित हैं। हुरुन की वैश्विक यूनिकॉर्न सूची में 21 भारतीय यूनिकॉर्न कंपनियों का कुल मूल्यांकन 73.2 अरब डॉलर है। अमेरिका, चीन और ब्रिटेन के बाद भारत इस सूची में चौथे स्थान पर है। यूनिकॉर्न ऐसी स्टार्टअप कंपनियों को कहा जाता है जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर या उससे अधिक होता है। हुरुन की रपट के अनुसार चीन में यूनिकॉर्न की संख्या 227 है। ऐसे में भारत में यूनिकॉर्न स्टार्टअप की संख्या उसके दसवें हिस्से के बराबर है। इतना ही नहीं भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले निवेश को विभिन्न नियमों के दायरे में लाए जाने की खबरों के बीच यह बात उल्लेखनीय है कि घरेलू 21 यूनिकॉर्न में से 11 में चीन के तीन निवेशकों का बड़ा हिस्सा है। भारत से बाहर भारतीय मूल के लोगों द्वारा स्थापित यूनिकॉर्न की संख्या करीब 40 है जबकि चीनी मूल के लोगों ने अपने देश से बाहर मात्र 16 ऐसे कारोबार स्थापित किए हैं।

### सोने में 97 रुपए की तेजी, चांदी अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** रुपए की विनिमय दर में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 97 रुपए की तेजी के साथ 54,830 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोमवार को सोने का बंद भाव 54,733 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा था। चांदी की कीमत महज पांच रुपए की गिरावट के साथ 66,855 रुपए प्रति किलोग्राम पर लगभग अपरिवर्तित रही। सोमवार को यह 66,860 रुपए पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, रुपए की विनिमय दर में गिरावट के साथ दिल्ली में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत में 97 रुपए की तेजी आई। विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में रुपए की आरंभिक हानि कुछ कम रही और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर मंगलवार को तीन पैसे की गिरावट दर्शाती 75.04 रुपए प्रति डॉलर (प्रारंभिक आंकड़ा) पर बंद हुई।

# मानसून से अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत

## ● बुरा दौर बीता, कृषि क्षेत्र कोविड-19 से प्रभावित अर्थतंत्र को उबारने में मदद करेगा : रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली



भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बुरा दौर अब संभवत: बीत चुका है। वित्त मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बेहतर मानसून की संभावना को देखते हुए कृषि क्षेत्र कोरोना वायरस से प्रभावित अर्थव्यवस्था को उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आर्थिक मामलों के विभाग की ओर से जारी जुलाई की वृहद आर्थिक रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल के संकट के बाद भारत अब पुनरोद्धार की राह पर है। इसमें सरकार और केंद्रीय बैंक की नीतियों से समर्थन मिला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अनलॉक के चरण में हैं। इससे पता चलता है कि अर्थव्यवस्था का बुरा समय बीत गया है। हालांकि, कोविड–19 के बढ़ते मामलों और विभिन्न राज्यों में बारी–बारी से लग रहे लॉकडाउन से जोखिम कायम है। रिपोर्ट कहती है कि कोविड–19 के मामलों में बढ़ोतरी तथा इसकी वजह से राज्यों द्वारा कुछ–कुछ दिनों लिए लगाए जा रहे लॉकडाउन से सुधार की संभावनाएं कमजोर पड़ रही हैं। ऐसे में इसकी निरंतर निगरानी करने की जरूरत है। हालांकि, रिपोर्ट में कृषि क्षेत्र को लेकर भरोसा जताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020–21 में भारतीय अर्थव्यवस्था को कोविड–19 के झटकों से उबरने में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र को कोविड–19 की वजह से लागू लॉकडाउन से जल्दी और सही समय पर छूट दी गई, जिससे रबी फसलों की कटाई समय पर हो सकी। साथ ही खरीफ फसलों की बुवाई भी की जा सकी। रिपोर्ट कहती है कि गेहूं की रिकॉर्ड खरीद से किसानों के हाथों में 75,000 करोड़ रुपए गए हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों में निजी उपभोग बढ़ाने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर, 2019 से व्यापार का रुख कृषि क्षेत्र की ओर हुआ है।

### रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 75.4 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बावजूद मंगलवार को अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 75.04 रुपए प्रति डॉलर (अस्थाई) पर बंद हुआ। शेयर बाजारों में तेजी की वजह से हालांकि, रुपए में शुरुआती गिरावट की कुछ भरपाई हो सकी। शुरुआती कारोबार में रुपया 75.13 रुपए प्रति डॉलर पर कमजोर खुला। बाद में रुपए की आरंभिक हानि कुछ कम हुई और अंत में यह तीन पैसे की गिरावट के साथ 75.04 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### रिजर्व बैंक के गवर्नर की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को उबारने तथा उद्योग जगत की ऋण पुनर्गठन की बढ़ती मांग के बीच द्वैमासिक मौद्रिक नीति पर मंगलवार को तीन दिवसीय चर्चा शुरू कर दी। रिजर्व बैंक के गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्ईय समिति छह अगस्त को बैठक के नतीजों की घोषणा करने वाली है। रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था पर कोरोना वायरस महामारी तथा इसकी रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन के असर को सीमित करने के लिए पिछले कुछ समय से लगातार सक्रियता से कदम उठा रहा है। तेजी से बदलती वृहद आर्थिक परिस्थिति तथा वृद्धि के बिगड़ते परिदृश्य के कारण रिजर्व बैंक की दर निर्धारण समिति को पहले मार्च में और फिर मई में समय से पहले ही बैठक करने की जरूरत पड़ी थी।

### सरकार ने सभी तरह के वेंटिलेटर के निर्यात पर प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को सभी तरह के वेंटिलेटर के निर्यात पर प्रतिबंध को हटा दिया, ताकि उन उत्पादों के विदेश व्यापार में तेजी लाई जा सके। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, किसी भी तरह के कृत्रिम श्वसन तंत्र या ऑक्सीजन उपचार उपकरण या किसी अन्य श्वास उपकरण सहित सभी तरह के वेंटिलेटर निर्यात के लिए मुक्त है। कोविड-19 महामारी का मुकाबला करने के लिए घरेलू स्तर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के मकसद से इन उत्पादों के निर्यात पर 24 मार्च को प्रतिबंध लगाया गया था।

### अश्विनी तिवारी बने एसबीआई कार्ड के एमडी, सीईओ

**मुंबई।** देश की दूसरी सबसे बड़ी क्रेडिट कार्ड कंपनी एसबीआई कार्ड ने मंगलवार को कहा कि अश्विनी कुमार तिवारी ने एक अगस्त से कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाल लिया है। एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज (एसबीआई कार्ड) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि तिवारी, हरदयाल प्रसाद की जगह लेंगे। प्रसाद 31 जुलाई 2020 को सेवानिवृत्त हो गए।

### तीसरा सबसे बड़ा खुदरा वाहन ब्रांड बना मारुति का नेक्सा

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजकी का प्रीमियम खुदरा ब्रांड नेक्सा अपनी शुरुआत के महज पांच साल में ही देश का तीसरा सबसे बड़ा खुदरा वाहन ब्रांड बन गया है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह दावा किया है। मारुति सुजुकी ने जुलाई 2015 में नेक्सा की शुरुआत की थी। अभी नेक्सा की कार बाजार में 11 प्रतिशत से कुछ अधिक हिस्सेदारी है तथा मारुति की सालाना बिक्री में यह 20 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। नेक्सा के तहत मारुति के पांच प्रीमियम मॉडल की बिक्री होती है।

# आईटी पेशेवरों को ट्रंप ने दिया झटका

## ● एच-1बी वीजाधारकों को नौकरी देने से रोकने के आदेश पर हस्ताक्षर किए

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय एजेंसियों द्वारा एच–1 बी वीजा धारकों को नौकरी देने से रोकने संबंधी सरकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। यह अमेरिका में नौकरी करने के इच्छुक भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पेशेवरों के लिए एक बड़ा झटका है। ट्रंप ने संघीय एजेंसियों को अमेरिकियों को नौकरी देने का निर्देश दिया है। साथ ही राष्ट्रपति ने उनसे विशेष रूप से एच–1बी वीजा वाले विदेशी पेशेवरों के साथ अनुबंध या उप–अनुबंध करने से बचने को कहा है। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने 23 जून को इस महत्वपूर्ण चुनावी वर्ष में अमेरिकी कर्मचारियों के संरक्षण के लिए एच–1बी वीजा और अन्य प्रकार के विदेशी कार्य वीजा को 2020 के अंत तक स्थगित कर दिया था। इस सरकारी आदेश के तहत सभी संघीय एजेंसियों को 120 दिन के अंदर आंतरिक ऑडिट कर यह देखना होगा कि क्या वे सिर्फ अमेरिकी नागरिकों और नागरिकता वाले लोगों को ही प्रतिस्पर्धी सेवाओं में नियुक्ति की जरूरत के नियम का अनुपालन कर रही हैं।

# सेंसेक्स 748 अंक उछला

## ● रिलायंस, एचडीएफसी में लिवाली से शेयर बाजार में गिरावट पर लगा ब्रेक

भाषा। मुंबई

शेयर बाजारों में मंगलवार को चार कारोबारी सत्रों की गिरावट का सिलसिला थम गया। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक संकेतों के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से सेंसेक्स ने 748 अंक की ऊंची छलांग लगाई। विदेशी कोषों के प्रवाह से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 748.31 अंक या 2.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 37,687.91 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 203.65 अंक या 1.87 प्रतिशत के लाभ से 11,095.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे अधिक 7.10 प्रतिशत चढ़ गया। इस तरह की खबरें आई हैं कि कंपनी फ्यूचर ग्रुप की खुदरा संपत्तियों के अधिग्रहण सौदे के करीब है। एचडीएफसी बैंक का शेयर 3.94 प्रतिशत के लाभ में रहा। रिजर्व बैंक ने शशिधर जगदीशन को तीन साल के लिए बैंक का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। वह आदित्य पुरी का स्थान लेंगे, जो इस साल अक्टूबर में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मारुति, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट और इन्फोसिस के शेयर 2.75 प्रतिशत टूट गए।





काठमांडू में पारंपरिक गाय यात्रा महोत्सव में भाग लेने जाते एक परिवार के लोग

# शिक्षा क्षेत्र में अब तक का हुआ सबसे लंबा अवरोधः गुतारेस

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

● कोविड-19 महामारी से 1.6 अरब छात्रों की पढ़ाई प्रभावित

**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव के शिक्षा पर संक्षिप्त नीतिगत बयान में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी ने इतिहास में शिक्षा के क्षेत्र में अब तक का सबसे लंबा अवरोध पैदा किया है जिससे सभी देशों और महाद्वीपों के करीब 1.6 अरब छात्र प्रभावित हुए है, वहीं इसके अतिरिक्त 2.38 करोड़ बच्चे अगले साल स्कूल की पढ़ाई बीच में छोड़ सकते हैं।दस्तावेज जारी करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने एक वक्तव्य में कहा, शिक्षा व्यक्तिगत विकास और समाज के भविष्य की कुंजी है। यह



अवसर खोलती है और असमानता को दूर करती है। यह ज्ञानवान, सहिष्णु समाज का मेरुदंड तथा सतत विकास का प्राथमिक संचालक होती है। कोविड-19 महामारी ने अब तक के इतिहास में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे लंबा अवरोध पैदा किया है। उन्होंने कहा कि जुलाई के मध्य में 160 से अधिक देशों में स्कूल बंद कर दिए गए जिससे एक अरब से अधिक छात्र प्रभावित हुए और दुनियाभर में कम से कम चार करोड़ बच्चे अपने स्कूल के शुरुआती महत्वपूर्ण समय में शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। इसके अनुसार महामारी ने शिक्षा में असमानता को बढ़ाया है और लंबे समय तक स्कूलों के बंद रहने से पढ़ाई को हुए नुकसान से पिछले कुछ दशकों में हुई प्रगति के बेकार होने का खतरा है।दस्तावेज के अनुसार, इनके अतिरिक्त करीब 2.38 करोड़ बच्चे और युवा (प्रारंभिक से उच्च माध्यमिक तक) केवल महामारी के आर्थिक असर की वजह से अगले साल पढ़ाई छोड़ सकते हैं या उससे वंचित रह सकते हैं। गुतारेस ने कहा कि दुनिया के सामने असमानता का अस्थाई स्तर है और ऐसे में हमें शिक्षा की हमेशा से अधिक जरूरत है जो समानता प्रदान करती है। उन्होंने कहा, हमें भविष्य के लिहाज से समावेशी, लचीली और गुणवत्तापरक शिक्षा प्रणाली के लिए साहसिक कदम उठाने होंगे।

## स्पेन के पूर्व राजा के ठिकाने के बारे में पूछा जा रहा है सवाल, कहां हैं जुआन कार्लोस?

एपी। मैड्रिड

● पूर्व राजा को 1975 में तानाशाह फ्रांसिस्को फ्रैंकों की मौत के बाद स्पेन में शांतिपूर्ण तरीके से लोकतंत्र बहाल का श्रेय दिया जाता है

**स्पेन में** इस बात को लेकर मंगलवार को अटकलबाजियों का बाजार गर्म हो गया कि देश के पूर्व राजा जुआन कार्लोस कहां हैं। वित्तीय घोटाले की जांच के बीच एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह देश छोड़ कर जा रहे हैं। शाही परिवार की वेबसाइट पर सोमवार को प्रकाशित एक पत्र से यह जानकारी मिली है जिसे जुआन कार्लोस ने अपने बेटे राजा फिलीप षष्टम को लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा, मैं तुम्हें इस दौर में स्पेन से बाहर जाने के फैसले की जानकारी दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि वह अपने निजी जीवन की कुछ खास घटनाओं की सार्वजनिक प्रतिक्रिया के तहत यह फैसला ले रहे हैं। उन्होंने पत्र में कहा है कि वह अपने बेटे के लिए मुश्किलें नहीं खड़ी करना चाहते हैं। जुआन कार्लोस स्पेन और स्विट्जरलैंड में आधिकारिक जांच के दायरे में हैं। जांचकर्ता संभावित वित्तीय धोखाधड़ी की जांच कर रहे हैं। कार्लोस की इस घोषणा से स्पेन के ज्यादातर लोग अचंभित हैं। न तो शाही परिवार ने और न ही सरकार ने उनके ठिकाने की जानकारी दी है। समाचार पत्र एबीसी ने मंगलवार को बताया कि कार्लोस रविवार को स्पेन से जा चुके हैं और वह पड़ोसी देश पुर्तगाल के पोर्टो से हो कर डोमिनिकन रिपब्लिक गए हैं। वहीं ला वैनगार्डिया का कहना है कि कार्लोस अस्थाई तौर पर कैरिबियाई देश में थे। लेकिन अल कॉन्फिडेनशियल अखबार का कहना है कि वह पुर्तगाल में हो सकते हैं क्योंकि यहां उन्होंने अपना बचपन व्यतीत किया था या फिर वह फ्रांस या इटली में हो सकते हैं, जहां उनके परिवार के सदस्य और दोस्त हैं।पूर्व राजा को 1975 में तानाशाह फ्रांसिस्को फ्रैंकों की मौत के बाद स्पेन में शांतिपूर्ण तरीके से लोकतंत्र बहाल का श्रेय दिया जाता है।स्पेन में उच्चतम न्यायालय ने इस साल की शुरुआत में इस संबंध में जांच शुरू की थी। स्पेन के मीडिया में अलग से स्विट्जरलैंड की जांच के बयान छपे थे जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि सऊदी अरब के दिवंगत शाह अब्दुल्ला ने जुआन कार्लोस को लाखों डॉलर दिए थे।

## राम मंदिर शिलान्यास समारोह का जश्न मनाएंगे भारतीय-अमेरिकी

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** मंदिरों ने अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर के शिलान्यास समारोह का जश्न मनाने के लिए विशेष कार्यक्रमों की घोषणा की है जिसके तहत एक झांकी ट्रक राम मंदिर की डिजिटल तस्वीरों को प्रदर्शित करते हुए मंगलवार को अमेरिकी कैपिटल हिल के चक्कर लगाएगा। हिंदू समुदाय के नेताओं ने यह जानकारी दी।

मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह अयोध्या की पावन नगरी में पांच अगस्त को होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। अमेरिका भर के मंदिर विशेष पूजा एवं अर्चना करेंगे जबकि बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों ने कहा कि वे राम मंदिर के भूमि पूजन का जश्न मनाने के लिए दीया जलाएंगे।वाशिंगटन डीसी के और



आस-पास के भारतीय-अमेरिकियों ने कहा कि श्री राम मंदिर पर बड़े एलईडी प्रदर्शनी के साथ एक झांकी ट्रक मंगलवार रात को कैपिटल हिल और व्हाइट हाउस के चक्कर लगाएगा।यहां समुदाय के नेताओं की ओर से जारी बयान में कहा गया, विश्व भर के एक अरब हिंदुओं के लिए पवित्र स्थल पर ऐतिहासिक मंदिर निर्माण की शुरुआत के उपलक्ष्य में अयोध्या श्री राम मंदिर झांकी ट्रक अमेरिकी कैपिटल हिल के चक्कर लगाएगा। हिंदू मंदिर कार्यकारी सम्मेलन और हिंदू मंदिर पुजारी सम्मेलन ने इस समारोह का आनंद लेने के लिए पूरे अमेरिका में डिजिटल रूप से सामूहिक राष्ट्रीय प्रार्थना करने का भी आह्वान किया है।इसी तरह न्यूयॉर्क शहर में भी, हिंदू समुदाय के नेताओं ने ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने का फैसला किया है। प्रतिष्ठित टाइम्स स्कॉयर में विशाल होर्डिंग पर पांच अगस्त को भगवान राम की छवियां और अयोध्या के राम मंदिर के थ्री डी चित्र नजर आएंगे।

समुदाय के प्रमुख नेता एवं अमेरिका भारत जन मामला समिति के अध्यक्ष जगदीश सेवहानी ने कहा कि इस अवसर के लिए जिन प्रमुख होर्डिंग को लीज पर लिया गया है उनमें विशाल नैसडेक स्क्रीन और 15,000 वर्ग फीट का एलईडी डिसप्ले स्क्रीन शामिल है जिन्हें विश्व का सबड़े बड़ा लगातार चलने वाले बाहरी डिसप्ले माना जाता है।

## इजराइलः भारतीय दूतावास ने कोरोना पाबंदियों के बीच भारत के नागरिकों के लिए आवश्यक सहायता शुरू की

भाषा। बीरशेबा (इजराइल),

**इजराइल में** भारतीय दूतावास ने कोरोना वायरस महामारी के चलते लोगों की आवाजाही और एकत्र होने पर लगी पाबंदियों के बीच भारतीय समुदाय को आवश्यक दूतावास सेवाएं मुहैया करने के लिए उन तक पहुंचने की एक अनूठी पहल शुरू की है। भारतीय दूतावास के कर्मचारी सप्ताह में एक बार देश के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करते हैं, ताकि दूतावास सहायता चाह रहे भारतीयों और भारतीय मूल के इजराइलियों को फौरी जरूरत वाले दस्तावेजों के लिए समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इराजइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला ने कहा, कोविड-19 के मद्देनजर तिमाही लक्ष्यों को हासिल करने के लिए हमारे आंतरिक कार्य को बढ़ाने की खातिर नियमित दूतावास शिविर लगाए जा रहे हैं। हमें लगता है कि दूतावास सेवाएं उन लोगों के करीब और पूरे इजराइल में पहुंचाना बेहतर होगा, जिन्हें इस मुश्किल घड़ी में इसकी सख्त जरूरत है। उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास के कर्मचारियों ने पिछले दो हफ्तों में यरूशलम और बीरशेबा का दौरा किया है। कोविड-19 के मद्देनजर जारी सरकार के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए ए सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इन सेवाओं के प्रति भारतीय समुदाय में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और उनमें से कई ने इस व्यक्तिगत संपर्क की सराहना की है जो एक मजबूत संबंध महसूस कराता है। उल्लेखनीय है कि इजराइल में कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक 74,430 मामले सामने आए हैं जबकि इस महामारी से 546 लोगों की मौत हुई है।

## क्विक न्यूज

### 9/11 के हमले में क्षतिग्रस्त चर्च का निर्माण शुरू

**न्यूयॉर्क।** वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 11 सितंबर, 2001 में हुए हमले में क्षतिग्रस्त हुए चर्च के स्थान पर ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च का निर्माण का फिर कार्य शुरू हो गया है। वित्तीय बाधाओं की वजह से पिछले तीन साल से इस चर्च का निर्माण रुका हुआ था।अमेरिका में ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च के आर्चबिशप इलपीडोफोर्स ने निर्माणाधीन चर्च के गलियारे में खड़े होकर पवित्र जल का छिड़काव करते हुए वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मे सेंट निकोलस ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च और राष्ट्रीय तीर्थस्थल के निर्माण के लिए प्रार्थना की।उन्होने कहा, हमने ईश्वर की आवाज सुनी और हम इस चर्च का निर्माण कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह चर्च पहले वाले चर्च से भी ज्यादा भव्य होगा। इस चर्च की लागत 2013 मे 20 मिलियन डॉलर तय की गई थी जो कि अब बढ़कर 86 मिलियन डॉलर हो गई है।

### अमेरिका में भारतीय मूल की अनुसंधानकर्ता की हत्या

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में भारतीय मूल की एक अनुसंधानकर्ता की हत्या कर दी गई। घटना के वक्त वह जॉगिंग कर रही थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक शर्मिष्ठा सेन (43) टेक्सास के प्लानो शहर मे रहती थी। एक अगस्त को चिशोल्म ट्रेल पार्क के पास जॉगिंग करते समय उन पर अचानक से हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। डब्ल्यूएफएए डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार लीगेसी ड्राइव और मार्चमैन वे के पास क्रीक इलाके मे एक राहगीर ने उनके शव को देखा। फॉक्स4न्यूज की खबर के अनुसार शर्मिष्ठा फार्मासिस्ट और अनुसंधानकर्ता थी जो कैंसर रोगियो के लिए काम करती थी। उनके दो बेटे हैं। डल्लासन्यूज डॉट कॉम के अनुसार इस मामले मे एक संदिग्ध को लूटपाट के आरोपो मे गिरफ्तार कर लिया गया है।खबर के अनुसार उसकी पहचान 29 वर्षीय बकारी एबियोना मोनक्रीफ के तौर पर की गई है। फॉक्स4न्यूज डॉट कॉम की खबर के अनुसार एथलीट रही शर्मिष्ठा हर सुबह चिशोल्म ट्रेल मे दौड़ लगाती थी।

### पाक में कोरोना वायरस के 432 नए मामले सामने आएः मंत्रालय

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे पिछले 24 घंटे मे कोरोना वायरस के 432 नए मामले सामने आए जिसके बाद देश मे कुल संक्रमितों की तादाद 2,80,461 हो गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि इस अवधि मे 15 मरीजों ने जानलेवा संक्रमण के कारण दम तोड़ा। मंत्रालय ने एक बयान मे बताया, पाकिस्तान मे 432 नए मामले सामने आए है जिससे कुल मामलों की संख्या 2,80,461 हो गई है। अबतक 2,49,397 लोग बीमारी से पूरी तरह से ठीक हो गए है जबकि,013 मरीजो की हालत नाजुक है। सिंध में 121,705 मामले, पंजाब मे 93,336, खैबर-पख्तूनख्वा मे 34,253, इस्लामाबाद मे 15,095, बलोचिस्तान मे 11,777, गिलगित-बाल्तिस्तान मे 2,198 और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर मे 2,097 मामले दर्ज किए गए।मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे मे 10,690 नमूनों की जांच की गई और अब तक पूरे देश मे 2,031,955 नमूनो की जांच की जा चुकी है।

### चीन व हांगकांग में कोरोना वायरस संक्रमण के कुछ मामले

**बीजिंग।** चीन और हांगकांग मे मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के कुछ नए मामले सामने आए है और इसके साथ ही वायरस पर नियंत्रण के लिए नए एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। चीन मे संक्रमण के 36 नए मामले सामने आए है जबकि इससे एक दिन पहले यहां 43 मामले सामने आए थे। नए मामलो मे से शिनजियांग के उत्तर पश्चिम क्षेत्र मे 28 और लियोनिंग प्रांत मे दो मामले सामने आए है। वही छह मामले विदेश से आने वाले चीन के नागरिकों से जुड़े है। हालांकि संक्रमण से किसी भी व्यक्ति के मरने की खबर नही है। चीन मे इस खतरनाक वायरस से अब तक 4,634 लोगो की जान गई है और 84,634 लोग संक्रमित हो चुके है। वही हांगकांग मे पिछले 24 घंटे मे 78 नए मामले सामने आए है। करीब दो सप्ताह मे ऐसा हुआ है जब दहाई संख्या मे मामले सामने आए है। यहां सार्वजनिक स्थलो पर मास्क पहनने, रेस्त्रां के भीतर बैठकर खाना खाने पर रोक लगाने के साथ ही जांच बढ़ाने जैसे कदम उठाए गए है।

### सिंगापुर में कोविड-19 के 295 नए मरीज सामने आए

**सिंगापुर।** सिंगापुर मे मंगलवार को कोरोना वायरस से 295 और लोगो के संक्रमित होने की पुष्टि हुई, जिनमे अधिकतर प्रवासी कामगार है जो डॉर्मिट्री मे रहते है। इसके साथ ही सिंगापुर मे कुल कोविड-19 मरीजो की संख्या 53,346 हो गई है। नए संक्रमितो मे दो मरीज समुदायिक इलाके मे रहते है जबकि सात मामले ऐसे है जो विदेश मे संक्रमित हुए। शेष संक्रमित विदेशी कामगार है और भीड़भाड वाली डॉर्मिट्री मे रहते है जो यहां पर संक्रमण के केंद्र के रूप मे उभरे है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने दैनिक प्राथमिक जानकारी मे बताया कि दो समुदायिक स्तर के मामलो मे एक मरीज सिंगापुर का नगारिक है जबकि दूसरा कार्य पास (विदेशी) धारक है। मंत्रालय ने बताया कि जो सात आयातित मामले है उन्हे सिंगापुर आने के बाद घर मे ही पृथक रहने का निर्देश दिया गया था।

## 'अमेरिका कोविड-19 के खिलाफ बहुत अच्छा कर रहा है, भारत में जबर्दस्त समस्या'

भाषा। वाशिंगटन

**राष्ट्रपति डोनाल्ड** ट्रंप ने कहा कि बड़े देशों की तुलना में, अमेरिका कोविड-19 वैश्विक महामारी के खिलाफ बहुत अच्छा कर रहा है जबकि भारत इस बीमारी से लड़ने में जबर्दस्त समस्या का सामना कर रहा है और चीन में भी संक्रमण के मामलों में जबर्दस्त उछाल देखने को मिल रहा है।भारत में एक दिन में 52,050 मामले सामने आने के बाद देश में कोविड-19 के मरीजों की संख्या 18,55,745 हो गई। वहीं, चीन ने मंगलवार को देश में संक्रमण के 36 नए माामले सामने की जानकारी दी जो एक दिन पहले के 43 मामलों की तुलना में कम थे। देश में 29 जुलाई को तीन महीने में पहली बार कोविड-19 के 100 से अधिक मामले सामने आए थे जिसके बाद यहां संक्रमण के दूसरे दौर को लेकर भय उत्पन्न हो गया था।ट्रंप ने सोमवार को यहां प्रेस वार्ता में संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि हम बहुत अच्छा कर रहे हैं। मेरे विचार में हमने किसी भी राष्ट्र जितना अच्छा किया है। अगर आप सचमुच देखें कि क्या कुछ चल रहा है, खासकर इन नए मामलों के सामने आने और उन देशों के संबंध में, जिनके बारे में बात की जा रही थी कि उन्होंने इसे नियंत्रित कर लिया है। उन्होंने कहा कि बड़े देशों की तुलना में, अमेरिका कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में बहुत अच्छा कर रहा है।उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, यह न भूलें कि हम भारत और चीन के अलावा कई देशों से बहुत बड़े हैं। चीन में बड़े पैमाने पर संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। भारत में जबर्दस्त समस्या है। अन्य देशों में समस्याएं हैं। ट्रंप ने कहा, और मैंने ए सब शाम की खबरों में गौर किया है। किसी भी खबर में, मैं दूसरे देशों के बारे में नहीं पढ़ता हूं।



कोलंबो में अपनी पार्टी समर्थकों को चुनाव सामग्री देते पूर्व प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे

## टिकटॉक के बिक्री मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका को मिलना चाहिएः ट्रंप



व्हाइट हाउस में कैबिनेट बैठक के दौरान अपनी आदेशों को दिखाते ट्रंप

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने मांग की है कि लोकप्रिय चीनी ऐप टिकटॉक के बिक्री मुनाफे का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा है कि टिकटॉक 15 सितंबर तक या तो किसी अमेरिकी कंपनी को अपना कारोबार बेच दे या फिर अमेरिका में अपना कारोबार बंद कर दे।

अमेरिका में टिकटॉक को 15 सितंबर तक कारोबार समेटने की चेतावनी देने के कुछ घंटे बाद ट्रंप सोमवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट, टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस से इसका अमेरिकी कारोबार खरीदने के लिए बात कर रही है। हालांकि, राष्ट्रपति 100 प्रतिशत खरीद के पक्ष में हैं, न कि 30 प्रतिशत खरीद के पक्ष में जैसी अभी खबर आ रही है।

ट्रंप ने कहा, अमेरिका को उस कीमत का एक बहुत बड़ा हिस्सा मिलना चाहिए क्योंकि हम इसे संभव बना रहे हैं। हमारे बिना, जैसा आप जानते हैं, मैं कहता हूं कि यह मालिक और किराएदार जैसा है। और पट्टे के बिना किराएदार की कोई अहमियत नहीं होती। उन्होंने कहा, यह बड़ी सफलता प्राप्त करने के लिए हम इसे संभव बनाते हैं। टिकटॉक एक बड़ी सफलता है। लेकिन इसका एक बड़ा हिस्सा इस देश में होना चाहिए। यह बिक्री से आएगा, हां। संख्या कुछ भी हो, यह बिक्री से आएगी। इससे पहले, ट्रंप ने कहा कि अगर माइक्रोसॉफ्ट या कोई अन्य अमेरिकी कंपनी इसे नहीं खरीद पाती है तो टिकटॉक को 15 सितंबर को बंद कर दिया जाएगा। उचित सौदे पर काम करिए। राष्ट्रपति ने इस मामले पर माइक्रोसॉफ्ट के भारतीय मूल के सीईओ सत्य नडेला से भी बात की। माइक्रोसॉफ्ट ने रविवार को एक बयान में कहा कि नडेला और ट्रंप के बीच बातचीत के बाद कंपनी अमेरिका में टिकटॉक का कारोबार खरीदने की संभावना पर चर्चा जारी रखने को तैयार है। इसने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट खरीद की बात को आगे बढ़ाने के लिए टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस से बात कर रही है और इस चर्चा को किसी भी तरह 15 सितंबर तक पूरा कर लेगी।भारत द्वारा टिकटॉक सहित चीन के दर्जनों ऐप पर रोक लगाए जाने के बाद अमेरिका में भी राष्ट्रीय बहस शुरू हो गई है और चीनी ऐप के खिलाफ ऐसा ही कदम उठाए जाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। भारत ने जून में टिकटॉक, यूसी ब्राउजर सहित चीन के 59 ऐप पर रोक लगा दी थी और कहा था कि ए ऐप देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं। ट्रंप ने कहा कि टिकटॉक का अमेरिकी कारोबार अमेरिकी कंपनी द्वारा खरीदा जाना चाहिए क्योंकि हम सुरक्षा संबंधी कोई समस्या नहीं चाहते। राष्ट्रपति ने एक सवाल के जवाब में कहा, इसे (टिकटॉक के अमेरिकी कारोबार) खरीदने को लेकर माइक्रोसॉफ्ट ही नहीं, अन्य कंपनियों में भी उत्साह है।

## नेवेदा ने डाक मतदान का किया फैसला ट्रंप ने मुकदमा करने की ठानी

एपी। कार्सन सिटी

**नेवेदा के** गवर्नर स्टीव सिसोलक ने कोरोना वायरस के मद्देनजर नवम्बर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मतदाताओं को लंबी-लंबी कतारों से बचाने के लिए डाक से मतदान की व्यवस्था सुनश्चित करने को एक विधेयक पर सोमवार को हस्ताक्षर किए।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार इस कदम की आलोचना कर रहे हैं और उन्होंने इसे रोकने के लिए मुकदमा करने की धमकी भी दी है।डेमोक्रेट सिसोलक ने कहा, इस विधेयक के जरिए चुनाव अधिकारियों को इन अभूतपूर्व परिस्थितियों में सुलभ, सुरक्षित चुनाव कराने में मदद मिलेगी। नेवेदा के आलावा सात राज्य पहले ही कोरोना वायरस के मद्देनजर मतदाताओं को डाक मतपत्र भेजने की योजना बना चुके हैं। ट्रंप का दावा है कि डाक मतदान से चुनाव की अखंडता प्रभावित हो सकती है हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा होने की आशंका बहुत ही कम है।इसके तहत कोविड-19 महामारी के दौरान अमेरिकी नागरिक मतदान करने के लिए मतदान केंद्रों तक जाने और कतारों में लगने से बचने के लिए डाक से मतदान का विकल्प चुन सकते हैं।ट्रम्प ने हालांकि इस कदम की काफी आलोचना की है।व्हाइट हाउस में दोबारा पहुंचने की जद्दोजहद में लगे ट्रम्प ने दलील दी कि डाक से मतदान (मेल-इन वोटिंग) से चुनाव में गड़बड़ी हो सकती है।ट्रम्प ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि उन्होंने मंगलवार को नेवेदा के खिलाफ मुकदमा करने का फैसला किया है।उन्होंने डाक मतपत्र को अमेरिका के लिए एक बड़ी शर्मनाक बात करार दिया।

# ‘संगीत रचनात्मक कार्य है, इसमें कोई नियम नहीं चलते’

**संगीतकार भारत गोयल ने हाल ही में अपना एक गाना ‘कमली...’ रिलीज़ किया है। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना से एक विशेष बातचीत में उन्होंने पोर्टफोलियो के विविधतापूर्ण होने का कारण बताया। उन्होंने ये भी बताया कि संगीत में उनकी डिग्री से क्या उन्हें अपनी कॅरियर यात्रा में किसी प्रकार की सहायता मिली है?**

**❖ आपका नया गाना ‘कमली..’ किस बारे में है?**

इस गाने की अवधारणा, विचार, निर्माण तथा रिलीज़ लॉकडाउन के दौरान ही की गई थी। मैंने अपना एक यूट्यूब चैनल बनाया और फिर ‘बिलीव डिजिटल’ के साथ वितरण का समझौता किया। ये मेरा तीसरा गाना है। पहला गाना एक प्रार्थना जैसा था, दूसरा रोमांटिक और तीसरा गाना ये है ‘कमली’ ये नृत्य के लिए तैयार किया गया गाना है। इसके अलावा ये पहली बार है कि जब मैं निकिता गांधी के साथ काम कर रहा हूं। जबकि हम पहले अपने पारस्परिक मित्रों के साथ काम कर चुके थे।

**❖ लॉकडाउन के दौरान इस गाने को कंपोज़ करना कितना कठिन या सरल था?**

ये तो प्रोजेक्ट अर्थात गाने के प्रकार पर ही निर्भर करता है। गाना किसी कहानी पर आधारित है या वो फिल्म के लिए लिखा जा रहा है तो इसके लिए अनेक संगीतकारों की लाइव आवश्यकता होती है। इसे स्टूडियो में ही करना होता है और इसके बाद इसे रिकॉर्ड करना भी जरूरी हो जाता है। इसके लिए पूरी तैयारी की आवश्यकता होती है। लेकिन ऐसा करना लॉकडाउन में संभव नहीं होता। लेकिन कमली जैसे डांस नंबर के लिए डांस म्यूज़िक ही होना चाहिये और उसका निर्माण भी वैसा ही होना चाहिये। ये सॉटवेयर आधारित होता है। निकिता तो स्वयं ही निर्माता भी हैं और उसके पास रिकॉर्डिंग की व्यवस्था भी है। उसने गाना रिकॉर्ड करके मेरे पास वोकल्स भेज दिये और इस प्रकार हमारे बीच सहयोग सही ढंग से संपन्न हो गया।

**❖ आप किसी संगीत को कंपोज़ या बनाने में किन बातों का ध्यान रखते हैं?**

देखिये संगीत रचनात्मक क्षेत्र होता है। इसमें किसी प्रकार के नियम आदि नहीं होते। मेरे लिए संगीत अपनी भावनाओं के प्रकटीकरण का ही एक माध्यम है। जब मैं किसी गाने को प्रोड्यूस या कंपोज़ करता हूं तो मेरा एक ही उद्देश्य होता है कि जो भावना मैं गाने में पिरोने का प्रयास कर रहा हूं वो दर्शक इसे सुनते समय अनुभव करे। यदि मैं रोमांटिक गाना प्रस्तुत कर रहा हूं तो मैं चाहता हूं कि दर्शक भी गाने में उस रोमांस का अनुभव करे। संपूर्ण विचार ये है कि दर्शक हर तरह से गाने से जुड़ाव का अनुभव करे-उसके बोल, उसके स्वरों, निर्माण तथा संगीत आदि को आत्मसात करे।

**❖ श्रोता तो बहुत से होते हैं। आप सभी का ध्यान कैसे रख पाते हैं?**

हर व्यक्ति की रुचियां अलग होती हैं अत: आप सभी को संतुष्ट नहीं कर सकते। लेकिन हमारा प्रयास जितने अधिक से अधिक लोग संतुष्ट हो सकें, करना होता है। मेरी शक्ति ये है कि मैं विविधतापूर्ण स्टाइल्स तथा जॉनर्स कर चुका हूं। एक निर्माता होने के नाते ये एक महत्वपूर्ण गुण होता है कि हम बहुमुखी प्रतिभा के धनी बनें।

**❖ जब बात संगीत की आती है तो इसमें आपकी डिग्री का कितना महत्व रहता है?**

ये अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मेरे जीवन के सर्वश्रेष्ठ निर्णयों में संगीत का अध्ययन रहा है। इसके कारण ही मैं हर प्लेटफॉर्म पर संगीत निर्माण क्षेत्र की जटिलताओं के बारे में गहराई से जान सका। इसके लिए अत्यधिक कौशल और अनुभव की आवश्यकता होती है जिसका मुझे



सामना करना था।

**❖ आपका पोर्टफोलियो अत्यधिक विविधतापूर्ण है। क्या आपने सोच समझकर ही अपनी पहुंच को विस्तार दिया है?**

मैंने स्वयं को संयमित किया है। बहुमुखी प्रतिभा होने के कारण ही आप निर्माण, कंपोज़ तथा प्रयोग कर पाते हैं कंपोज़र के लिए कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए ये आवश्यक है। यदि मैं एक ही जॉनर तक सीमित होकर रह जाऊं तो अनेक दर्शकों से वंचित रह जाऊंगा जिन तक मैं वर्तमान में पहुंच रखता हूं। यूट्यूब पर अपना चैनल बनाने का विचार इसलिये था क्योंकि इसमें आप प्रयोग और कंपोज़ दोनों ही कर सकते हैं और नेट पर ट्रेंड सेट कर सकते हैं।

**❖ अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए किसी प्रकार के नए प्रयोग न करना कितना महत्वपूर्ण होता है?**

संगीत में आप किसी नियम में बंध कर नहीं रह सकते। लेकिन प्रयोग करने की भी एक सीमा होती है और इसका ध्यान रखा जाना चाहिये। इसका ध्यान बना रहे तो अच्छा रहता है।

**❖ तकनीक के प्रयोग के दौरान उसे अपग्रेड करते रहने का कितना महत्व होता है?**

दो साल पहले मैंने एक वर्चुअल स्टूडियो वातावरण में उपकरणों की वास्तविक ध्वनि को बनाना प्रारंभ किया। मैंने इसकी कोडिंग और सैंपलिंग भी की। परिणामत: आज मेरे पास सैंपल्स की एक लाइब्रेरी है। इससे मेरे पास साउंड संकलित हो गई और में लाभ की स्थिति में आ गया। आज केवल मेरे पास ही ये कोडिंग और सैंपल उपलब्ध हैं। आज मेरे पास जो तकनीकी ज्ञान है उसका वाणिज्यिक दोहन भी किया जा सकता है। मेरे पास जो उपकरण हैं वे सभी नवीनतम तकनीक पर आधारित हैं।

**❖ आप काम करने की प्रेरणा कहां से प्राप्त करते हैं?**

मैं 24गुणा7 संगीत में ही व्यस्त रहता हूं। रचनात्मक होने के लिए भी आपको पहले उपभोक्ता बनना पड़ता है ताकि आप जान सकें कि किस प्रकार का काम चल रहा है और किस प्रकार के काम की मांग है। मुझे दुनिया का हर तरह का संगीत सुनना पड़ता हैं मुझे बाहर चल रही कंटेंट के अनुसार स्वयं को अद्यतन रखना होता है। ऑन लाइन उपलब्ध रहना भी आज की आवश्यकता है।

**❖ क्या आप मानते हैं कि स्वतंत्र कलाकारों के लिए अधिक संभावनाएं हैं?**

स्वतंत्र कलाकारों के लिए ये सर्वश्रेष्ठ समय है। आजकल संगीत का उपभोग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अधिक होता है। यही कारण है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और नए प्रयोग करने का अवसर मिल जाता है।

**❖ आगे आपकी क्या योजनाएं हैं?**

मैं वर्तमान में अपने चौथे गाने पर फोकस कर रहा हूं। मैंने टी सीरीज़, टिप्स तथा टाइम्स म्यूज़िक कंपनी के साथ भी सहयोग करने का निर्णय किया है। मेरा एक गाना फिल्म चमन बहार में रिलीज़ हुआ है। मेरे पास फिल्मों के भी कुछ प्रोजेक्ट हैं साथ ही कुछ स्वतंत्र कार्य भी है।

## ट्रेंड बाजार

### इरफान को ‘डैड’ नाम से याद रखेंगी राधिका मदन

**लोकप्रिय** अभिनेता इरफान का निधन हुए तीन माह से अधिक हो चुका है। अभिनेत्री राधिका मदन ने उनके साथ उनकी अंतिम फिल्म में सहकलाकार के रूप में काम किया था। उनके साथ काम करने के संस्मरणों का ध्यान करते हुए उन्हें कई रोचक बातें याद आती हैं। फिल्म ‘अंग्रेजी मीडियम’ में उनके साथ सेट पर हुए अनुभव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि वो फिल्म में उन्हें पापा या डैड ही कह कर पुकारा करती थीं फिल्म में इरफान राधिका के पिता की भूमिका निभा रहे थे। राधिका ने बताया, ‘मैंने उन्हें कभी सर या कुछ और नहीं कहा, मैं तो उन्हें पापा या डैड कहकर ही पुकारा करती थी। वो केवल मुस्कुरा दिया करते थे। मुझे याद है कि जब मैं पहली बार उन्हें मिली और डैड कहा तो उन्होंने अजीब सा अनुभव करने के स्थान पर मुझे गले से लगा लिया। मैं उन्हें डैड के रूप में ही याद रखूंगी।’



### कहीं नहीं जा रही अदिति राव हैदरी



**अभिनेत्री** अदिति राव हैदरी का कहना है कि ‘मुझे अक्सर ये बताया जाता है कि अब मैं दक्षिण भारत में अपने कॅरियर पर ध्यान दे रही हूं और ये कि मैंने मुंबई को एक प्रकार से अलविदा कह दिया है। लेकिन मैं बता दूं कि मैं कहीं नहीं जा रही। मुझे स्क्रिप्ट और अवसर हर जगह ले जाते हैं यदि कहानी रोचक है तो मैं किसी फिल्म को मना क्यों करूं? मेरे अनुसार हम उस पीढ़ी के लोग हैं जो फिल्म में रोल की लंबाई के स्थान पर इसके तत्वपूर्ण होने को अधिक महत्व देते हैं।’

### ईशा गुप्ता ने कहा दयालु होना अच्छी बात



**बॉलिवुड** अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर कुछ ज्ञान की बातें साझा की हैं और बताया है कि दयालु होना एक श्रेष्ठ गुण होता है। ईशा ने इंस्टाग्राम पर अपना एक मोनोक्रोम चित्र पोस्ट करते हुए लिखा। इस चित्र में ईशा को एक स्वेटशर्ट पहने देखा जा सकता है जिसपर ‘कूल’ लिखा है। इस फोटो में उन्होंने आईलाइनर लगाया हुआ है और बाल खोल रखे हैं। नीचे एक कैप्शन में लिखा है, ‘दयालु होना अच्छा होता है।’

ईशा गुप्ता ने पिछले महीने ही बताया था कि कोविड-19 संबंधी लॉकडाउन के दौरान मानसिक रूप से वो बहुत अस्थिर रही थीं।

### सिंगर ब्रांडी आठ साल बाद लाईं नया एलबम

**हॉलिवुड** गायिका ब्रांडी ने बी7 नामक अपना नया एलबम जारी किया है और ये उन्होंने आठ साल बाद किया है।

15 गानों का ये एलबम ब्रांडी द्वारा सहलेखन और निर्माण से संभव हुआ है। इसमें उन्हें सहयोग दिया है चांस द रैपर, डैनियल सीज़र ने और साथ ही उनकी बेटी सियरे ने भी इसमें सहयोग दिया है।



उनके पूर्व के लेबल कैमिलियॉन इंटरटेन्मेंट के साथ पांच साल चली कानूनी लड़ाई के बाद ये संभव हुआ है। ब्रांडी ने रोलिंग स्टोन को बताया कि अब उन्हें रिकॉर्ड की रिलीज़ के लिए जरूरी स्वतंत्रता मिल चुकी है।

ब्रांडी ने बताया, ‘मैंने इस प्रोजेक्ट में सबकुछ दांव पर लगा दिया था। मेरे लिए ये स्वतंत्रता का एक गहन अनुभव था कि मैं अब अपने दिल की भीतरी आवाज के अनुसार जो चाहूं लिख सकती हूं। मैंने अपने दिल से कई बोझ भी इस दौरान उतार फेंके हैं। अब मैं संगीत से मुक्ति और मरहम का काम ले सकती हूं।’

# मुगले आजम का स्क्रीनप्ले ऑस्कर की लाइब्रेरी में पहुंचने के 60 साल पूरे

भाषा। लंदन




**भारतीय** सिनेमा की मशहूर कृति मुगले आजम का स्क्रीनप्ले हॉलीवुड में ऑस्कर की लाइब्रेरी को दिए जाने के 60 वर्ष इस सप्ताह पूरे हो रहे हैं।

फिल्म के निर्देशक के आसिफ के बेटे अकबर आसिफ ने फिल्म के स्क्रीनप्ले को ऑस्कर लाइब्रेरी को सौंप दिया था। अकबर लंदन में रहते और कारोबार करते हैं। अकबर ने कहा कि उन्होंने पृथ्वीराज कपूर, दिलीप कुमार और मधुबाला के अभिनय से सजी इस ऐतिहासिक फिल्म की वर्षगांठ के मौके पर एकेडमी अवार्ड्स को स्क्रीनप्ले दिया था। ऑस्कर की ऐतिहासिक मारग्रेट हैरिक लाइब्रेरी में स्क्रीनप्ले के तीन संस्करण उपलब्ध हैं जिनमें हिंदी (देवनागरी और रोमन में) तथा अंग्रेजी अनुवाद हैं।

आसिफ ने कहा, मुगले आजम की यात्रा हिंदी सिनेमा की अब तक की सबसे शानदार लेखक टीम के शब्दों से शुरू हुई थी और मैंने सोचा कि उन्हें सम्मान देने का सबसे अच्छा तरीका है कि उनके स्क्रीनप्ले को दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित फिल्म लाइब्रेरी में स्थाई रूप से सुरक्षित रखा जाए।

उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि भावी पीढ़ियां मेरे दिवंगत पिता और उनकी लेखकों की शानदार टीम के कामकाज से सीख सकती हैं और प्रेरणा ले सकती हैं।

मुगले आजम पांच अगस्त, 1960 को भारत के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई थी। उसका स्क्रीनप्ले तैयार करने वाली टीम में अमान, कमाल अमरोही, वजाहत मिर्जा, एहसान रिजवी और निर्देशक के आसिफ शामिल थे।

# सन राइज, मूथोन ने न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म महोत्सव में जीते पुरस्कार

भाषा। न्यूयॉर्क



**राष्ट्रीय** पुरस्कार से सम्मानित डॉक्यूमेंटरी सन राइज और गीतू मोहनदास निर्देशित मूथोन ने 20वें न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म महोत्सव में बड़े पुरस्कार जीते हैं। इस साल डिजिटल माध्यम से ही इस फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस फिल्म महोत्सव में भारतीय उपमहाद्वीप की 45 से अधिक फीचर, लघु डॉक्यूमेंटरी दिखाई गईं। डिजिटल महोत्सव की शुरुआत 24 जुलाई को हुई थी और यह 10 दिन तक चला।

इसमें असम, बंगाली, हरियाण्वी, हिंदी, अंग्रेजी, लद्दाखी, मैथिली, मलयालम, मराठी, नेपाली और तमिल भाषा की फिल्में दिखाई गईं। रविवार को पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया और इसमें फिल्म निर्माता, कलाकार तथा भारत और अमेरिका के कई अधिकारी मौजूद थे। सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंटरी (लघु) का पुरस्कार सौरव विष्णु निर्देशित टेलिंग पॉन्ड को दिया गया, जिसमें झारखंड के जादूगोड़ा के लोगों के स्वास्थ्य पर यूरेनियम खनन के प्रभाव को दिखाया गया है।

विभा बक्शी की सन राइज को सर्वश्रेष्ड डॉक्यूमेंटरी (फीचर) के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस फिल्म को 2019 में राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है।

एनवाईएफएफ ने इस फिल्म को हरियाणा में पितृसत्तात्मक समाज के बारे में एक मजबूत डॉक्यूमेंटरी बताया जिसमें कुछ लोग समाज को बदलने के लिए काम करते हैं। मूथोन को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसके निर्देशक मोहनदास ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। इसमें प्रेम और खोने की कहानी है। इसे लक्षद्वीप के शांत और सरस तटों से लेकर मुंबई की सड़कों पर भागमभाग भीड़ के बीच फिल्माया गया है। इस फिल्म का निर्माण भारतीय फिल्म निर्देशक और लेखक अनुराग कश्यप ने किया है। इसे पिछले साल टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाया गया था।

## गायिका जसलीन रोयल ने कोरोना वायरस संक्रमण को शिकस्त दी



**मुंबई।** गायिका एवं संगीतकार जसलीन रॉयल ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण की चेपट में आने और घर में पृथक-वास में रहने के बाद अब वह संक्रमण मुक्त हो गई हैं। जसलीन ने बताया कि उन्हें 17 जुलाई को लुधियाना से मुंबई जाना था और इस लिए उन्होंने अपनी जांच कराई थी और जांच में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद वह घर में पृथक-वास में थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मुझे हल्के लक्षण थे और मुझे घर पर रखा गया था।साथ ही सभी जरूरी एहतियात बरती गईं। कल फिर मैं जांच के लिए गई और मेरी रिपोर्ट ठीक आई है। खो गए हम कहां , नच दे ने सारे और लव यू जिंदगी जैसे गानों के लिए मशहूर जसलीन ने एक ऐसी सूची भी साझा की कि अगर कोई व्यक्ति संक्रमित हो जाता है जो उसे क्या करना चाहिए। उन्होंने लिखा, अगर आप कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आते हैं तो क्या करना है: अपने संपर्क में आए सभी लोगों को इसकी सूचना दें, अधिकारियों ने साथ सहयोग करें और घबराएं नहीं.....। उन्होंने लिखा, आने वाले दस दिन में या जितनी जल्दी मैं ठीक हो जाती हूं, मैं प्लाज्मा दान देने की योजना बना रही हूं और गो कोरोना गो के साथ इसे समाप्त करती हूं।

## रंगमंच के दिग्गज इब्राहिम अल्काजी ने दुनिया को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** रंगमंच की दिग्गज हस्ती और विख्यात शिक्षक इब्राहिम अल्काजी का मंगलवार दोपहर को निधन हो गया। वह 94 साल के थे। अल्काजी के बेटे ने बताया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। अल्काजी राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में सबसे लंबे समय तक निदेशक के पद पर रहे। उन्होंने गिरीश कर्नाड के तुगलक , धर्मवीर भारती के अंधायुग जैसे लोकप्रिय नाटकों का निर्माण किया। उन्होंने कलाकारों की कई पीढ़ियों को अभिनय की बारीकियां सिखाई। इन कलाकारों में नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी भी शामिल हैं। उनके बेटे फैसल अल्काजी ने बताया, एक जबरदस्त दिल के दौरे के बाद आज दो बजकर 45 मिनट पर पापा का निधन हो गया। उन्हें परसों एस्कोर्ट अस्पताल में भर्ती किया गया था।



## सुशांत की फिल्म देख भावुक हुए कार्तिक आर्यन

**सुशांत सिंह राजपूत** की अंतिम फिल्म देखना कार्तिक आर्यन के लिए सुखद अनुभव था। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने सुशांत की फिल्म दिल बेचारा पुन: देखी, विशेषकर वो दृश्य जिसमें सुशांत थे और जिसे वो कभी नहीं भूल सकते। इंस्टाग्राम पर कार्तिक ने उस सीन का वीडियो पोस्ट किया। उस सीन में सुशांत आंखों में आंसू भरे हुए इशारों से ओके कह रहे हैं। कार्तिक ने कहा, ‘दिल बेचारा का ये सीन बार बार देख रहा हूं।’ कार्तिक की पोस्ट देखते ही सुशांत के प्रशंसकों ने सुशांत को ढेरों प्यार प्रेषित किया।

## नसीर ने की थी टीवी पर प्रीमियर की भविष्यवाणी



अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने कहा है कि ‘मुझे विश्वास था कि ये एक दिन होगा ही। आगे उन्होंने कहा कि जब दूरदर्शन पर फिल्में नियमित दिखाई जाती थीं, तो मैंने सोचा था कि एक न एक दिन टीवी पर भी फिल्में प्रीमियर होंगी। महेश भट्ट की फिल्म ‘जनम’ टीवी पर प्रीमियर हुई थी और उसके बाद कई फिल्में टीवी पर प्रीमियर हुईं। ये सोचना मूर्खतापूर्ण है कि फिल्मी पैलेस यहां हमेशा रहने वाले हैं।

## आलिया को प्रिय हैं बिल्लियां



**अभिनेत्री** आलिया भट्ट को बिल्लियां प्रिय हैं। लॉकडाउन के दौरान वो बिल्लियों के पीछे ही पड़ी रहती हैं। हाल ही में इंस्टाग्राम पर उन्होंने अपनी एक काली बिल्ली की फोटो पोस्ट की जिसका नाम जुनीपर और एक सफेद बिल्ली जिसका नाम एडवर्ड था। उन्होंने इसका शीर्षक लिखा, ‘जब सबकुछ असफल हो जाए तो आप भी बिल्लियों से खेलो।’ उनकी इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कैमरामैन मानव मंगलानी ने लिखा, ‘अच्छी फोटोज़, तुम मेरी टीम में आ सकती हो।’ काम की बात करें तो आलिया को सड़क 2 में देखा जा सकेगा जो उनके पिता महेश भट्ट निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म 1991 की इसी नाम की फिल्म की सीक्वेल है।

## समानता के लिए आगे आए रेनॉल्ड्स



**हॉलिवुड** स्टार रेनॉल्ड्स ने उन फिल्म निर्माताओं के सहयोग के लिए एक नई पहल की घोषणा की है जो नए और उन समुदायों से हों जिनका प्रतिनिधित्व नहीं हो सका है।

रेनॉल्ड्स ने ट्विटर पर इस पहल के बारे में 2 मिनट के एक वीडियो के माध्यम से बताया। इस वीडियो में डेडपूल के इस स्टार ने स्वीकार किया कि उनके सहयोग के बावजूद फिल्म उद्योग में कुछ वर्ग हैं जिनका प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने लिखा, ‘फिल्म निर्माण एक सामूहिक कार्य है। लेकिन लंबे अरसे से इस समूह से अश्वेत नागरिकों तथा अन्य दरकिनार वर्गों को बाहर रखा जाता रहा है।’

रामराज बैठे त्रिलोका, हरषित भयऊ, गयऊ सब सोका...

# सीता नगरी में राम मंदिर की धूम

## दो साल पहले अयोध्या गया था मंदिर का मॉडल

संवाददाता। सीतापुर

**राममंदिर** के नींव पूजन को लेकर सीतापुर भी झूम रहा है। सीतापुर का मंदिर निर्माण के लिए हुए संघर्ष से गहरा नाता है। भाजपा नेता एलके आडवानी की अगुवाई में चले राममंदिर आंदोलन में जनपद के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया था। इसके बाद नवम्बर 2018 में धीरेंद्र शुक्ला मोनू, गोविंद सहाय गुप्ता, अनुराग रोशन, अभिमन्यु, आशीष शास्त्री, अम्बुज शुक्ला, पिंकू गुप्ता, राकेश सक्सेना, आकाश मिश्रा, शिवम भारद्वाज, सहज गुप्ता, स्व. गौतम गुप्ता, शरद तिवारी, अभिलाश मिश्रा, संकल्प सोनकर, विजय सेठ, अजय त्रिवेदी, रामफेरे कश्यप, अभय राठौर, राकेश जायसवाल, सचिन राठौर, सौरभ पांडेय, सागर जायसवाल, रत्नेश तिवारी, विनय मिश्रा, नरेश राजपूत, आनंद वर्मा, आकाश निषाद आदि राममंदिर मॉडल का निर्माण करवा था और जन आंदोलन खड़ा करने के लिए मॉडल के साथ यात्रा भी निकाली थी। इसके बाद मॉडल को अयोध्या के मंहत नृत्यगोपाल दास को सौंपा था। मंदिर निर्माण को लेकर आयोध्या में आयोजित कार्यशाला में भी सीतापुर का मॉडल रखा गया है।



सीतापुर-भेजा गया था यह मॉडल (फाइल फोटो)


लहरपुर सीतापुर दीप जलाते अभाविप कार्यकर्ता

## सड़कों के बाहर निकल कर न मनाएं जश्न

**अयोध्या** में राममंदिर नींवपूजन का दर्शन केवल घरों पर ही रह करें। घरों के बाहर निकलकर सड़कों पर कोई जश्न न करें। जिससे सौहार्द बिगड़े और कोविड की गाइडलाइन का उल्लंघन हो यह बातें लगातार पुलिस-प्रशासन द्वारा हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को समझाई जा रही है। मंगलवार को भी शहर कोतवाली में हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को बुलाया गया। जहां सीओ सिटी योगेंद्र सिंह, कोतवाल टीपी सिंह ने उक्त बातें कही। कुछ संगठन के पदाधिकारियों ने सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाने की मांग की। आजाद हिन्द भगत संगठन संस्थापक अभिमन्यू ने पायनियर को बताया कि वह कोविड का पालन करते हुए मुख्य चौराहों पर दीप प्रज्जवलन कर मिठाई बांटेंगे। जिस पर सीओ ने कहा कि कोविड नियमों का उल्लंघन हो ऐसा कोई भी कृत्य नहीं किया जाना है। घरों में ही दीप जला सकते है और रामचरित मानस का भी पाठ किया जा सकता है। यदि कोई उल्लंघन करता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।


सीतापुर-बैठक करते हिन्दू संगठनों के साथ सीओ योगेन्द्र सिंह

**अयोध्या में पहरेदारी कर रही सीतापुर पुलिसः** अयोध्या में नींव पूजन की सुरक्षा व्यवस्था में सीतापुर पुलिस की डियूटी भी लगाई गई है। जिले से चार क्षेत्राधिकारियों, 5 निरीक्षकों, 15 उपनिरीक्षकों समेत 65 सिपाही, 6 महिला सिपाही और 10 एलआईयू कर्मी अयोध्या भेजे जा चुके है। साथ ही जिले में भी उचित फोर्स तैनात किया गया है। मंगलवार को एसपी आरपी सिंह ने लखनऊ से सटे बार्डर के थाने अटरिया की सीमाओं पर भ्रमण कर वाहनों की चेकिंग भी की।

## क्विक न्यूज

### 12 घंटे बाद मिला अधेड़ का शव

**सीतापुर।** करीब 12 घंटे बाद बाढ़ के पानी से भरे नाले में डूबे थानागांव निवासी 50 वर्शीय मूलचंद्र का षव ग्रामीणों ने ढूंढ निकाला है। जो कि सोमवार को जानवर चराने गए थे और उनका पैर फिसलने से वह डूब गए थे। मूलचंद्र के षव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### चोरों को ड्राइवर ने पकड़ा

**सीतापुर।** चोरों को पुलिस की जगह अब ग्रामीण पकड़ने का काम कर रहे है। सिधौली के मनिकापुर समीप हाइवे पर स्थित युवराज ढाबे पर खड़े एक ट्रक से दो चोरों ने 5हजार रुपए और दो मोबाइल चोरी किए जिसे खाना खा रहे ड्राइवर राकेष ने देखा तो वह ढाबे के कर्मचारियों के साथ दौड़ा और एक चोर को पकड़ लिया। चोरी की पहचान मो. अफ्ताब निवासी अकोहरा सिधौली के रुप में हुई। अफ्ताब के पास से दो मोबाइल बरामद हुए। अफ्ताब ने बताया कि 5 हजार रुपए उसके फरार हुए साथी के पास हैं। मामले की तहरीर कोतवाली को दी गई है।

### आयोजित हुआ क्षमतावर्धन कार्यक्रम

**पहला सीतापुर।** पेस संस्थान लखनऊ द्वारा ब्लाक पहला के सभागार में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बेंगलुरु के वित्तीय सहायता से संचालित परियोजना के अंतर्गत चयनित 30 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान आशा कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पांच न्याय पंचायतों कबरा, शंकरपुर, रामपुरकला, बेहमा, पहला की 30 पंचायतों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षक थॉमस थॉमसन व राजविंदर कौर ने प्रतिभागियों को कोरोनावायरस से बचाव के बारे में बताया। इस दौरान प्रस्तुतीकरण व फिल्म शो आदि के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी पहला सुमनलता मिश्रा, बीना पांडे, हरिओम बाजपेई, अतुल, संतोष आदि मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने किया गांवों का भ्रमण

**सीतापुर।** बाढ़ पीड़ितों तक राहत पहुंचाने के लिए चलाई जा रही आई इण्डिया की मुहिम रंग लाने लगी है। सत्ताधारी व विपक्षी पार्टियों के नेता पीड़ितों को मदद पहुंचाने में सक्रिय हो गए हैं। पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू ने गोलोक कोडर, लोध पुरवा, रामलाल पुरवा, संतराम, बसंतापुर, हुसेनपुर खानी, शयमनागर व सुंदर नगर गांव काभ्रमण करके पीड़ितों को मदद उपलब्ध कराई। पूर्व विधायक हुसैनपुर खानी भी पहुंचे। यहां उन्होंने ज्ञानचंद को ढांढस बंधाया। बात रविवार को ज्ञनचंद का तीन वर्शीय बेटे की पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। पवन सिंह, सीताराम यादव, पारस नाथ निसाद, रामेंद्र पांडे, भानु सिंह, मिठाई लाल, विकास मौर्या, अंशुमान मौर्या, मुबारक अली, सफीक, दिन बन्धु यादव, महाराज दिन यादव, राजू सिंह आदि विधायक के साथ रहे।

### ग्रामीणों ने की पंचायत भवन बनवाने की मांग

**मिश्रिख सीतापुर।** मिश्रिख ब्लॉक के बेलहिया ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने पंचायतघर और शौचालय बेलहिया में ही बनवाने की मांग की है। इस मांग के समर्थन में ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया है। जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार, प्रहलाद, जगदीश, मायाराम, कल्लू आदि ने बातया कि प्रधान राजनीतिक लाभ लेने के लिए पंचयातघर व षौचालय टांडा गांव में बनवाने की कोषिष में लगे हैं। एसडीएम राजीव पाण्डेय ने बताया कि कानूनगो से प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

### कटान कर रही हैं क्षेत्र की नदियां

**सीतापुर।** सीतापुर के गांजरी क्षेत्र में बाढ़ व कटान की समस्याएं कम होने की नाम नहीं ले रही हैं। नदियों का जलस्तर घटने लगा है, लेकिन गांवों से पानी अभी नहीं पूरी तरह नहीं निकला है। महमूदाबाद, लहरपुर व बिसवां तहसील के करीब सवा सौ गांवों में पानी भरा है। इन गांवों के लोग नरकीय जीवन बिताने को मजबूर है। पानी भरने के चलते षौचालय ब्लाक हो गए हैं। खाद्यान्न भी भीग गया है। फसलें तबाह होने से पषुओं को चारा भी नहीं मिल रहा है। उधर सरकारी मषीनरी पीड़ितों को मदद पहुंचाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। ऐसे में पीड़ितों की समस्याएं और बढ़ती जा रही हैं। एसडीए गिरीष कुमार झा ने बताया कि प्रभावित सात ग्राम पंचायतों में एक हजार तिरपाल के साथ खाद्य सामग्री बांटी गई है वहीं तहसीलदार बिसवां राजकुमार गुप्त ने बताया कि प्रभावित गांवों में 11,00 तिरपाल बांटे गए हैं।

### चार अपराधियों से कुर्की की कार्रवाई, 6.2 लाख वसूले गए

**सीतापुर।** अपराधियों के मनोबल को चूर करने के लिए एसपी आरपी सिंह ने कुर्की की कार्रवाई को इस्तेमाल में लाना शुरु कर दिया है। लूट, गोवध, चोरी में गैंगस्टर घोशित किए गए 4 अपराधियों के घर कुर्की कर 6 लाख 20 हजार की संपत्ति को जब्त किया गया है। महमूदाबाद के जहीर, आलम और महोली के नरेंद्र से एक 40 हजार की 1-1 बाइकें और कमलापुर के छोटा का निर्माणाधीन मकान जब्त किया गया जिसकी कीमत 5 लाख रुपए है। एसपी के मुताबिक यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी।

### लश्करपुर में मिले बाघ के पगचिन्ह, खौफजदा ग्रामीण

**सीतापुर।** वन विभाग मिश्रिख क्षेत्र को बाघ की दहषत से छुटकारा नहीं दिला पा रहा है। ग्राम पंचायत लस्करपुर में बाघ के पदचिन्ह देखे जाने के चलते एक बार फिर क्षेत्र में दहशत फैल गई है। वन विभाग बाघ को पगड़ने की कोषिषों में लगा है, पिंजड़ा लगाया है। फारेस्टर एसएन शुक्ल ने ग्रामीणों को ऐतिहात बरतने की हिदायत दी है। उन्होंने बताया कि घर से अकेले निकलना खतरनाक हो सकता है। पूर्व प्रधान जयंत यादव ने बताया कि बाघ की आमद से ग्रामीण दहषतजदा हैं। बता दें विगत दिनों मिश्रिख क्षेत्र के बरेठी गांव में बाघ की आमद हुई थी। काम्बिंग के दौरान बाघ वनकर्मी अनिल कुमार घायल भी हो गए थे। बाघ गोमती नदी पार करके भाग गया था।

## घर पर रहकर ही जलाएं दीप


के.के. सिंह

**सीतापुर।** अयोध्या में राममन्दिर भूमि पूजन को लेकर सीतापुर कोतवाली में सीओ सिटी, कोतवाल ने हिन्दू सगठनो के साथ बैठक कर धारा 144 कोरोना सक्रमण को देखते हुए सभी से अनुरोध किया की राममंदिर बनने पर आप खुशी मनाये जरूर अपने घरो में ही रहकर दीपक जलाये। रामचरित्रमानस का पाठ करे लेकिन सड़को पर या मन्दिरो में भीड़ न लगाये न ही किसी प्रकार की नारे बाजी और अतीस बाजी न करने की बात कही। सख्त हिदायत देते हुए कहा कि ऐसा कोई कार्य न करे जिससे कानून व्यवस्था बिगड़े। हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी केके सिंह ने अपने सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों और जनता से अपील की है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अयोध्या में राम मन्दिर भूमि पूजन के चलते आप सभी खुशी मनाये अपने घरो में रहकर ही पूजा करे श्री राम चरित्र मानस का पाठ करे लेकिन ऐसा कोई भी कार्य न करे जिससे शौहर्द बिगड़े।

## 25 हजार का एक, 15 हजार के दो, इनामी धरे गए

**सीतापुर।** संदना पुलिस ने 15 हजार के दो और रेउसा पुलिस 25 हजार के एक ईनामिया अभियुक्त को गिरतार करने में सफलता प्राप्त की है। जिनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई होगी। संदना थानाध्यक्ष संजय पांडेय दरोगा अनिल तिवारी के मुताबिक श्यामू और आजाद निवासीगण कोरीगंज जिला खीरी को गिरतार किया जिस पर चोरी व हत्या के प्रयास के मुकदमें दर्ज है। रेउसा थानाध्यक्ष नोवेंद्र सिंह सिरोही ने संजय उर्फ संजू चौहान निवासी तंबौर को गिरतार किया जिस पर चोरी, नकबजनी और लूट के केस दर्ज है। अभियुक्तों को जेल भेजा गया है।

**दो टॉप टेन लिस्टेड धरे गएः** खैराबाद और मिश्रिख पुलिस ने टाप 10 लिस्टड़ अपराधियों को गिरतार करने में सफलता पाई है। थानाध्यक्ष खैराबाद अजय यादव ने बताया 3 किलो गांजे के साथ ठोकरपुरवा निवासी रिंकू पुत्र जीवन लोध दबोचा गया। वहीं मिश्रिख कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि जल्लाबाद तिराहे से छोटू निवासी संजराबाद को गिरतार किया गया। दोनों को जेल भेजा गया है।

## रोटरी क्लब ने बांटे बच्चों को मास्क

**सीतापुर।** कोरोना काल में रोटरी क्लब लगातार सामजिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए जनमानस को महामारी से बचाने के लिए प्रयासरत है। क्लब ने मंगलवार को षहर के आर्यकन्या इण्टर कॉलेज में बालिकाओं को मास्क उपलब्ध करवाए। क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीन गुप्ता व प्राचार्य डॉ. ज्ञानवती दीक्षित ने बालिकाओं को कोरोना से बचाव के लिए टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि संक्रमण से बचने के लिए दिन में कई बार हाथ धोना जरूरी है। कार्यक्रम में मोहित अग्रवाल व राजीव मेहरोत्रा के साथ ही विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

## अब कोषागार में पहुंचा कोरोना मिले 24 कोरोना के मामले

संवाददाता। सीतापुर



**पांच दिनों** के बाद कोरोनो ने कुछ राहत दी है। मंगलवार की सुबह आई रिपोर्ट में 24 नये केस मिले हैं। इसमें 11वीं वाहिनी पीएसी में 8, द्वितीय वाहिनी पीएसी व 27 वी वाहिनी पीएससी व सिधौली के बाड़ी में दो-दो और जिला कोषागार कार्यालय, बिसवां के 2, इसरौली मधवापुर, पक्का बाग व कुड़वा में एक-एक मरीज शामिल हैं। सीतापुर में कुछ गैरजनपदों के व्यक्तियों की जांच हुई थी, इनमें पांच की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बता दें अब तक 24 हजार 606 जांच हुई हैं, 22 हजार 473 रिपोर्ट निगेटिव और 636 पॉजिटिव आई हैं।

### महोली में मिठाई विक्रेता मिला पॉजिटिव

महोली में मिठाई दुकानदार के कोरोना पॉजिटिव मिलने हड़कम्प मच गया है। मिठाई की दुकानों को बंद कर दिया गया है। सीएचसी प्रभारी डॉ इमरान अली व खाद्य निरीक्षक पुलिस बल के साथ मिठाई की दुकानों पर पहुंचे और दुकाने बंद कराकर सबकी एंटीजेंट किट 25 लोगों की जांच कराई। इसमें एक दुकानदार पॉजिटिव निकला, उसे एलवन अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

### हॉटस्पाट से इन्हें मिला छुटकारा

मोहल्ला भार्गव कालोनी तहसील सदर, ग्राम नेकपुर तहसील महोली, मोहल्ला इस्माईलपुर तहसील सदर, मोहल्ला नरोत्तम नगर तहसील सिधौली, ग्राम मूड़ीखेरा तहसील सदर, ग्राम बरगदिया तहसील सिधौली, ग्राम सपाटपुर तहसील महोली, ग्राम महेवा तहसील महोली।

# भाइयों की कलाई पर सजी बहन के प्यार की राखी



सीतापुर-भाइयों को राखी बांधती बहन


सीतापुर-भाई को राखी बांधती बहन

**सीतापुर।** सीतापुर में रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनो ने भाई के माथे पर तिलक वंदन कर रक्षासूत्र बांधा। वहीं कोरोना संक्रमण के चलते कई भाईयों की कलाइयां सूनी रही। वीडियो कॉल के जरिए भाई-बहन ने बात कर बधाईयां दी।

## यषी ने हेलमेट गिफ्ट कर मनाया सु-रक्षाबंधन


सीतापुर-भाई हिमांषु को हेलमेट गिफ्ट करती बहन यषी

तरीनपुर निवासी यशी ने अपने भाई हिमांशू को राखी बांधने के बाद हेलमेट गिफ्ट करते हुए सुरक्षा बंधन मनाया। यशी ने बताया कि जिस तरह सड़क हादसे हो रहे है, ऐसे में भाई का सुरक्षित रहना जरूरी है, परिवहन विभाग की प्रेरणा से उन्होंनें अपने भाई को हेलमेट गिफ्ट किया है, जिससे वह सुरक्षित रहे।

## शारिब की कलाई पर सजी रूपाली की राखी



**सीतापुर** से हिन्दू मुस्लिम एकता की मुस्लिम भाई ने पेश की है। इनका यह कदम जहां हिन्दू मुस्लिम को एकता को बल देता है वहीं धर्म के नाम पर कट्टरपंथी फैलाने वालों को करार जबाव भी। इनका यह कदम इंसानियत को बढ़ाने वाला है। गदियाना मोहल्ले के निवासी सपा नेता शारिब खां ने रक्षाबंधन के मौके पर मोहल्ले की ही हिन्दू बहन रूपाली रस्तोगी से अपने हाथों पर राखी और माथे पर लंबी उम्र का टीका लगवाकर इंसानियत के बीच खड़ी धर्म की दीवार को चूर कर दिया। पिछले 19 साल से राखी बांध रही ये हिन्दू बहन अपने मुस्लिम भाई को अभी कुछ माह पहले बरेली से शादी हो गई है और इस बार कोविड-19 की वजह से कड़ी मशक्कत करके बरेली से सीतापुर अपने मुस्लिम भाई को राखी बांधने आईं।

## सिटी मजिस्ट्रेट ने एसडीएम को बांधी राखी


सीतापुर-एसडीएम अमित भट्ट को राखी बांधती सिटी मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा

सिटी मजि. ने एसडीएम को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। एसडीएम सदर अमित भट्ट नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा के आवास पहुंचे और राखी बांधी। एसडीएम ने बताया कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है।

# हर साल सजे कलाई, सलामत रहे मेरा भाई

## ● धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व





संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**भाई-बहन** के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से शांतिपूर्ण मनाया गया। भाइयों ने बहनों से कलाई पर रक्षा सूत्र बंधवाकर जीवनभर रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाइयों ने बहनों को आकर्षक उपहार भेंट किये तो वहीं बहनों ने भी भाइयों की लम्बी उम्र की कामना की। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शहर के बहनों ने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को रांखी बांधी।

गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसार, सावन माह की पूर्णिमा को रक्षाबंधन पर्व मनाने के पीछे प्राचीन घटनाएं जुड़ी है जिसमें दूसरे देशों से आये शासकों ने भारत की बहनों के साथ अत्याचार किये और उन्हें बलपूर्वक उठा ले जाते थे। इसी के साथ ब्राह्मणों का भी घोर अपमान होता था और उनकी हत्या कर दी जाती थी। जिसके चलते बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाईयों से जीवन भर रक्षा करने का संकल्प दिलाया तो वहीं ब्राम्हणों ने अपने यजमानों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर ब्राम्हणों की सुरक्षा का संकल्प यजमानों को दिलाया। जिसके बाद भाइयों ने बहनों की और यजमानों ने ब्राम्हणों की रक्षा करने का बीड़ा उठाया। मुगलशासक हुमायुं को रानी दुर्गावती ने राखी भेजकर भाई बनाया था और अपनी सहायता के लिए निवेदन किया था जिसके बाद हुमांयु ने अपनी सेना के साथ रानी दुर्गावती की सहायता कर भाई.बहन के प्रेम के इस अटूट प्यार के पर्व के महत्व को दुनिया को बताया था। इस प्रकार राखी बंधन से जुड़ी तमाम कहानियां है जो भाई बहन के प्रेम की प्रतीक है।

मैलानी संवाददाता के अनुसार, हर वर्ष की भांति इस बार भी रक्षा बंधन का त्यौहार बड़े ही सौहार्द व प्रेम पूर्वक मनाया गया। इसमें बहनों ने अपने भाइयों के मष्तिक पर तिलक लगाकर हाथ की कलाईयों पर राखी बांधकर मिष्ठान खिलाकर अपने भाइयों की दीर्घायु की ईश्वर से कामना की। नगर मैलानी में होने वाली बारिश में भी लोगों का आवागमन जारी रहा। लोगों जमकर मिठाइयां व राखियों की खरीददारी की। साथ ही कुछ दुकानदार व दुपहिया वाहन चालकों के बिना मास्क लगाए जाने पर जुर्माना भी वसूला सुबह से शाम तक बाजार गुलजार रहा। इस मौके पर महिलाओं ने रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा भी की। साथ ही कहीं-कहीं पर लोग सोशल डिस्टेन्स की धज्जियां उड़ाते नजर आये। इस मौके पर शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा।

ओयल संवाददाता के अनुसार, सम्पूर्ण जनपद की तरह ही कस्बा ओयल में भी भाई बहनों के प्यार का प्रतीक माने जाने वाला रक्षाबंधन का त्यौहार परम्परागत तरीके से प्यार और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। त्यौहार के कारण बाजारों में लोगों की भीड़ देखने को मिली और बाजार में उपस्थित लोगों ने जमकर मिठाइयां और राखी की खरीददारी की। इस पावन अवसर पर सभी बहनों-भाइयों के माथे पर तिलक व अक्षत लगा कर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर विभिन्न प्रकार के मिठाइयां खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। इसके साथ ही बहनों ने महामारी कोरोना के द्रष्टिगत भाइयों से अनावश्यक रुप सें घरों के बाहर न निकलने, मास्क व सेनेटाइजर के इस्तेमाल सहित सामाजिक दूरी बनाए रखने तथा अपनी व स्वयं की सुरक्षा का वचन लिया। इस अवसर पर सभी भाइयों की कलाइयां राखी से व बहनों के चहरे पर एक अलग ही खुशी देखने को मिली। इस मौके पर कस्बा ओयल पुलिस भी क्षेत्र में मुस्तैदी के साथ गस्त कर लोगों को मास्क, सेनेटाइजर व सामाजिक दूरी बनाते हुए खरीद्दारी करने की सलाह दी। वहीं जो लोगों नियमों की अन्देखी करते नजर आये उनके साथ सख्ती भी दिखाई गई। पुलिस द्वारा किये गये इस कार्य की लोगों ने प्रसंसा भी की। इसके बाद जनपद खीरी की सीमा पर रोडवेजबसों व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान चौकी इंचार्ज दिलीप प्रजापति, आरक्षीगण अंकुर तिवारी, मो. असलम व होमगार्ड अमित कुमार कटियार आदि मौजूद रहे।

## मंदिर निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**मोहम्मदी-खीरी।** 5 अगस्त को अयोध्या धाम में राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण हेतु होने वाले भूमि पूजन समारोह को लेकर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के आवाहन पर कार्यकर्ताओं ने विधानसभा क्षेत्र के 101 मंदिरों पर श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन प्रारंभ कर दिया। मोहम्मदी कस्बे में रामलीला मैदान में स्थित भाजपा कार्यालय पर भी रामचरितमानस पाठ का प्रारंभ हुआ। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह स्वयं मोहम्मदी के श्री हनुमान मंदिर सहित मंदिरों पर पहुंचे। मोहम्मदी नगर, राजापुर मंडल, बहादुर नगर मंडल, बरवर मंडल तथा पसगवां मंडल में 101 मंदिरों पर अखंड पाठ का आयोजन चल रहा है। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 5 अगस्त को प्रत्येक घर में दीपक जलाकर लोग भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करेंगे। इस दौरान विधायक के साथ नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## चार शातिर अपराधी गिरफ्तार



**मोहम्मदी-खीरी।** प्रभारी निरीक्षक पसगवां आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मोहम्मदी और मैगलगंज के थानों में अनेकों मुकदमों में वांछित तथा गैंगस्टर युक्त, चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए एक जगह योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम के साथ मैंने उन शातिर चोरों की घेराबंदी की जिसमें संजय, वीरपाल, रिंकू और गणेश गिरफ्तार किए गए हैं। इनके पास से नाजायज असलहा, चाकू और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इन लोगों पर अनेकों मुकदमे दर्ज हैं तथा गैंगेस्टर की कार्यवाही भी हो चुकी है। सभी को जेल भेजा जा रहा है। इस टीम में प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक आदर्श कुमार सिंह, एसआई गंगासागर, कांस्टेबल दयाराम कनौजिया, वीरपाल और रंजीत यादव प्रमुख है।

## तीन लोगों के कोरोना पॉजिटिव मिलने से मचा हड़कम्प

**सिंगाही-खीरी।** कस्बे में एक साथ तीन लोगों के पाजिटिव मिलने से हड़कंप मच गया है। इसके बाद पूरे इलाके की रैपिड जांच कराए जाने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार कस्बे के वार्ड नंबर नौ से एक महिला अपने दो बच्चों के साथ एक सप्ताह पूर्व बहराइच के मिहींपुरवा में अपनी रिश्तेदारी में किसी समारोह के लिए गयी थी। महिला के सिंगाही लौटने के बाद मिहींपुरवा के परिवार की कोरोना जांच हुई जिसमें 6 लोग पाजिटिव निकले। इसकी जानकारी कस्बे के लोगों को हो गई जिसके बाद उन्होंने प्रशासन को अवगत कराया। इस स्वास्थ्य विभाग की टीम मंगलवार को जांच करने पहुंची तो रैपिड जांच के दौरान महिला और उसके दोनों बच्चे पाजिटिव निकले। यह खबर फैलते की कस्बे में हड़कंप मच गया है। सिंगाही पीएचसी के डा. एमके शुक्ल ने बताया कि पूरे को हो क्वारंटाइन रहने को कहा है। जल्द ही बुधवार को पूरे मोहल्ले के साथ जो लोग इस परिवार के संपर्क में आए हैं उनकी भी जांच कराई जाएगी।

## आबकारी की छापेमारी में कच्ची शराब व उपकरण बरामद



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** तहसील गोला के आबकारी निरीक्षक आनंद सिंह अपनी टीम के साथ विभिन्न ग्रामों में धरपकड़ अभियान चलाकर कच्ची शराब को बरामद कर लहन को नष्ट कर शराब बनाने के उपकरण बरामद किया है। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह के निर्देश पर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत थाना गोला के ग्राम सहसपुर, पिपरिया और द्वारिकागंज में आबकारी टीम ने आकस्मिक छापेमारी कर 115 लीटर कच्ची शराब, लगभग 500 किलोग्राम लहन बरामद की हुई। शराब को कब्जे में लेकर लहन को मौके पर नष्ट करा दिया गया। 3 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मौके से गिरफ्तार किया है। आबकारी टीम में आबकारी निरीक्षक गोला आनंद विक्रम सिंह, आबकारी सिपाही विजय रामधनी व प्रीतम उपस्थित रहे।

## शाखा प्रबंधक कोरोना संक्रमित

**ओयल-खीरी।** ओयल कस्बे की स्टेट बैंक के शाखा प्रबन्धक कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं जिन्हें क्वारंटाइन कर दिया गया है। वहीं बैंक में कार्यरत अन्य कर्मचारियों को भी खुद को होम क्वारंटाइन रहे की सलाह दी गई है।

बैंक मैनेजर के कोरोना संक्रमित पाये जाने से कस्बा क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं पीएचसी प्रभारी डा. रवि अवस्थी ने बताया कि 5 अगस्त को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कैंप लगाकर कोरोना संबंधित जांचे 'एंटीजन व आरटीपीसीआर' विशेष टीम के द्वारा की जायेंगी। जनपद में इन दिनों कोरोना की रफ्तार लगातार बढ़ती ही जा रही है। अब तक कुल 543 पाजिटिव केस मिले हैं जिनमें 274 लोग पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर डिस्चार्ज कर दिए गए। वर्तमान में कुल 263 एक्टिव केस हैं। वहीं 6 लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है।

## पुलिस अधीक्षक ने चौकी और सीतापुर बार्डर का किया निरीक्षण

### ● शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने की बजाए घर पर सीधा प्रसारण देखने की अपील की



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस चौकी राजापुर व एलआरपी थाना कोतवाली सदर एवं रिपोर्टिंग पुलिस चौकी औयल थाना खीरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण चौकी परिसर का भ्रमण कर चौकी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को सैनिटाइजेशन, साफ-सफाई, अभिलेखों एवं शस्त्रों के सुरक्षित रखरखाव संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये एवं कोविड-19 के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों को स्वयं की सुरक्षा एवं ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतने एवं सजग रहने हेतु निर्देशित किया गया। चौकी पर स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पीएएस) को दुरुस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम 5 अगस्त के दृष्टिगत स्वयं राजापुर चौकी व सीतापुर बार्डर पर वाहन चेकिंग की। आने-जाने वालों से अपने घर पर रहकर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने एवं बिना आमंत्रण शिलान्यास कार्यक्रम स्थल पर न जाने का अपील की। चेकिंग में लगे पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे दौरान-ए-चेकिंग जलचम बैरियर लगाकर सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए सघन चेकिंग करने व उक्त कार्यक्रम में जाने वालों के आमंत्रण पत्र को चेक करें।

## क्विक न्यूज

### बीस लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग दो थानों की पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मलवां थाने के उपनिरीक्षक विवेक कुमार यादव आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर रूद्रपाल पुत्र शीतलू निवासी ग्राम अस्ता को पांच लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं एसआई विवेक कुमार यादव ने ही विमल उर्फ नवल पुत्र अर्जुन खटिक निवासी मोहनखेड़ा को पांच लीटर शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि जहानाबाद थाने के उपनिरीक्षक राकेश कुमार ने गश्त के दौरान केशन दास पुत्र माधव निवासी किल्ला को दस लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोचा। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

### करंट की चपेट में आकर संविदा कर्मी झुलसा

फतेहपुर। शहर क्षेत्र के आबूनगर पावर हाउस में मंगलवार की सुबह सब स्टेशन में 33 केवीए ट्रान्सफार्मर का फ्यूज जोड़ते समय हवाई करंट की चपेट में आ जाने से 35 वर्षीय एक संविदा कर्मी बुरी तरह झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत चिन्ताजनक देख कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली के ताम्बेश्वर मुहल्ला निवासी रूद्रपाल पुत्र राम कुमार आबूनगर पावर हाउस में संविदा कर्मी के पद पर कार्यरत है। आज सुबह लगभग दस बजे 33 केवीए ट्रान्सफार्मर उड़ जाने के कारण चलती बिजली आपूर्ति में लाइन जोड़ रहा था। तभी हवाई करंट की चपेट में आ जाने से गम्भीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया।

### युवक ने किया जान देने का प्रयास

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फुलवामऊ में मंगलवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते लगभग 40 वर्षीय एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत चिन्ताजनक बनी हुयी है। जानकारी के अनुसार फुलवामऊ गांव निवासी हरिश्चन्द्र पुत्र बंशी घरेलू कलह के चलते काफी दिनों से मानसिक तनाव में था। आज दोपहर उसने जान देने के इरादे से जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे आनन-फानन सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां वह जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

### शांति भंग में 13 निरूद्ध

**फतेहपुर।** जनपद के लगभग आधा दर्जन थानों की पुलिस ने क्षेत्र में आतंक व अशांति फैलाने वाले एक दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मलवां दो, हुसैनगंज एक, औंग पांच, जाफरगंज तीन तथा ललौली थानाध्यक्ष ने दो लोगों पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### पार्टी में अनुशासन होगा पहली प्राथमिकता: कनिष्क

**फतेहपुर।** जनकांग्रेस में जनसेवा व पार्टी के प्रति निष्ठा रखने वाले युवकों को तरजीह दी जायेगी। पार्टी में अनुशासन सबसे पहली प्राथमिकता है। संगठन में आज कार्य करने का सुनहला अवसर हर युवा को है क्योंकि हर कार्यकर्ता आज हाईकमान से जुड़ा है। किसी व्यक्ति का न होकर पार्टी का वफादार बनकर हर युवा काम करे। यह बात आज पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कनिष्क पांडेय ने कही। आज पहली बार युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के कांग्रेसियों से मुलाकात की। इससे पहले उनका स्वागत दिल्ली दरबार से लेकर शहर के तमाम इलाकों से होते हुये जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में किया गया। पूर्व विधायक अनिल सिंह के आवास पर भी उनका स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने बाद में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संगठन की चर्चा के लिये तमाम युवाओं से अलग अलग मुलाकात की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रतिभा को देख कर ही संगठन में पद दिया जायेगा। आज के कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अखिलेश पांडेय, शहर अध्यक्ष मोहसिन खान, प्रवक्ता सुधाकर अवस्थी, निवर्तमान युवक कांग्रेस अध्यक्ष राजन तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्र, महासचिव पंकज सिंह गौतम, जिला सचिव उदित अवस्थी, कोषाध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता, जिला सचिव अशोक दुबे, राजीव लोचन निषाद, आफताब आलम, आकाश शुक्ल, गगन प्रताप सिंह, रुद्र तिवारी, नवनीत तिवारी, प्रदेश सचिव मिस्बाह उल हक, मो0 आलम प्रदेश सचिव, निखित द्विवेदी, मनीष पटेल, भूपेंद्र बाजपेयी, सुजीत श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## पाँच अगस्त को दीपोत्सव मनाएगा वैश्य एकता परिषद

### ● युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं

संवाददाता। फतेहपुर

**अखिल भारतीय** वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि देश में रामराज के आगमन पर दीपोत्सव मनाया जाएगा। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णय अनुसार 5 अगस्त बुधवार को शाम 7 बजे प्रतिष्ठानों व आवासों में दीप जलाकर रामलला के आगमन की अगवानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि 5 अगस्त देश में राम राज्य के आगमन का प्रारंभ है। करोड़ों-करोड़ों हिंदुओं के आराध्य भगवान राम की जन्मभूमि भव्य मंदिर के निर्माण की प्रतीक्षा पूरे विश्व में हिंदू समाज को थी। 492 वर्ष के लंबे संघर्ष जिसमें राम जन्म की मुक्ति के लिए लाखों भक्तों के बलिदान से लेकर मंदिर निर्माण तक के संकल्प का प्रतिफल 5 अगस्त को मिलने जा रहा है। इसको लेकर वैश्य समाज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाएगा। युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। भारतीय संस्कृति एवं साहित्य में भगवान राम के बिना कोई कल्पना व्यर्थ है और कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णय अनुसार उक्त शुभ अवसर 5 अगस्त को वैश्य समाज अपने अपने परिवार व प्रतिष्ठानों पर शाम 7 बजे दीप जलाकर दीपोत्सव मनाएगा। इसके लिए वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से सभी को जागरूक किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि भूमि पूजन के अवसर के लिए जनमानस में काफी उत्साह है ऐसे पल को समाज को बड़े ही उत्साह के साथ मनाएंगे।

## परंपरागत ढंग से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



संवाददाता। फतेहपुर

**नगर व क्षेत्र** में भाई बहन का त्यौहार रक्षाबंधन बहुत ही हर्ष उल्लास तथा परंपरागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर मुंह मीठा कराया। वही राखी तथा मिठाई की दुकानों में भारी भीड़ देखने को मिली। रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर सोमवार की सुबह से ही लोगों में उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा था। जिले और तहसीलों में रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने अपने भाई के माथे पर तिलक कर राखी बांधी और मुंह मीठा भी कराया। दूसरी ओर शहर में राखी की दुकानों में भारी भीड़ देखी गई। बहने अपने भाईयों के लिए राखी खरीदती नजर आ रही थी, वही महिलाओं ने भाई को मिठाई खिलाने के लिए मिठाई भी खरीदी। जिसके चलते मिठाई की दुकानों में भी भारी भीड़ देखने को मिली। इसी प्रकार क्षेत्र के सभी स्थानों पर रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर हर्षोल्लास और खुशी का माहौल दिखाई दे रहा था। तमाम महिलाएं दूरदराज से निजी या विभिन्न साधनों से अपने भाइयों के पास पहुंची और उन्हें राखी बांधने का काम किया वहीं दूसरी ओर बहनों के न आने पर तमाम भाई भी अपनी बहनों के पास आए और राखी बंधवाने का काम किया। उधर खागा व बिन्दकी क्षेत्र में भी रक्षाबन्धन का त्यौहार बहुत ही हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया।

### आज 22 और लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव

**फतेहपुर।** जनपद में आज फिर कोरोना के संक्रमितो की संख्या में इजाफा होने से इस वैश्विक महामारी ने जनपद में अपना शिकंजा और कस लिया है। आज 22 और कोरोना संक्रमित मिलने से जहाँ लोगों में दहशत बढ़ी है। डीएम संजीव सिंह द्वारा देर शाम जारी विज्ञप्ति में आज पॉजीटिव पाए गए लोगों में कई फतेहपुर शहर क्षेत्र के हैं। इस तरह जनपद में कुल ऐक्टिव केस बढ़कर 234 हो गये हैं जबकि कुल संक्रमितो का आँकड़ा बढ़कर 575 हो गया हैं। राहत की बात यह है कि इस दौरान 329 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं। पिछले 24 घण्टे में कई सक्रंमित स्वस्थ हुये हैं।

## श्रीराम मंदिर का आधारशिला कार्यक्रम लाखों कार सेवकों को सच्ची श्रद्धांजलि: साध्वी

संवाददाता। फतेहपुर

जिले से सांसद/केंद्रीय राज्यमंत्री/ निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की तिथि 05 अगस्त देश में राम राज्य के आगमन का प्रारंभ है। उन्होंने कहा कि करोड़ों हिंदुओं के आराध्य भगवान श्रीराम की जन्मभूमि में भव्य मंदिर के निर्माण की प्रतीक्षा पूरे विश्व में हिंदू भाईयों को थी। उन्होंने कहा कि 492 वर्ष के लम्बे संघर्ष जिसमें राम जन्म भूमि की मुक्ति के लिये लाखों भक्तों के बलिदान से लेकर मंदिर निर्माण तक के संकल्प का प्रतिफल 05 अगस्त को मिलने जा रहा है।साध्वी ने कहा कि भगवान राम केवल हिंदुओं के ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की समस्त मानव जाति के लिए एक आदर्श समाज की स्थापना का आधार हैं। संपूर्ण विश्व में प्रेम, बंधुत्व, पराक्रम और समाज के सभी रूपों में आदर्श प्रस्तुत करते हुए उन मूल्यों को समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय प्रस्तुत करने वाले भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। भारतीय संस्कृति एवं साहित्य वांग्मय में भगवान राम के बिना कोई कल्पना ही व्यर्थ है। महामंडलेश्वर निरंजन ज्योति ने कहा कि मंदिर निर्माण का शिलान्यास उन लोगों के सवालों का सम्पूर्ण जवाब है जो व्यंग मारते रहे हैं कि तारीख नहीं बतायेगें, तो अब तारीख भी बता दिया है और भव्य मंदिर निर्माण भी होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर भाजपा के लिये राजनीति का नहीं राष्ट्र के सम्मान और समाज की आस्था का मामला रहा है। कहा कि अगस्त महीना क्रान्ति का महीना है, अगस्त क्रान्ति से लेकर पिछले वर्ष 05 अगस्त को ही कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति और अब 05 अगस्त को श्रीराम मंदिर निर्माण का शुभारंभ युगांतरकारी घटना सिद्ध है, जिसके साथ ही देश में रामराज्य के पुनरागमन का संदेश स्पष्ट है।

## संक्रामक रोगों से बचाव हेतु एण्टी लार्वा का छिड़काव

**फतेहपुर।** अमौली विकास खण्ड के मंगल पुर टकौली ग्राम में संक्रामक रोग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष संचारी एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मेडिकल कैम्प प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अमौली के निर्देशन में हुआ। जिसमें अमौली स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने मंगल पुर टकौली में 76 लोगों की कोविड-19 की जांच की गई तथा 3 लोगो की डेंगू का सैंपल लिया गया। आज पुनः एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया।

## घरेलू कलह से क्षुब्ध महिला ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे के शास्त्रीनगर मोहल्ले में सोमवार की रात घरेलू कलह व ससुरालीजनो की प्रताड़ना से आजिज होकर महिला ने जहर खा लिया। परिजन आनन फानन महिला को लेकर सदर अस्पताल गए। जहां हालात नाजुक होने पर डाक्टरों ने हैलट कानपुर रिफर किया लेकिन कानपुर जाते समय महिला की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बहुआ कस्बे के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी मृतका सुमन देवी पत्नी दिलीप कुमार उर्फ बबलू शुक्ला के साथ शादी करीब 11वर्ष पहले हुई थी। आये दिन महिला का पति बबलू शुक्ला व सास सरोज देवी, ससुर बाराती शुक्ला आये दिन महिला से लड़ाई झगड़े व विवाद करते थे। कल रक्षाबंधन के त्योहार में शाम को किसी बात को लेकर महिला व उसके परिजनों से विवाद हो गया। जिससे क्षुब्ध महिला सुमन देवी ने जहर खा लिया। परिजन उसे लेकर इलाज के लिए कानपुर जा रहे थे तभी इलाज को जाते समय रास्ते मे मृत्यु हो गयी।

## इंस्टाग्राम के जरिए बने दोस्त के पास जा रही नाबालिग लड़की को पुलिस ने पकड़ा

### ● चार लाख की नकदी व जेवरात बरामद

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**इंस्टाग्राम पर ब**ने दोस्त के लिए घर से सुल्तानपुर के लिए निकली नाबालिक लड़की को पुलिस ने बाराबंकी जनपद में चार लाख की नगदी व जेवर के साथ पकड़ लिया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अभी आरोपी युवक की तलाश कर रही है। रक्षाबंधन के दिन घर पर अपने घर से जेवर व नगदी लेकर निकली लड़की को पकड़ना पुलिस के लिए एक चुनौती बन गया था लेकिन पुलिस ने 10 घंटे के अंदर ही लड़की को नगदी व जेवर सहित बरामद कर लिया पुलिस को एक भारी सफलता मिली।

बताते चलें कि कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के जोनिहा कस्बे से सोमवार की भोर पर करीब 3:30 बजे एक नाबालिक लड़की इंस्टाग्राम के जरिए दोस्त बने सुल्तानपुर के रहने वाले आफताब के लिए घर से करीब चार लाख की नकदी व जेवर सहित लेकर निकल पड़ी थी। युवक ने इंस्टाग्राम के जरिए नाबालिक लड़की को प्रेम का प्रदर्शन कर शादी करने का झांसा दिया था। परिजनों की सुबह जब नींद खुली तो देखा लड़की घर में मौजूद नहीं थी, घर की नगदी व जेवर भी गए थे। यह देखते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई थी। परिजनों ने इसकी सूचना जोनिहा चौकी इंचार्ज राजेंद्र कुमार त्रिपाठी को दी थी। जिसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई। रक्षाबंधन के त्यौहार के दिन नाबालिक लड़की को जेवर नगदी सहित गायब हो जाना निश्चित रूप से पुलिस के लिए चुनौती बन गया था। जोनिहा चौकी इंचार्ज ने पूरे मामले की जानकारी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह को दी। जिसके बाद पुलिस ने सर्विलांस टीम व मुखबिर की मदद से नाबालिक लड़की की खोज जारी कर दिया। जोनिहा चौकी इंचार्ज राजेंद्र कुमार त्रिपाठी गायब हुई नाबालिग लड़की की बरामदगी के लिए रवाना हुए।

उन्होंने कानपुर, लखनऊ तक खोज करते हुए नाबालिग लड़की को जनपद बाराबंकी के थाना हैदर गढ़ के टोल नाका के समीप पकड़ लिया। नाबालिक लड़की उस समय बस में बैठी हुई थी और सुल्तानपुर जा रही थी। घर से निकलने के बाद पुलिस ने नाबालिग लड़की को 10 घंटे में ही जेवर व नकदी के साथ पकड़ लिया। जिससे पुलिस को एक बड़ी सफ्लता मिली। पुलिस नाबालिक लड़की को लेकर कोतवाली बिंदकी आई जहां पर नाबालिक लड़की के परिजनों को भी बुलाया गया। पुलिस की मौजूदगी में नाबालिक लड़की को परिजनों को सौंप दिया। बरामदगी टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह, जोनिहा चौकी इंचार्ज राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, कांस्टेबल अरुण कुमार, कांस्टेबल सोनू, कांस्टेबल बंटी मौजूद रहे। रक्षाबंधन के दिन नगदी व जेवर सहित करीब चार लाख की संपत्ति के साथ गायब हुई नाबालिग लड़की निश्चित रूप से पुलिस के लिए एक चुनौती बन गयी थी लेकिन पुलिस ने 10 घंटे के अंदर ही लड़की को नकदी व जेवर सहित सब कुशल पकड़ लिया। यह पुलिस की एक बड़ी सफ्लता मानी जा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि लड़की की गायब होने की जानकारी मिली तो तुरंत सभी लोग सक्रिय हो गए। सर्विलांस टीम तथा मुखबिर की मदद से लगातार नाबालिग लड़की का पीछा किया गया। जो बाराबंकी में मिली नाबालिग लड़की के पास से नकदी व जेवर भी बरामद कर लिया गया है।

# घर के अंदर धारदार हथियार से हत्या



संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**थाना** क्षेत्र के नटपुरवा गॉव में दलित युवक की घर के अन्दर धारदार हथियार से हमला कर नृशंस हत्या कर दी गयी। सूचना पर पहुॅची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मामले की जॉच पडताल के बाद शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। तनाव के चलते एएसपी, सीओ सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष सॅखवार उर्फ राजा(46) पुत्र मथुरा निवासी नटपुरवा तिंगाई रक्षाबन्धन के अवसर पर अपनी पत्नी को उसके मायके छोडने के बाद घर वापस आया था। सुबह उसके घर के पास बबूल के पेडों के पास ग्रामीणों अपने मवेशी बॉधने आये तो ऑगन में संतोष का लहुलुहान शव देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर एसओ विद्यासागर सिंह मौके पर तत्काल पहुॅचे तथा जॉच पडताल के बाद मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। एसओ की सूचना पर एएसपी अनूप कुमार तथा सीओ संदीप सिंह ने फॉरेसिंक टीम के साथ घटना स्थल से नमूने संग्रहीत किये। मृतक के छोटे भाई रामनरेश ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफहत्या करने की तहरीर पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष विद्यासागर सिंह ने बताया कि मामले की जॉच के बाद हत्यारोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। पुलिस ने मृतक के शरीर को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## अवैध सम्बन्धों के चलते हत्या की आशंका

**रूरा, कानपुर देहात।** घटना स्थल पर हत्या के साक्ष्य न मिलने से पूर्व नियोजित तरीके से घटना को अॅजाम दिया जाना प्रतीत होता है। मृतक की पहली पत्नी ने करीब 12 वर्ष पूर्व फॉसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के अपनी साली से प्रेमसम्बन्ध थे इसी के चलते उसकी पहली पत्नी ने जान दे दी थी। पहली पत्नी की मृत्यु के बाद उसने अपनी साली से दूसरी शादी कर ली। मृतक को पहली पत्नी से तीन सॅताने पुत्र के रूप में प्राप्त हुयी जिसमें पहले पुत्र की शादी हो चुकी है। मृतक को दूसरी पत्नी से दो पुत्रियॉ है। पहली शादी के पुत्र अपने ननिहाल में रहते है। मृतक घर के ऑगन में बिस्तर लगा कर लेटा था बिस्तर पर दो तकियॉ होने से मामला संदेहजनक लगता है क्योंकि मृतक घर में अकेला ही सो रहा था। कुछ फासले पर टेबिल फैन चल रहा था। धारदार हथियार कुल्हाडी से वार करने के बाद बिस्तर पर खून के कुछ छींटे पाये गये है। उसके बाद ऑगन में उसकी नृशॅस हत्या कर दी गयी। हत्यारा पहले से ही मृतक की हत्या का इरादा तय करके आया था इसलिये हत्या में प्रयुक्त हथियार न तो मौके से और न ही आसपास कहीं बरामद हुये है। ग्रामीणों ने बताया कि पहली पत्नी के जीवित रहते ही उसने अपनी साली को प्रेमजाल में फॅसा लिया था। तनाव के चलते ही पत्नी ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। दूसरी पत्नी व बच्चों को मायके छोडने के बाद वापस घर आना तथा बिस्तर पर दो तकियों के मिलने से तमाम तरीके के सॅदेह पैदा हो रहे है। फिलहाल पुलिस की जॉच में ही हत्या के मामले की परत खुलने की सॅभावना व्यक्त की जा रही है।

# कार और पिकअप की भिड़ंत, तीन घायल

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**सोमवार** शाम देर शाम हाई-वे पर कार और पिकअप की जबरदस्त भिडंत से लोगों का दिल दहला दिया। टक्कर इतनी तेज हुई की कार खड्ड में चली गयी। जैसे तैसे कार सबारों को लहुलहान हालत में बाहर निकाल कर उपचार हेतु भेजा। थाना अमृतपुर के ग्राम कनकापुर निवासी 26 वर्षीय धीरज पुत्र सत्यवीर के साथ ही करनपुर दत्त निवासी आकाश व उसका एक अन्य साथी गॉव से कार द्वारा फर्रुखाबाद जा रहे थे। उसी दौरान राजेपुर थाना क्षेत्र के इटावा बरेली हाई-वे पर जमापुर के निकट कार की सामने से आ रही पिकअप से भिंडत हो गयी। जिससे कार खड्ड में चली गयी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि काफी दूर गॉव में बैठे लोगों को आबाज सुनाई दी। मौके पर ग्रामीण एकत्रित हो गये। उन्होंने कार तीन दिनों घायलों को बाहर निकाला। जिसके बाद उन्हें लहुलुहान हालत में उपचार हेतु भेजा गया। थानाध्यक्ष जयंती प्रसाद गंगवार नें बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा ।

## नशेड़ी चालक ने ट्रैक्टर दुकान में घुसेड़ा

**नवाबगंज फर्रुखाबाद** । रोड पर गल्ला मंडी के सामने लखमीचंद गुप्ता की दुकान में अचानक ट्रैक्टर घुस जाने से बाहर खड़े साइकिल व मोटरसाइकिल में हुआ नुकसान । मोटरसाइकिल पर केवल राम पुत्र सोनेलाल निवासी रायपुर जो अपनी मोटरसाइकिल के पास खड़े थे अचानक ट्रैक्टर घुसने से चपेट में आ गए । ट्रैक्टर चालक विनीत कुमार जो कि शराब के नशे में धुत था । इस पर ट्रैक्टर मालिक राघवेंद्र शर्मा का कहना है कि विनीत बिना बताए घर से ट्रैक्टर ले आए थे । वही दुकानदार लखमीचंद कि दुकान के बाहर रखी टीन और ग्राहक मोटरसाइकिल व साइकिल में नुकसान होने के कारण लखमीचंद ने नवाबगंज थानध्यक्ष को फोन पर घटना की खबर दी । सूचना मिलते ही दरोगा नितिन यादव अपने दलबल के घटना स्थल पर पहुचे । उन्होंने ट्रैक्टर को अपने हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया ।

## मां को घर से निकालने पर तुले सौतेले पुत्र

**नबावगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम नादी वीरपुर निवासिनी सैबन बेगम पत्नी स्वण् हनीफ खां को उसके सौतेले पुत्र व रिश्तेदार घर से निकालने पर आमादा हैं और तरह.तरह से उत्पीड़न करके परेशान कर रहे हैं। इस बात की शिकायत सैबन बेगम ने पुलिस से की है। उन्होंने कहा है कि उनका सौतेला पुत्र तस्लीम खां पुत्र हनीफ खां उन्हें परेशान करता है। इसके अलावा जेठ का पुत्र हमीर खां भी परेशान कर रहा है। यह लोग घर के सामने खड़े नीम व बबूल के पेड़ में अपनी भैंसे बांध देते हैं। मना करने पर लड़ाई.झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। विगत दिवस थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इन लोगों को समझाकर वापस आ गई थी लेकिन जैसे ही पुलिस गई वैसे ही मेरा सौतेला पुत्र व भतीजा मुझे घर से निकालने पर आमादा हो गये।

# चोरों ने फर्नीचर की दुकान का शटर तोड़ उड़ाया हजारों का सामान

**इटावा, जसवंतनगर।** चोरों ने बीती रात स्टेशन रोड पर स्थित एक फर्नीचर की दुकान का शटर तोडकर घुसकर 60 हजार रुपये कीमत से ज्यादा का सामान साफकर दिया।

चोरों ने घटना को अंजाम देने के लिए दुकान के पिछबाड़े का शटर तोड़ा, उसके बाद भीतर के कई ताले तोड़े और बाद में भागने के लिए पीछे की खिड़की का ताला चटकाया। स्टेशन रोड पर नदी पुल और जैन मंदिर के मध्य लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा की फर्नीचर की दुकान है। रक्षाबन्धन के चलते दुकान कल भी नही खुली थी। चोर इन्वर्टर, दो बैटरियां, हैमर एवं कटर मशीनें, रिंचें, कलपुर्जे आदि चोरी कर ले गए।

दुकान में उन्होंने नगदी चुराने की लिए खोजबीन भी की। सुबह दुकान मालिक सत्येंद्र कुमार ने दुकान खोली, तो घटना की पता लगा। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

# घाटमपुर में मिले 13 कोरोना संक्रमित

## कुढ़नी में लगे स्वास्थ्य कैंप में हुई 122 की जांच में 10 की रिपोर्ट आयी पॉजिटिव



संवाददाता घाटमपुर

**क्षेत्र** में कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। बीते सोमवार और रबिवार की तरह आज भी 13 लोग पॉजिटिव निकले जिन्हे इलाज के लिये कोविड़-19 अस्पताल भेजा गया है, भीतरगांव सीएचसी के आधीन कुड़नी कस्बे में स्वास्थ्य बिभाग की टीम ने वहॉं के उच्य प्राथमिक स्कूल में कैम्प लगाया, भीतरगांव सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा0 अजय मौर्य ने बताया कि कैंम्प में 122 लोगों की जॉच हुई जिसमें 10 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है इसके अलावा सीएचसी गेट में भी 11 की जॉच स्वास्थ्य टीम ने की जिसमें 1 ब्यक्ति संक्रमित पाया गया है। कोरोना वायरस संक्रमित सभी 11 लोगों को इलाज के लिये कानपुर भेजा गया है। जबकि घाटमपुर सीएचसी में आज 57 लोगों की जॉच स्वास्थ्य बिभाग की टीम ने की जिसमें थाना सजेती क्षेत्र के गांव चितौली का एक ब्यक्ति पॉजिटिव पाया गया है। सोमवार को भी यहॉं 5 लोग संक्रमित मिले थे। क्षेत्र की तीसरी पीएचसी पतारा में भी आज 40 संदिग्द लोगों की जॉच की गयी चिकित्साधीक्षक डा0 नीरज सचान ने बताया कि जॉच में सभी निगेटिव पाये गये है।

## झींझक पश्चिमी सिरे की रेलवे लाइन 9 अगस्त तक रहेगी बन्द

**कानपुर देहात।** रेलवे फाटक संख्या 1-बी किलोमीटर 1081/01-03 झींझक रेलवे स्टेशन के परिश्चमी सिरे पर स्थित अप एवं डाउन लाइन में सडक यातायात हेतु दिनांक 07 अगस्त से 9 अगस्त 2020 तक सुबह 6 बजे से शाम 19 बजे तक मरम्मत कार्य के कारण गेट बन्द रहेगा।

# डेढ़ लाख के लिए की दोस्त की हत्या

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**बीते** दिनों गांव रमापुर जसू में हुए एक अंधे कत्ल के मामले में पुलिस ने मृतक के दोस्त को ही कत्ल के आरोप में गिरफ्तार किया है। खुलासे नें क्षेत्र में सनसनी फैला दी। पुलिस आरोपी के पास से तमंचा भी बरामद कर लिया।दरअसल बीते 31 जुलाई को रमापुर जसु निवासी सोमेंद्र कुमार की खेत में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सोमेन्द्र का किसी से भी विवाद नही था। जिस पर पुलिस भी सकते में थी की आखिर इसका खून कौन कर सकता है।परिजनों नें गॉंव के ही कैलाश पुत्र ऊधन सिंह, देवराज पुत्र केशराम पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना खुद थानाध्यक्ष आर के रावत कर रहे थे। पुलिस नें केस की तहकीकात शुरू की तो सारी सच्चाई सामने आ गयी। पुलिस ने अनुसार मृतक की गॉंव के ही अंकित पुत्र सुदेश चंद्र गहरी मित्रता थी। जिसके अमित गॉंव की ही एक युवती को भगा ले गया था। सोमेन्द्र नें समझाकर अमित को बुलाया और धोखे से लड़की उसके परिजनों को सौप दी। इसके साथ ही सोमेन्द्र नें डेढ़ लाख रूपये अमित को दिये थे। जिसका आये दिन सोमेन्द्र तगादा करता था।जिससे तंग आकर अमित नें अपने हाल में ही दुश्मन बने सोमेन्द्र की हत्या कि पटकथा लिख डाली। अमित ने खेत में गये सोमेन्द्र को पकड़ा जिससे उसके साथ पहले मारपीट हुई। वहीं बाद में उसने सोमेन्द्र के गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस नें आरोपी अमित को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष आर के रावत नें बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पास से तमंचा भी बरामद किया है।

# एसपी कैंप कार्यालय में कोरोना की दस्तक

## सर्विलांस सेल कर्मी समेत सात नये मरीज

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**वैश्विक** महामारी कोरोना संक्रमण के फैलते पांव के बीच आज जनपद में नये 7 मरीज और संक्रमित मिले हैं। जिसमें एसपी भवन स्थित कैंप कार्यालय के सर्विलांस सेल तक कोरोना ने दस्तक दे दी है। कम्प्यूटर ऑपरेटर कर्मी समेत शमसाबाद ब्लाक के मोहल्ला रावत टोला के 4 मरीजों के अलावा सीएचसी कंपिल में तैनात कर्मी और कायमगंज के पमरखिरिया के मरीजों समेत जनपद में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 559 पहुंच गई है। अब तक 373 मरीज सही हो चुके हैं जबकि एक्टिव केस अभी 174 हैं। कोरोना से जनपद में 1 दर्जन लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं।जनपद के जिला्धिकारी मानवेन्द्र सिंह ने कोरोना के बढ़ते कदमों पर चिन्ता जताते हुए आज फिर औचक निरीक्षण के जरिए कोविड.19 एल 1 समकक्ष हॉस्पिटल डॉ. अनार सिंह मेडिकल कालेज में छापामारी की। यहां इंचार्ज डॉ. से जानकारी के दौरान उन्हें वार्ड ब्यॉय अश्विनी व सफाई कर्मचारी राजेश अनुपस्थित मिले। डीएम ने दोनों कर्मियों का तत्काल एक दिन का वेतन और चेतावनी जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में पहुंच साफसफाई एवं भोजन गुणवत्ता की जानकारी ली। कहा कि किसी भी सूरत में संक्रमित मरीज के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दास्त नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि मरीजों को बेहतर व्यवस्थाओं से लैस रखा जाये। संक्रमित मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य से किसी भी सूरत में समझौता नहीं होगा। जिलाधिकारी ने साफकहा कि वह किसी भी वक्त औचक निरीक्षण करने पहुंच सकते हैं। यहां मरीजों ने बताया कि ऐसे जिलाधिकारी हर जिले में होने चाहिए जो अक्सर रात के 12 बजे भी उन लोगों से व्यवस्थाओं की जानकारी कराते रहते हैं।

# सैफई विश्वविद्यालय में विश्व के प्रथम एलोवैदिक औषधी आरएनबी के कोविड-19 मरीजों में सकारात्मक परिणाम

संवाददाता। इटावा, सैफई



**चिकित्सा** विश्वविद्यालय सैफई के कोविड-19 अस्पताल में भर्ती कोरोना संक्रमित मरीजों पर 'विश्व के प्रथम एलोवैदिक औषधी राज निर्वाण बटी (आरएनबी)' के सकारात्मक प्रभाव के वैज्ञानिक विशलेषण के लिए किये जा रहे 'रैन्डमाइजड् कन्ट्रोल्ड ट्रायल (आरसीटी)' का प्रयोग सफल रहा है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. राजकुमार ने प्रेस-वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि यह आरसीटी, जो कि साइन्टिफिक एविडेंस मेथोडोलॉजी में सर्वप्रथम माना जाता है। पिछले कई महीनों से विश्वविद्यालय में किये जा रहे वैज्ञानिक शोध कार्यों एवं ट्रायल्स का परिणाम है। प्रो. (डा.) राजकुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के कोविड-19 अस्पताल में विगत् दो महीनों में किये गये पॉयलट स्टडी एवं सिंगल आर्म क्लिनिकल ट्रायल में राज निर्वाण बटी (आरएनबी) के साधारण से गंभीर लक्षणों वाले कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज में सुरक्षित एवं प्रभावकारी होने की पुष्टि हुई है। इस महत्वपूर्ण ट्रायल का पंजीकरण क्लिनिकल ट्रायल रजिस्ट्री ऑफ इण्डिया (सीटीआरआई) में किया गया था और और विश्वविद्यायल के साइंटिफिक कमिटी, इथिकल कमिटी एवं सशक्त कोरोना कमिटी से भी अनुमोदन प्राप्त किया गया था। इस ट्रायल के सफल नतीजों पर तीन पब्लिकेशंस राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित "कोविडोलॉजी- साइंसेज, इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड मैनेजमेंट'' नामक पुस्तक में भी इसका पूर्ण विवरण उपलब्ध है। उक्त क्लिनिकल ट्रायल के उत्साहजनक परिणामों से प्रेरित होकर विश्वविद्यालय ने साइंटिफिक रिसर्च के प्रोटोकॉलों के क्रम में इस रेण्डमाइजड् कन्ट्रोल ट्रायल (आरसीटी) की शुरूआत की जो व्यापक रूप से सफल रहा है। इस आरसीटी का पंजीकरण भी क्लिनिकल ट्रायल रजिस्ट्री ऑफ इण्डिया (सीटीआरआई) में किया गया और विश्वविद्यायल के साइंटिफिक कमिटी, इथिकल कमिटी एवं सशक्त कोरोना कमिटी से अनुमोदन प्राप्त किया गया। यह ट्रायल समकालिक साइन्टिफिक रिसर्च के हर मापदण्डों के अनुपालन में क्रियान्वित किया गया। इस आरसीटी में कोविड-19 अस्पताल में भर्ती साधारण, मध्यम एवं गंभीर लक्षणों वाले कुल 60 कोविड-19 संक्रमित मरीजों को लिया गया जो 18 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के थे। इस ट्रायल में क्रिटिकल मरीजों को सम्मिलित नहीं किया गया क्योंकि वर्तमान में आरएनबी औषधी सिर्फ टेबलेट रूप में उपलब्ध है, इन्जेक्शन के रूप में नहीं। इन 60 मरीजों को दो स्टडी ग्रुपों में विभाजित किया गया। "आरएनबी इन्टरवेंशन ग्रुप'' के मरीजों को राज निर्वाण बटी (आरएनबी) दवा दी गयी तथा "प्लेसिबो कन्ट्रोल ग्रुप'' को आरएनबी नहीं दी गयी। इन दोनों स्टडी ग्रुपों के मरीजों को स्टैन्डर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल के अर्न्तगत हाइड्रोक्सी क्लोरोक्वीन, एण्टीबॉयटिक्स, एन्टीकोग्युलेन्ट्स, स्ट्रोयड तथा विटमिन्स इत्यादि भी दिये गये। इस प्रयोग की खास बात यह रही कि आरएनबी ग्रुप के 60 प्रतिशत मरीजों में कोमॉर्बिड कन्डिशन्स जैसे कि डायबिटिज, ब्लड प्रेशर, कोरोनरी हार्ट डिजिज, अस्थमा, कैंसर, हेड इंजरी भी थे। इसकी तुलना में प्लेसिबो ग्रुप में सिर्फ 23 प्रतिशत मरीजों में कोमॉर्बिड कन्डिशसन्स थे। इसके बावजूद आरएनबी ग्रुप के मरीजों के स्वास्थ्य में व्यापक सुधार देखने को मिला।

राज निर्वाण बटी (आरएनबी) पर विस्तार से चर्चा करते हुए विश्वविद्यायल के कुलपति ने बताया कि वर्तमान में आरएनबी में कुल 11 आयुर्वेदिक दवाओं के घटक हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि पूरे विश्व में कोरोना पर अभी किसी प्रकार की दवा इजाद नहीं हुई है। देश में कोविड-19 आने के साथ ही विश्वविद्यालय ने कोराना के सम्बन्ध में रिसर्च करना शुरू कर दिया। विश्वविद्यालय में कोविड-19 से सम्बन्धित 25 से अधिक शोध-पत्र जारी किये गये हैं तथा अधिकांश प्रकाशित भी हो गये हैं। इन शोध कार्यों में यह देखा गया कि कोरोना शरीर के किन-किन हिस्सों पर पहले अटैक करता है जिसकी वजह से कोविड मरीज की मृत्यु भी हो सकती है। इसके बाद प्राचीन चिकित्सा की उन दवाओं को छॉटा गया जो इन सिस्टम के लिए कारगर है। इसके पश्चात् इन प्राचीन दवाओं पर आधुनिक चिकित्सा में हुए शोधों को देखा गया। इस बात का विशेष ध्यान दिया गया कि कोरोना शरीर के किन भागों पर अटैक करता है, और प्राचीन चिकित्सा में कौन सी दवायें हैं जो इन जगहों को प्रोटेक्ट कर सकती हैं। इस महत्वपूर्ण रिसर्च के लिए विश्वविद्यायल द्वारा ज्ञानी आयुर्वेदाचार्य की मदद भी ली गयी। चूॅकि आरएनबी समकालिक आधुनिक मेडिसिन के सभी वैज्ञानिक मापदंडो पर किये गये टेस्ट एवं रिसर्च में सफल पाया गया है इसलिए इसे "एलोवैदिक'' औषधी की संज्ञा दी गयी है, जबकि इसमें आयुर्वेद के प्रमाणित घटकों का समिश्रण है।

प्रेस वार्ता में कुलपति प्रो. राजकुमार के अलावा प्रतिकुलपति डा. रमाकान्त यादव, संकायाध्यक्ष डा. आलोक कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डा. आदेश कुमार, कुलसचिव सुरेश चन्द्र शर्मा, अपर चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह, मीडिया प्रभारी डा. अमित सिंह, आरसीटी टीम के सदस्य जिसमें नोडल अधिकारी कोविड-19 डा. रमाकान्त रावत, डा. आईके शर्मा, डा. सुशील कुमार शुक्ला, डा. नरेश पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम का निरीक्षण, 15 लोगों ने कराई कोरोना जांच



संवाददाता। इटावा

**भरथना** के मोहल्ला ब्रजराज नगर में बीते दिन 70 बर्षीय रिटायर्ड कानूनगो को कोरोना संक्रमित रिपोर्ट आने के बाद मंगलवार को भरथना उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0 अमित दीक्षित के नेतृत्व में कोरोना वायरस जांच टीम ने कोरोना संक्रमित रिटायर्ड कानूनगो की हॉटस्पॉट सम्पूर्ण गली के निवासियों का कोरोना वायरस जांच की है। जिसका भरथना उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह ने मौके पर पहुँच स्थलीय निरीक्षण करते हुए यहाँ के वाशिंदों को जागरूक कर मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। कोरोना वायरस कैम्प की जानकारी देते हुए अधीक्षक डॉ0अमित दीक्षित ने उपजिलाधिकारी सिंह को बताया कि कैम्प में एक दर्जन से अधिक लोगों ने कोरोना वायरस की जांच कराई है। इस दौरान कोविड-19 भरथना प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह रामजी भदौरिया ने उपजिलाधिकारी सिंह को वार्ड की भौगोलिक स्थिति एवं वार्ड में कराए गए सैनिटाइजेशन साफ-सफाई के कार्य से अवगत कराया। उपजिलाधिकारी के निरीक्षण व कोरोना वायरस जांच कैम्प के दौरान भरथना नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी राम आसरे कमल ब्रजराज नगर के वार्ड सभासद शिवराम सिंह यादव,सभासद प्रतिनिधि सुशील पोरवाल,सफाई प्रभारी राजेंद्र कुमार, पालिका कर्मी पूरन सिंह चौहान, सफाई नायक बृजेश कुमार व एलम सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# हाई-वे के लुटेरों को शस्त्र सप्लाई करने में दो तस्कर गिरफ्तार



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**हाई-वे** पर ट्रक लूट की वारदात को अंजाम देनें वाले आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। अब पुलिस ने उनको हथियार सप्लाई करने वाले दो तस्करों को 11 अबैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप नें पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को बताया कि स्वाट टीम प्रभारी दिनेश गौतम व थाना शमसाबाद के फैजबाग चौकी इंचार्ज विनोद कुमार और उनकी पुलिस टीम के साथ ग्राम खुडना बैध चौराहे के निकट से दो तस्करों को दबोच लिया। जिन्होंने अपने नाम सीपेंद्र उर्फ सीपू पुत्र राकेश और पंकज चौहान पुत्र पूरन सिंह निवासी मैनपुरी बेबर जसमई बताया है। उनके पास से एक राइफल देशी 315 बोर, 8 देशी तमंचे 5 जिंदा कारतूस, 2 तमंचा देशी 12 बोर के बरामद हुए। एएसपी के अनुसार आरोपियों नें ही मोहम्मदाबाद क्षेत्र के हाई-वे पर ट्रक चालकों को लूटने वाले बदमाशों को हथियार सप्लाई किये थे। रमापुर जसू में हुए एक अंधे कत्ल के मामले में पुलिस ने मृतक के दोस्त को ही कत्ल के आरोप में गिरफ्तार किया है। खुलासे नें क्षेत्र में सनसनी फैला दी। पुलिस आरोपी के पास से तमंचा भी बरामद कर लिया।

## युवक की मौत

**नवाबगंज फर्रुखाबाद** । युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत नारायण सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी नगला मनी सिरौली का रहने वाला था । नारायण सिंह नशे का आदी था । रात में संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई । मौत की अधिक गरीब और कमजोर होने के कारण ग्राम प्रधान सत्येंद्र सिंह यादव एवं समस्त ग्राम वासियों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया ।

## व्यंग्यकार बिहारी लाल रजनीश का निधन, कवियों में शोक की लहर

**इटावा, भरथना।** कविताओं के माध्यम से व्यंग करने में महारथी व खरी खरी कहने वाले व्यंग्य के शीर्ष रचनाकारों में शुमार रजनीश जी के निधन की खबर सुनकर भरथना के रचनाकारों को स्तब्ध कर दिया है।

नगला मनी चलकर सम्पूर्ण हिन्दी जगत में अपने चुटकले व्यंग्य के लिए विख्यात बिहारी लाल रजनीश का भरथना से खास लगाव था। कई वर्षो तक उन्होंने यहाँ अध्यापन का कार्य भी किया। काव्य प्रेमियों को उनकीं अनगिनत रचनायें आज भी याद हैं। उनके निधन पर डा0ईश पाण्डेय,गजलकार अशोक यादव, कवि अनिल दीक्षित, महेश मंगल, प्रमोद तिवारी हंस, श्रीराम राही, अरविंद योगी, जिला पंचायत इटावा के पूर्व सदस्य मनोज यादव उर्फ बंटी ने बिहारी लाल रजनीश जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।भरथना के कवि महेश मंगल ने बताया कि उनकी स्मृति को जीवित रखने के लिए भरथना में प्रति वर्ष कार्यक्रम किया जायेगा।

# आम आदमी पार्टी सांसद ने योगी सरकार को घेरा

## कहा, प्रदेश में बढ़ रहीं अपराधिक घटनाएं

संवाददाता। कानपुर देहात



**भोगनीपुर** के चौरा में युवक की अपहरण के बाद हत्या के बाद उसके परिजनों से मिलने पहुॅचे आम आदमी पार्टी के महासचिव व राज्यसभा सॉसद सॅजय सिंह ने जनपद के वरिष्ठ आम आदमी पार्टी नेता आशुतोष पाण्डेय के साथ प्रेस वार्ता कर प्रदेश की योगी सरकार को कठघरे में खडा किया। राज्यसभा सॉसद ने बताया कि योगी सरकार अपराध व अपराधियों को पनाह दे रही है जिसके चलते ही बिकरू में कानून के रखवालों की ही जघन्य हत्या सरेआम कर दी जाती है कानपुर नगर के संजीत यादव व कानपुर देहात के ब्रजेश पाल अपहरण हत्याकाण्ड योगी सरकार के कानून व्यवस्था के मोर्चे पर फेल होने के साक्षात उदाहरण है। उन्होंने बताया कि जिस तरह से प्रदेश में घटनाये हो रही है उससे यह साबित होता है कि पुलिस नेता और अपराधी का गठजोड है जिससे सॅगठित गठजोड उत्तर प्रदेश में पनप रहा है। उन्नाव व गाजियाबाद में लोकतंत्र के चर्तुथ स्तम्भ की हत्या कर दी जाती है। प्रयागराजव कासगॅज एक परिवार के लोगों की हत्यायें योगी की कथनी व करनी में अन्तर बताती नजर आ रही है। ब्रजेश पाल हत्याकाण्ड में पुलिस से सिर्फलीपापोती की है हत्या में एक से अधिक लोगों के शामिल होने की आशॅका के विपरीत पुलिस ने एक हत्यारोपी को पकड कर अपनी कार्यप्रणाली के दर्शन करा दिये है। कोरोना के मामले में सॉसद ने कहा कि देश की सबसे आबादी वाले राज्य में प्रतिदिन 5 हजार मामले सामने आ रहे है जबकि टेस्टिंग की सॅख्या सीमित है वहीं दिल्ली में प्रत्येक 10 लाख में 46 हजार लोगों की टेस्टिंग की जा रही है। दिल्ली में रिकवरी रेट 90 प्रतिशत है दिल्ली सरकार ने प्लाज्मा बैंक, वेंटिलेटर व ऑक्सीजन बेड बनाकर भारी सॅख्या में लोगों को इस महामारी से निजात दिलाया है। कोरोना संक्रमण की गम्भीरता को केन्द्र व प्रदेश सरकार के समझना चाहिये। राममॅदिर ऑदोलन के पुराधाओं को शिलान्यास कार्यक्रम में आमंत्रित न कर तानाशाही का उदाहरण पेश किया गया है। कोरोना से अयोध्या में कई लोग संक्रमित हो रहे है ऐसी स्थित में शिलान्यास के कार्यक्रम को फिलहाल महामारी के दौर में टालना ही उचित था। आनन-फानन में भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम राम के मॅदिर का शिलान्यास न करके इसे उचित समय पर व्यवस्थित तरीके से किया जाना चाहिये।

# 21 हजार दीपों से जगमग होगी राम की तपोभूमि

## ● श्रीराम को अपना पूर्वज मानते वाले लोगों के लिए यह गौरव का क्षणः अभय महाजन

संवाददाता। चित्रकूट

**अयोध्या** में रामजन्मभूमि मंदिर के पांच अगस्त को हो रहे भूमि पूजन को लेकर भारत ही नहीं दुनिया भर के रामभक्तों में उत्साह चरम पर है। पांच अगस्त को प्रभु श्रीराम की कर्मभूमि एवं धर्म नगरी चित्रकूट के प्रत्येक परिवार में पांच-पांच दीपक जलाने का संकल्प तो लिया ही गया है। कामतानाथ प्राचीन मुखारविंद से लेकर पूरे परिक्रमा क्षेत्र में एवं रामघाट पर कम से कम 21 हजार दीपों की लड़ियों से चित्रकूट क्षेत्र को जगमग करने का फैसला मंगलवार



भगवान कामतानाथ।

को रामायणी कुटी में सम्पन्न हुई बैठक में लिया गया है। विभिन्न मठ मंदिरों में पांच अगस्त को दिन में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। अखंड रामायण का पाठ शुरू कर दिया गया है। सभी मठ-मंदिरों, संस्थाओं एवं प्रमुख स्थानों पर लाइटिंग भी लगाई गई है।

भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में जन्मभूमि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण को लेकर 5 अगस्त को होने जा रहे शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह है। नगर से लेकर गांवों तक घर-घर दीपक जलेंगे। श्रीरामचरित मानस में लंका विजय पर अयोध्या लौटने समय भगवान श्रीराम की अगवानी के लिए लोगों ने घर-घर दीप माला सजाकर स्वागत का बखान किया गया है ठीक उसी तरह चित्रकूट के सभी संत-महंतों, सामाजिक संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित नगर वासियों ने पांच अगस्त को एक और दीपावली का रूप देने के लिए घर-घर दीप जलाने की कमान थाम ली है, प्रत्येक घर में आटे से दीपक तैयार करने का आग्रह किया जा रहा है. इसे भव्य रूप देने के लिए लोगों की अलग अलग जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है.दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि पूरी दुनिया में जो भी लोग भगवान राम को अपना पूर्वज मानते हैं, उन सबके लिए यह गौरव का क्षण है, हम सब सौभाग्यशाली हैं।

# कोरोना संक्रमित जिले में बारह दिन से भ्रमण कर फैला रहा है वायरस

संबाददाता। हमीरपुर

**जिले में** कोरोना वायरस के आज दो मरीज और पाजटिव पाये गये है वही सुमेरपुर कस्वे का 12 दिन पहले कोरोना पाजटिव मरीज अपना मोवाइल बंद कर जिले में घूम रहा है, सीएमओ ने आज हार थक कर पुलिस को सूचना दी है।

जानकारी के मुताबिक जिले में कांट्रेक्ट ट्रेंसिग मरीजों की संख्या छह बतायी गयी है जिनका कई दिनों से अता पता नही है हालाकि स्वास्थ्य विभाग ने फ्लिहाल एक पाजटिव संक्रमित का खुलासा किया है, सीएमओ डा आरके सचान ने बताया कि सुमेरपुर कस्वा निवासी तीस वर्षीय सोहित पुत्र रामप्रकाश जिसने 26 जुलाई को कोरोना परीक्षण में पाजटिव पाया गया था जैसे ही उसको पता चला कि वह संक्रमित है तभी उसने आनन फ्नन अपना मोवाइल बंद कर दिया, परिवारीजनों का कहना है कि उसके बारे में कोई जानकारी नही है बारह दिनों से बाहर रहकर लोगो मे कोरोना वायरस का बितरण कर रहा है।

जिससे सेहत मोहकमा विशेष चिंतित देखा जा रहा है फ्रार मरीजों के बारे मे जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग पर कई मर्तवा नाराजगी जाहिर की थी तब कही आज स्वास्थ्य विभाग ने पुलिस अधीक्षक को कड़ा पत्र लिखकर संक्रमित मरीज को खोजबीन करने को कहा है, हालाकि जिलाधिकारी डा ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने संक्रमित फ्रार मरीज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने को कहा है इधर कई मरीज जो इधर उधर घूम रहे है वे कहा है इसको लेकर तरह तरह की कयास लगाये जा रहे है। वही आज मौदहा व राठ में छह कोरोना मरीज और पाजटिव पाये गये है जिससे मरीजो की संख्या बढ़कर 345 हो गयी है वही मरीजो की संख्या लगातार बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग चिंतित दिखायी दे रहा है।

# सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक घायल

संवाददाता। राठ

**सड़क दुर्घटना** में आधा दर्जन से अधिक लोगघायल हो गये है। जिन्हे इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राठ में भर्ती करा दिया है। जरिया क्षेत्र के ग्राम छिबौली निवासी अजय (20) पुत्र हरनारायण, कुर्रा गांव निवासी मनोज कुमार (35) पुत्र मईयादीन, मध्य प्रदेश के छतरपुर निवासी राजेश (45) पुत्र रामप्रकाश, मनोज (40) पुत्र लालाराम, थाना राठ क्षेत्र के ग्राम कुर्रा निवासी आरती (40) पत्नी मूलचन्द्र, मझगवां थाना क्षेत्र के ग्राम झिन्नावीरा निवासी मोहन बाई (30) पत्नी मुन्नालाल, राठ थाने के ग्राम बदनपुरा अक्षय (18) पुत्र भानसिंह, लिधौरा गांव निवासी शिवपति (50) पुत्र घनश्याम एवं सरीला तहसील के भैसांय निवासी रामराज (42) पुत्र विश्वनाथ सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गये है।

## क्विक न्यूज

### किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**राठ।** एक किसान ने अपने खेत पर बनी मढ़ैयां में गमछे से फांसी लगा ली आत्महत्या कर ली है। सुबह लोगों ने किसान को फांसी पर लटका देखकर तत्काल किसान के परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मुस्करा निवासी राहुल कुमार अहिरवार ने बताया कि किसान श्यामसुंदर (55) पुत्र बैजनाथ अहिरवार लगभग 30 बीघा खेती का मालिक था। इस वर्ष उसने खेत में तिल और मूंग व उर्द की फसल की थी। मृतक किसान श्यामसुंदर के तीन पुत्र पवन, रवि और राहुल है। उसके पिता लगभग पांच वर्षो से खेत में ही रह रहे थे। सोमवार की रात किसान श्यामसुन्दर ने खेत में बनी मढ़ैया में गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह खेतों में मौजूद लोगों ने किसान को फांसी पर लटका देखा तो तत्काल किसान के परिजनों को सूचना दी। उसके पिता कल्पतरू व कल्पवट कंपनी में बीमा एजेंट भी थे। उनके पिता ने गांव के दर्जनों लोगों के बीमा किये थे। बीमा कंपनी के भाग जाने पर उनके पिता को गांव के लोग परेशान करने लगे थे और रुपये न देने पर लोग उनके पिता को धमकियां देते थे। परेशान होकर उनके पिता ने आत्महत्या कर ली। पत्नी कौशिल्या सोमवार को वह अपने मायके खरेला भाईयों को राखी बांधने के लिये गई हुई थी।

### अवैध रायफल के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**बांदा।** हत्या समेत कई मुकदमों में जेल जा चुके शातिर आरोपित व उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से अवैध राइफल व तमंचा के साथ कारतूसें बरामद हुई हैं। दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर जनपद में शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का अभियान चल रहा है। इसमें रविवार रात एक टीम में पैलानी थाना प्रभारी बलजीत सिंह व दूसरी टीम में खप्टिहा चौकी इंचार्ज एसआइ नरेंद्र सिंह एसआइ शिवाजी मौर्य हमराहियों के साथ अपराधियों को पकड़ने के लिए सक्रिय थे। चौकी इंचार्ज व उनकी टीम ग्राम अलोना मार्ग में बरगद के पेड़ के पास पहुंची तो अवैध असलहे लिए दो आरोपित गांव के मुन्ना सिंह व प्यारेलाल भागने लगे। इस पर चौकी इंचार्ज की टीम ने दोनों आरोपितों को दौड़ा कर पकड़ लिया। एएसपी महेंद्र प्रताप सिंह व सीओ सदर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि प्यारेलाल के पास अवैध देसी रायफल तीन कारतूस व शातिर अपराधी मुन्ना सिंह के पास अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपित मुन्ना के विरुद्ध पहले से दो हत्याओं समेत आठ मुकदमे दर्ज हैं। उसे हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। उसकी हिस्ट्रीशीट तैयार की जा रही है।

### दबंग ने पड़ोसी युवक को पीटा

**राठ।** नगर के मुहल्ला फरसौलियाना में पालतू कुत्ते को पत्थर मारने पर युवक को पड़ोसी दबंग ने जमकर मारा पीटा। युवक ने घटना की तहरीर थाना राठ में दे दी है। नई बस्ती फरसौलियाना निवासी साबिर पुत्र बसीर ने बताया कि बीते सोमवार की शाम करीब 9:30 बजे वह अपने घर जा रहा था। तभी पड़ोस के एक पालतू कुत्ता ने उसे काटने का प्रयास किया। तभी युवक ने अपने बचाव के लिये उसे पत्थर मार दिया तो कुत्ता मालिक वहां आया और गाली गलौज करने लगा। जब युवक ने गालियां देने का विरोध किया तो दबंग ने उसे लाठी डण्डों से जमकर मारा पीटा। पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल परीक्षण के भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला के साथ बलात्कार, पुलिस ने डांट कर भगाया

**हमीरपुर।** जरिया क्षेत्र के सरीला कस्वे में बीती रात घर में घुसकर महिला के साथ दबंगों ने बलात्कार किया मगर पुलिस ने कार्यवाही करने के बजाय उसे डाट कर भगा दिया है। कस्वे की पीड़ित महिला ने उच्चाधिकारियों को बताया कि बीती रात जब वह घर में अकेली थी तभी कस्वा निवासी अखिलेश व नरेंद्र उसके घर में घुस आये और तमंचा की नोक पर बलात्कार किया और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले,पीड़ित महिला का कहना है कि जब वह थाने गयी पुलिस ने उसे डाट कर भगा दिया, जिससे बलात्कारी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे है वही पुलिस महिला पर राजीनामा का दबाव बना रही है।

### करंट लगने से बिजली मैकेनिक की मौत

**सुमेरपुर।** कस्बा सुमेरपुर के गुरगुज मुहल्ले में सोमवार की रात को लाइट ठीक करते समय करेंट लग जाने से विद्युत मैकेनिक की मौके पर ही मौत हो गई ष्ट्युवक की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मुशीर पुत्र मुनीर खां 45 वर्ष सोमवार की रात को अपने घर की लाइट खराब हो जाने पर उसे ठीक कर रहा था ष्ट्र तभी कहीं से अरथिंग मिल जाने से वह करेंट की चपेट में आकर जकड़ गया तो मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के तीन मासूम बच्चे व पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है।

### कलह में युवक ने लगाई फांसी

**हमीरपुर ।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पुराना बेतवा घाट मोहल्ले में घरेलू विवाद के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्वजनों ने जब युवक को फांसी के फंदे में लटकता देखा तो आनन फानन उसे फंदे से उतारा और कोई वाहन न मिलने पर ठिलिया से उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजन पुनरू युवक के शव को ठिलिया में ही लेकर वापस घर आए और उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पुराना बेतवा घाट निवासी 26 वर्षीय देवीप्रसाद का मंगलवार को घर में ही किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिस देवीप्रसाद ने सूना घर पाकर फांसी लगा ली। वहीं मोहल्ले के लोगों ने बताया कि कोई भी साधन नहीं मिला तो मजबूरी में उसे ठिलिया से अस्पताल ले जाना पड़ा था।

### कुँवरपुरा में बिधुत करंट लगने से भैस की मौत

**कोंच(जालौन)।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुँवरपुरा निवासी दशरथ पुत्र देवीदीन की दुधारू भैंस मंगलवार को दोपहर के समय गांव के बाहर रखे ट्रांसफार्मर के समीप चारा चर रही थी तभी प्रवाहित करंट की चपेट में आकर भैंस की मौके पर ही मौत हो गयी।वहीं घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और लिखापढ़ी पूरी की।पीड़ित दशरथ ने राहत राशि दिलाये जाने की मांग की है।

### महिला की हत्या कर शव काली नदी में फेंका

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** युवती द्वारा प्रेम विवाह करने से नाराज चल रहे पिता एवं उसके ताऊ ने युवती की हत्या कर शव को काली नदी में फेंक दिया। पुलिस ने युवती के पिता एवं ताऊ को हिरासत में लेने के उपरांत गोताखोर लगाकर काली नदी में युवती के शव की खोजबीन शुरू कर दी। क्षेत्र के ग्राम रोरा निवासी 24 वर्षीय दीपा रक्षाबंधन के पर्व पर अपने घर आई थी। लेकिन उसे क्या पता था प्रेम विवाह करने से उसके परिजन इस कदर नाराज हो जाएंगे कि उसकी हत्या कर देंगे। उसने 25 दिन पूर्व गांव के ही सन्नू जाटव के साथ घर छोड़कर अपनी दुनिया बसा ली थी। विगत दिन पूर्व उसका पति जेल में निरुद्ध है और वह ननिहाल में रह रही थी। रक्षाबंधन के पर्व में अपने घर आई थी। प्रेम विवाह करने से नाराज उसके पिता सर्वेश कुमार जाटव एवं उसके ताऊ कमलेश कुमार जाटव ने उसकी हत्या कर शव को काली नदी में फेंक दिया। हत्या के मामले की सूचना किसी के द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। जिस पर कोतवाली पुलिस ने युवती के पिता व ताऊ को हिरासत में लेकर गोताखोर द्वारा सब की खोजबीन शुरू कर दी है।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**राठ।** टेबिल फैन में उतरे विद्युत करंट की चपेट में आकर एक महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। महिला की मौत से उसके परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना



पोस्टमार्टम में मौजूद मृतका के परिवारजन

जरिया क्षेत्र के पवई गांव निवासी महिपाल सिंह ने बताया कि उसकी 45 वर्षीय पत्नी खूबसूरती बीते सोमवार की रात करीब 11 बजे खाना खाकर अपने कमरे में सोने के चली गई थी। तभी पलंग के पास रखे टेबिल फैन में सोत समय उसका हाथ फैन से स्पर्श हो गया और वह विद्युत करंट की चपेट में आ गयी जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। मंगलवार की सुबह जब उसका पति महिपाल छत से नीचे कमरें में पहुंचा तो उसकी पत्नी का हाथ टेबिल फैन में चिपका हुआ था और उसकी मौत हो गयी थी। उसका पुत्र मनीष थाना राठ क्षेत्र के ग्राम सरसई में अपनी बहन रूबी के यहां राखी बंधवाने के लिये गया था। कमरे में उसकी पत्नी अकेली थी और वह छत पर सो रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। महिला की मौत से उसके बच्चों व पति का रो रोकर बुरा हाल है।

# अधीक्षक का स्थानान्तरण कराये जाने को लेकर भाजाईयों ने राठ विधायक को सौंपा ज्ञापन

**राठ।** सीएचसी राठ में अधीक्षक के पद में तैनात डा. आर के कटियार के हिटलरशाही रवैये से अस्पताल में फैली अराजकता को देखकर मंगलवार को भाजपा नगर कार्यकारणी ने राठ विधायक को ज्ञापन सौंपते हुये अधीक्षक का स्थानांतरण कराये जाने की मांग की है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक के पद पर तैनात डॉ. आर के कटियार अपने हिटलरशाही रवैये के चलते मरीजों व तीमारदारों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। जिसके चलते अस्पताल में स्वास्थ्य सेवायें एकदम बदहाल हो गयी हैं। अस्पताल में अच्छी सेवायें दे रहे चिकित्सकों का उनके अधीनस्थ एक कर्मचारी से ही उनका उत्पीड़न कराया जा रहा है। जिससे प्रदेश सरकार की खासी किरकिरी हो रही है। भाजपाईयों में जमकर आक्रोश व्याप्त है। राठ विधायक ने डीएम व सीएमओ से बातकर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# अधिकारी मुख्यमंत्री की साख पर बट्टा लगाने में जुटे

## ● बगैर देखे ही मनमर्जी से आख्या लगा करते शिकायत का समाधान

**जालौन ( उरई )।** आईजीआरएस पर की गई शिकायतों का निस्तारण बिना देखे ही कर दिया जाता है। एक ही शिकायत पर बिना देखे मनमर्जी से आख्या लगाकर उसका निस्तारण विकास खंड में तैनात सहायक विकास अधिकारी कर देते हैं। ऐसी शिकायतों का निस्तारण देखकर लगता है कि स्थानीय अधिकारी मुख्यमंत्री की शाख पर बट्टा लगाने में लगे हैं।

प्रदेश में भ्रष्टाचार व अधिकारियों की मनमर्जी पर अंकुश लगाने के वादे के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दिशा में काम भी किया। लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल की शुरूआत की गई। जिससे लोगों को लगा कि जो स्थानीय अधिकारी उनकी बात नहीं सुनते हैं। उक्त पोर्टल पर शिकायत करने के बाद मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आएगा और अधिकारी अपनी मनमर्जी से नहीं बल्कि गुण दोष और निष्पक्षता के आधार पर शिकायत का निस्तारण करेंगे। लेकिन इस प्रणाली में भी अधिकारियों ने पेंच ढूंढ लिया। हुआ यह कि बड़े अधिकारियों द्वारा शिकायत को निचले अधिकारियों पर टाल दिया जाता है। इसमें हास्यास्पद तो यह है कि जिसके बारे में शिकायत की जाती है अधिकांश मामलों में जांच उन्हीं अधिकारियों को मिल जाती है। ऐसे में शिकायत का निस्तारण कितना गुणवत्तापूर्ण होगा इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अब तो हाल यह है कि शिकायत को बिना देखे ही अधिकारी मनमर्जी से ऑफिस में बैठकर ही उसका निस्तारण कर देते हैं। ताजा मामला विकास खंड कार्यालय में तैनात सहायक विकास अधिकारी (पंचा.) का है। तो मुख्यमंत्री के मंसूबों पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। विकास खंड के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने आईजीआरएस शिकायत संख्या 40016520000368 पर अन्ना जानवरों की समस्या के निदान के लिए गांव में स्थाई गौशाला खुलवाने की मांग की थी। इस शिकायत के पहले निस्तारण में सहायक विकास अधिकारी ने शासनादेश के सापेक्ष गांव में पशुओं की संख्या कम होने का हवाला देकर स्थाई गौशाला के निर्माण में असमर्थता जताते हुए शिकायत का निस्तारण किया था। वहीं, इसी शिकायत का दूसरा निस्तारण सहायक विकास अधिकारी ने बिना शिकायत पढ़े ही कर दिया। शिकायत गौशाला बनवाने के लिए की गई थी जबकि निस्तारण में उन्होंने लिखा कि गांव में हैंडपंप चालू हालत में है। ऐसे अधिकारियों से मुख्यमंत्री और आम जनता क्या अपेक्षा कर सकती है।

# सावन के आखिरी दिन झूमकर बरसे बदरा

**बांदा।** सावन माह ने जाते.जाते जमकर बारिश की। पूरे माह सूखे की स्थिति रही और महज 65 मिमी बारिश हुई। आखिरी दिन 56 मिमी बारिश ने शहर को पानी.पानी कर दिया। गलियों से लेकर सड़कों तक पानी भर गया। लोगों को कीचड़युक्त रास्ते से गुजरना पड़ा। कृषि विभाग के मुताबिक सावन (जुलाई) में जनपद में औसतन 400 मिमी बारिश होनी चाहिए। इसके सापेक्ष जुलाई में आधी बारिश भी नहीं हुई। पहली से 31 जुलाई तक सूखे जैसे हालात रहे। लेकिन जाते.जाते सावन ने सूखे की आशंका से परेशान किसानों को खुश कर दिया। रविवार को पूरे दिन जबरदस्त गर्मी रही। सोमवार को रक्षाबंधन पर सुबह चार बजे से रिमझिम फुहारें गिरने लगीं। करीब आठ बजे तेज बारिश शुरू हो गई। एक घंटे जमकर पानी बरसा। इससे तापमान घटकर 32 पहुंच गया। वहीं रात का पारा 24 पर पहुंच गया। केंद्रीय जल आयोग में मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को जनपद में कुल 56 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

# बसों में 60 फीसद महिला सवारियों ने किया सफर

संवाददाता। बांदा

**परिवहन निगम** की ओर से रक्षाबंधन में महिलाओं को निश्शुल्क यात्रा का लाभ दिया गया। इससे बसों में पुरुषों की अपेक्षा महिला सवारियां ज्यादा रहीं। उन्हें परिचालक ने शून्य किराए का टिकट यात्रा के समय दिया। किराया फ्री यात्रा करने से महिलाएं खुश दिखाई दीं। शासन ने रक्षाबंधन में महिलाओं के लिए बसों में 24 घंटे फ्री यात्रा की छूट दी थी। पर्व को लेकर 16 अतिरिक्त बसें भी चलाई गईं थीं। इससे सोमवार को रोडवेज डिपो से 60 प्रतिशत महिला यात्रियों ने सफर किया। पुरुषों की संख्या महिलाओं के हिसाब से 20 प्रतिशत कम रही है। बस में बैठाने के पहले यात्रियों को सैनिटाइज किया गया। दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक यात्रियों की संख्या बसों में ठीक रही। इसके बाद बसों में सवारियां कम रही हैं। एआरएम परमानंद ने बताया यात्रियों के हिसाब से बसों रोड में निकाला गया है। किसी भी यात्री को साधन की दिक्कत नहीं हुई है।

## पर्व को लेकर शहर में रहा अलर्ट चली चेकिंग

शासन के निर्देश पर रक्षाबंधन पर जनपद के अंदर अलर्ट रहा। पुलिस टीमें पूरे सयम गश्त करती रहीं। इसके अलावा डॉग स्क्वाड ने प्रमुख चौराहों बाजार रोडवेज धार्मिक स्थलों व स्टेशन आदि में जांच किया। हर जगह पुलिस सक्रिय दिखाई पड़ी। बिना मास्क घूमने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। शहर में सीओ सिटी आलोक मिश्रा व कोतवाली प्रभारी आदि पूरे समय भ्रमण करते रहे हैं।

# तपोभूमि चित्रकूट के कामदगिरि प्रमुख द्वार में शुरू हुआ अखंड रामचरित मानस का पाठ

**चित्रकूट।** भगवान राम की जन्म स्थली अयोध्या में भव्य मन्दिर निर्माण के भूमिपूजन (शिलान्यास) कार्यक्रम को लेकर उनकी तपोभूमि चित्रकूट में इस ऐतिहासिक घड़ी को लेकर साधू, संतो, समाजसेवियों, व्यापारियों एवं आमजनमानस में भारी उत्साह है। भव्य राम मन्दिर के स्वागत के लिए कामतानाथ के ट्रस्टी पूज्य संत मदनगोपाल दास महाराज के सानिध्य में साज-सज्जा एवं दीपोत्सव आदि की भव्य तैयारियां की जा रहीं हैं। मंगलवार को भगवान कामतानाथ मंदिर में समाजसेवी एवं व्यापारी नेता शानू गुप्ता द्वारा अखण्ड राम चरित्र मानस का पाठ पूरे विधि-विधान से पूजन करवाकर सोपान प्रारम्भ किया गया है। 5 अगस्त को अभिजित मुहूर्त में उसी समय 12.15 बजे से कामदगिरि शिला का पूजन होगा। चित्रकूट के प्रमुख साधु संतों को पूजन में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया जा रहा है तथा भक्तों को घर से ही भगवान राम की पूजन करने का संदेश दिया जा रहा है।

# अन्ना पशुओं से त्रस्त कठपुरवा के किसानों ने काटा हंगामा

## ● प्रधान पर लगाया बांस बल्ली ले जाने का आरोप

**कदौरा ( जालौन )।** मंगलवार को ब्लाक क्षेत्र के ग्राम कठपुरवा में गौशाला न होने व अन्ना मवेशियों द्वारा फ्सलों का नुकसान करने से नाराज एक सैकड़ा किसानों ने प्रधान के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की साथ ही उन्होंने प्रधान पर गौशाला का बांस बल्ली सहित अन्य सामग्री ले जाने का भी आरोप लगाया है।

किसान रामकृपाल, शिवशंकर, राजा सिंह, अजय सिंह, धीरेन्द्र सिंह, योगेंद्र चौधरी पप्पू सहित अन्य किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष गौशाला थी जिसमे अन्ना मवेशियों को रखा गया था लेकिन इस बार फ्सल की बुबाई हो गई है गांव में करीब एक सैकड़ा मवेशी अन्ना घूम रहे है उनको बन्द नही करवाया जा रहा है जिससे आए दिन किसी न किसी किसान की फ्सल बर्बाद हो रही है प्रधान से कहो तो संतोषजनक जबाब नही मिलता है रात रात भर फ्सलों की रखवाली करते हैं किसानों ने प्रधान रामकिशोर पर बांस बल्ली सहित गौशाला की अन्य सामग्री घर ले जाने का आरोप भी लगाया है साथ ही थाने में शिकायती पत्र देकर पशुपालकों पर कार्यवाही की मांग भी की है। इस संबंध में बीडीओ अतिरंजन सिंह ने कहा कि कठपुरवा में अस्थाई गौशाला है किसानों की शिकायत मिली है मौके पर सचिव को भेजकर अस्थाई गौशाला का निर्माण करवाया जा रहा है साथ ही मुनादी करवा कर अपने जानवरों को बांधने के निर्देश भी दिए हैं। गौशाला के लिए दी गई धनराशि कहा खर्च हुई है इसकी जांच होगी अगर प्रधान ने गौशाला की सामग्री ली है तो कार्यवाही की जाएगी।

# कामदगिरि परिक्रमा में समाजसेवी ने लगातार कर रहे बंदरों की सेवा

**चित्रकूट।** सरकार द्वारा कोरोना महामारी के बढते संक्रमण को दृष्टिगत पांच अगस्त तक के लिए किये गये लाक डाउन के चलते धर्म नगरी चित्रकूट के सभी मठ-मंदिरों के पट बंद है। जिसके चलते बाहरी तीर्थ यात्रियों का आवागमन पूरी तरह से ठप्प हो गया है। ऐसे में सुप्रसिद्ध तीर्थ कामदगिरि पर्वत पर रहने वाले हजारों बेजुबान बंदर और गौवंशों समेत अन्य जीव जन्तुओं को भुखमरी से बचाने के लिए समाजसेवी रामबाबू गुप्ता देवदूत बन कर सामने आये है। मंगलवार को श्री गुप्ता ने परिक्रमा पहुंचकर बंदरों को खीरा का भंडारा कराया। समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने आरएसएस के जिला प्रचारक राजकुमार, समाजसेवी महेश प्रसाद जायसवाल, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी,कमलेश कुमार एवं बालक हर्ष के साथ कामदगिरि परिक्रमा पहुंच कर बंदरों एवं गौवशों को चना-खीरा का भंडारा कराया। समाजसेवी रामबाबू गुप्ता का कहना है कि कोरोना लाक डाउन जैसी संकट की घडी में बेजुबानों के जीवन रक्षा के लिए आगे आना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

# बर्खास्त शिक्षकों ने डीएम कार्यालय के सामने आमरण अनशन की चेतावनी दी

## ● सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज हमीरपुर का मामला

संवाददाता। हमीरपुर

**जिला** विद्यालय निरीक्षक के आदेश के बाद भी बर्खास्त किये गये दो शिक्षकों को दो सप्ताह बाद भी प्रायवेट विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उन्हे सेवा में वापस नही लिया है, जिससे शिक्षको ने डीएम कार्यालय के सामने आमरण अनशन की चेतावनी दी है।

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में संविदा में नियुक्त शिक्षक देशराज प्रजापति व अपर्णा त्रिवेदी को माह जुलाई माह में उस समय सेवाएं समाप्त कर दी थी जब शासन ने साफ कहा था कि कोरोना काल में किसी भी प्रायवेट कर्मचारी को नौकरी से बाहर नही किया जायेगा इसके बाद भी कालेज के प्रधानाचार्य ने अपनी हिटलरी का परिचय देते हुये दोनो शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी थी, इसके बाद दोनो शिक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम सरोज वर्मा के सामने उपस्थित होकर अपनी पीड़ा बतायी, डीआईओएस ने 15 जुलाई को प्रधानाचार्य रमेश चंद्र गुप्ता को कड़ा पत्र लिखकर दोनो शिक्षकों को पूर्व की भांति सेवा में लेने के आदेश दिये थे मगर प्रधानाचार्य ने जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश को दरकिनार कर दिया, यही नही डीआईओएस के पत्र का उत्तर भी नही दिया, इसके बाद 20 जुलाई को डीआईओएस ने पुनः कड़ा पत्र लिखकर प्रधानाचार्य को खबरदार किया कि यदि दोनो शिक्षकों को सेवा में बहाल नही किया जायेगा तो विद्यालय के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की होगी इसकी सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला कार्यकारिणी को भी दे दी थी मगर जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश का कोई असर आज तक नही हुआ है। दोनो शिक्षक दर दर की ठोकरे खाते घूम रहे है, शिक्षक देशराज ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हे सेवा मे नही लिया जाता है तो वह पूरे परिवार के साथ डीएम कार्यालय के सामने आमरण अनशन में बैठ जायेगे जिसकी जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंध तंत्र व प्रशासन की होगी।

## बाइक व टेम्पो की भिड़न्त, बाइक चालक की मौत

**जलालाबाद/कन्नौज।** तेज रफ्तार टेम्पो ने बाइक मेंटक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौके पर मौत गई। वहीं दुर्घटना में एक महिला व टेम्पो चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गुगरापुर बल्लूपुरवा निवासी संदीप बाथम पुत्र रामविलास बाइक से अपने घर लौट रहे थे तभी ढावे के पास टेम्पो ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे संदीप की मौके पर मौत हो गई।बाइक सवार सुषमा पत्नी अजय व टेम्पो चालक आजम पुत्र कयामुद्दीन गंभीर रूप से घायल गए।

# राखी बांधकर बहनों ने हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबन्धन

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** बहन भाई के अनमोल रिश्ते के पावन पर्व रक्षाबंधन को नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर व तिलक कर दीर्घ आयु की कामना की। तो भाइयों ने बहनों की रक्षा के का वचन लिया और मिठाई व उपहार भेंट किये। रक्षाबंधन पर्व पर बच्चों सहित युवाओं में हर्ष की लहर देखने को मिली। नगर व क्षेत्र में हिंदू धर्म की आस्था का प्रतीक पावन पर्व रक्षाबंधन को धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में अपने भाइयों को राखी बांधने जा रही बहनों को वाहनों की कमी होने के कारण भाइयों के पास पहुँचने के लिए बहनों को डग्गामार वाहनों, ट्रकों व लोडरों का सहारा लेना पडा। उधर बाजार में सडकों तक सजी मिठाइयों व उपहार की दुकानों पर उमडी भीड के कारण सडकों पर जाम की स्थित बनी रही। त्योहार पर बच्चों सहित युवाओं ने घरों में रक्षाबंधन का पर्व धूम धाम व हर्षोल्लास से परिजनों के साथ मनाया।

## श्रीराम मंदिर शिलान्यास

# घरों में मनाएं उत्सव, गंगा जमुनी तहजीब का रखें ख्याल

## ● डीएम ने पीस कमेटी के साथ की बैठक, शांति व्यवस्था बनाए रखने में मांगा सहयोग

**कन्नौज।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिलान्यास के अवसर पर इत्रनगरी में जिला प्रशासन सतर्क है। डीएम ने नागरिकों से शिलान्यास कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए घरों पर ही कार्यक्रम मनाने की अपील की है। उन्होने कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लोगों से सार्वजनिक स्थलों पर एकत्रित होने से रोका है।

जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिलान्यास को दृष्टिगत रखते हुए जिला शांति समिति की बैठक की। उन्होंनें निर्देशित करते हुये कहा कि एक गलती कोरोना वायरस को बढ़ाने में मदद कर सकती है। उन्होंनें कहा कि कोरोना वायरस जैसी गंभीर बीमारी को रोकने के लिये यथा संभव सभी प्रयास करते हुये कोरोना वायरस की बढ़ती तीव्रता को रोकना होगा। उन्होंनें 5 अगस्त को आयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिलान्यास के सम्बंध में समिति के सदस्यों से इस संबंध में विचार-विमर्श किया, जिसके पश्चात उन्होंनें कहा कि सभी नागरिक इस अवसर को अपने-अपने घरों पर ही मनाये तथा सार्वजनिक रूप से कोई भी कार्यक्रम न किया जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के बैनर,होर्डिंग्स आदि सार्वजनिक स्थलों,चौराहों पर न लगाएं जाये जिससे कि अराजकतत्वों द्वारा इस सौहार्दपूर्ण वातावरण को खराब किया जा सके तथा किसी की आस्था को ठेस पहुँचे।

जिसके पश्चात डीएम एंव पुलिस अधीक्षक ने सभी सदस्यों की सहमति के उपरान्त निर्देश दिये कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त भीड़ से संबंधित कार्यक्रम किसी भी दशा में न कराये जाये, क्योंकि भीड़ में यदि एक भी व्यक्ति कोरोना वायरस से संक्रमित पाया जाता है तो अन्य व्यक्तियों के भी संक्रमित होने की संभावना बनी रहेगी। अतः ऐसे कार्यक्रमों को पूर्णतयः रोका जाये। उन्होनें सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्रों में इस दौरान सतर्कता के साथ अपनी-अपनी ड्यिुटी का निर्वाहन करते हुये यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति घर से बाहर बिना मास्क लगाये न पाया जाये।

पुलिस अधीक्षक ने सभी को हार्दिक बधाई देते हुए सभी संप्रदाय के व्यक्तियों से आग्रह किया कि एक दूसरे की सहूलियत को दृष्टिगत रखते हुए अपने-अपने घरों पर ही कार्यक्रम मनाये। उन्होंनें पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी से बचाव हेतु मास्क सैनिटाइजर एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण अनुपालन किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष सहित जिला शांति समिति के सदस्य व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गन्ना मंत्री ने बाढ़ प्रभावितों में बांटी राशन किट

**संवाददाता।** गोंडा



**मंगलवार** को प्रदेश के गन्ना मंत्री सुरेश सिंह राणा ने जनपद गोण्डा व बलरामपुर का दौरा कर बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावितों को हर सम्भव मदद मुहैया कराई जाय। राजकीय हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन गोण्डा पहुंचे गन्ना मंत्री ने सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठकर कर बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में गन्ना मंत्री ने एक दिन पहले ही तरबगंज तहसील अन्तर्गत भिखारीपुर-सकरौर बांध को कटने से बचा लेने में कामयाबी मिलने पर अधिकारियों की प्रशंसा की तथा निर्देश दिए कि तटबन्ध को सुरक्षित रखने के लिए हर सम्भव कदम उठाए जाएं। बैठक में उन्होंने जनपद गोण्डा व बलरामपुर में बाढ़ की स्थिति, प्रभावित गांवों व लोगों की संख्या, उन्हें अब तक मुहैया कराई गई सुविधाओं, टीकाकरण, पशु टीकाकरण की स्थिति, बाढ़ राहत चौकियों की स्थिति, भूसें की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता आदि की गहन समीक्षा की।

समीक्षा के उपरन्त गन्ना मंत्री ने तहसील करनैलगंज के बाढ़ प्रभावित ग्राम नकहरा के बाढ़ प्रभावितों को राशन किट का वितरण किया तथा वितरण से पहले उन्होंने प्रभावितों को दी जाने वाली किट का निरीक्षण किया। दी गई किट की गुणवत्ता व मात्रा पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आगे भी प्रभावितों व जरूरतमंदों को राशन की किट दी जाय जिससे कोई भी बाढ़ पीड़ित भूखा न रहने पावे। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि पशुओं के लिए पर्याप्त चारे आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय। स्वास्थ्य विभाग तथा पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावितों क्षेत्रों में एन्टी लारवा का छिड़काव समुचित ढंग से कराया जाय जिससे वेक्टर जनित रोगों का संक्रमण न फैलने पावे। बाढ़ राहत को लेकर बनाए गए कन्ट्रोल रूम को अनवरत जारी रखने तथा सघन मानीटरिंग के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी गोण्डा डा0 नितिन बंसल, डीएम बलरामपुर कृष्णा करूणेश, एसपी आर0के0 नैयर, एडीएम राकेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, एसडीएम सदर वीर बहादुर याद व, करनैलगंज ज्ञानचन्द्र गुप्ता, तरबगंज राजेश कुमार, डिप्टी सीएमओ, डीएसओ वी0के0 महान, अधीशासी अभियन्ता बाढ़ वीएन शुक्ला, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# डायल 112 का दीवान कोरोना संक्रमित

**संवाददाता।** शिवगढ़ (रायबरेली)

**शिवगढ़** थाना क्षेत्र में तैनात डायल 112 पीआरवी 1751 के दीवान की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने से क्षेत्र में हड़कम्प मच। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कोरोना संक्रमित दीवान को रेयान कॉलेज में बनाए गए आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया है। विदित हो कि शिवगढ़ थाना क्षेत्र में तैनात डायल 112 पीआरवी 1751 के दीवान का 2 दिन पूर्व कोरोना जांच के लिए सैंपल लिया गया था। जिसकी सोमवार को कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आई है। दीवान की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने से पुलिस महकमे में हडकम्प मच गया, 1751 में ड्यूटी करने वाले 7 पुलिस कर्मियों को सेंट्रल अस्पताल भेजा गया है, तो वही सम्पर्क में आने वाले 8 पुलिस कर्मियों को क्वारंटाइन किया गया है। शिवगढ़ थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सोमवार को डायल 112 पीआरवी 1751 के दीवान की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर एलपी सोनकर ने बताया कि पीआरबी 1751 में तैनात दीवान का 2 दिन पूर्व कोरोना जांच के लिए सैंपल लिया गया था। जिनकी कोरोना संक्रमित रिपोर्ट आई है। जिन्हें रियाय इंटरनेशनल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

### खीरों में मिला संक्रमित

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा खीरों की पुरानी बाजार का निवासी एक युवक कोरोना संक्रमित पाया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संक्रमित युवक को एम्बुलेंस की मदद से एल-1 अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है। संक्रमित की पत्नी बच्चे माता-पिता सहित एक दर्जन परिवारजनों व चार पड़ोसियों सहित कुल 16 लोगों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एम्बुलेंस की मदद से कोरेण्टाईन सेन्टर भेज दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव

**संवाददाता।** शिवगढ़ (रायबरेली)

**● परिजनों के अनुसार नशे का आदी था मृतक**

**शिवगढ़ थाना** क्षेत्र के पार्वती खेड़ा मजरे शिवगढ़ में सोमवार की देर रात एक अधेड का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से झूलता मिलने की खबर से क्षेत्र में हडकम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के पश्चात पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के पार्वती खेड़ा मजरे शिवगढ़ में रात करीब साढ़े 9 बजे 41 वर्षीय सज्जन पुत्र सोनेलाल का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटक रहा था और कमरे में कुण्डी अंदर से बंद थी। मृतक की 8 वर्षीय बेटी सरिता अपने पिता का शव फांसी के फंदे से झूलता देखकर चीख पड़ी। जिसकी चीख-पुकार सुनकर इकट्ठे हुए लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों की माने तो वह नशे का आदी था और शराब पीकर इसी तरह से नाटक किया करता था कल वह अपनी पत्नी को मायके भेज कर घर लौटा और रात करीब 9रू30 बजे घटना घट गई। उसके चार छोटे-छोटे बच्चे जिनमें शिवम 12 वर्ष, सरिता 8 वर्ष, सविता 5 वर्ष, मयंक 3 वर्ष शामिल हैं। पत्नी संगीता और चारों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताते हैं कि वह अपने पिता से लगभग 25 वर्ष पूर्व अलग हो गया था और पुराने घर में ही अपने परिवार साथ रहता था। शिवगढ़ थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि मौत कैसे हुई।

# जनकल्याणकारी योजनाओं में बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही: सांसद

**संवाददाता।** गोंडा




**सरकार** की जनकल्याणकारी एव विकास से सम्बधित किसी भी योजना में हीला-हवाली और भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं किया जायेगा। कोरोना महामारी के इस संकट में समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्याक्ति को भी सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। यह निर्देश मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में आहूत जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने दिये। बैठक में मनरेगा योजनाओं में अकारण रोड़े अटकाने पर उपायुक्त मनरेगा को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधरने की चेतावनी दी। कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कैसरगंज सांसद श्री सिंह ने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अस्पतालों में समुचित इंतजाम किए जाएं और पीड़ितों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। जिले में सोशल डिस्टेंसिंग समेत कोरोना से संबंधित अन्य प्रोटोकॉल का सख्ती से अनुपालन कराया जाए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रही योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों के पास भूमि नहीं है वहाँ सामुदायिक शौचालय बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिया गया लक्ष्य हर हाल में पूरा होना चाहिए। समीक्षा के दौरान शुद्ध पेयजल के लिए बनाई गई पानी की टंकियों को विद्युत अथवा अन्य तकनीकी कारणों से सुचारू रूप से चालू न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सांसद ने विद्युत व जल निगम के अधिकारियों को आपसी समन्वय से समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने डुमरियाडीह के बजाय मझारा गांव को वजीरगंज फीडर से जोड़ने पर विद्युत अभियंता की क्लास ली। गैस एजेंसी मालिकों द्वारा पेट्रोलियम विभाग के प्रबंधक पर भेदभाव का आरोप लगाये जाने से सांसद श्री सिंह नें समीक्षा के दौरान गम्भीरता से लिया और बैठक में मौजूद पेट्रोलियम अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी। इसके अलावा माननीय सांसद ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री फसल बीमा सर्व शिक्षा आभियान, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम आदि योजनाओं की भी समीक्षा कि और अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण कर मकान बनाने के मामलों पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने आश्वस्त किया कि इस पर समुचित कार्यवाही कर अतिक्रमण हटवाया जाएगा। समीक्षा बैठक में कटरा बाजार के विधायक बावन सिंह, मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी, विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह, मनकापुर विधानसभा के प्रतिनिधि वेद प्रकाश दूबे, मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, परियोजना निदेशक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा में आरुषि का चयन

**रायबरेली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में 229 वी रैंक हासिल कर आरुषि मिश्रा ने जनपद का नाम रोशन किया गौरतलब है कि इससे पूर्व आरुषि मिश्रा ने भारतीय वन सेवा परीक्षा 2018 में देश में दूसरा स्थान पाकर जनपद को गौरवान्वित किया था तथा पीसीएस परीक्षा वर्ष 2017 में डिप्टी एसपी पद पर भी आरुषि मिश्रा का चयन हुआ था .आरुषि मिश्रा ने अपनी आरंभिक शिक्षा सेंट पीटर्स स्कूल और एसजेएस से पूर्ण की थी और आरुषि ने आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में जाने का निर्णय लिया आरुषि का कहना है कि कड़ी मेहनत आत्मविश्वास और बड़ों के आशीर्वाद से सफलता अवश्य मिलती है बेलीगंज निवासी एडवोकेट अजय मिश्र और सेंट पीटर्स की शिक्षिका नीता मिश्रा की पुत्री आरुषि मिश्र अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता के कुशल मार्गदर्शन परिवार के सहयोग और शिक्षकों को देती हैं।

# डीएम ने मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** सुलतानपुर



**जिलाधिकारी** सी. इन्दुमती ने कोविड-19 के संक्रमण में हो रही उत्तरोत्तर वृद्धि के दृष्टिगत जिला चिकित्सालय सुलतानपुर के समीप गणपति एवं वैशाली मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण कर कोविड-19 प्रोटोकाल के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसी भी व्यक्ति को मेडिकल स्टोर से बिना चिकित्सा पर्ची के पैरासीटामाल, लीवोसेट्राजिन, डीहाईड्रोक्लोराइड आदि दवायें न दी जाय और यदि किसी भी व्यक्ति को ऐसी दवायें बेची जाती है, तो पंजिका में प्रतिदिन चिकित्सा पर्ची का सम्पूर्ण विवरण अंकित किया जाय। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं ड्रग इंस्पेक्टर्स को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होंने अवगत कराया है कि जिला प्रशासन द्वारा इसके पूर्व भी इस प्रकार के निर्देश दिये जा चुके हैं, अब उल्लंघन की दशा में सम्बन्धित के प्रति विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर रामजीलाल आदि उपस्थित रहे।

## एसजेएस में कोरोना संक्रमण से रोकथाम विषय पर कार्यशाला

**रायबरेली।** कोविड के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम सही मास्क के चुनाव, सेनेटाइजर के सही इस्तेमाल और व्यक्तिगत डिस्टेंसिंग के जरिये ही हो सकती है। कपड़े के मास्क की बजाय सर्जिकल मास्क का ही प्रयोग करे और हर छह घंटे बाद मास्क बदल लें तभी कोरोना के संक्रमण से बचा जा सकता है। उक्त विचार एसजेएस में श्कोविड से रोकथाम विषय पर आयोजित कार्यशाला में प्रिवेंटिव मेडिसिन एक्सपर्ट डॉक्टर सुमित कुमार दुबे ने व्यक्त किए। प्रधानाचार्य डॉक्टर बीना तिवारी ने बताया कि एसजेएस में कोविड 19 के प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।उन्होंने सभी छात्र और अभिभावकों से अपील किया कि मास्क का प्रयोग करे और उचित दूरी बनाए रखे ताकि कोरोना को मात दी जा सके। उन्होंने डॉक्टर सुमित कुमार दुबे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सही जानकारी ही कोरोना के संक्रमण से बचा सकती है। कार्यशाला में कोविड 19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कुछ चुनिंदा शिक्षक और स्टाफ ने प्रतिभाग किया।

## क्विक न्यूज

### विधायक पुत्र और पालिका चेयरमैन की बहू भी कोरोना पॉजिटिव

**सुलतानपुर।** जिले में कोरोना का कहर बढ़ता जा रहा है। विधायक सूर्यभान सिंह के पुत्र रुपेश सिंह और नगरपालिका चेयरमैन बबीता जायसवाल की बहू सीमा जायसवाल कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इन्हें नए शासनादेश के मुताबिक होम आइसोलेशन किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीवीएन त्रिपाठी ने कहा कि नए शासनादेश के अनुसार होम आइसोलेशन कराया गया है। सीएमओ ने नागरिकों से सोशल डिस्टेंस बनाए रखने को कहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम पॉजिटिव लोगों पर नजर रख रही है। उन्होंने कोरोना के खिलाफ छिड़ी जंग में लोगों से मदद की अपील की है।

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**करनैलगंज-गोंडा।** तालाब के किनारे जा रहे एक 13 वर्षीय बच्चे का पैर फिसल जाने के कारण तालाब में गिर कर डूबने से मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम मौहर के मजरा रमवापुर की है। रमवापुर निवासी शिवभगवान गोस्वामी का 13 वर्षीय पुत्र सूरज गांव के किनारे स्थित तालाब के किनारे किनारे जा रहा था। अचानक उसका पैर फिसल जाने के कारण वह तालाब में गिर गया।

### एक-दूसरे को बांधा रक्षा पर्व

**लालगंज रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में कस्बे के साकेत नगर स्थित मनभावन ग्रीन किड्स क्लब में रक्षाबंधन का पावन पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य हरिद्वार जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर रवि बाजपेई, रंजन त्रिवेदी, शैलेंद्र पाण्डेय, सचिन रस्तोगी, सतीस त्रिवेदी, रणवीर सिंह, शुभी पाण्डेय, द्वारिकाधीश मिश्रा सहित वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज मिश्रा आदि ने एक दूसरे को राखी बाधंकर राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया।

### चोरों ने पार की मोटरसाइकिल

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के सर्राफा मंडी से अज्ञात चोरो ने दरवाजे खडी बाईक को पार कर दिया। पीडित विष्णु कुमार सोनी पुत्र राजू ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि रात में उसके घर के बाहर बाईक खडी थी सुबह देखने पर वह गायब मिली। पीडित विष्णु की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पुलिस ने बाइक समेंत चोर को किया गिरफ्तार

**लालगंज रायबरेली।** उन्नाव जनपद के बीघापुर थाना क्षेत्र में चोरी की गई बाईक के सम्बंध में दर्ज मुकदमें के आरोपी को पुलिस ने पकडने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी महेश यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध को लखनऊ रेलवे क्रासिंग के पास से पकडा गया। जांच पडताल में उसके पास से बरामद बाईक चोरी की पाई गई जिसके सम्बंध में बीघापुर थाना क्षेत्र में मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्वाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

### दुष्कर्म का आरोपित युवक गिरफ्तार, गया जेल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव बाबाकापुरवा निवासिनी युवती से शादी का झांसा देकर सन् 2018 से निरंतर शरीरिक शोषण करने के मामले मे मार्च सन् 2010 मे दर्ज कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म के आरोपित युवक दयराम गांव पूरे लोहारन थाना जगतपुर को गिरफ्तार करके ऊंचाहारपुलिस ने मंगलवार के दिन जेल भेजा है।

### किशोरी अपहत, दो लोगों पर आरोप

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव महावीरकापुरवा निवासिनी 16वर्षी किशोरी संदिग्ध परिस्थितियो मे लापता हो गई जिसमे युवती की मां ने कोतवाली मे लीखित तहरीर देकर एक युवक को किशोरी को अपहरण कर ले जाने व दूसरे आरोपी पर अपहरण मे सहयोग करने का आरोप लगाया है।किशोरी की मां ने दो लोगों के नामजदगी तहरीर दिया है।हलाकि एक युवक को पुलिस ने हिरासत मे लिया था लेकिन समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नही किया गया था।

# बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन की खबर का सांसद प्रतिनिधि ने लिया संज्ञान

**सुलतानपुर।** सोशल मीडिया पर वायरल हुई खबर कि बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन सुलतानपुर से न चलकर प्रतापगढ़ होकर जायगी। इस वायरल खबर को संज्ञान में लेते हुए जब सांसद मेनका संजय गांधी के पीआरओ रणजीत कुमार ने डीआरएम संजय त्रिपाठी को इस समाचार से अवगत कराया और पूछा कि इसमें सत्यता क्या है। तब डीआरएम संजय त्रिपाठी ने सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार को स्पष्ट किया कि इस रिपोर्ट में कोई सत्यता नही है और न ही यह रेलवे की अधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित हुई है। सांसद मेनका संजय गांधी के मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि उन्होंने सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रही खबर कि बेगमपुरा एक्सप्रेस (ट्रेन नम्बर 12237 अप 12238 डाउन) क्या प्रतापगढ़ होकर जायेगी। उन्होंने तत्काल डीआरएम संजय त्रिपाठी से बात कर अवगत कराया कि ऐसा नहीं है। सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने वायरल हो रही खबर कि तहकीकात के लिए डीआरएम संजय त्रिपाठी से संपर्क किया और उनकों अवगत कराया कि वाराणसी से चलकर सुलतानपुर होकर जम्मूतबी जाने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन सुलतानपुर से गुजरने वाली महत्वपूर्ण गाड़ी है। इस ट्रेन के प्रतापगढ़ से होकर जाने की खबर एक अखबार में प्रतापगढ़ स्टेशन अधीक्षक के हवाले से प्रकाशित हुई है। इस खबर की सत्यता क्या है? तब डीआरएम ने कहा कि इस खबर में कोई सत्यता नही है और न ही यह रेलवे की अधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित हुई है। डीआरएम संजय त्रिपाठी ने कहा कि मैं इस प्रकरण की जांच का आदेश दूंगा।

# कच्ची दीवार गिरी, महिला की मौत

**संवाददाता।** सुलतानपुर



**थाना** क्षेत्र के छोटी तिवारी का पुरवा गांव में बारिश की वजह से गिरी मिट्टी की दीवार गिरने से मलबे में दबकर एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि परिवार के ही पांच सदस्य जख्मी हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। राम सुमिरन पाल अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके घर की कच्ची दीवार पर पड़ोसी लालजी गौतम की दीवार गिर गई, जिससे उनकी कच्ची दीवार धाराशायी हो गई। हादसे में राम सुमिरन पाल, उनकी पत्नी, तीन बच्चे कुलदीप, युवराज व बेटी शिवांगी मलबे के नीचे दब गए। ग्रामीणों ने मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला और सीएचसी पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस हादसे के बाद पीड़ित परिवारजन में कोहराम मचा हुआ है। एसडीएम जयसिंहपुर राम अवतार ने बताया कि जांच लेखपाल को मौके पर भेजकर हुए जानमाल के नुकसान की रिपोर्ट मांगी गई है। जांच कर हर संभव मदद दिए जाने का प्रयास किया जाएगा।

### दी गई तकनीकी जानकारी

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कादीपुर विकास खण्ड के कमरॉव गाँव में कृषि विभाग और एग्री जंक्शन के तत्वाधान में कोविड-19 वैश्विक महामारी से बचाव के लिए गमछा का वितरण किया गया। कृषि विशेषज्ञ ज्ञानचन्द्र तिवारी ने मौजूद किसानों को जैविक खेती की जानकारी देते हुए कहा कि किसान भाई धान और गेहूं के साथ साथ सब्जी की भी खेती करें जिससे अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा औषधीय पौधों की खेती के लिए अनुदान दिया जा रहा है। किसान भाई उसका भी लाभ ले और जैविक अपनाएं और दूसरों को भी जैविक खेती करने की सलाह दें जैविक उत्पादन से उत्पाद में पौष्टिकता और और गुणवत्ता में सुधार आएगा।

# रक्षाबंधन पर हजारों की संख्या में लोगों ने गंगा में लगाई डुबकी

**संवाददाता।** डलमऊ रायबरेली



**श्रावण** मास की पूर्णमा और रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर सोमवार को गंगा तट डलमऊ के विभिन्न घाटों पर हजारों की संख्या में दूरदराज से आए श्रद्धालुओं द्वारा गंगा मैया के जयकारों के साथ मां गंगा की पावन पवित्र धारा में आस्था की डुबकी लगाई और गंगा तट स्थित मंदिरों और शिवालयों में पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया इसी क्रम में गंगा तट डलमऊ पर दूरदराज से आए श्रद्धालुओं में से बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर मिठाई खिलाई और मां गंगा से दीर्घायु और खुशहाली की कामना की गई। गंगा तट डलमऊ के किलाघाट सड़क घाट रानी शिवाला घाट वीआईपी घाट संकट मोचन घाट पक्का घाट पथवारी घाट आदि के साथ लगभग 1 दर्जन से अधिक स्नान घाटों में लगभग 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया गंगा स्नान का कार्यक्रम भोर काल से सायाकाल तक चलता रहा जिससे गंगा तट डलमऊ के आसपास का क्षेत्र गंगा मैया के जयकारों से गुंजायमान रहा। क्षेत्रीय प्रशासन और नगर पंचायत की अनदेखी के साथ नमामि गंगे योजना द्वारा स्नान घाटों में बालू भरी बोरियां डालकर बनाए गए घाट में गंगा स्नान करते समय सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गिर कर चुटहिल होते रहे जिनमें से रामेश्वर निवासी महाराजगंज कन्हैया लाल निवासी हरचंदपुर अशोक कुमार निवासी कल्याणपुर रैली आदि के साथ अन्य कई श्रद्धालु गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे तीर्थ पुरोहित संदीप कुमार मिस्त्र रोहित कुमार पंडा पुकुन पंडा आदि ने बताया कि नमामि गंगे योजना के तहत स्नान घाटों में पक्की सीढ़ियां के बजाय बोरियों में बालू भरकर स्नान घाटों में सीढ़ियां बनाई गई हैं जिसमें फिसल कर श्रद्धालु गिरकर चोटिल हो जाते हैं।

## शिक्षिका के खाते से 22 हजार की टप्पेबाजी

**ऊंचाहार।** शिक्षिका के एटीएम के माध्यम से दो बार मे 22 हजार रूपए की टप्पेबाजी अज्ञात टप्पेबाज के द्वारा कर लेने का मामला प्रकाश मे आया है।जिसमे पीड़िता शिक्षिका के तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने मुकदमा नही लिखा था।कोतवाली के गांव पूरे गौतमन निवासिनी संध्या सिंह पुत्री गंगाबख्स सिंह का बैंक खाता संख्या बैंकआफबड़ौदा की शाखा ऊंचाहार मे है।जहां के ही एटीएम के द्वारा दिनांक 31-07-2020 को समय . रूपए और इसी दिन . रूपए एटीएम के माध्यम से टप्पेबाजो के द्वारा निकाल लिया गया।जिसमे पीड़िता परिषदीय विद्यालय मे शिक्षका है।

### गायब मिले ! गुरुजी

**शिवगढ़ (रायबरेली)** शिवगढ़ खण्ड शिक्षाधिकारी सुरेश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय भवनियापुर का औचक निरीक्षण किया। जिसमें सहायक अध्यापक रामू, शिक्षा मित्र संदीप कुमार हस्ताक्षर कर विद्यालय से गायब मिले तो वहीं शिक्षामित्र कंचन सिंह अनुपस्थित रही।

# कोरोना की भेंट चढ़ा झूला मेला

**संवाददाता।** करनैलगंज-गोंडा

**कोरोना** की काली छाया में नही हुआ झूला का मेला। उपेक्षा के बीच कोरोना ने सावन झूला मेला उपेक्षित रह गया। करनैलगंज के प्रसिद्ध सावन झूला मेले की कई वर्षों से हो रही उपेक्षा पर इस वर्ष कोरोना का कहर भारी पड़ा। इस वर्ष मंदिरों में महज भगवान की मूर्ति को झूले पर झुलाया गया। किसी भी मंदिर में कोई कार्यक्रम का आयोजन नहीं हुआ। करनैलगंज नगर में मंदिरों की संख्या अधिक होने के कारण इसे मिनी अयोध्या कहा जाता है। यहां सोमवार की रात झूला मेले का अंतिम दिन था। झूला मेला कब आया और कब खत्म हो रहा है लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। कोरोना के कहर से भगवान भी अछूते नहीं रहे और सावन के अंतिम 5 दिनों में करनैलगंज के करीब 6 दर्जन मंदिरों में झूला मेले का आयोजन होता रहा है। जो इस वर्ष कोरोना का शिकार हो गया। मंदिरों में पुजारियों के द्वारा केवल भगवान को नए वस्त्र पहना कर उन्हें झूले पर झुलाया गया। न भजन कीर्तन हुए न ही नाच नौटंकी हुई और झूला मेला मंदिर के अंदर ही अंदर संपन्न हो गया। यह झूला मेला रक्षाबंधन के दिन तक चलता है और सोमवार को इसका अंतिम दिन था। अधिकांश मंदिरों में मात्र पूजन आरती एवं भगवान की मूर्ति को झूले पर रखकर झूला झुला कर औपचारिकता को पूरा कर झूला मेला संपन्न हो गया। करनैलगंज में मंदिर के सरबराकार शिवकुमार पुरवार व अरुण वैश्य बताते हैं कि हर साल झूला मेला जब होता था तो मंदिर में कथा, प्रवचन, कीर्तन का आयोजन होता था। करीब दो दशक पूर्व इसी करनैलगंज में होने वाले झूला मेले को देखने के लिए प्रदेश के तमाम जिलों से श्रद्धालु आते थे। मगर लोगों की ऐसी नजर लगी कि करनैलगंज का झूला मेला अपना अस्तित्व ही खो बैठा और पिछले वर्ष तक जो भजन कीर्तन प्रसाद वितरण होता था, वह भी इस बार नहीं हो सका। केवल भगवान की मूर्ति को झूले पर झूला कर औपचारिकता पूरा किया गया।

# आयकर और वेतनभोगी को नहीं मिलेगी छूट

## जमा करना होगा मासिक शुल्क, आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावक किश्त में जमा कर सकेंगे फीस, होगी आनलाइन पढाई

**शुल्क ना जमा करने पर पढ़ाई से वंचित नहीं किए जाएंगे छात्र और ना ही काट सकेंगे नाम**

संवाददाता। बस्ती

**कोरोना** संक्रमण काल में किसी भी बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों की ना केवल आनलाइन पढ़ाई होगी बल्कि नए सत्र में आनलाइन प्रवेश भी लिए जाएंगे। सभी बोर्ड के आनलाइन शिक्षण और नए सत्र में प्रवेश के लिए माध्यमिक विद्यालयों को शासन स्तर पर अनुमति दी गई है। प्रधानाचार्य को शैक्षणिक, शिक्षणेत्तर कार्मिकों को सहयोग के लिए शर्तो के साथ उन्हे विद्यालय में बुलाए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। विद्यालयों द्वारा अभिभावकों से आनलाइन शिक्षण कार्य के लिए मासिक शुल्क लिए जाने को भी हरी झण्डी दी गई है। इसमें ऐसे अभिभावकों को थोड़ी राहत दी गई है जो वर्तमान संकट के समय में शुल्क जमा करने में असमर्थ है। शुल्क जमा ना करने के कारण का उल्लेख करते हुए उनसे प्रार्थना पत्र लेकर आसान किश्तों में शुल्क जमा कराए जाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए है। यह भी निर्देशित किया गया है कि बावजूद इसके यदि अभिभावक मासिक शुल्क जमा नहीं कर पा रहे हो तो भी छात्र को न तो आनलाइन पठन पाठन से वंचित किया जाय और न ही इस आधापर किसी छात्र का नाम ही विद्यालय से काटा जाय। वाहन षुल्क नहीं लिए जाने के आदेष दिए गएं है।

नियमित वेतनभोगी सरकारी, सार्वनिक उपक्रम और इन्कम टैक्स देने वाले अभिभावकों से नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर मासिक शुल्क जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला की ओर से इस सम्बन्ध में जिले के डीएम, डीआईओएस और माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव, शिक्षा निदेशक एवं सभापति माध्यमिक शिक्षा, संयुक्त शिक्षा निदेशक को पत्र भेजकर दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया है। जो दिशा निर्देश जारी किए गए है उसका सभी शिक्षा बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों में पालन करना होगा।

शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों में कोविड-19 से बचाव के लिए प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय भवन, फर्नीचर आदि को पूर्णतः सेनेटाइज कराने, विद्यालय में प्रवेश से पूर्व थर्मल स्क्रीनिंग करना सुनिश्चित करने, यदि किसी कार्मिक का शारीरिक तापमान सामान्य से अधिक मिले तो उसे विद्यालय में प्रवेश ना दिए जाने बल्कि इसकी सूचना तत्काल सीएमओ को उपलब्ध कराने, सेनेटाइजर और नियमित हैण्डवास के लिए साबुन आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने, छह जुलाई के बाद शिक्षक- अभिभावक संघ की बैठक कर आन लाइन पठन पाठन की व्यवस्था से उन्हे अवगत कराने, आनलाइन शिक्षा प्रणाली के प्रभावी संचालन के लिए अधिकारियों, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, छात्रों का बेबीनार और आनलाइन ट्यूटोरियल आदि के माध्यम से प्रशिक्षण की व्यवस्था करने, नए सत्र में प्रवेश की कार्रवाई कोविड-19 के दिशा निर्देशों, सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए करने के निर्देश दिए गए हैं।

# औद्यानिक विकास योजनाओं को पारदर्शी बनाएं: डीएम

संवाददाता। सोनभद्र



**उद्यान** विभाग की योजनाओं से अधिकाधिक एनआरएलएम की स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा जाए। शहद उत्पादन के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार करें, ताकि शहद के प्रोसेसिंग प्लान्ट स्थापित हो और लारवा मुक्त शहद का उत्पादन हो। जिससे स्थानीय लोगों यानी जंगली इलाकों में रहने वाले लोगों को जोड़ा जा सके। उक्त निर्देश जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने वर्ष-2020-21 में औद्यानिक विकास योजनाओं के कायक्रमों की समीक्षा करते हुए कही।

जिलाधिकारी ने इस मौके पर मौजूद सभी प्रतिभागियों की रायशुमारी के बाद अनुमोदन की सहमति दी। जिलाधिकारी ने प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो एरिगेशन के तहत ड्रिप सिंचाई पद्धति, पोर्टेबुल स्प्रिंकलर, माइक्रो स्पिंक्रलर, मिनी स्प्रिंकलर, रेनगन, प्रशिक्षण, प्रशासनिक मद के तहत 16 करोड़ 69 लाख का अनुमोदन सर्व सम्मति से प्रदान किया। इसी प्रकार से एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत वर्ष-2020-21 में प्राप्त कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया, जिमसें रोग रहित सब्जी एवं अंकुर का उत्पादन, केला पपीता आम अमरूद व संतरा नवीन उद्यान रोपण, संकर सब्जी की खेती, गेंदा फूल की खेती, लहसुन, प्याज की खेती, नेचुरली वैन्टीलेटेड सिस्टम निर्माण, कास्ट ऑफ प्लानिंग मैटेरियल, स्थाई वर्मी कम्पोस्ट यूनिट की स्थापना, एसडीपीई वर्मीबेड, मौन पालन कार्यक्रम, अनुदान पर ट्रैक्टर, पावर ट्रिलर मशीन, किसान भ्रमण कार्यक्रम, प्रिजर्वेशन यूनिट, प्याज भण्डारण कक्ष, प्रचार प्रसार, जनपद स्तरीय किसान मेला गोष्ठी के आयोजन पर भी सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम के अलावा मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी सोनभद्र संजीव कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी, परियोजना निदेशक आरएस मौर्या, डीसी एनआरएलएम एके जौहरी, उप निदेशक उद्यान पंकज कुमार शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी सुनील शर्मा, जिला कृषि अधिकारी पीयूष राय, सहायक निदेशक मत्स्य विजय पाल सहित अन्य मौजूद रहे ।

# सिर्फ योग व आयुर्वेद में ही है संपूर्ण बीमारियों का इलाज: आचार्य पाठक

संवाददाता। सोनभद्र

चार अगस्त को आयुर्वेद के वर्तमान धनवंतरी आचार्य बालकृष्ण महाराज के जन्मदिवस एवं स्वर्गीय राजीव दीक्षित के स्वदेशी आंदोलन के अंतर्गत संकल्प दिवस के रूप में एक एक पौधे लगाने का सभी योग साधक गणों द्वारा संकल्प लिया गया। भारत ट्रस्ट के तत्वाधान एवं सोनांचल सेवा मंच के सहयोग से कार्यक्रम आयोजक योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक के नेतृत्व में उनकी पूरी युवा टीम ने कार्यक्रम का आयोजन किया। आचार्य अजय कुमार पाठक ने योगाभ्यास कर सभी योग साधक गणों को गिलोय तुलसी और नीम के माध्यम से कोरोना वैश्विक महावारी से बचने का उपाय बताएं और लोगों को गिलोय तुलसी और नीम के पौधे वितरित भी किया उसके पश्चात



आयुर्वेद के धनवंतरी आचार्य बालकृष्ण के नाम का केक काट बड़े हर्ष उल्लास के साथ योग साधन गणों ने जन्म दिवस मनाया और संकल्प दिवस के रूप में स्वर्गीय राजीव दीक्षित की प्रेरणा पर प्रत्येक योग साधक ने संकल्प लिया कि हम हर एक महीने एक वृक्ष लगाकर पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन को संतुलित करने का संकल्पित प्रयास करेंगे। योग शिक्षिका प्रिया वर्मा एवं वरिष्ठ योग शिक्षक राजन शर्मा ने कहा कि आचार्य अजय कुमार पाठक द्वारा प्रदेश भर में संकल्प दिवस के रूप में प्रत्येक माह वृक्ष लगाने का कार्यक्रम किया गया है यह कार्य अत्यंत सराहनीय एवं पर्यावरण संतुलन को संतुलित करने के लिए उत्तम है। योग शिक्षिका खुशी, रितिका एवं सहयोग शिक्षिका आराधना ने कहा कि हम लोग के मार्गदर्शक व गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक ने हमें जो योग सिखाया है उससे हम सभी लोग स्वयं को स्वस्थ करने के साथ साथ योग के क्षेत्र में बड़ा कीर्तिमान बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक रवि चौधरी, सोनम पाठक, सत्यम, पुर्णिमा मिश्रा, प्रीति ,यश ,अंश , खुशबू ,खुशी ,ऋतिका, रिया आदि उपस्थित रहे।

# गन्ना मंत्री ने जाना बाढ़ की स्थिति का हाल

संवाददाता। बस्ती

**प्रदेश** के गन्ना विकास एवं चीनी मंत्री सुरेश राणा ने पुलिस लाइन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। सुरेश राणा ने निर्देश दिया कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में सभी प्रकार की सहायता प्रभावित लोगों को उपलब्ध कराई जाए। बाढ़ प्रभावित सभी व्यक्तियों को राहत सामग्री, स्वास्थ्य सुविधाएं, उनके पशुओं के लिए चारा आदि की व्यवस्था में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

उन्होने हरैया तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद निर्देश दिया कि चारों तरफ पानी से घिरे गांव में राहत सामग्री, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा पशुओं का चारा उपलब्ध कराने की व्यवस्था कराई जाए। लोगों के इलाज के लिए मेडिकल टीम भेजी जाए, बाढ़ प्रभावित गांव में सतर्क निगाह



रखी जाए। एडीएम रमेश चंद्र ने बताया कि जिले के कुल 45 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं जिसमें से मैरून्ड गांव कुल 20 हैं। तहसील बस्ती के कुल 27 गांव, हरैया के कुल 18 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इसमें कुल 11126 आबादी बाढ़ से प्रभावित है। 72 नाव आवागमन के लिए लगाई गई हैं, 17 बाढ़ चौकियां स्थापित हैं जिसमें तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 318 पशुओं का टीकाकरण कराया गया है। बाढ़ से जनहानि एवं पशु हानि शून्य है।

बैठक में राज्यमंत्री जलशक्ति बलदेव ओलख,, विधायक दयाराम चौधरी, रवि सोनकर, चंद्र प्रकाश शुक्ल, अपर मुख्य सचिव सिंचाई टी वेंकटेश, एसपी हेमराज मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश मीना, एसडीएम, सीएमओ डा. एके गुप्ता एवं जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर वामदलों ने किया प्रदर्शन

**बस्ती**। वामदलो ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों को लेकर मंगलवार को कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए प्रदर्शन किया। मांग पत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था, कोरोना संक्रमण से लड़ने में प्रदेश सरकार की अक्षमता,गैर आयकरदाता परिवारों के खातों में 7,500 रुपए भेजे जाने ,10 किलो प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह मुफ्त राशन दिए जाने ,शिक्षण संस्थाओं में लॉक डाउन अवधि में फीस माफ किए जाने, विभेदकारी ऑन लाइन शिक्षण पर रोक लगाने की मांग शामिल है। मांगों से संबंधित प्ले कार्ड, झंडा ले कर प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारी को राज्यपाल को सम्बोधित मांग पत्र सौपा। प्रदर्शन का नेतृत्व माकपा नेता कामरेड केके तिवारी ने किया। प्रदर्शन में जिला इकाई समेत भानपुर, गनेशपुर, साऊंघाट, गड़वल, गिदही,नगर,कलवारी, बिशुन पुरवा, कोइलरा, खीरी घाट ,पिकौरा आदि ब्रांचों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में माकपा के का. रामगढ़ी चौधरी, वीरेंद्र प्रताप मिश्र,भाकपा के जिला सचिव अशरफी लाल, भाकपा माले के राम लौट, शेषमणि , वंदना चौधरी , राम लौट, प्रेम चंद्र,रमन कुमार गौतम, संगीता देवी,सुरेन्द्र मोहन शर्मा, मस्तराम, गौरीशंकर, शिवाजी, राम अजोर,अजय कुमार व अन्य शामिल रहे।

## जूम एप के माध्यम से जिलाधिकारी सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**सोनभद्र**। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जनता की शिकायतों को आनलाईन सुनने की व्यवस्था की है। जिलाधिकारी ने बताया कि अब कार्यालय दिवसों में जनता दर्शन की भॉति कोरोना संक्रमण से बचने के लिए जूम एप के माध्यम से रोजाना पूर्वान्ह 10 से 11 बजे तक जूम एप के माध्यम से सीधा रूबरू होकर सुनते हुए समाधान व्यवस्था की गयी। जिलाधिकारी ने जिले के नागरिकों जरूरतमंदों से अनुरोध किया है कि लॉकडाउन के दौरान कोरोना संक्रमण से बचने के लिए कोई भी नागरिक अपने घर अथवा अपने नजदीकी सहज जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से जूम एप के द्वारा जिलाधिकारी से सीधे आन लाईन शिकायत वार्ता करके अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए किसी भी कार्यालय दिवस में जूम एप के माध्यम से अपनी शिकायत सीधा जिलाधिकारी से करते हुए समाधान करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि नोवेल कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण से बचने के लिए सामाजिक दूरी बनाये रखें। फेसकवर मास्क का इस्तेमाल करें तथा व्यक्ति सफाई के लिए बार बार साबुन व पानी से हाथ धोते रहें।

## एनटीपीसी समूह ने 13.3 प्रतिशत की हासिल की वृद्धि

**बीजपुर ( सोनभद्र )**। जुलाई 2020 के महीने में एनटीपीसी समूह का मासिक बिजली उत्पादन 13.3 प्रतिशत बढ़कर 26.73 बिलियन यूनिट हो गया, जबकि जून 20 में यह 23.59 बिलियन यूनिट था। एनटीपीसी कोयला स्टेशनों ने सालाना आधार पर 5.6 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए 21.89 बिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया, जबकि जुलाई-19 में बिजली का उत्पादन 20.74 बिलियन यूनिट था। जुलाई 2020 के दौरान छत्तीसगढ़ में एनटीपीसी कोरबा 2600 मेगावाट ने 100 प्रतिशत से अधिक पीएलएफ हासिल किया। 62910 मेगावाट की कुल क्षमता के साथ, एनटीपीसी समूह के पास 70 बिजली स्टेशन हैं, जिनमें 24 कोयला, सात कंबाइंड साइकल गैस लिक्विड फ्यूल, एक हाइड्रो, 13 नवीकरण और 25 सहायक व जेवी पावर सेक्टर हैं।

# सोनभद्र में मंगलवार को मिले 57 कोरोना मरीज, आंकड़ा पहुंचा 700 के पार

संवाददाता। सोनभद्र

**जनपद** सोनभद्र में कोरोना वायरस कोविड-19 का संक्रमण रोकथाम के उपायों के बाद भी रुकने का नाम नही ले रहा है। जनपद में कोरोना संक्रमण ने अपना पांव पूरी तरह से फैलाना शुरु कर दिया है जहां पिछले लगभग एक माह से लगातार आ रही कोरोना संक्रमित रिर्पोट ने लोगों चिंताये बढ़ा दी है। मंगलवार को आयी रिपोर्ट में 57 लोग कोरोना संक्रमित पाये गये है। जिसमें अधिकतर लोग दक्षिणाचंल के है। जिसे लेकर पुरे जिले में हड़कम्प की स्थित उत्पन्न हो गई। जिन्हे उपचार के लिये कोविड-19 अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। लेकिन जिले में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसके उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार को 57 पॉजिटिव मरीज मिले है। संक्रमित लोगों कों कोविड-19 अस्पताल में भर्ती कराकर उनका इलाज शुरु कर दिया गया है। सीएमओ ने बताया कि कोरोना संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपदवासियों को अनावश्यक रुप से घर से बाहर न निकलने, सेनिटाइजर अथवा साबुन से बार-बार हाथ धोने और मुंह पर मास्क या गमछे का प्रयोग करने तथा सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने का सुझाव दिया जा रहा है। जिससे वे कोरोना वायरस की चपेट में न आने पाए।

# डीएम ने किया कोषागार का निरीक्षण

संवाददाता। बस्ती

**डीएम** आशुतोष निरंजन ने कोषागार का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 25 हजार रुपये के स्टाम्प के बण्डल को गिनवाकर देखा। इसके अलावा जनरल स्टाम्प, सर्टिफिकेट, अधिवक्ता कल्याण टिकट, नोटरी, कोर्ट फीस, टिकट आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर से मिलान कराया। पेपर स्टाम्प तथा ई-स्टाम्प निर्गत करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। स्टाम्प के रख-रखाव के लिए सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए समय-समय पर मुख्य कोषाधिकारी स्वयं भी स्टाम्प की गणना कराएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य कोषाधिकारी श्रीनिवास त्रिपाठी अपर उप जिलाधिकारी राजेश सिंह, मुख्य रोकडिया सुशील कुमार श्रीवास्तव, सहायक कोषाधिकारी तेज बहादुर यादव तथा अजय कुमार सिंह, डीएलए भूपेश कुमार विश्वकर्मा व कोषागार के अन्य कर्मचारी रहे।

## अयोध्या कार्यक्रम के चलते वाहनों के मार्ग डायवर्ट

**बस्ती**। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण भूमि पूजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए इस मार्ग पर यातायात डायर्वजन किया गया है। बस्ती से लखनऊ और अंबेडकरनगर की ओर जाने वाले वाहनों को फोरलेन से डायवर्ट किया जाएगा। चार अगस्त से लागू डायवर्जन अयोध्या में कार्यक्रम की समाप्ति तक लागू रहेगा। जबकि अयोध्या से सटे जनपदों को हाईअलर्ट कर दिया गया है। गोरखपुर से लखनऊ और अंबेडकरनगर की ओर जाने वाले वाहन बस्ती से डायवर्ट होंगे। बस्ती जिले की परसरामपुर थाना क्षेत्र के घघौवा पुलिस चौकी से गोरखपुर से लखनऊ की तरफजाने वाले वाहनों को डायवर्ट कर नवाबगंज गोण्डा जरवल रोड बाराबंकी होते हुए डायवर्ट किया गया है।

गोरखपुर से लखनऊ जाने वाले वाहनों को घघसरा,खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर से बखिरा की ओर डायवर्ट किया गया है जो डुमरियागंज, गोण्डा, बाराबंकी होते हुए लखनऊ जा सकेंगे। संतकबीरनगर से लखनऊ जाने वाले वाहनों को जिले के बड़ेबन चौराहा से डुमरियागंज की ओर डायवर्ट किया गया है। इस व्यवस्था के तहत डुमरियागंज गोण्डा, बाराबंकी होते हुए लखनऊ जा सकेंगे। बस्ती से लखनऊ जाने वाले वाहनों को जिले की सीमा से आगे लोलपुर ओवरब्रिज चौकी लकड़मण्डी से गोण्डा बाराबंकी होते हुए लखनऊ के लिए रवाना किया जाएगा।बस्ती से अम्बेडकरनगर,सुल्तानपुर की ओर जाने वाले वाहनों को फुटहिया चौराहा से कलवारी, टाण्डा अम्बेडकरनगर की ओर डायवर्ट किया किया गया है। डायवर्जन मंगलवार की मध्यरात्रि 12 से लेकर अयोध्या में कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।

## कोरोना को छिपाएं नहीं, लक्षण दिखने पर कंट्रोल रूम पर दें सूचना: डीएम

**मिर्जापुर**। नोवेल कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि संक्रमण से बचाव हेतु जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में 631 तथा नगरीय क्षेत्र (मीरजापुर, कछवां अहरौरा व चुनार) में 103 सर्विलांस टीमें कार्य कर रही है। जनपद में प्रति दिन 1200 से भी अधिक कोविड टेस्ट किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण रोकने हेतु आवश्यक है कि बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें, घर से बाहर निकलने पर मास्क अवश्य लगाएं व दो गज की दूरी का ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड-19 का लक्षण होने पर तुरन्त एकीकृत कोविड कमाण्ड एवं कन्ट्रोल सेन्टर पर जांच कराएं।

# जा सकती है चार हजार से अधिक शिक्षकों की नौकरी

**मानव सम्पदा पोर्टल की छानबीन से हो रहा खुलासा, नियुक्ति के नाम पर हो रहा खेल**

**एक ही पैन कार्ड एवं एक ही बैंक खाता पर कई स्थान पर नौकरी करने का हो रहा खुलासा**

संवाददाता। बस्ती

**माध्यमिक** एवं बेसिक के जूनियर हाईस्कूलों के एडेड स्कूलों में कार्यरत अध्यापकों को आने वाले दिनों में भारी झटका लग सकता है। जिले में इस तरह के लगभग चार हजार शिक्षकों के सिर पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। इन पर फर्जी शैक्षिक योग्यता के अधार पर नौकरी करने की जांच हो रही है। मानव सम्पदा पोर्टल पर जिस तरह फर्जीवाड़े का खुलासा छानबीन के दौरान हो रहा हैं, उसे लेकर फर्जी शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के अधार पर नौकरी करने वालों में खलबली मची हुई है। नौकरी जाने के साथ जेल जाने का भी खतरा सता रहा है। शासन ने डीआईओएस और बीएसए से शिक्षकों का व्यौरा मांगा है। नियुक्ति के समय की शैक्षिक योग्यता के विवरण तलब किया है।

अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एवं अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों में सबसे अधिक फर्जी शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के अधार पर नौकरी करने के मामले सामने आ चुके है। जिस तरह शिक्षकों की नियुक्ति के नाम धन का बंदरबांट किया जाता है, उससे यह साबित हो जाता है, स्कूल को एडेड की श्रेणी में लाने के लिए ही सारा खेल खेला जाता है। ताकि नियुक्ति के नाम पर लाखों रुपये का बंदरबांट किया जा सके। चूंकि कोई भी जूनियर स्कूल एडेड की श्रेणी में आ जाने के बाद उस स्कूल के प्रबंधक को नियुक्ति का अधिकार मिल जाता है। बताया जाता है कि एक अध्यापक नियुक्ति के लिए 20 से 25 लाख तक लिए जाते है। नियुक्ति पर बीएसए का अनुमादन हो जाता है। कोई परीक्षा नहीं होती, बस धन दीजिए और नियुक्ति पत्र ले जाइए। विभाग के एक जानकार का कहना है कि अधिकतर नियुक्ति फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र के अधार पर होता है। विद्यालय प्रबंधन जानबूझकर प्रमाण-पत्रों का सत्यापन नहीं कराता, क्यों कि उसे मालूम है कि जिस भी लाभार्थी से लाखों रुपये लिया गया है, उसका प्रमाणपत्र फर्जी होता है। इस तरह के कई मामले कस्तूरबा, माध्यमिक और बेसिक में सामने आ चुका है। अनामिका षुक्ला के मामले में भी यही प्रक्रिया अपनाई गई। अब चूंकि इस मामले में सीएम सख्त हो गए है तो विभाग भी सक्रिय हो गया। छानबीन षुरु हो गई। वित्त नियंत्रक बेसिक की रिपोर्ट है कि जब मानव सम्पदा पोर्टल पर छानबीन की गई तो पता चला कि एक ही पैन कार्ड नंबर पर कई स्थानों पर लोग नौकरी कर रहे है। एक ही बैंक खाता नंबर पर दो भिन्न शिक्षकों के नाम सामने आ रहे है। इस तरह के अब तक 24 मामले सामने आ चुके है। फर्जीवाड़ा खुलने के डर से अधिकतर एडेड स्कूलों ने अभी तक मानव सम्पदा पोर्टल पर षिक्षकों का ब्यौरा अपलोड नहीं किया है। जिसे बेहद आपत्तिजनक मानते हुए बीएसए की विफलता माना गया।

## शौचालय का 32.80 लाख डकार गए ग्राम प्रधान और सचिव

**बस्ती**। स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्माण होने वाले शौचालय के धनराशि को प्रधान और सेक्रेटरी मिलकर निजी की तरह इस्तेमाल कर रहे है। जब चाहा और जितना चाहा धन निकाल कर बंदरबांट कर लिया। कुछ मामले तो सामने आ जाते हैं, मगर अधिकतर मामलों को दबा दिया जाता है, जिससे कार्रवाई नहीं हो पाती। इधर जिस तरह डीपीसी राजाशेर सिंह और विष्णु देवनाथ तिवारी की ओर से जांच करने में निष्पक्षता बरती जा रही हैं, उसे लेकर दोनों कामों की सराहना हो रही है। इसी तरह का एक और मामला ब्लॉक के ग्राम बेदीपुर का सामने आया। 32 लाख रुपये का बंदरबांट डीपीसी राजाषेर सिंह के कारण सामने आ सका। इसे लेकर परसरामपुर थाना क्षेत्र के बेदीपुर गांव की प्रधान और सचिव के विरूद्ध सरकारी धन के गोलमाल के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन मांगे

संवाददाता। सोनभद्र

**जिला** पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु ओ लेवल एवं सीसीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम संशोधित समय सारिणी के 20 जुलाई, 2020 के द्वारा पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित ओ लेवल सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 के लिए आनलाईन आवेदन आमंत्रित करते हैं, जिसमें पिछड़े वर्ग के शिक्षित एवं बेरोजगार युवक युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना से प्रशिक्षित करोन के लिए आनलाईन आवेदन करने की संशोधित तिथि 30 जुलाई से 16 अगस्त तक निर्धारित है, जिसमें पिछड़ा वर्ग के युवक-युवतियों को आनलाईन आवेदन करने के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उप्र के वेबसाइट पर दिए गये लिंक के माध्यम से इच्छुक आवेदकों द्वारा आनलाईन आवेदन किया जा सकता है।

# रक्षाबंधन पर आयोजित किया गया रक्षासूत्र दिवस कार्यक्रम

संवाददाता। बीजपुर (सोनभद्र)

**समाज,** संस्कृति व सम्मान की रक्षा ही हमारा धर्म है तथा सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा की बात को चरितार्थ करने के उद्देश्य से जनपद सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को बीजपुर थाना परिसर में रक्षा सूत्र दिवस मनाया गया। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर आयोजित रक्षा सूत्र पर प्रभारी निरीक्षक बीजपुर श्याम बहादुर यादव ने उपस्थित जन समुदाय को रक्षा सूत्र दिवस मनाए जाने के बावत बताते हुए कहा किआप सभी की रक्षा करना पुलिस का परम कर्तव्य है। इस कर्तव्य को निभाने के लिए पुलिस कर्मी कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। हम सभी एक रक्षा सूत्र में बधकर समाज की बुराइयों एवं अराजक तत्वों से निपटने में निश्चित ही कामयाब साबित होंगे। इस अवसर पर उवस्थित महिला आरक्षी, पुलिस बल के जवान एवं ग्रामीण क्षेत्रों से




आई हुई महिलाओं एवं बालिकाओं ने एक दूसरे को रक्षा बाधकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक श्री यादव ने थानाक्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं से चयनित जरूरत मंद बालक बालिकाओं, महिलाओं व पुरुषों के बीच सायकिलें, सोलर लाइटें व वाद्य यंत्रों आदि का वितरण करके उनके चेहरों पर खुशी बिखेरने का पुनीत कार्य किया है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से थाने के उप निरीक्षकों में जय प्रकाश श्रीवास्तव, चंद्रशेखर सिंह, संतोष कुमार सिंह, रास बिहारी यादव व एन एन सिंह, दिवान कोमल यादव, महिला आरक्षी व आरक्षीगण, ग्राम प्रधान डोडहर भागीरथी, ग्राम प्रधान महुली मेवालाल, बद्री प्रसाद आदि के साथ साथ क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित थे।

## आज सामूहिक कार्यक्रमों पर रोक लगाई गई

**जौनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया जाएगा। जिसके दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हैं। बुधवार को सामूहिक कार्यक्रमों पर रोक लगी रहेगी। धार्मिक स्थलों पर यदि कार्यक्रम होंगे तो उसमें 05 लोग सम्मिलित हो सकेंगे। लोग अपने घरों में दिए जला सकते हैं। सामूहिक रूप से सार्वजनिक स्थल पर किसी भी प्रकार के कार्यक्रम की अनुमति नहीं होगी।

## ग्राम प्रधान का हृदय गति रुकने से निधन

**धर्मापुर, जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर ब्लाक अंतर्गत सरैया गांव के ग्राम प्रधान जय प्रकाश राय उर्फ मस्तु का सोमवार की रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। ग्राम प्रधान जय प्रकाश राय ;72 वर्षद्ध सोमवार की रात खा पीकर सोने गये। अचानक उन्होंने स्वजनों से गर्मी लगने की और घबराहट महसूस होने के शिकायत की। जिस पर परिजन उन्हें तत्काल लेकर एक निजी हॉस्पिटल में पहुंचे। जहां इलाज के दौरान कुछ ही देर में हृदय गति रुक जाने से उनकी मौत हो गई।

## समाजसेवी हीरावती का निधन, शिक्षकों ने जताया शोक

**जौनपुर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंत्री डाण् मनीष सोमवंशी की माता एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम सिंह की पत्नी समाजसेवी हीरावती सिंह का 03 अगस्त को प्रयागराज के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। सुजानगंज क्षेत्र के बजहां निवासी हीरावती के निधन की खबर होने पर शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। इसके बाद शिक्षकों ने शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान राजेश सिंहए दशरथ रामए शचिन्द्रनाथ यादवए अनिल पांडेयए प्रियंका सिंहए मधु रानीए रीता देवीए संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

## साहू धर्मशाला समिति का चुनाव सम्पन्न

**जौनपुर।** नगर के साहू धर्मशाला समिति का चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी यशपाल गुप्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। जिसमें घनश्याम साहू अध्यक्ष, शिवराम साहू महामंत्रीए सतीश साहू उपाध्यक्ष एवं रामकुमार साहू कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी ने सभी विजेता पदाधिकारियों को प्रमाण.पत्र प्रदान किया। साथ ही मंत्री पद पर अरूण साहू एवं आय.व्यय निरीक्षक पद पर सुधीर कुमार साहू बोमबम निर्विरोध चुने गये।

## 201 किलो लड्डू होगा वितरित: शैलेश यदुवंशी

जौनपुर। नगर के सिपाह निवासी समाजसेवी शैलेश यदुवंशी ने बताया कि अयोध्या में भगवान श्री रामलला मंदिर निर्माण को लेकर खुशी उत्साह को देखते हुये सिपाह मोहल्ले में 201 किलो लड्डू बनाया जा रहा है। जिसे भूमि पूजन के बाद पूरे शहर में वितरित किया जायेगा। जैसे ही अयोध्या में ईंट रखकर नींव रखी जायेगी। तत्पश्चात् पूजन करने के बाद पूरे शहर में लड्डू प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। जिसमें अंकुर मिश्राए अनुराग सिंहए अतुल मिश्रा का विशेष सहयोग है।

## पुलिस अधिकारियों को गुमराह करने वाले अपराधी गिरफ्तार

**देवरिया ।** पुलिस अधिकारीयों को गुमराह करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार । 31 जुलाई को वायरल हुये आडियो क्लिप में एक व्यक्ति अपने को ए0के0 सिंह (अजय कुमार सिंह) श्री गोरक्षनाथ मंदिर का बता रहा है। छानबीन करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि उक्त व्यक्ति श्री गोरक्षनाथ मंदिर से संबंधित न होकर जनपद कुशीनगर में शिक्षा विभाग में तैनात कर्मचारी है, जो अपने को कभी पत्रकार बनकर, कभी श्री गोरक्षनाथ मंदिर से संबंधित बताकर और कभी मा0 गृहमंत्री भारत सरकार के आवास का व्यक्ति बताकर लोक सेवक पर मिथ्या सूचना देते हुए दबाव बनाकर गलत काम के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता है।

## मिट्टी की कच्ची दीवार में दबकर अधेड़ महिला की मौत

**सकलडीहा/चन्दौली।** सेवखर खुर्द गांव में मंगलवार की सुबह पांच बजबे मिट्टी की कच्ची दीवार गिर गयी। रिहायसी मड़ई में सो रही 70वर्षीय अधेड़ महिला सहित एक बकरी की मौत होगयी। इसके अलावा आधा दर्जन परिवार के अन्य सदस्य घायल होगये। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने अधेड़ महिला सहित घायलों को बाहर निकाला। आनन फानन में अधेड़ महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## मांगों के समर्थन में भाकपा माले ने किया प्रदर्शन

सकलडीहा/चन्दौली। यूपी में बढ़ते अपराध को लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के द्वारा विरोध शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को भाकपा माले की ओर से जुलूस निकालकर तहसील मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। अंत में राज्यपाल के नाम से सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार बृजेश सिंह को सौपा।

# राम मंदिर शिलान्यास को लेकर पूर्वांचल में जनउत्साह

## राम मंदिर के लिए भाजपाइयों ने किया हनुमान चलीसा व सुन्दर काण्ड का पाठ

**संवाददाता।** देवरिया



बुधवार को होने वाले रामजन्मभूमि के पूजन के एक दिन पहले भाजपा देवरिया नगर मण्डल के दीनानाथ पाण्डेय सेक्टर के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का मंगल पाठकर राममंदिर निर्माण के निर्वाधरूप से पूर्ण होने की कामना की। इसके बाद नगर उपाध्यक्ष भाजपा दिनेश गुप्ता ने कहा कि हिंदुओं के लिये राममंदिर आस्था का प्रतीक था,जिसका निर्माण अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शुरू होने जा रहा है।रामजन्मभूमि पर राममंदिर के निर्माण के लिये भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विचार परिवार के लोगो ने सड़क से लेकर संसद और अदालत तक संघर्ष किया है।अब जब मंदिर बनने जा रहा है तो हम लोगो के साथ-साथ आमजनमानस में काफी खुशी है।

### अयोध्या मे भूमि पूजन से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

**गाजीपुर।** आस्था एवं श्रध्दा का केंद्र अयोध्या मे कल बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भूमि पूजन कर राममंदिर निर्माण की आधारशिला रखने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं मे भारी उत्साह है। आज भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता मे हुई बैठक मे यह बात विधान परिषद सदस्य केदारनाथ सिंह ने कही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे 500 वर्षों बाद राममंदिर के निर्माण का सपना पुर्ण होने जा रहा है। जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं से अपेक्षा किया की सामाजिक दूरी को ध्यान मे रखते हुए बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक एवं सारगर्भित अवसर पर उत्साह के साथ अपने अपने घरों तथा मंदिरों पर दीपप्रज्वल्लित कर भजन किर्तन करेंगे।

## मऊ में हाई एलर्ट

**मऊ।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर शिलान्यास को लेकर जिले में हाई एलर्ट घोषित कर दिया गया है। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पूरे जिले को 4 जोन व 11 सेक्टर में बांट दिया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पीएसी व पुलिस फोर्स की तैनाती कर दिया गया है। चारों जोनों के प्रभारी क्षेत्राधिकारी होगें तथा सेक्टरों के प्रभारी थानाध्यक्ष होंगे जो लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए पूरी तरह से एलर्ट रहेंगे। पुलिस अधीक्षक ने सभी क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को सुरक्षा के बाबत दिशा निर्देश भी जारी कर दिया है। चेताया है कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ताने-बाने के मऊ शहर में अयोध्या में श्रीराम मंदिर शिलान्यास को लेकर हाई एलर्ट घोषित कर दिया गया है।

# कोरोना की जांच के लिये गांव में लगाये जायेंगे कैंप



**जौनपुर के महराजगंज स्थित क्षेत्र पंचायत सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते खंड विकास अधिकारी।**

**संवाददाता।** महराजगंज, जौनपुर

स्थानीय क्षेत्र पंचायत सभागार महराजगंज में आयोजित ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत सेक्रेटरी की बैठक को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सभी गांव पंचायतों में कोविड.19 संक्रमण की जांच के लिये विशेष शिविर लगाये जायेंगे। जिसमें प्रधान एवं सेक्रेटरी ग्रामीणों को अपनी जांच कराने के लिये प्रेरित करते हुए स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। ताकि कोरोना महामारी से बचाव किया जा सके। इस दौरान चिकित्साधिकारी महाराजगंज डा. स्वतंत्र कुमार गौतम, थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह,एडीओ पंचायत सीपी सिंह ने संबोधित किया। इस मौके पर संजय राजभर, राम संवारे दुबे, राय विजय सिंह,अरुण सिंह बुंदेल, दिनेश गुप्ता, अवधेश उपाध्याय, अच्छेलाल पांड, गया प्रसाद पाल, शेष नारायण मौर्याए राजमणि, दानबहादुर, ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सरोज, ज्योति सिंह, अजय मिश्रा, अमरनाथ निषाद, प्रधान जितेश सिंह, राकेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### खुल सकेगें योग संस्थान व जिम

**देवरिया ।** कल 05 अगस्त से योग संस्थान और व्यायाम शाला(जिमनेजियम) के खुलने की अनुमन्यता शासन द्वारा निर्गत गाइडलाइन के तहत की गयी है। इस दिन से जनपद के ऐसे योग संस्थान व व्यायामशाला, जो कन्टेनमेन्ट जोन के क्षेत्र से परे होगें, वे खुल सकेंगी, परन्तु भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कोविड-19 के संक्रमण को रोकने हेतु एस0ओ0पी0 का पूर्णत: पालन किया जाना होगा। सोशल डिस्टेंसिंग मास्क का प्रयोग व थर्मल स्क्रिनिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। कोविड-19 के दिशा निर्देशो का उल्लंघन दण्डनीय होगा, इसके तहत आपदा प्रबन्धन अधिनियम-2005 की धारा 51 से 60 तथा भादवि की धारा 188 के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाना प्राविधानित है। जिलाधिकारी अमित किशोर ने शासन द्वारा जारी अनलॉक-3 के तहत कल से खुलने वाले योग संस्थान व जिमो के दिशा निर्देशो की जानकारी देते हुए आमजन से यह अपेक्षा भी की है कि कोविड-19 के प्राविधानो का पालन करें। आवश्यक हो तभी घरो से बाहर निकले, मास्क का प्रयोग अनिवार्य रुप से करें। सेनिटाईज्ड भी करते रहें तथा अपने व परिवार, समाज व जनपद को स्वस्थ्य रखने में अपनी भागीदारी निभायें।

## कोरोना वारियर्स किए गये सम्मानित



**देवरिया ।** राघव नगर स्थित ओम एस्ट्रल संस्थान में मंगलवार को जनपद के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शिवेंद्र मिश्रा को करोना योद्धा के रूप मे सम्मानित किया गया। इस दौरान शहर के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं धन लक्ष्मी के डायरेक्टर जनाब मैनुद्दीन साहब ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन ओम एस्ट्रल के डायरेक्टर केशव धर द्विवेदी एवं डॉ वीरभद्र द्विवेदी संस्था के सचिव ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में स्वतंत्र भारत के ब्यूरो प्रभारी मनोज शुक्ला जिला कलेक्ट्रेट बार के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रीतम मिश्रा रविकांत मणि त्रिपाठी विक्रम गुप्ता सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे उमेश कॉल द्वारा कोरोनावायरस के रूप में निम्न लोगों को सम्मानित किया गया रामवृक्ष यादव, सौरभ चंद्र पांडे, रविकांत बड़ी विजय राय, नागेंद्र प्रसाद, गुप्ता सौरव श्रीवास्तव, राजीव भूषण पांडे, अमित मोदनवाल, राजन तिवारी, उपेंद्र तिवारी,मनोज तिवारी, मधुर रवि, जीत बहादुर सिंह, वर्षा सिंह, प्रियंका शुक्ला, प्रिया पांडे, संतोष विश्वकर्मा ,मन्नान अहमद विक्रम गुप्ता तस्लीम मलिक अज्जू आरती भावना सिन्हा प्रेमनाथ कुशवाहा ,सत्य प्रकाश सिंह ,रोहित राय, प्रवीन शास्त्री, रजनीश पटेल, विजेंद्र राय, पवन उपाध्याय, अमरेंद्र त्रिपाठी, पोकरणा बरिया, सर्टिफिकेट एवं लोअर टीशर्ट देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान संस्था के ब्रांच मैनेजर सुष्मिता श्रीवास्तव व अन्य स्टाफगण अजय चतुर्वेदी ,सुबोध तिवारी, आशुतोष यादव शुभम दुबे ,पूनम मद्धेशिया ,संजू पाठक ,संजीव श्रीवास्तव उज्जवल पांडे दीप्ति मिश्रा आदि ने सहयोग किया ।

## शासन की अनदेखी व पानी की निकासी ना होने से किसानों की फसल हो रही है बर्बाद



**संवाददाता।** गाजीपुर

इस समय अगर सबसे ज्यादा परेशान है तो वे है धरती के अन्नदाता किसानएकभी सूखा तो कभी बाढ़ जैसी आपदाओं से दो चार होना पड़ता है। मरदह विकासखंड के बरही गाँव के किसानो को तो एक नई मुसीबत झेलने को मिल रही है। गाँव के पश्चिमी सिरे पर लगभग हजार बीघे में फैले ताल में किसानों द्वारा लगाई गई धान की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गयी है। गाँव के बीचों बीच ताल के पानी के निकास के लिए निकला नाला पूरी तरह जाम होने के साथ साथ अतिक्रमण का भी शिकार हो गया है। जिसकी वजह से ताल का पानी निकल नही पा रहा है। जिसकी वजह से किसानों की धान की फसल बर्बाद हो रही है। किसान श्यामलाल राजभर,रामकरन यादव,सिरपत यादव,जयप्रकाश यादव,नंदू राजभर,सुदर्शन यादव, रामजन्म यादव,रामश्री यादव,मिन्ता यादव,सुबच्चन यादव,पूजन यादव,चंद्रिका यादव आदि ने बताया ताल के पानी का निकास नही होने के चलते आज पूरी फसल तबाह हो रही है। इसके लिए ना ही कोई जनप्रतिनिधि और ना ही कोई अधिकारी हमारी समस्याओं की तरफ ध्यान दे रहा है।

## पुल से छलांग लगाकर की आत्महत्या

**चहनियां,चन्दौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के बलुआ पुल से खरपत्ति देवी ; 70 द्ध ने मंगलवार को छलांग लगाकर गंगा में आत्महत्या कर ली । वह चौबेपुर के धोबही गांव की रहने वाली है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौबेपुर थाना क्षेत्र के धोबही गांव की रहने वाली खरपत्ति देवी पत्नी रघुनाथ राम प्रतिदिन गंगा में स्नान करने आती थी । प्रतिदिन की भांति मंगलवार को भी स्नान करने आयी । पुल पर पहुचते ही अचानक वह गंगा में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली । घाट पर बैठे मल्लाहों ने गंगा में डूबी महिला को बाहर निकाला । इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी । मौके पर पहुच बलुआ इंस्पेक्टर ने शव को शिनाख्त की।

## बाहर से आये लोगों पर निगरानी रखें ग्राम प्रधान : जिलाधिकारी

**संवाददाता।** जौनपुर



जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद के सभी ब्लॉकों में खण्ड विकास अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारीए थानाध्यक्ष, ग्राम प्रधान के साथ कोरोना संक्रमण के संबंध में बैठक की गयी। तहसील स्तर के ब्लाक पर उपजिलाधिकारी भी बैठक में शामिल हुये। बैठक में निगरानी समितियों के कार्यों की समीक्षा की गयी तथा प्रधानों को जागरूक किया गया। बैठक में सभी को कोरोना से बचने के उपाय और आयुष मंत्रालय द्वारा जारी किये गये निर्देशों से अवगत कराया गया। आरोग्य सेतु और आयुष कवच ऐप को भी डाउनलोड करने के लिये प्रेरित किया गया। सिकरारा विकास खण्ड में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि प्रधान गांव के मुखिया हैं उनकी जिम्मेदारी है कि बाहर से आए लोगों पर निगरानी रखें। गांव में कोरोना संदिग्ध का पता चलते ही उसकी सूचना निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर दें। ग्राम प्रधान निगरानी समिति के अध्यक्ष होते हैंए प्रतिदिन निगरानी समिति की बैठक अवश्य करें। कोरोना संक्रमण की स्थिति पर चर्चा कर आगे की रणनीति बनाएं।

# भाई-बहनों के प्यार का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया



**संवाददाता।** देवरिया

भाई-बहन के स्नेह का त्योहार रक्षाबंधन सोमवार को धार्मिक रीति रिवाज व उल्लास के साथ जनपद में मनाया गया। बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों के माथे पर रोली-चंदन व अक्षत के तिलक लगाकर आरती उतारी। वहीं, कलाई पर राखी बांधकर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। बहनों ने भाइयों के लिए जहां मंगलकामना की वहीं, भाइयों ने भी इस पावन पर्व पर बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें मांगिलक उपहार भेंट किया। राखी त्योहार को लेकर सुबह से ही शहर से लेकर गांव तक उत्साह का माहौल रहा। सुबह शुभ मुहूर्त में बहनों ने राखी की थाली सजाई। उसमें रोली, कुमकुम, अक्षत, दीपक और राखी रखे। इसके बाद स्नान ध्यान कर आए भाई को उन्होंने स्वागत किया। तिलक लगाकर कलाई में राखी बांधी और अपनी सुरक्षा और सम्मान की कामना की। भाइयों ने भी उपहार देने के बाद उनकी आजीवन रक्षा का संकल्प लिया। वहीं अधिकांश बहनों ने राखी बांधने तक व्रत रखा। राखी और मिठाई की दुकानों को खास ढंग से सजाया गया था।

### भाई-बहनों ने बधाई संदेश के लिए सोशल मीडिया का किया इस्तेमाल

जॉब या पढ़ाई के सिलसिले में घर से दूर रहने वाले भाइयों को बहनों ने डाक या कूरियर के माध्यम से राखी पहले ही भेज दी थी। भाइयों ने विधि विधान से बहनों के स्नेह रूपी धागे को हाथों पर बांधा। वहीं कई लोगों ने वीडियो कॉल के जरिए त्योहार की सभी मान्यताओं व परंपराओं को पूरा किया। एक दूसरे को शुभकामना देने में भाई-बहनों ने सोशल नेटवर्किंग साइट्स का भी खूब इस्तेमाल किया।

### गांवों में भी उल्लास का साथ मना रक्षाबंधन का पर्व

रूद्रपुर क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन क्षेत्र में देर शाम तक मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहन के प्रति अपने फर्ज और संकल्प को दोहराया। क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर सोमवार की दोपहर तक दुकानों पर भीड़ रही। चौराहों पर मिठाई और राखी की दुकानें विशेष तौर पर सजी रहीं। चारों तरफ लोगों की आवाजाही से सड़कें गुलजार रहीं।

### रक्षाबंधन पर्व पर भाईयो सुरक्षा के लिए वितरित किया हेलमेट

**देवरिया।** रक्षाबंधन पर्व में भाइयों की सुरक्षा के लिए समाजसेवी व सतावाक्षी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्चना सिंह ने न्यू कालोनी स्थित आपने अवास पर राखी बांधकर हेलमेट बांटे, उनके प्रयास की लोग कर सरहाना । इस दौरान उन्होंने कहा कि जहां रक्षाबंधन पर भाई बहनों की सुरक्षा का प्रतिज्ञा करते हैं वही बहनों का भी फर्ज होता है कि भाइयों की सुरक्षा के लिए उन्हें हेलमेट दिया जाए जिससे ट्रैफिक के दौरान सुरक्षित रहें और सुरक्षित यात्रा कर अपने घर पहुंचे ,जहां उनका परिवार उनकी प्रतीक्षा कर रहा है । इस दौरान अर्चना सिंह ने 6 लोगों को राखी बांध कर उनसे सड़क पर चलने के दौरान हेलमेट लगाने की प्रतिज्ञा ली, हेलमेट दिए जिनमें गोल्डी, शीतल ,आशीष, साहिल सहित अन्य लोग शामिल थे ।



### धार्मिक उत्साह के साथ मना राखी का त्योहार

रामलक्षन क्षेत्र में सोमवार को रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके मंगलमय जीवन की कामना की। बहनों ने मुंह बोले भाइयों की कलाइयों पर भी राखी बांधी। इस पर्व पर नन्हे-मुन्ने बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। ऐसी बहनें जो इस पर्व पर अपने भाइयों से दूर ससुराल में थीं। भाइयों ने उनके घर पहुंचकर उनसे राखी बंधवाई। भाइयों के आने की राह बेसब्री से बहनें देखती रहीं।

## मऊ में धूमधाम के साथ मना रक्षाबंधन का पर्व

**मऊ।** भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन पर्व जिले में बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर प्रेम भरा धागा बांध कर पर्व के पवित्र रस्म को निभाया। कोरोना संक्रमण के बावजूद रक्षा बंधन पर्व को लेकर बहनों व भाइयों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहनों को ढेरों उपहार भी प्रदान किए। उधर रक्षा बंधन के मौके पर अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न आयोजन भी किए गए।

जबकि पर्व के मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा काफ ी पुख्ता इंतजाम किया गया था। इस दौरान जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी व सीएमओ को जिले के वरिष्ठ भाजपा नेत्री व समाजसेवी नीलम सर्राफके नेतृत्व में महिलाओं ने रक्षा सूत्र बांधा। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में रक्षा बंधन पर्व को लेकर बहनों व भाइयों में काफ ी उत्साह दिखाई दिया। रक्षा बंधन पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों की आरती उतार रक्षा सूत्र बांधी। इसी राखी के महत्व को समझते हुए भाई भी बहन के रक्षा की शपथ लेता है। साथ ही बहन को उपहार भी देता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोरोना संक्रमण के बावजूद रक्षा बंधन पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

## क्विक न्यूज

### एमएलसी देवेन्द्र प्रताप का टेस्ट निगेटिव

**गोरखपुर।** एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह का आरटीपीसीआर पर कोविड-19 टेस्ट निगेटिव आया है। दो दिन पूर्व एंटीजन टेस्ट में वे कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। देवेन्द्र प्रताप सिंह का कोविड-19 का एंटीजन टेस्ट हुआ था जिसमें वह पॉजिटिव पाए गए थे। उनके कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनसे बातचीत की थी और आरटीपीसीआर पर कोविड-19 का टेस्ट कराने की सलाह दी थी। इसके बाद उनका व उनकी पत्नी का सैम्पल लेकर जांच के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया। आज श्री सिंह व उनकी पत्नी की आरटीपीसीआर पर कोविड-19 को टेस्ट निगेटिव आया है। श्री सिंह ने इसकी जानकारी खुद फेसबुक वाल पर दी है। अमूमन कोविड-19 का एंटीजन टेस्ट पाजिटिव आने पर फिर से उसका आरटीपीसीआर पर जांच नहीं करायी जाती है। विशेष परिस्थितियों में ही आरटीपीसीआर पर दुबारा जांच होती है।

### हत्या, दुष्कर्म, चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने मंगलवार को हत्या, चोरी, दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना गोला पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के आरोप में अभियुक्ता रामपती देवी पत्नी स्व. मुखलाल यादव निवासिनी पाण्डेय पार उर्फ डढ़वापार थाना गोला को गिरफ्तार किया गया। थाना उरुवा बाजार द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में अभियुक्त रविन्द्र पुत्र केशव प्रसाद निवासी बलुआ थाना उरुवा बाजार को गिरफ्तार किया गया। थाना कैंण्ट द्वारा चोरी के आरोप में वांछित अभियुक्त' मो. मुमताज पुत्र सफिक्र अहमद निवासी निजामपुर बोड़ियाना थाना तिवारीपुर को गिरफ्तार किया गया।

### निधन पर शोक

**गोरखपुर।** वरिष्ठ नेता रवि श्रीवास्तव के कोरोना के कारण निधन पर पार्टी के जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी ने गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की है। जिलाध्यक्ष ने रवि श्रीवास्तव के निधन को अत्यंत दु:खद बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। शोक व्यक्त करने वालों में अखिलेश यादव, मुन्नी लाल यादव, जयप्रकाश यादव, मैना भाई, राघवेंद्र तिवारी राजू, नौशाद भाई, कमल किशोर यादव, संजय सिंह सैंथवार, अर्जुन यादव आदि शामिल रहें।

### रेल माल परिवहन में रियायतों की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा, गोरखपुर।** रेल मंत्रालय द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिये किए जा रहे प्रयासों के तहत उद्योग जगत एवं व्यापारियों को रेल द्वारा माल परिवहन के लिये प्रोत्साहित करने हेतु अनेक रियायतों की घोषणा की गई है। ये घोषणायें विगत कुछ महीनों में माल परिवहन के क्षेत्र में दी गयी रियायतों के क्रम में माल भाड़े में की गई है। नवीन रियायतों में हौलेज चार्ज एवं स्टेब्लिंग चार्ज तथा फ्लाई एश का लदान शामिल है। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि नए निर्णय के अनुसार लोडेड कंटेनर के मूवमेंट पर हॉलेज चार्ज में 5 प्रतिशत छूट दी जाएगी जो कि प्रति टी.इ.यू. की दर से देय होगी।

### होम आइसोलेशन में उपचाराधीन कोरोना मरीज की दोबारा जांच नहीं होगी: सीएमओ

**गोरखपुर।** होम आइसोलेशन का विकल्प चुनने वाले लक्षणविहीन कोरोना मरीजों की आइसोलेशन की अवधि पूरी होने के बाद दोबारा कोरोना जांच नहीं कराई जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीकांत तिवारी ने कहा है कि शासन से ऐसे ही दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं, हांलाकि इसके साथ कुछ शर्तें भी हैं। उन्होंने बताया कि मरीज जब दस दिन होम आइसोलेट रह कर स्वस्थ हो जाएगा और दस दिनों पश्चात् तथा 3 पहले यदि बुखार नहीं आता है तो अगले 7 दिनों तक उसे घर पर ही रखा जाएगा और स्वास्थ्य संबंधित स्क्रीनिंग के पश्चात् ही कोरोना मुक्त घोषित किया जाएगा। ऐसे लोगों के पुन: कोरोना जांच की आवश्यकता नहीं है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने शासन स्तर से लक्षणरहित कोरोना उपचाराधीन मरीजों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार ही इस सुविधा का विकल्प चुनने की स्वतंत्रता है।

### खेत में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**अंबेडकरनगर।** थानाक्षेत्र जहाँगीर गंज अंतर्गत ग्राम जैती में मंगलवार सुबह खेत मे युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। देखते ही देखते वहाँ भारी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और मृत युवक की पहचान भी हों गयी। मृतक की पहचान उसी गाँव के अंजय यादव उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र सूर्यनाथ यादव के रूप में हुई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों एवं घर वालो की माने तो युवक शाम को घर से निकला था और टी शर्ट व पैंट पहने हुआ था जबकि खेत में सुबह शव मिलने पर मृतक के शरीर पर सिर्फ अंडरवियर मौजूद था जिससे लोगो को आशंका है कि युवक की हत्या कर शव को धान के खेत में फेंक दिया गया है। मामले की छानबीन में पुलिस लगी हुई है। थानाध्यक्ष जहाँगीर गंज नागेन्द्र सरोज का कहना है कि जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर लिया जाएगा। फिलहाल चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

### सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

**अंबेडकरनगर।** एनएच 232 टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जिला मुख्यालय के निकट मौहरिया खान पुर के पास सोमवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई । दुर्घटना के बाद तीनों युवक घंटो सड़क पर तड़पते रहे । एक राहगीर की सूचना पर पहुंची अकबरपुर थाने की डायल 112 ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुचाया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। एक ही गांव के तीन लोगों की मौत से गांव में मातम पसर गया है। सभी मृतक विधायक व पूर्व मंत्री राम अचल राजभर के गांव के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार अकबरपुर थाना क्षेत्र के कयामुद्दीनपुर गांव निवासी सोहेल 18 पुत्र स्वर्गीय शेर अली, पारुल 22 बुधिराम एवं चिंता राम राजभर 18 पुत्र रामू एक ही मोटरसाइकिल से सिझौली से वापस घर आ रहे थे।

### कोरोना से एक और मौत, 12 पर पंहुचा आंकड़ा

**अंबेडकरनगर।** जिले में कोरोना से संक्रमित एक और व्यक्ति की मौत हो गयी। इसके साथ ही जिले में कोरोना से होने वाली मौत की संख्या 12 पर पंहुच गयी है। 12वीं मौत के साथ ही जिले में मौत का आंकड़ा चार प्रतिशत को पार कर गया है। किछौछा निवासी सत्तर वर्षीय सैय्यद हेलाल अशरफ को अस्थमा की बीमारी के इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां जांच में कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद हेलाल अशरफको लखनऊ के ही इरा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां गत दो अगस्त को उनकी मौत हो गयी। हेलाल अशरफ का अंतिम संस्कार कोरोना प्रोटोकाल के तहत किछौछा में किया गया।
तीन सौ के पार पंहुची कोरोना संक्रमितों की संख्या

### मंगलवार को 18 लोगों में मिला संक्रमण

**अंबेडकरनगर।** जिले में कोरोना का संक्रमण तीन सैकड़े को पार कर गया है। मंगलवार को आई रिपोर्ट में 18 लोग पाजिटिब पाये गये हैं जिससे जिले में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 308 हो गयी है। मंगलवार को 22 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। मृतकों की संख्या 12 हो गयी है। जिले में सक्रिय संक्रमित मरीजों की संख्या अब 110 पर पंहुच गयी है। कोरोना का बढ़ता संक्रमण चिंता का विषय बना हुआ है। मौत के बढ़ रहे आंकड़ो से स्वास्थ्य विभाग में बेचैनी देखने हो मिल रही है। आये दिन कोरोना संक्रमित मरीजों की हो रही मौत से सरकार का डण्डा भी पड़ रहा है। इसके बावजूद लोगों में कोरोना का डर देखने को नही मिल रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर लोग भीड़ के साथ बिना मास्क के ही देखे जा रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग पुलिस के डर के कारण मास्क का प्रयोग कर रहे हैं।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 5 अगस्त 2020



# एडीजी ने जिले की सीमाओं पर हो रही पुलिस चेकिंग का किया निरीक्षण

## विस्फोटकों व आपत्तिजनक वस्तुओं की तलाश की गई

संवाददाता। प्रतापगढ़

**मंगलवार** को जिले की सीमाओं पर हो रही पुलिस चेकिंग का एडीजी प्रेम प्रकाश ने निरीक्षण किया। बुधवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के भूमिपूजन को देखते हुए जिले की सीमाओं पर चेकिंग बढ़ा दी गई है। जिले में किसी भी तरफ से आने वालों या जिले से बाहर किसी भी तरफ जाने वालों की चेकिंग पर अधिक जोर दिया गया। चेकिंग में विस्फोटकों व आपत्तिजनक वस्तुओं की तलाश की गई। संदेह होने पर आईडी की तस्दीक कराई गई। पुलिसवाले फैजाबाद छोड़कर अन्य जिलों को जाने वालों को रोक नहीं रहे है लेकिन पूछताछ कर जाने वाले के गंतव्य व उद्देश्य भांपने का प्रयास कर रहे थे। कोहड़ौर छीड़ा बार्डर के बैरियर पर अयोध्या या फैजाबाद जाने वालों को रोककर वापस कर दिया जा रहा था। सीओ सिटी अभय पाण्डेय ने बताया कि हाईवे ही नहीं बल्कि हाईवे में आकर मिलने वाली सड़कों पर भी पुलिस तैनात की गई है। व्यवस्था इतनी चुस्त की गई है कि बिना पुलिस बैरियर पर चेकिंग का सामना किए ना तो कोई जिले में घुस सकता है व निकल सकता है। मंगलवार शाम एडीजी प्रेम प्रकाश ने भुपियामऊ से कोहड़ौर व अमेठी की सीमा पर छीड़ा में लगे बैरियर तक चेकिंग का निरीक्षण लिया। इस दौरान उनके साथ मौजूद रहे एसपी अभिषेक सिंह सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारियों को उन्होंने संदिग्धों की पहचान के कुछ टिप्स भी दिए।

### रामलला मंदिर के भूमिपूजन में हंडौर के रामचंद्र पांडेय के प्रतिनिधित्व से खुशी की लहर

**लालगंज ( प्रतापगढ़ )**। अयोध्या में श्रीराम मन्दिर के निर्माण को लेकर जिले के लालगंज तहसील के हंडौर गांव को भी आधारशिला कार्यक्रम में सहभागिता का अवसर मिला है। हंडौर गांव के पं. रामचंद्र पांडेय इस समय कोलकटा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अंतर्राष्ट्रीय प्रचारक हैं। राममन्दिर निर्माण को लेकर कार्य सेवा तथा संघर्ष अभियान में पं. रामचंद्र पांडेय की प्रभावी भूमिका रही है। युवा अवस्था में ही संघ के प्रचारक के रूप में अपना जीवन समर्पित करते वाले श्री पांडेय को राममंदिर निर्माण आधारशिला के कार्यक्रम में आमंत्रण की जानकारी होते ही पैत्रिक गांव हंडौर में मंगलवार को खुशी का माहौल दिखा। दूरभाष पर हुई वार्ता में श्री पांडेय ने बताया कि वह अयोध्या जा रहे हैं और इस ऐतिहासिक अवसर पर अपनी सहभागिता को लेकर वह रामजी की कृपा ही स्वीकार करते हैं। श्री पांडेय के आधारशिला कार्यक्रम में सहभागिता को लेकर स्थानीय संघ स्वयं सेवकों तथा गांव के लोगों में भी प्रसन्नता का माहौल है। प्रधान मनोज सिंह, विक्की पांडेय, राधारमण शुक्ल, डॉ. ओमप्रकाश जायसवाल, देवी प्रसाद मिश्र बेलौरा, आचार्य रामअवधेश मिश्र, रामकृष्ण पांडेय, विनोद पांडेय, सुशील पांडेय, राजेश पांडेय, सरसिज आदि ने श्री पांडेय के आमत्रण को प्रतापगढ़ सनातनी आस्था की बड़ी उपलब्धि ठहराया है।

# खड़ी फसल उजाड़कर डाली जा रही रिफाइनरी पाइपलाइन

## सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने खदेड़ी मशीनरी

संवाददाता। ललितपुर

**मध्य** प्रदेश स्थित बीना के आगासौद की रिफाइनरी से कानपुर के लिए पाइपलाइनें बिछाने का कार्य किया जा रहा है। यह पाइप लाइन किसानों के खेतों में खड़ी खरीफ की फसल को उजाड़कर जबरन डाली जा रही है। दर्जनों गांवों के किसानों ने आरोप लगाया है कि कोई मुआवजा नहीं मिला और ना कोई स्वीकृति ली गयी, परन्तु कंपनी के ठेकेदार द्वारा स्थानीय पुलिस की मदद से जबरन खेतों में खड़ी फसल को भारी भरकम मशीनरी से उजाड़कर पाइपलाइनों को बिछाया जा रहा है। किसानों की इस ज्वलंते समस्या को गंभीरता से लेकर मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड. ने मौके पर पहुंचकर किसानों के खेतों में खड़ी मशीनरी को बाहर निकलवाया और बिना मुआवजा के जमीन ना खोदे जाने की बात मशीनों पर मौजूद कर्मचारियों से कही। चूंकि मौके पर कोई सक्षम अधिकारी नहीं मिला, इसलिए यह मामला अब जिला प्रशासन के जरिये उठाये जाने की बात कही गयी।

सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड. ने कहा कि बानपुर के मौजा खिरिया-डंगराना के मध्य से एक पाइप लाइन निकाली जा रही है। बताया कि भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन की पाइप लाइन का कार्य किसी गुजराती कम्पनी द्वारा कराया जा रहा है, जो आगासौद रिफाइनरी से कानपुर जा रही है। मौके पर पहुँचे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तिलक यादव को किसानों ने बताया कि उनकी जमीन पर बिना मुआवजा दिए पाइप लाइन डाली जा रही है। साथ ही चौड़ीकरण के कारण स्वीकृत जमीन से अधिक दोनो तरफ लगभग 30 मीटर तक कि फसल को चौपट किया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### हादसों में महिला समेत दो की मौत

रामनगर ( **बाराबंकी** )। थाना रामनगर अंतर्गत एक व्यक्ति की तालाब में डूबकर और एक महिला की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिलाचिकित्सालय भेजा।
प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामनगर के पुलिस चौकी महादेवा अन्तर्गत ग्राम निजामुद्दीनपुर निवासी 44 वर्षीय शिव मूर्ति पुत्र राम सिह मंगलवार को सुबह तीन बजे शौच के लिए घर निकले थे। शौच करते समय बोहनिया नाले मे पैर फिसल जाने के चलते गहरे पानी मे डूब कर उनकी मौत हो गयी। घर वालों ने काफी देर तक खोबिन करते हुए मृतक का चप्पल पानी में उतरता हुआ देखा। जिसकी सूचना पर महादेवा चौकी प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया।दूसरी घटना प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खुदासीर रामगढ थाना करनैल गंज जनपद गोण्डा की निवासिनी 30 वर्षीय रीना पत्नी मलखान अपने पति के साथ मोटर साईकिल से भाई को राखी बाधने के लिये बाराबंकी आई थी। वहां से लोग लौट रहे थे। इसी बीच बहराईच की तरफसे आ रहे अज्ञात चार पहिया के वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। जिसके चलते रीना की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया। मृतका के पति की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

सिद्धौर (बाराबंकी)। असंद्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत सिद्धौर में मंगलवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। नगर पंचायत सिद्धौर के मालवीय नगर वार्ड निवासी मिश्रीलाल का लगभग 35 वर्षीय पुत्र शोभालाल ने मंगलवार को दोपहर बड़ी माता मंदिर के पास लगे नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक के पिता ने बताया शोभा लाल की शादी लगभग आठ वर्ष पूर्व हुई थी। शोभा लाल नसे का आदी था। जिसके चलते लगभग पांच वर्षों से पत्नी से विवाद चल रहा है। इसकी पत्नी मायके में ही रहती है।इसी के चलते शोभालाल अक्सर परेशान रहता था। मंगलवार को भी नसे के हालत में घर पर विवाद किया था। और खेत चला गया वहीं पास में स्थित बड़ी माता मंदिर के पास नीम के पेड़ में रस्सी से शोभा लाल का शव लटक रहा था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। इस संबंध में सिद्धौर चौकी प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह का कहना है शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

### घायल महिला की रास्ते में मौत

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। थाना लोनीकटरा क्षेत्र के खेमीपुर मे भाई को राखी बांध कर घर जा रही महिला की सड़क दुर्घटना में घायल की इलाज को ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गयी। रायबरेली के थाना शिवगढ ग्राम पांडे पुरवा निवासी नीलम पत्नी साजन (28 वर्ष) राखी बांधने अपने भाई लोनीकटरा के खेमीपुर ओमप्रकाश के यहा अपने पति के साथ बाइक से आई थी राखी बांध कर घर जाते समय दहिला पोखरा मार्ग पर पोखरा के समीप नीलम बाइक से अनियन्त्रित होकर गिर गयी ग्रामीणों द्वारा उसे इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी।

### करंट की चपेट में आने से मवेसी की मौत

मसौली ( **बाराबंकी** )। सोमवार की देर शाम ग्राम बड़ागाँव में बिजली पोल के स्पोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से एक पशुपालक की भैंस की मौत हो गई। पशुपालक ने घटना की सूचना थाना मसौली में दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मृतक भैंस का पोस्टमार्टम कराया है ।सोमवार को करीब तीन बजे ग्राम बड़ागांव के मोहल्ला पूरब टोला निवासी सुरेश चन्द्र पुत्र राम खेलावन यादव अपनी भैंसों को चरा कर घर वापस आ रहे थे कि पुराने अस्पताल के निकट लगे विद्युत पोल के स्पोर्ट वायर में उतरे करन्ट की चपेट में आ गयी। जिससे उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गयी। भक्तभोगी पशुपालक का कहना है कि भैंस के मरने से करीब 50 हजार रुपये की क्षति हुई है।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार घायल

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। थाना लोनीकटरा के लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर छबील चौकी पर अग्यात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया जिसे हाईवे की एंबुलेंस ने लखनऊ के सी एच सी गोसाईगज पर भर्ती कराया जहाँ से उसे लखनऊ ट्रामा भेजा गया है लखनऊ जनपद के थाना गोसाईगंज ग्राम बरूआ निवासी शिवन्दन अपनी बाइक से लखनऊ की ओर जा रहा था तभी कोई अग्यात वाहन की टक्कर से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे हाईवे की एंबुलेंस ने लखनऊ के सी एच सी गोसाईगज पर भर्ती कराया गया, जहां से उसे गम्भीर अवस्था मे लखनऊ भेजें गया है

### रेल कर्मचारियों ने दिया स्टेशन पर धरना

**प्रतापगढ़**। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने सीटी स्कैन मशीन लगाने की मांग पर मंगलवार को स्टेशन अधीक्षक कार्यालय के सामने धरना दिया। शाखा मंत्री धर्मेंद्र दुबे ने कहा कि सीएमएस रेलवे हॉस्पिटल लखनऊ की कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण सीटी स्कैन मशीन इंदौर हॉस्पिटल से आकर लखनऊ में रखी है। उसको लगने नहीं दिया जा रहा है। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन अपने कर्मचारियों के हित में लगातार संघर्ष कर रही है। जब तक यह मशीन रेलवे हॉस्पिटल लखनऊ में नहीं लग जाती तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। दुर्घटना में बेटे की मौत पर पिता की तहरीर पर आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। बीते तीन अगस्त को सुबह नया का पुरवा के रामलखन का पुत्र अभय प्रताप घर के सामने मौजूद था। इस बीच धारूपुर बेलहा रोड पर घर के सामने से तीव्र गति से आ रही स्कूटी ने अभय को टक्कर मार दी।

# तिलोई क्षेत्र के दो लाल बन गये आईएएस, क्षेत्र में खुशी की लहर

संवाददाता। तिलोई, (अमेठी)

**तिलोई** तहसील से कुछ दूरी पर स्थित सांगीपुर गांव में एक होनहार मेधावी छात्र का भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस में चयन होने से परिजनों ही नहीं पूरे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। वहीं जायस निवासी अभय सोनकर ने भी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। देश की सबसे बड़ी परीक्षा आईएस में चयनित होने वाले छात्र शशांक शेखर सिंह ने अपने चयन का श्रेय अपने पिता स्वर्गीय शिव प्रताप सिंह को देते हुए कहा है कि मेरे पिता का सपना था कि मैं आईएस बनू। गौरतलब रहे की तिलोई तहसील से कुछ ही दूरी पर स्थित सांगीपुर गांव के निवासी घनश्याम सिंह उर्फ पुटटे सिंह के भतीजे शशांक शेखर सिंह ने आज आईएएस की परीक्षा में 208 वीं रैंक प्राप्त करके परिवार के साथ साथ क्षेत्र का भी गौरव बढ़ाया आईएएस में चयनित शशांक शेखर सिंह के पिता स्वर्गीय शिव प्रताप सिंह कई अर्से तक जायस रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे जो क्षेत्र में समाजसेवी के रूप में गिने जाते थे। यही नहीं शशांक से बाबा स्वर्गीय श्री राम गुलाम सिंह 40 वर्ष तक ग्राम पंचायत सांगीपुर के निर्विरोध प्रधान चुने गए उनके दादा भानु प्रताप सिंह एवं माता राज श्री सिंह ने आईएएस में चयन होने से लोगों को बधाई दी है। आईएएस परीक्षा में 208 वीं रैंक प्राप्त करने वाले शशांक शेखर सिंह ने बताया कि अगर शिक्षा को लगन से लगकर हासिल किया जाए तो जिस मुकाम की सोच छात्र जीवन में होती है उसे जरूर हासिल किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक से बी टेक इंजीनियरिंग करने वाले 24 वर्षीय शशांक शेखर सिंह का आईएएस में चयन होने का द्वितीय प्रयास रहा। जिन्होंने गत 30 जुलाई 2020 को साक्षात्कार दिया उसका परिणाम आज घोषित होने पर जब उनका नाम परिणाम घोषित होने पर आया तो वह भी खुशी से झूम उठे।

### मां का दूध बच्चे के लिए अमृत समानः शालू

**अमेठी**। स्तनपान को बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य का आधार माना जाता है। स्तनपान की महत्ता को समझाने के लिए विश्व स्तनपान सप्ताह शुरू हुआ। सात अगस्त तक चलने वाले इस सप्ताह के अंतर्गत आशा एनएमएम और आगंनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर धात्री महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शालू गुप्ता ने बताया कि जनपद में स्तनपान सप्ताह शुरू हो गया है। स्वस्थ समाज के लिए स्तनपान का संकल्प लेना होगाए उन्होने कहा कि जन्म के बाद पहला घंटा शिशु और मां दोनों के लिए महत्वपूर्ण होता है। मां के दूध में वह सभी पोषक तत्व होते हैं जो बच्चे के जीवन के लिए अमूल्य हैं। मां का पहला पीला गाढ़ा दूध बच्चे के लिए अमृत है जो नवजात शिशु को रोगों और संक्रमण से बचाता है। जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराने से शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है।

# कोरोना पर भारी पड़ा भाई-बहन का प्यार

संवाददाता। अमेठी



**जिले** भर में रक्षाबंधन का त्यौहार का त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जहां एक तरफपूरा देश कोरोना महामारी जैसी बीमारी से जूझ रहा हैए वहीं दूसरी तरफ भाई बहनों का प्यार इस महामारी पर भारी पड़ा। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में रक्षा बांधकर उनके दीर्घायु होने की कामना कीए वहीं भाइयों ने बहन की सुरक्षा का वचन दिया। सोमवार को पूरे जनपद में चाहे छोटी बाजार हो या बड़ी बाजार हर जगह भीड़ ही भीड़ दिखाई पड़ रही थी। लोगों की भीड़ मिठाई व राखी की दुकानों पर पर खरीददारी करते दिखाई पड़ी । शाम होते.होते मिठाइयों की दुकाने खाली हो गई। कईयों को तो खाली हाथ ही वापस जाना पड़ा। कोविड-19 की महामारी का प्रभाव बाजारों में नहीं दिखा। सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क जैसे बचाव की रक्षाबंधन त्यौहार के उत्साह में उत्साह में धज्जियां उड़ती दिखाई पड़ रही थी। जबकि पुलिस प्रशासन द्वारा घूम-घूम कर कर कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करने के लिए एनाउंस होता रहा। फिर भी लोग अनसुना कर घरों से निकलकर बाजारों में जमकर खरीददारी किया। बच्चे, जवान हो या फिर बुजुर्ग रहे हो। सभी के हाथों पर रक्षा व राखी सुशोभित होती रही। फिलहाल पूरे जिले में में जिले में में रक्षाबंधन का त्योहार त्योहार शांति व सदभाव के साथ संपन्न हुआ।

जगदीशपुर संवाद के अनुसार रक्षाबंधन के त्यौहार के पावन अवसर पर बहनों ने भाइयों को राखियां बांधी और उनका मुंह मीठा कराकर उनसे अपनी सुरक्षा का वचन भी लिया । इसी तरह जगदीशपुर वारिसगंज रानीगंज कमरौली सहित विभिन्न गांवों में कोरोना महामारी के दौरान रक्षाबंधन के मद्देनजर बाजारों में रौनक दिखीं जहाँ खास तौर पर मिठाई एव राखी की दुकानों पर खूब खरीदारी हुई। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भी रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और सुरक्षा का वचन भी लेती हैं।

# बायो मेडीकल बेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था स्वयं करें निजी अस्पताल : जिलाधिकारी

## सर्विलांस टीम के कामकाज से नाराज दिखे डीएम

## बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** योगेश कुमार शुक्ल ने कोविड-19 कोर कमेटी की बैठक में अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि नगर पालिका के सफाईकर्मी किसी भी दशा में प्राइवेट अस्पतालों के बायो मेडिकल वेस्ट को नहीं उठाएंगे। प्राइवेट अस्पताल अपने बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था स्वयं करेंगे। इनके साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि प्राइवेट अस्पतालों से निकलने वाले बायोमेडिकल बेस्ट के निस्तारण की औचक जांच करें। डोर टू डोर सर्वेलान्स की समीक्षा के दौरान शहरी क्षेत्र में सर्वेलान्स टीम द्वारा अच्छा काम न करने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्र में जो कर्मचारी लापरवाही कर रहे हैं उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करें। साथ ही शहरी क्षेत्र के सभी मोहल्लों में टीम लगाकर सर्वेलान्स कराया जाए तथा सर्वे टीम की निगरानी भी की जाए। इसके अलावा जनपद के सभी कोविड अस्पतालों में भर्ती मरीजों को समय पर भोजन उपलब्ध कराया जाए, साथ ही भोजन की गुणवत्ता उत्तम व सुपाच्य होनी चाहिए। मरीजों को किसी भी दशा में तला-भुना भोजन नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा को निर्देशित करते हुए कहा कि कोविड अस्पतालों में मरीजों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की प्रतिदिन जांच करें, इसमे किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जनपद के कोविड अस्पतालों के सीनियर अधिकारी प्रतिदिन अस्पतालों का भ्रमण करते रहें तथा रिपोर्ट प्रेषित करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा.प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, अपर उप जिलाधिकारी/प्रभारी अधिशासी अशिकारी नगर पालिका एस.पी. सिंह, डा.जे.एस. बक्शी, डा.अमित चतुर्वेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### आज फैजाबाद की ओर नहीं जा सकेंगे बड़े वाहन

संवाददाता। बाराबंकी

**अयोध्या** में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर रूट डायवर्जन किया गया है। पुलिस अधीक्षक डा. अरविंद चतुर्वेदी ने बताया कि मध्य रात्रि से फैजाबाद की ओर जाने वाले बड़े वाहन नहीं जा सकेंगे। वाहन चौपुला पुल से रूट डायवर्जन किया जाएगा जिसके तहत सभी वाहन रामनगर तिराहे से होकर मसौली रामनगर मार्ग पर जाएंगे इसके अलावा छोटे वाहन सफ्दरगंज बदोसराय होते हुए गंतव्य को प्रस्थान करेंगे। यह व्यवस्था पांच अगस्त की शाम तक लागू रहेगी। अयोध्या में कार्यक्रम को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है जिससे कोई भी अराजक तत्व पर नहीं मार सकता है पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अयोध्या में भूमि पूजन कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये है।

# कचरे को खुले में छोड़ चली गयी कोरोना टीम

संवाददाता। त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )



कोरोना की जांच करने गांव पहुंची टीम जांच उपरांत कचरे को निस्तारित ना करके खुले में छोड़ चली गयी। जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्र के मनिकापुर में एक ब्यक्ति की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आने के बाद कोविड-19 की जांच करने जांच टीम गांव के मध्य स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहुंची थी। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के करीब 200 लोग जांच कराने पहुंचे थे जहां टेस्ट किट कम होने का हवाला देकर सिर्फ 104 लोगों की जांच की गयी।

जांच के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा इस्तेमाल की गयी पीपीई किट, गल्ब्स, आदि सामान स्कूल परिसर में खुले में ही फेंक दिया गया। जिसे ग्राम प्रधान ने निस्तारित कराया ।ग्राम प्रधान नरेन्द्र देव का कहना है कि मामले की शिकायत उच्च अधिकारी से की जाएगी, जबकि इस सम्बन्ध में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ओपी यादव का कहना है कि शाम हो रही थी, टीम को कान्हूपुर गांव में भी जांच करने जाना था। ग्राम प्रधान ने निस्तारित कराने का आश्वासन दिया था।

# आईपीएल में चाइनीज कंपनी का स्पांसर होना देश के शहीदों का अपमानः प्रमोद तिवारी

## अयोध्या में भव्य राममन्दिर का निर्माण होना चाहिए

संवाददाता। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )



**आईपीएल** क्रिकेट चाइनीज कंपनी वीवो के स्पांसर को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भारतीय सहभागिता को लेकर कड़ा एतराज जताया है। प्रमोद तिवारी ने चाइनीज कंपनी के क्रिकेट खेल के स्पांसर को लेकर तिवारी ने गृहमंत्री अमित शाह के पुत्र जय शाह की आड़ में इस मसले पर भाजपा पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि आयोजन होने की स्थिति में इस चीनी कंपनी अरबों रुपये भी कमाने में सफल हो जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा का फर्जीवाद राष्ट्रवाद ठहराते हुए बेहद शर्मनाक व दुखद भी ठहराया है। हालांकि कांग्रेस नेता ने इस बात से सहमति जताई है कि आईपीएल का मैच जरूर हो, खेल होना चाहिए किन्तु स्पांसर चाइनीज कंपनी के अतिरिक्त कोई अन्य कंपनी द्वारा ही यह आयोजन कराया जाए।

उन्होने भाजपा पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि देश भूल नही पा रहा है कि भारत माता की पवित्रता को रक्तरंजित करते हुए अभी भी चीन का झंडा भारत भूमि में लहरा रहा है। प्रमोद तिवारी ने अफसोस जताया कि हमारे देश के कर्नल सहित बीस-बीस अमर शहीद जवानों की चिता की राख अभी ठंडी नही हुई है कि भाजपा निहित स्वार्थ में राष्ट्रीय जनमत के विपरीत अनैतिक आचरण पर भी अमादा हो गई है। वहीं प्रमोद तिवारी ने अयोध्या में श्री राम मन्दिर निर्माण को लेकर कहा कि देश का सुप्रीम फैसला और जनादेश के स्पष्ट होने की स्थिति में अयोध्या में भव्य राममन्दिर का निर्माण कराया जाना चाहिए।

श्री तिवारी ने मन्दिर निर्माण के मुद्दे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर कड़ी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस को योगी आदित्यनाथ या भाजपा से राष्ट्र प्रेम का प्रमाणपत्र लेने की आवश्यकता नही है। श्री तिवारी ने बीजेपी को नसीहत दी कि कांग्रेस ने सदैव देश को जरूरत पड़ने पर देशहित में सर्वोच्च बलिदान दिया, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। किन्तु भाजपा ने तो बलिदान दिया नही बल्कि सत्ता हासिल करने के लिए निहित स्वार्थ में बलिदान लिया ही है। श्री तिवारी ने कहा कि रक्षा सौदे तक में अदालत में जिन्हे दलाली खाने का दोषी ठहराया हो वह दल अब राष्ट्रवाद का फर्जी ढिंढोरा न पीटे। अयोध्या में राममंदिर निर्माण को लेकर कांग्रेस का अधिमत स्पष्ट करते हुए पार्टी वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश के पूर्व पीएम राजीव गांधी के कार्यकाल से यही कोशिश रहा है कि राममन्दिर निर्माण का मामला दोनों पक्षों के आपसी वार्तालाप से सुलझ जाए अथवा फिर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वमान्य है। ऐसे में जब राममन्दिर निर्माण का मसला आपसी वार्तालाप से तय नही हो सका तो अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद देश का कानून और संविधान तथा जनआस्थना भी यही कहती है कि अयोध्या में भव्य राममन्दिर का निर्माण होना चाहिए।

### चार दिनों से आदर्श कोतवाली का चक्कर काट रहा पीड़ित

**बाराबंकी**। जालसाजी का शिकार एक पीड़ित चार दिनों से आदर्श कोतवाली का चक्कर काट रहा है लेकिन कार्रवाई तो दूर पुलिस ने अभी तक उसकी रिपोर्ट ही दर्ज नहीं की है। जानकारी के अनुसार थाना बदोसराय किसुन दासपुर निवासी नवमी लाल पुत्र छोटेलाल फाइनेंस ट्रक लेकर उसका स्वयं संचालन करता है जिसकी किस्त उसे हर महीने अदा करनी पड़ती है इसी के चलते गत 31 अगस्त को उसे ट्रक की किस्त अदा करनी थी किंतु बाहर होने के कारण अपना एटीएम कार्ड पत्नी को भेज दिया था पत्नी अपने मायके रामनगर में रहती थी इसलिए पत्नी ने पैसा निकालने के लिए राजेंद्र व पुत्तन को बाराबंकी भेजा। जहां दोनों विशाल मेगा मार्ट के निकट स्थित एटीएम से किस्त का पैसा निकालने आए तब वहां पहले से दो लोग अंदर मौजूद मिले जिन्होंने पैसा निकालने की बात कहकर एटीएम कार्ड बदल दिया और फिर बाद में खाते में जमा धनराज निकाल लिया।

# सावन के आखिरी सोमवार पर भगवान घुइसरनाथ का अर्धनारीश्वर श्रृंगार

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

**सावन** के विशेष माह में बाबा घुइसरनाथ धाम के नितप्रति भव्य श्रृंगार को लेकर आस्था में प्रगाढ़ता का माहौल दिख रहा है। पौराणिक स्थली बाबा धाम में विशेष माह सावन में प्रत्येक शाम श्रद्धालुओं के द्वारा आरती श्रृंगार के जरिए आस्था के पुष्प समर्पित किए जाने का कीर्तमान बना है। सावन के आखिरी सोमवार की रात्रि बाबा के भव्य श्रृंगार को लेकर सोशल डिस्टेंसिंग के बीच हुई आरती देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। श्रद्धालुओं ने सावन के अंतिम सोमवार को बाबा का श्रृंगार अर्धनारिश्वर के रूप में किया। श्रद्धालुओं ने बाबा को वस्त्र, भांग, धतूरा, बेलपत्र, फूल तथा रोली चंदन व अबीर गुलाल, सिदूर एवं आभूषणों से मनोहारी झांकी तैयार की। प्रबंधन में मंदिर के महंथ मयंकभाल गिरि द्वारा बाबा की भव्य आरती उतारी गई। वहीं आयोजन में श्रीराम गिरि, मृत्युजंय मिश्रा संगम, अनिल गिरि, शीतला प्रसाद गिरि, लालबृजेश प्रताप सिंह, सुधीर तिवारी, सुजीत तिवारी, संजीव सिंह, राजेश गिरि, विमलेश गिरि, पं. वीरेन्द्र मणि तिवारी, पं. विपिन तिवारी, आचार्य आदित्य नारायण दुबे, संदीप पांडेय, सूरज मिश्रा, सत्यम, प्रेमचंद्र यादव, हरिशचंद्र अग्रहरि, रामआसरे का सराहनीय योगदान दिखा। पूरे एक माह के बाबा के पूजन में श्रद्धालुओं ने जिस तरह से कोरोना महामारी को लेकर प्रशासकीय प्रबंधों को यहां सफल बनाया उससे भी मंदिर प्रबंधन समिति को प्रसन्नता मिली है।

